स्वतंत्रता की पहली किरण का साक्षी
लखनऊ एवं कानपुर से प्रकाशित
# स्वतंत्र भारत
लखनऊ, मंगलवार, 3 मार्च, 2026, फाल्गुन मास शुक्ल पक्ष पूर्णिमा, सं. 2082 वि., वर्ष 79, अंक - 193 पृष्ठ 16, संस्करण : नगर, **मूल्य : 4 रुपये**

होली की हार्दिक शुभकामनाएं

## फ्रांस के विदेश मंत्री ने अमेरिका-इजराइल के हमलों पर सवाल उठाए

## इजरायल ने एक लाख रिजर्व सैनिकों दर्जनों बटालियनों और डिवीजनों को जुटाया

## ईरान के खिलाफ जंग में शामिल होने पर विचार कर रहा जर्मनी

# साइप्रस में ब्रिटिश सैन्य अड्डे पर ईरानी ड्रोन हमला

**तेल अवीव/तेहरान।** इजराइल-अमेरिका और ईरान जंग का आज तीसरा दिन है। ईरान ने सोमवार को मिडिल-ईस्ट के 4 देशों में 6 हुई इस लड़ाई के पहले दिन हुई बमबारी में ईरानी सुप्रीम लीडर अयातुल्ला अली खामेनेई मारे गए थे। इसके अलावा रविवार को 3

- अमेरिका को इस्तेमाल करने की इजाजत दी थी
- ईरान में 555 की मौत, 740 घायल
- सऊदी की अरामको रिफाइनरी पर अटैक

अमेरिकी बेस पर हमला किया है। इसके जवाब में ब्रिटिश सेना ने भी कार्रवाई की। दरअसल, ब्रिटिश प्रधानमंत्री कीर स्टारमर ने ईरानी मिसाइल साइट्स पर हमले के लिए अमेरिका को इस बेस का इस्तेमाल करने की अनुमति दी थी। दूसरी ओर ईरान के टॉप नेशनल सिक्योरिटी अधिकारी अली लारीजानी ने सोमवार को कहा कि ईरान अमेरिका से कोई बातचीत नहीं करेगा। यह बयान उन खबरों के जवाब में आया है, जिनमें कहा गया था कि ईरान ने अमेरिका से फिर से बातचीत शुरू करने की कोशिश की है।

अल-जजीरा की रिपोर्ट के मुताबिक, अमेरिका और इजराइल ने मिलकर अब तक ईरान के 1000 से ज्यादा ठिकानों पर हमले किए हैं। इस दौरान शुरुआती 30 घंटे में 2000 से ज्यादा बम गिराए गए। इनमें अब तक 555 से ज्यादा लोगों की मौत हो चुकी है, जबकि 740 से ज्यादा लोग घायल हुए हैं। एक स्कूल पर मिसाइल गिरने से 180 छात्राओं की मौत हो गई और 45 घायल हैं। 28 फरवरी को शुरू अमेरिकी सैनिक मारे गए थे। रिपोर्ट के मुताबिक यह सऊदी की कंपनी अरामको की रिफायनरी में आग ईरान ड्रोन हमले से लगी है। कंपनी ने कहा है कि एहतियाती कदम उठाए गए हैं और हालात पूरी तरह कंट्रोल में हैं। फिलहाल आग पर काबू पा लिया गया है। सऊदी अरब के सरकारी टीवी के मुताबिक, ड्रोन हमले के बाद सऊदी अरामको कंपनी की रास तनूरा रिफाइनरी को कुछ समय के लिए बंद कर दिया गया है। यह रिफाइनरी दम्माम के पास स्थित है।

पहले रक्षा मंत्रालय ने बताया था कि दो ड्रोन को मार गिराया गया था, लेकिन उनके मलबे गिरने से तेल रिफाइनरी में आग लग गई। फ्रांस के विदेश मंत्री जीन-नोएल बैरोट ने कहा है कि ईरान पर अमेरिका और इजराइल के एकतरफा हमलों पर पहले अंतरराष्ट्रीय स्तर पर चर्चा होनी चाहिए थी। उन्होंने कहा कि ऐसे मामलों पर फैसला करने के लिए ह जैसे मंच बने हुए हैं। अगर मामला वहां, खासकर सुरक्षा परिषद में जाता तो सैन्य इस्तेमाल को अंतरराष्ट्रीय मान्यता मिल सकती



थी। बारो ने पेरिस में पत्रकारों से बातचीत के दौरान यह बयान दिया। उन्होंने यह भी कहा कि फिलहाल इस घटना में किसी फ्रांसीसी नागरिक के हताहत होने की खबर नहीं है। इजराइली सेना की प्रवक्ता एफी डेफ्रिन ने कहा है कि इजराइल ने लेबनान पर जमीनी हमले के लगभग 100,000 रिजर्व सैनिकों, दर्जनों बटालियनों, ब्रिगेडों और डिवीजनों को जुटाया है, जो रक्षा और आक्रमण दोनों तरह की संभावनाओं के लिए तैयार हैं। उन्होंने कहा, सभी विकल्प खुले हैं। जर्मनी ने कहा है कि वे अमेरिका-इजरायल के ईरान विरोधी अभियान में शामिल होने पर गंभीरता से विचार कर रहा है। जर्मनी ने कहा कि अगर ईरान उनके क्षेत्रों पर हमला बंद नहीं किया तो वह भी जवाबी कार्रवाई करेगी। इजराइल के आर्मी रेडियो को जर्मन राजनीतिक और सैन्य सूत्रों ने यह जानकारी दी है। जर्मनी के विदेश मंत्रालय के अधिकारियों ने रेडियो स्टेशन को बताया कि संयुक्त राज्य अमेरिका के साथ संभावित सैन्य कार्रवाई की योजना पहले से ही चल रही है, जिसमें बमबारी हमलों में शामिल होने से लेकर सैन्य और हवाई सहायता प्रदान करना शामिल है। कल रात फ्रांस, जर्मनी और यूनाइटेड किंगडम ने एक संयुक्त बयान जारी कर क्षेत्र में ईरान के हमलों की निंदा की और चेतावनी दी कि अगर जरूरी हुआ तो वे ईरान के खिलाफ रक्षात्मक कार्रवाई करने के लिए तैयार हैं।

### भारत में 2 दिन में 760+ फ्लाइट कैंसिल

नई दिल्ली। इजराइल-ईरान जंग के कारण बीते दो दिन में भारत में 760+ इंटरनेशनल फ्लाइट्स कैंसिल हो चुकी हैं। आज भी दिल्ली के आज भी दिल्ली एयरपोर्ट् पर 87 फ्लाइट कैंसिल रहीं। दिल्ली, मुंबई, कोच्ची, बेंगलुरु, चेन्नई, जयपुर, अहमदाबाद जैसे इंटरनेशनल एयरपोर्ट्स पर हजारों यात्री फंसे हुए हैं। मिडिल ईस्ट के मौजूदा हालात को देखते हुए और अबू धाबी के बीएपीएस हिंदू मंदिर को 9 मार्च तक आगंतुकों के लिए बंद किया गया है। उधर, जम्मू-कश्मीर में लगातार दूसरे दिन ईरान के सुप्रीम लीडर खामेनेई की मौत पर विरोध प्रदर्शन जारी रहे। श्रीनगर के बेमिना इलाके में सुरक्षाबलों ने प्रदर्शनकारियों पर लाठीचार्ज किया और आंसू गैस भी छोड़ी। कुछ लोगों को हिरासत में लिया। शोपियां, बारामूला, बांदीपोरा में लोगों ने बाजार बंद रखा है।

# 'पश्चिम एशिया के हालत चिंताजनक'



**नई दिल्ली।** पश्चिम एशिया में संघर्ष तेज होने के साथ ही, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दोहराया कि भारत वैश्विक संघर्षों के समाधान के लिए हमेशा से संवाद और कूटनीति का समर्थक रहा है और उन्होंने मौजूदा स्थिति पर चिंता व्यक्त की। कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी के साथ संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए, प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि पश्चिम एशिया में मौजूदा घटनाक्रम नई दिल्ली

- मोदी बोले- बातचीत से निकले समाधान
- भारतीयों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता

के लिए गंभीर चिंता का विषय है। उन्होंने कहा कि भारत ने हमेशा से ऐसे विवादों का समाधान खोजने के लिए संवाद और कूटनीति का आह्वान किया है और संघर्षों के शांतिपूर्ण समाधान के प्रति नई दिल्ली के दीर्घकालिक रुख को रेखांकित किया। प्रधानमंत्री ने आतंकवाद, उग्रवाद और कट्टरता को लेकर साझा वैश्विक चिंताओं पर भी प्रकाश डाला। उन्होंने कहा, हम आतंकवाद, उग्रवाद और कट्टरता को लेकर एकमत हैं, क्योंकि ये न केवल हमारे लिए बल्कि पूरी दुनिया के लिए गंभीर चुनौतियां हैं। सामूहिक कार्रवाई की आवश्यकता पर जोर देते हुए, प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि ऐसे खतरों से निपटने और वैश्विक शांति एवं स्थिरता सुनिश्चित करने के लिए देशों के बीच घनिष्ठ सहयोग आवश्यक है। उन्होंने आगे कहा कि विश्व शांति और स्थिरता के लिए ऐसे मुद्दों से निपटने हेतु घनिष्ठ सहयोग महत्वपूर्ण है। भारत की व्यापक विदेश नीति की पुष्टि करते हुए, प्रधानमंत्री ने कहा कि वैश्विक तनावों के बीच भारत हमेशा शांति का स्पष्ट समर्थन करता रहा है। उन्होंने कहा, विश्व भर में तनावों पर भारत का रुख हमेशा स्पष्ट रहा है। भारत ने निरंतर शांति एवं स्थिरता की वकालत की है, और जब दो लोकतंत्र एक साथ खड़े होते हैं, तो शांति की अपील और भी मजबूत हो जाती है। प्रधानमंत्री मोदी ने यह भी आश्वासन दिया कि सरकार स्थिति पर कड़ी नजर रख रही है और भारतीय नागरिकों की सुरक्षा के लिए क्षेत्र के देशों के संपर्क में है। उन्होंने कहा कि हम क्षेत्र में सभी भारतीय नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए हर देश के साथ मिलकर काम कर रहे हैं। उनकी यह टिप्पणी ईरान पर अमेरिका और इजरायल के संयुक्त सैन्य हमलों के बाद आई है, जिसके परिणामस्वरूप रविवार को देश के सर्वोच्च नेता, अयातुल्ला अली खामेनेई और उनके परिवार की मौत हो गई।

### रमज़ान मुबारक

इफ्तार मंगलवार
सुन्नी : 6:10 P.M.
शिया : 6:20 P.M.
सहरी मंगलवार
सुन्नी : 5:05 P.M.
शिया : 4:58 P.M.

### शुभकामनाएं

'होली' पर्व के शुभ अवसर पर सुधी पाठकों, विज्ञापनदाताओं और वितरक बन्धुओं को हार्दिक शुभकामनाएं।

### अवकाश की सूचना

इस अवसर पर स्वतंत्र भारत प्रेस व कार्यालय में दिनांक 03.03.2026 व 04-03-2026 को अवकाश रहेगा। अतः पत्र का अगला अंक 06-03-2026 को प्रकाशित होगा।

– प्रबंधक

# उन्नाव में खड़े ट्रक से टकराई रोडवेज बस, तीन की मौत

**उन्नाव।** लखनऊ-आगरा एक्सप्रेसवे पर सिरधरपुर और देवखरी गांव के पास मथुरा और आगर डिपो की दो रोडवेज बसें एक ही ट्रक में भीड़ गईं। हादसे

- एक्सप्रेसवे पर हादसे में 31 घायल

में तीन यात्रियों की मौत हो गई जबकि दोनों बसों के 31 यात्री घायल हो गए। पुलिस ने घायलों को बांगरमऊ सीएचसी भेजा। वहां प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर किया गया है। दोनों घटनाएं चालक को झपकी आने से बताई जा रही हैं। एक्सप्रेसवे पर रविवार रात 12 बजे एक ट्रक किलोमीटर संख्या 226 सिरधरपुर गांव के सामने सड़क घेरकर खड़ा था। रात



करीब 12 आगरा फोर्ट की बस खड़े ट्रक में पीछे से भिड़ गई। हादसे में 14 सवारी घायल हो गईं। हादसे की सूचना पर पहुंची पुलिस ने पांच एंबुलेंस से सभी घायलों को बांगरमऊ स्वास्थ्य केंद्र भिजवाया साथ ही हाइड्रा मंगाकर क्षतिग्रस्त वाहनों को हटाने का प्रयास शुरू किया। पुलिस रोडवेज बस हटवाने के बाद रात्रि 2.30 बजे क्षतिग्रस्त ट्रक को प्रीतमपुरा चौकी ले जाया जा रहा था, तभी आगरा फोर्ट की ही दूसरी रोडवेज बस इस ट्रक में पीछे से टकरा गई। हादसे में तीन सवारियों की मौत हो गई उसमें बैठी 17 सवारियां घायल हो गईं। फिर पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और घायलों को स्वास्थ्य केंद्र लाई।

# समझौता : भारत को यूरेनियम देगा कनाडा

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री मोदी और कनाडा के पीएम मार्क कार्नी के बीच सोमवार सुबह हैदराबाद हाउस में मुलाकात हुई। पीएम नरेंद्र मोदी ने कहा- भारत और कनाडा के बीच निवेश-ट्रेड डील पर बातचीत हुई है। सिविल न्यूक्लियर एनर्जी में, हमने यूरेनियम की दीर्घकालिक आपूर्ति के लिए एक

- पीएम मोदी और कार्नी की मुलाकात के बाद करार
- रक्षा और ऊर्जा क्षेत्र में सहयोग करेंगे दोनों देश

ऐतिहासिक समझौता किया है।दोनों देशों के बीच कई क्षेत्रों के लिए एमओयू किया गया है। इससे दोनों देशों में रोजगार के नए अवसर पैदा होंगे। इसके अलावा, हम छोटे मॉड्यूलर रिएक्टरों और उन्नत रिएक्टर प्रौद्योगिकियों के विकास पर सहयोग करेंगे। कृषि, कृषि प्रौद्योगिकी और खाद्य सुरक्षा में मूल्यवर्धन करना भी हमारे लक्ष्यों में शामिल



है। पीएम ने पश्चिम एशिया में ईरान वार को लेकर कहा- पश्चिम एशिया में तनाव से भारत चिंतित है। भारत विश्व में शांति और स्थिरता चाहता है। हर समस्या का समाधान बातचीत के जरिए निकाला जाना चाहिए। पीएम ने आगे कहा- हम इस बात से सहमत हैं कि आतंकवाद, उग्रवाद और कट्टरता न केवल हमारे दोनों देशों बल्कि पूरी मानवता के सामने गंभीर चुनौतियां हैं। वैश्विक शांति और स्थिरता के लिए इन खतरों से निपटने में हमारा घनिष्ठ सहयोग आवश्यक है। विभिन्न मौजूदा मुद्दों पर भारत का रुख स्पष्ट है। भारत में भारत -कनाडा पल्स प्रोटीन उत्कृष्टता केंद्र स्थापित किया जाएगा। रक्षा एवं सुरक्षा क्षेत्र में बढ़ता सहयोग हमारे गहरे आपसी विश्वास और परिपक्व संबंधों का प्रतीक है। हम रक्षा उद्योगों, समुद्री क्षेत्र जागरूकता और सैन्य आदान-प्रदान को बढ़ावा देने के लिए काम करेंगे। इसी उद्देश्य से हमने आज भारत-कनाडा रक्षा संवाद स्थापित करने का निर्णय लिया है। पीएम कार्नी के इस दौरे का सबसे बड़ा मकसद भारत-कनाडा के बीच 10 साल का यूरेनियम सप्लाई समझौता है। बताया जा रहा है कि यह डील करीब 3 अरब डॉलर की हो सकती है। कनाडा दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा यूरेनियम उत्पादक देश है। भारत और कनाडा के बीच न्यूक्लियर कोऑपरेशन एग्रीमेंट 2013 में लागू हुआ था, जिसके बाद कनाडा ने भारत को यूरेनियम सप्लाई शुरू की थी। भारत अपने तेजी से बढ़ते परमाणु ऊर्जा क्षेत्र के लिए और अधिक यूरेनियम खरीदना चाहता है।

# मार्च के पहले हफ्ते में ही तपने लगा यूपी

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** मार्च की शुरुआत के साथ ही यूपी में गर्मी ने दस्तक दे दी है। पहले ही दिन धूप में तल्खी महसूस की गई और तापमान में बढ़ोतरी के संकेत साफ नजर आए। सोमवार को

- पछुआ हवाओं के बावजूद बढ़ी तपिश

फाल्गुन पूर्णिमा के अवसर पर राजधानी लखनऊ सहित प्रदेश के कई हिस्सों में करीब 30 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से रूखी पछुआ हवा चली, जिसे स्थानीय भाषा में फगुनहट कहा जाता है।

मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार मंगलवार से हवा की रफ्तार 35 किमी प्रति घंटे तक पहुंच सकती है। अगले सप्ताह अधिकतम तापमान में लगभग तीन डिग्री तक वृद्धि की संभावना है, जिससे गर्मी और बढ़ेगी। सोमवार को बांदा और हमीरपुर सबसे गर्म जिले रहे। बांदा में 34 तो हमीरपुर में पारा 34.2 डिग्री तक पहुंच गया। मार्च की



शुरुआत के साथ ही राजधानी में गर्मी ने अपने तेवर दिखाने शुरू कर दिए हैं। महीने के पहले ही दिन तेज धूप ने लोगों को यह एहसास करा दिया कि अब सर्दी विदा ले चुकी है। दिन चढ़ते ही चिलचिलाती धूप ने राहगीरों को बेहाल कर दिया और दोपहर के समय सड़कों पर आवाजाही कम होती नजर आई।

सोमवार को करीब 30 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चली रूखी पछुआ हवाओं ने मौसम को और अधिक शुष्क बना दिया। मौसम विभाग का अनुमान है कि आने वाले दिनों में पछुआ हवाएं और तेज हो सकती हैं। हालांकि हवाओं के थमते ही गर्मी और तीखी महसूस होगी।

आंचलिक मौसम विज्ञान केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह के अनुसार अब दिन और रात, दोनों के तापमान में क्रमिक बढ़ोतरी की संभावना है। उन्होंने बताया कि रविवार को अधिकतम तापमान 0.8 डिग्री सेल्सियस की वृद्धि के साथ 32.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जबकि न्यूनतम तापमान 1.2 डिग्री की बढ़त के साथ 16 डिग्री सेल्सियस रहा।

# 'आठ लाख करोड़ के कर्ज में डूबा है बंगाल'

**दक्षिण 24 परगना (पश्चिम बंगाल)।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने आज बंगाल में चुनावी बिगुल फूंका। उन्होंने पश्चिम बंगाल के दक्षिण 24 परगना में एक जनसभा के दौरान तृणमूल कांग्रेस की नीतियों और मुख्यमंत्री ममता

- शाह बोले- बंगाल में तुष्टिकरण से नहीं हो सकता विकास

बनर्जी पर जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा कि तुष्टिकरण से राज्य का विकास नहीं हो सकता। शाह ने दावा किया कि राज्य आठ लाख करोड़ के कर्ज में डूबा है। शाह ने मदरसों को मिलने वाली आर्थिक मदद पर भी सवाल खड़े किए। उन्होंने दूसरे राज्यों के विपक्षी दलों की सियासत पर भी हमले बोले। उन्होंने बिहार, असम, तमिलनाडु जैसे राज्यों में परिवारवाद का आरोप लगाते हुए तेजस्वी यादव, गौरव गोगोई और एमके स्टालिन की राजनीति पर भी तीखी टिप्पणी की। शाह ने कहा कि भाजपा की परिवर्तन यात्रा का उद्देश्य राज्य में बदलाव



लाना और बंगाल को घुसपैठियों से मुक्त करना है। उन्होंने कहा कि भाजपा पश्चिम बंगाल में कथित भ्रष्ट तृणमूल कांग्रेस सरकार को हटाकर विकास का नया दौर शुरू करना चाहती है। शाह ने आरोप लगाया कि तुष्टीकरण की राजनीति के कारण राज्य का विकास प्रभावित हुआ है और बंगाल की स्थिति लगातार खराब हुई है। अमित शाह ने मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर निशाना साधते हुए कहा कि अगर गलती से फिर तृणमूल कांग्रेस सत्ता में लौटती है तो सरकार ममता बनर्जी नहीं बल्कि उनके 'भतीजे' द्वारा चलाई जाएगी। उन्होंने आरोप लगाया कि ममता बनर्जी राज्य के विकास में रुचि नहीं रखतीं और सिर्फ अभिषेक बनर्जी को मुख्यमंत्री बनाना चाहती हैं।

# जलवायु परिवर्तन : बारिश नहीं जल संतुलन असली चुनौती

**नई दिल्ली।** जलवायु परिवर्तन के दौर में यह सवाल कि कितनी बारिश हुई अब पर्याप्त नहीं रह गया है। असली चिंता यह है कि बारिश के बाद धरती पर कितना पानी बचता है। हाल ही में नेचर कम्युनिकेशन्स

- क्या वाष्पोत्सर्जन तय करेगा पानी का भविष्य?

में प्रकाशित एक अध्ययन ने चेतावनी दी है कि वाष्पोत्सर्जन की एक अधिकतम सीमा होती है, जो तापमान या वनस्पति परिवर्तन से अनंत तक नहीं बढ़ती। ऐसे में वर्षा में छोटा सा बदलाव भी जल उपलब्धता पर बड़ा प्रभाव डाल सकता है खासतौर पर शुष्क और संवेदनशील पारिस्थितिकी तंत्र वाले क्षेत्रों में।

जलवायु परिवर्तन के कारण वर्षा के पैटर्न, तापमान और वाष्पोत्सर्जन की दरों में बदलाव आ रहा है। वैज्ञानिकों के अनुसार इस बदलते संतुलन को समझे बिना जल संकट या बाढ़ जैसे खतरों का सही आकलन संभव नहीं है। बारिश में मामूली कमी या बढ़ोतरी भी जल संसाधनों की वास्तविक उपलब्धता को गंभीर रूप से प्रभावित कर सकती है। विशेषकर वे पारिस्थितिकी क्षेत्र, जो पहले से ही जल संतुलन की नाजुक अवस्था में हैं, वहां यह प्रभाव अधिक तीव्र हो सकता है। वैज्ञानिक जल चक्र को एक बजट की तरह समझाते हैं।

जैसे घर में आय और खर्च होता है, वैसे ही प्रकृति में भी पानी की आय और खर्च का संतुलन होता है। वर्षा और हिमपात पानी की आय हैं, जबकि वाष्पीकरण और वाष्पोत्सर्जन उसका खर्च। वाष्पोत्सर्जन वह प्रक्रिया है जिसमें पौधे जड़ों से पानी लेकर पत्तियों के माध्यम से उसे वायुमंडल में छोड़ते हैं।

जमीन से होने वाले कुल जल नुकसान का बड़ा हिस्सा इसी प्रक्रिया से होता है। इसलिए यदि वर्षा अधिक भी हो, लेकिन वाष्पोत्सर्जन तेज हो, तो उपयोग के लिए उपलब्ध पानी सीमित रह सकता है।

**शुष्क क्षेत्रों में बढ़ता खतरा**

सूखे और अर्ध-शुष्क क्षेत्रों में यह प्रभाव सबसे अधिक गंभीर हो सकता है। यदि इन क्षेत्रों में वर्षा थोड़ी भी घटती है, तो जल उपलब्धता तेजी से कम हो सकती है। इसका सीधा असर कृषि, वनस्पति और वन्यजीवों पर पड़ेगा। वैज्ञानिकों का कहना है कि इस्राइल जैसे शुष्क क्षेत्रों के पारिस्थितिकी तंत्र पहले से ही अपनी सीमा के करीब हैं। जलवायु परिवर्तन उन्हें और अधिक अस्थिर बना सकता है, जिससे जल संकट गहरा सकता है।

**आर्द्र क्षेत्रों में बाढ़ का जोखिम**

इसके विपरीत नमी वाले या आर्द्र क्षेत्रों में वर्षा में मामूली बढ़ोतरी भी अतिरिक्त जल संचय का कारण बन सकती है। चूंकि वाष्पोत्सर्जन एक सीमा से अधिक नहीं बढ़ सकता, इसलिए अतिरिक्त पानी सतह पर जमा हो सकता है। इससे बाढ़ और अचानक बाढ़ की घटनाओं का खतरा बढ़ सकता है। यह दर्शाता है कि जलवायु परिवर्तन का प्रभाव क्षेत्र विशेष की परिस्थितियों के अनुसार अलग-अलग रूप ले सकता है।



# हर्षोल्लास के साथ मना होली उत्सव 2026



**स्वतंत्र भारत लखनऊ।** लक्ष्मण मेला मैदान में होली उत्सव 2026 का आयोजन हर्षोल्लास और प्रेमपूर्ण वातावरण में किया गया।

कार्यक्रम में गुरमीत रहेजा, सोम सिंह, दीपक सिंह, राजकुमार बत्रा, महेंद्र प्रताप सिंह राठौर, गुलमी रहेजा और शोभित जोहार सहित कई लोगों का विशेष सहयोग रहा। आयोजन का उद्देश्य छोटे बच्चों के साथ रंगों की खुशियाँ साझा करना था। बच्चों को रंग, गुलाल और खाद्य सामग्री वितरित की गई, जिससे पूरे परिसर में उत्साह का माहौल रहा। इस अवसर पर आयोजनकर्ता संदीप राठौर अपनी टीम के साथ मौजूद रहे। कार्यक्रम में जूली अग्रवाल, कंचन सिंह, यशवंत सिंह, मनोज अग्रवाल, पवन कुमार चौधरी और कनक यादव समेत समिति के सदस्यों की उपस्थिति ने आयोजन को यादगार बनाया। यह उत्सव प्रेम, भाईचारे और सेवा भावना का संदेश देने वाला रहा।

## बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक होली

**स्वतंत्र भारत इटौंजा लखनऊ।** डीपीएस एकेडमी इटौंजा लखनऊ में प्रेम, सामाजिक समरसता, भाईचारे व बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक होली त्यौहार बड़े हर्षौल्लास के साथ मनाया गया । विद्यालय की प्रबंधक शैल सिंह ने अपने संबोधन में बच्चों को होली का त्यौहार शांतिपूर्ण मानने के लिए प्रेरित किया। आज होली के शुभ अवसर पर विद्यालय में बच्चों को होली की शुभकामना संदेश देते हुए यह बताया गया की यह त्यौहार बुराइयों को समाप्त करने का और अच्छाइयों को प्राप्त करने का त्यौहार है यह त्यौहार प्रहलाद जी के याद में मनाया जाता है । प्रत्येक त्यौहार अपने आप में समाज को एक नई सीख देता है यह त्यौहार भी बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक है हम सभी को अपने अंदर की बुराइयों को होलिका दहन के रूप में नाश कर देना चाहिए। इसी के साथ विद्यालय के चेयरमैन एल.एम.पी. सिंह एवम् प्रधानाचार्य मीता चक्रवर्ती के द्वारा बच्चों को गुलाल रंग का टीका लगाकर होली की हार्दिक शुभकामनाएं दी गई इस अवसर पर विद्यालय की प्रशासनिक अधिकारी गरिमा सिंह के साथ समस्त अध्यापक गढ़ मौजूद रहे।

# गोमती तट पर सजी 84वीं लोक चौपाल, नाव में गूंजा फाग

## मचो फाग घनघोर आज होरी झूम री



**स्वतंत्र भारत संवाददाता, लखनऊ।** लोक संस्कृति शोध संस्थान द्वारा सोमवार को कुड़िया घाट पर 84वीं लोक चौपाल का आयोजन किया गया। गोमती तट पर आयोजित इस फागोत्सव में पारम्परिक होली गीतों की प्रस्तुति के साथ उपस्थित जनों ने एक-दूसरे को गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएँ दीं। नाव में बैठकर सामूहिक फाग गायन कार्यक्रम का विशेष आकर्षण रहा। चौपाल का शुभारंभ अर्चना गुप्ता ने श्रीराम स्तवन से किया। इसके बाद होरी खेलें रघुवीरा अवध मा, मत मारो श्याम पिचकारी, खेलें मसाने में होरी दिगम्बर, फागुन ऐसा सलोना सिपाही, मचो फाग घनघोर आज होरी झूम री के साथ ही पारम्परिक फाग की प्रस्तुतियां हुईं। संस्थान की सचिव डॉ. सुधा द्विवेदी ने बताया कि परंपरा के अनुसार संस्थान से जुड़े सदस्य विभिन्न स्थानों पर आयोजित संगीत बैठकों में सहभागिता करेंगे। इस अवसर पर संस्थान के अध्यक्ष जीतेश श्रीवास्तव, डॉ. अनिल कुमार गुप्ता, डॉ. एस.के. गोपाल, इन्दू सारस्वत, अपर्णा सिंह, प्रो.सीमा सरकार, अमिताभ राय, कविता सिंह, मनोरमा मिश्रा, सीमा अग्रवाल, देवेश्वरी पंवार, रीता पाण्डेय, ज्योति किरन रतन, सत्यप्रकाश साहू, अर्पित, गौरव गुप्ता, भूषण अग्रवाल, पप्पू अवस्थी, अनूप शर्मा, अखिलेश शाश्वत, कृष्णा सिंह, सविता त्रिवेदी, जादूगर सुरेश कुमार, अनमोल मौर्य, रमेश सिंह सहित अन्य उपस्थित रहे।

## मेधावी छात्रा नंदिनी ने बढ़ाया क्षेत्र का मान

**स्वतंत्र भारत नगराम।** नगराम क्षेत्र स्थित जवाहरलाल नेहरू इंटर कॉलेज बहरौली की प्रतिभाशाली छात्रा नंदिनी ने राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित छात्रवृत्ति (ह रूरूस) परीक्षा उत्तीर्ण कर विद्यालय व क्षेत्र का गौरव बढ़ाया है। ग्राम रसूलपुर आशिक अली निवासी अशोक कुमार की पुत्री नंदिनी ने जनपद स्तर पर 99 अंक प्राप्त कर 43वीं रैंक हासिल की। इस उल्लेखनीय सफलता से विद्यालय परिसर में हर्ष का माहौल है। नंदिनी ने अपनी उपलब्धि का श्रेय अपने माता-पिता और गुरुजनों को दिया। उन्होंने कहा कि शिक्षकों के निरंतर मार्गदर्शन, अतिरिक्त कक्षाओं, नियमित टेस्ट एवं उपलब्ध कराई गई अध्ययन सामग्री ने उन्हें सफलता दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। विद्यालय के प्रधानाचार्य अनिल कुमार वर्मा ने छात्रा, उसके अभिभावकों एवं समस्त शिक्षकों को बधाई देते हुए बताया कि इस परीक्षा में सफल विद्यार्थियों को कक्षा 9 से 12 तक सरकारी विद्यालय में अध्ययन करने पर 12,000 प्रतिवर्ष की दर से चार वर्षों में कुल 48,000 की छात्रवृत्ति प्रदान की जाती है। विद्यालय परिवार ने नंदिनी के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए इसे अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणादायक उपलब्धि बताया ।

## खबर एक नजर

### महिलाओं को कैंसर से बचाव की जानकारी दी



**स्वतंत्र भारत लखनऊ।** 'स्वस्थ-शिक्षित और सशक्त नारी' के संकल्प के तहत उत्तर प्रदेश के विकासखंड बरौली के ग्राम बमरौली कटारा स्थित सचिवालय में स्तुति चेरिटेबल सोसाइटी द्वारा जनजागरूकता अभियान के अंतर्गत स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। सोसाइटी की संस्थापक एवं अध्यक्षा डॉ. निरुपमा सिंह के नेतृत्व में आयोजित कार्यक्रम में महिलाओं को स्तन कैंसर, सर्वाइकल कैंसर और स्वस्थ जीवनशैली के महत्व के बारे में जानकारी दी गई। उन्होंने समय पर जांच, संतुलित आहार, नियमित व्यायाम और स्वच्छ जीवनशैली अपनाने पर जोर दिया। इस अवसर पर ग्राम प्रधान मधु राणा भी उपस्थित रहीं। सोसाइटी ने ग्रामीणों को स्वास्थ्य संबंधी पेम्पलेट वितरित कर अन्य गांवों में भी जनसंपर्क अभियान चलाया। कार्यक्रम को महिला स्वास्थ्य जागरूकता की दिशा में प्रभावी पहल बताया गया।

### सच्चाई और भ्रम के बीच उलझी कहानी

**स्वतंत्र भारत संवाददाता, लखनऊ।** थ्रिलर-ड्रामा डालिंब का पहला लुक जारी किया है। फिल्म यादों, सच्चाई, प्रेम और भ्रम के बीच उलझी मनोवैज्ञानिक कहानी पर आधारित है और 2026 में प्लेटफॉर्म पर रिलीज होगी। उपनगरीय मुंबई की पृष्ठभूमि पर बनी इस फिल्म में डिजिटल स्टार जितेंद्र कुमार, प्रिया बापट और अन्य कलाकार अहम भूमिकाओं में नजर आएंगे जी5 पर। निर्माण एलिपसिस के साथ सहयोग में किया गया है और इसे प्रिया एवन ने लिखा व निर्देशित किया है।

### संगठनों ने विकास में सहयोग का संकल्प दोहराया

**स्वतंत्र भारत संवाददाता, लखनऊ।** भारत और ग्लोबल स्तर के सबसे बड़े नेटवर्किंग ग्रुप बीएनआई की मेवरिक्स शाखा ने लखनऊ में सारे संगठनों के साथ होली का शानदार कार्यक्रम का आयोजन किया। इस कार्यक्रम में लखनऊ के दिग्गज व्यापारी और संगठनों ने परिवार के साथ रंगों और गुजिया का भरपूर लुत्फ उठाया। कार्यक्रम के बाद सभी व्यापारियों व संगठनों ने उत्तर प्रदेश को ट्रिलियन डॉलर इकॉनमी बनाने में सहयोग का प्रण लिया।

### लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड से सम्मानित

**स्वतंत्र भारत संवाददाता, लखनऊ।** जीएसएमए ने भारती के संस्थापक चेयरमैन सुनील भारती मित्तल को दूरसंचार क्षेत्र में वैश्विक स्तर पर योगदान के लिए 'लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड' से सम्मानित किया। यह सम्मान मोबाइल वर्ल्ड कांग्रेस के दौरान बार्सिलोना में स्पेन के राजा फेलिप षष्ठम, प्रधानमंत्री पेड्रो सांचेज और कैटलोनिया के राष्ट्रपति साल्वाडोर इला की उपस्थिति में प्रदान किया गया। मित्तल को वैश्विक कनेक्टिविटी विस्तार और दूरसंचार उद्योग में उनके दूरदर्शी नेतृत्व के लिए यह सम्मान दिया गया।

### उत्तर मंडल 5 के पदाधिकारियों ने होली की पूर्व संध्या पर दी शुभकामनाएं



**स्वतंत्र भारत संवाददाता, लखनऊ।** उत्तर विधासभा के उत्तर मंडल 5 से मंडल अध्यक्ष संजय तिवारी के नेतृत्व में पदाधिकारी और कार्यकर्ता आज क्षेत्रीय कार्यालय पहुंचकर क्षेत्रीय अध्यक्ष, अवध क्षेत्र कमलेश मिश्रा को होली की बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। गनेश जी की मूर्ति और पटका पहनाकर उनका स्वागत किया। क्षेत्रीय अध्यक्ष ने सबको हंसी-खुशी त्योहार मनाने की सीख दी। मंडल अध्यक्ष संजय तिवारी ने कहा कि होली का त्योहार भाई-चारे का त्योहार है। पूरे साल की कटुता को भुलाकर हम इस त्योहार में एक हो जाते हैं और हंसी-खुशी मिलजुलकर यह त्योहार मनाते हैं। उन्होंने कार्यकर्ताओं को क्षेत्रीय अध्यक्ष कमलेश मिश्रा के जीवन से सीख लेने की सभी को सलाह दी। इस मौके पर मंडल अध्यक्ष संजय तिवारी, मंडल महामंत्री अक्षय मिश्रा, मंडल महामंत्री सीके वर्मा, दाताराम शुक्ला, मीरा पाण्डेय, दिव्यांशी शुक्लाए सपना तिवारी, पूनम राय, बिन्दु श्रीवास्तव, लक्ष्मी कश्यप, जया पाण्डेय, प्रशस्त तिवारी, राजीव मिश्रा, गया प्रसाद, हरीश वर्मा व मीडिया प्रभारी ओपी तिवारी उपस्थित रहे।

# भाई दूज का पर्व पांच को दोपहर बाद मुहूर्त

**स्वतंत्र भारत संवाददाता, लखनऊ।** भाई दूज का पर्व भाई-बहन के बीच अटूट प्रेम का प्रतीक है, जो हर साल दो बार मनाया जाता है। इस साल होली के बाद भाई दूज 5 मार्च को मनाया जाएगा। बहनें अपने भाइयों को तिलक करके उनकी सुख-समृद्धि और दीर्घायु की कामना करती हैं। भाई बहन के बीच अटूट प्रेम का प्रतीक भाई दूज का पर्व हर साल दो बार मनाया जाता है। पहला भाई दूज होली के बाद और दूसरा दीपावली के दो दिन बाद मनाया जाता है। द्रिक पंचांग के अनुसार चैत्र मास के कृष्ण पक्ष की द्वितीया तिथि को भाई दूज का पर्व मनाया जाएगा। इसे भ्रातृ द्वितीया भी कहा जाता है। इस साल द्वितीया तिथि दो दिन होने की वजह से होली वाले भाई दूज की तिथि को लेकर काफी असमंसज की स्थिति बनी हुई है। ज्योतिषाचार्य एसएस नागपाल ने बताया कि द्रिक पंचांग के अनुसार चैत्र माह के कृष्ण पक्ष की द्वितीया तिथि चार मार्च की शाम 04¬48 बजे से आरंभ होकर पांच मार्च की शाम 05¬03 बजे समाप्त हो रही है।ऐसे में उदया तिथि के हिसाब से होली की भाई दूज पांच मार्च को मनाई जाएगी। भाई को तिलक करने का शुभ मुहूर्त पांच मार्च गुरुवार की दोपहर 01¬17 से 03¬31 बजे तक का है। आचार्य पं. आनंद दुबे और ज्योतिषाचार्य पं. रवि प्रकाश मिश्रा ने बताया कि भाई दूज के दिन बहन अपने भाई को तिलक लगाकर उसके सुख, समृद्धि और दीर्घायु की कामना करती हैं।

## सभी रिटेल प्रमुख कपड़ा बाजार आम दिनों की तरह खुलेंगे

**स्वतंत्र भारत संवाददाता, लखनऊ।** त्योंहार और सहालग के चलते मंगलवार को अमीनाबाद गणेश गंज सहित सभी प्रमुख प्रमुख कपड़ा बाजार आम दिनों की तरह खुलेंगे और कारोबार करेंगे उत्तर प्रदेश कपड़ा उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल अध्यक्ष अशोक मोतियानी महामंत्री अनिल बजाज, नगर अध्यक्ष प्रभु जालान,रतन मेघानी, किशन चंद बम्बानी, अशोक मंगलानी, विष्णु बल्लभ रस्तोगी, आशु भाटिया अतुल टंडन सहित सभी ने यह निर्णय लिया है कि होली रमजान साथ में सहालग के चलते बाजार गुलज़ार है ऐसे में राजधानी लखनऊ के सभी प्रमुख प्रमुख कपड़ा बाजार आम दिनों की तरह कपड़ा कारोबार करेंगे इसके बाद 3 और 4 मार्च को होली व 5 मार्च को साप्ताहिक बंदी दो दिन बाजार बंद रहेंगे।

# मरीजों और तीमारदारों को कराया भोजन



**स्वतंत्र भारत संवाददाता, लखनऊ।** गोसाईगंज स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में सोमवार को उत्साह फाउण्डेशन की ओर से भर्ती मरीजों एवं उनके तीमारदारों के बीच निश्शुल्क भोजन पैकेट वितरित किए गए। संस्था के इस सेवा कार्य से अस्पताल परिसर में मानवीय संवेदना और सहयोग का वातावरण देखने को मिला। मरीजों और उनके परिजनों ने इस पहल के लिए संस्था के प्रति आभार व्यक्त किया। फाउण्डेशन की निदेशक ऋचा माथुर ने बताया कि स्वास्थ्य केंद्र में दूर-दराज से आने वाले मरीजों और तीमारदारों को कई बार भोजन जैसी मूलभूत आवश्यकता में भी कठिनाई का सामना करना पड़ता है। इसी भावना को ध्यान में रखते हुए यह सेवा कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर सर्वश्री अजय कुमार, के.के. मिश्रा, ओ.पी. गुप्ता, डॉ. एस.के. गोपाल, विष्णु श्रीवास्तव एवं इंजी. जीतेश श्रीवास्तव उपस्थित रहे। सभी ने सेवा कार्य में सक्रिय सहयोग प्रदान किया। संस्था ने भविष्य में भी जरूरतमंदों के लिए ऐसे सामाजिक एवं मानवीय प्रयास निरंतर जारी रखने का संकल्प व्यक्त किया।

## खिलाड़ियों को बेहतर सुविधाएं देने पर जोर



**स्वतंत्र भारत संवाददाता, लखनऊ।** अटल बिहारी वाजपेयी क्रिकेट स्टेडियम में क्रिकेटर युवराज सिंह की मौजूदगी में डीपी वर्ल्ड ने पुनः उपयोग किए गए शिपिंग कंटेनर से बना बहुउद्देश्यीय पैवेलियन और 250 क्रिकेट किट प्रदान किए, जिन्हें सेज क्रिकेट एकेडमी में स्थापित किया जाएगा। यह पहल अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद और उत्तर प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन के सहयोग से शुरू की गई। इस दौरान डीपी वर्ल्ड सबकॉन्टिनेंट भारत के कंट्री मैनेजर हेमंत कुमार रुइया और यूपीसीए के मानद सचिव प्रेम मनोहर गुप्ता ने जमीनी स्तर पर क्रिकेट को बढ़ावा देने पर जोर दिया।

# सीएमएस के चार छात्रों ने अर्जित किए 100 प्रतिशत अंक

**स्वतंत्र भारत संवाददाता, लखनऊ।** सिटी मोन्टेसरी स्कूल, अशर्फाबाद कैम्पस के चार मेधावी छात्रों रमजा नकवी कक्षा 8, नशरा परवीन , अब्दुल वाजिद कक्षा 8 एवं एहान समद कक्षा 6 ने प्रतिष्ठित रामानुजन नेशनल मैथ्स चैलेन्ज प्रतियोगिता के प्रथम राउण्ड में पूरे 100 प्रतिशत अंक अर्जित कर विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया है। यह प्रतियोगिता रामानुजम एजूकेशनल सोसाइटी, आन्ध्र प्रदेश के तत्वावधान में आयोजित हुई। यह जानकारी सी.एम.एस. के हेड, कम्युनिकेशन्स श्री ऋषि खन्ना ने दी है। श्री खन्ना ने बताया कि इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता के जूनियर व सीनियर वर्गों के अन्तर्गत देश भर के लगभग 300 सेन्टरों पर 60,000 से अधिक छात्रों ने प्रतिभाग किया, तथापि क?ी प्रतिस्पर्धा के बीच सी.एम.एस. अशर्फाबाद कैम्पस के इन प्रतिभाशाली छात्रों ने शत-प्रतिशत अंक अर्जित कर अपने गणित ज्ञान व मेधात्व का परचम लहराया है। इन छात्रों ने अपनी सफलता का सम्पूर्ण श्रेय विद्यालय के शैक्षिक वातावरण एवं अपने अनुभवी व विद्वान शिक्षकों के आत्मीयतापूर्ण मार्गदर्शन व प्रोत्साहन को दिया है। सी.एम.एस. संस्थापिका-निदेशिका डा. भारती गाँधी ने इन मेधावी छात्रों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए विद्यालय के शिक्षकों का आभार व्यक्त किया है। श्री खन्ना ने बताया कि रामानुजन नेशनल मैथ्स चैलेंज राष्ट्रीय स्तर की गणित प्रतियोगिता है, जिसमें प्रतिभागी छात्रों की वैचारिक स्पष्टता, तार्किक क्षमता, विश्लेषणात्मक सोच एवं समस्या-समाधान कौशल की परख की जाती है, ऐसे में सी.एम.एस. छात्रों की यह उपलब्धि गहन तैयारी एवं मजबूत बुनियाद को स्वयं ही प्रमाणित करती है। खन्ना ने बताया कि सी.एम.एस. सदैव ही विभिन्न रचनात्मक एवं सृजनात्मक प्रतियोगिताओं के माध्यम से अपने छात्रों की बहुमुखी प्रतिभा को निखारने एवं जीवन में आगे ही आगे बढ़ने हेतु प्रोत्साहित करता रहता है, जिसके कारण सी.एम.एस. के मेधावी छात्र विभिन्न राष्ट्रीय व अन्तर्राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में अधिकाधिक पुरस्कार अर्जित कर प्रदेश व देश का नाम गौरवान्वित कर रहे हैं।

# जरूरतमंदों को बांटी सामग्री

**स्वतंत्र भारत संवाददाता, लखनऊ।** रमजान के अवसर पर सामाजिक



संस्था गुल फाउंडेशन ने अपनी सामाजिक जिम्मेदारियों का निर्वहन करते हुए राजधानी के लव कुश नगर में बरकत बॉक्स वितरण अभियान चलाया। इस पहल के माध्यम से संस्था ने दर्जनों जरूरतमंद परिवारों तक राशन और इफ्तार की सामग्री। जिससे क्षेत्र के गरीब परिवारों के चेहरे खिल उठे। सम्मान के साथ इफ्तार की तैयारी संस्था द्वारा विशेष रूप से तैयार किए गए इन बरकत बॉक्स में शुद्धता और गुणवत्ता का पूरा ध्यान रखा गया। प्रत्येक बॉक्स में खजूर, बेसन, चीनी, चाय पत्ती, दालें, चावल, रिफाइंड तेल और आदि जैसी आवश्यक सामग्रियां शामिल थीं। फाउंडेशन का लक्ष्य यह सुनिश्चित करना है कि संसाधन विहीन परिवारों को भी इफ्तार और सहरी के लिए किसी के सामने हाथ न फैलाना पड़े। इस दौरान मौजूद रही संस्था की अध्यक्ष गुलेराना सईद के नेतृत्व में लवकुश नगर में वितरण कार्यक्रम आयोजित हुआ वही सक्रिय सदस्य जोया, सीमा, सादिया, अमरीन और रुखसार ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और आये हुए जरूरतमंदों को सामग्री पहुंचाने में अपना अहम सहयोग प्रदान किया।

# टेनिस कोर्ट पर रंगों की बौछार




**स्वतंत्र भारत संवाददाता, लखनऊ।** प्ले एन फिट टेनिस अकैडमी में होली का त्योहार बेहद हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। टेनिस कोर्ट पर रंगों की बौछार के बीच खेल और उत्साह का अनूठा संगम देखने को मिला। इस कार्यक्रम की खास बात यह रही कि इसमें 3 साल के नन्हे बच्चों से लेकर हर आयु वर्ग के खिलाड़ियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। इस मौके पर भारत के पूर्व नंबर 1 (अंडर 14) टेनिस खिलाड़ी कौस्तुभ सिंह भी मौजूद रहे, जिन्होंने खिलाड़ियों के साथ जमकर होली खेली और उनका उत्साहवर्धन किया। होली के इस जश्न में टेनिस कोच धीरज सिंह, कुणाल भारती और अभिजीत श्रीवास्तव ने भी अपनी मौजूदगी दर्ज कराई। अकैडमी के संस्थापक मोहम्मद उबैद ने सभी खिलाड़ियों और कोचों को होली की हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# हर्बल के नाम पर शुद्धता की कोई गारंटी नहीं

**स्वतंत्र भारत संवाददाता, लखनऊ।** बाज़ार में हर्बल और नेचुरल नाम से बिकने वाले रंगों की भरमार है। खासकर होली जैसे त्योहारों के दौरान इन रंगों की मांग अचानक बढ़ जाती है। पैकेट पर बड़े-बड़े अक्षरों में 100 प्रतिशत हर्बल, स्किन फ्रेंडली और केमिकल-फ्री जैसे दावे लिखे होते हैं, लेकिन सच्चाई यह है कि केवल हर्बल लिख देने भर से किसी उत्पाद की शुद्धता या सुरक्षा की गारंटी नहीं हो जाती।

होली के लिए शहरवासी तैयारियों में जुटे हैं। एक ओर उल्लास और उमंग है, तो दूसरी ओर बाज़ार में मिलने वाले केमिकलयुक्त रंगों को लेकर चिंता भी बढ़ रही है। त्वचा रोग, एलर्जी, आंखों में जलन और बालों को नुकसान जैसी समस्याएँ हर साल सामने आती हैं। बदलते समय में होली की परंपरा का स्वरूप भी बदला है, लेकिन जरूरत है कि उत्सव की खूबसूरती और स्वास्थ्य दोनों सुरक्षित रहें। विज्ञान संचारक सुशील द्विवेदी का कहना है कि बाजार में 'हर्बल' नाम से बिकने वाले रंगों की शुद्धता की गारंटी नहीं होती। ऐसे में घर पर प्राकृतिक चीजों से रंग बनाकर इको-फ्रेंडली होली खेलना बेहतर विकल्प है। इससे न केवल त्वचा सुरक्षित रहती है, बल्कि पर्यावरण को भी नुकसान नहीं पहुंचता। घर पर रंग बनाना आसान है। सूखा गुलाल तैयार करने के लिए चावल के आटे में खाने वाला रंग और थोड़ा पानी मिलाकर सुखा लें, फिर पीस लें। जामुनी रंग के लिए चुकंदर को पीसकर पानी में भिगो दें। केसरिया रंग पलाश (टेसू) के फूलों को सुखाकर या उबालकर तैयार किया जा सकता है। पीला रंग हल्दी और बेसन मिलाकर या गेंदे के फूल उबालकर बनाया जा सकता है। लाल रंग के लिए लाल चंदन पाउडर या गुड़हल के सूखे फूल उपयोगी हैं। गुलाबी रंग कचनार के फूलों से, हरा रंग बिना आंवला मिली मेहंदी से और भूरा रंग कत्था घोलकर तैयार किया जा सकता है। काला रंग अंगूर के रस या लोहे के बर्तन में आंवला भिगोकर बनाया जा सकता है।

प्राकृतिक रंगों के साथ होली खेलने से त्योहार की असली भावना प्रेम, भाईचारा और सौहार्द और भी प्रगाढ़ होती है। इस बार होली पर सुरक्षित, स्वस्थ और पर्यावरण-मित्र रंगों के साथ खुशियां मनाएं, ताकि त्योहार की मिठास लंबे समय तक बनी रहे। शहर के बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. त्रिभवनेश यादव का कहना है कि होली पर सबसे अधिक जोखिम छोटे बच्चों को होता है, क्योंकि उनकी त्वचा और आंखें बेहद संवेदनशील होती हैं। केमिकलयुक्त रंगों से स्किन रैशेज, एलर्जी, आंखों में संक्रमण और सांस की तकलीफ तक हो सकती है। माता-पिता को चाहिए कि वे बच्चों को केवल प्राकृतिक रंगों से ही होली खेलने दें और खेलने से पहले त्वचा पर नारियल तेल या मॉइश्चराइज़र लगा दें। उन्होंने यह भी सलाह दी कि अगर रंग आंख में चला जाए तो तुरंत साफ पानी से धोएं और जलन या लालिमा बनी रहे तो डॉक्टर से संपर्क करें। अस्थमा या एलर्जी से पीड़ित बच्चों को सूखे रंगों और धूल से दूर रखना चाहिए। होली केवल रंगों का खेल नहीं, बल्कि प्रेम, भाईचारा और सौहार्द का प्रतीक है। जब हम सुरक्षित और प्राकृतिक रंगों के साथ होली मनाते हैं, तो त्योहार की असली भावना और भी प्रगाढ़ हो जाती है।

# नन्हे कदम, बड़े सपने, मंच पर चमके प्री-प्राइमरी के सितारे



**स्वतंत्र भारत संवाददाता, लखनऊ।** गोमतीनगर स्थित स्कॉलर्स होम स्कूल में प्री-प्राइमरी वर्ग का क्लास प्रेजेंटेशन एवं यू.के.जी. का ग्रेजुएशन सेरेमनी उत्साहपूर्वक आयोजित किया गया। कार्यक्रम में नन्हें विद्यार्थियों ने आत्मविश्वास, उत्साह और स्वाभाविक अभिव्यक्ति से सभी का मन मोह लिया। बच्चों ने स्पष्ट संवाद, सुंदर भाव-भंगिमाओं और आकर्षक प्रस्तुतियों से दर्शकों की भरपूर तालियाँ बटोरीं। सृजनात्मक प्रॉप्स ने कार्यक्रम को और भी प्रभावशाली बना दिया। प्रत्येक प्रस्तुति में बच्चों की मेहनत और अभ्यास स्पष्ट रूप से दिखाई दिया। यू.के.जी. के विद्यार्थियों ने ग्रेजुएशन गाउन और कैप पहनकर अपने शैक्षिक जीवन के प्रथम चरण की सफल पूर्णता का उत्सव मनाया। यह अवसर उनके लिए गर्व और नए आरंभ का प्रतीक रहा। निदेशक सरिता जायसवाल एवं प्रधानाचार्या श्रीमती अनुपम सिंह ने विद्यार्थियों को शुभकामनाएँ देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।




# शहर में होलिका दहन की धूम, बाजारों में उमड़ी भीड़

**स्वतंत्र भारत संवाददाता, लखनऊ।** राजधानी में रंगों के पर्व होली की पूर्व संध्या पर देर रात तक शहर के विभिन्न क्षेत्रों ऐशबाग लकड़ी मंडी, चौक सर्राफा बाजार, डालीगंज-नयागंज, कुड़िया घाट, भूतनाथ, अमीनाबाद, निशातगंज, आलमबाग, गोल मार्केट और पत्रकारपुरम चौराहा समेत कई स्थानों पर विधि-विधान के साथ होलिका दहन किया गया। पूरे शहर में आस्था, उत्साह और पारंपरिक उल्लास का माहौल देखने को मिला। पारंपरिक रीति-रिवाजों और वैदिक मंत्रोच्चार के बीच होलिका दहन किया गया। पूरे शहर में आस्था, उत्साह और सांस्कृतिक परंपराओं का अद्भुत संगम देखने को मिला। मोहल्लों, चौराहों और सार्वजनिक स्थलों पर लोगों ने एकत्र होकर विधि-विधान से होलिका पूजन किया और बुराई पर अच्छाई की विजय का संदेश देते हुए परिवार की सुख-समृद्धि और समाज की खुशहाली की कामना की।





शहरभर में दिखा उत्साह, देर रात तक चला पूजन होलिका दहन को लेकर सुबह से ही लोगों में विशेष उत्साह दिखाई दिया। घरों और मंदिरों में पूजा-अर्चना के साथ लोग पूजन सामग्री, लकड़ी, उपले और अन्य आवश्यक वस्तुओं की खरीदारी में जुटे रहे। शाम होते ही विभिन्न इलाकों में होलिका सजाई गई और शुभ मुहूर्त में विधिवत पूजन के बाद अग्नि प्रज्वलित की गई। महिलाओं ने पारंपरिक गीत गाए, बच्चों ने उत्साह के साथ पूजा में भाग लिया और परिवारों ने होलिका की परिक्रमा कर सुख-शांति की कामना की। धार्मिक मान्यता के अनुसार लोगों ने नई फसल की बालियां, नारियल और अन्न होलिका में अर्पित कर समृद्धि की प्रार्थना की। कई स्थानों पर सामूहिक भजन-कीर्तन और प्रसाद वितरण का आयोजन भी किया गया, जिससे वातावरण पूरी तरह भक्तिमय और उल्लासपूर्ण बना रहा।

**बाजारों में उमड़ी भीड़, लकड़ी मंडियों में दिनभर चहल-पहल** होलिका दहन के चलते शहर के बाजारों में सुबह से ही भारी भीड़ देखी गई। पूजन सामग्री, रंग-गुलाल, मिठाइयों और पिचकारियों की दुकानों पर खरीदारी के लिए लोगों की लंबी कतारें लगी रहीं। लकड़ी मंडियों में होलिका दहन के लिए लकड़ी खरीदने वालों की भारी भीड़ उमड़ी और देर शाम तक बिक्री जारी रही। व्यापारियों के अनुसार इस बार प्राकृतिक रंगों और हर्बल गुलाल की मांग अधिक रही। बच्चों के लिए कार्टून आधारित पिचकारियां, रंगीन मुखौटे और आकर्षक खिलौने बाजारों में विशेष आकर्षण का केंद्र बने हुए हैं। परंपराओं के साथ मनाया गया पर्व शहर के कई क्षेत्रों में महिलाओं ने पारंपरिक वेशभूषा धारण कर सामूहिक रूप से होलिका पूजन किया। गोबर से बने प्रतीक चढ़ाने, अन्न अर्पित करने और परिक्रमा करने की परंपरा का पालन किया गया। महिलाओं ने व्रत रखकर परिवार की सुख-समृद्धि और बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। बच्चों और युवाओं में भी खास उत्साह देखने को मिला। लोगों ने एक-दूसरे को गुलाल लगाकर अग्रिम होली की शुभकामनाएं दीं और आपसी भाईचारे का संदेश दिया।



## सांस्कृतिक कार्यक्रमों से सजा पर्व

कई स्थानों पर होलिका दहन के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रमों और लोकगीतों का आयोजन भी किया गया। पारंपरिक फाग गीतों और भजनों की प्रस्तुति ने वातावरण को पूरी तरह उत्सवमय बना दिया। सामाजिक और सांस्कृतिक संस्थाओं द्वारा आयोजित कार्यक्रमों में लोगों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और भारतीय संस्कृति की समृद्ध परंपराओं को जीवंत किया।

## होली के रंग में रंगी राजधानी

होलिका दहन के साथ ही राजधानी पूरी तरह होली के रंग में रंग गई है। शहर के प्रमुख बाजारों और सड़कों पर रंग-बिरंगी सजावट, मिठाइयों की खुशबू और उत्सव की रौनक दिखाई दे रही है। जगह-जगह सुरक्षा व्यवस्था भी चाक-चौबंद रही ताकि लोग सुरक्षित वातावरण में पर्व का आनंद ले सकें। होलिका दहन के इस पावन अवसर पर लोगों ने सामाजिक सौहार्द, प्रेम और भाईचारे का संदेश देते हुए एक-दूसरे के साथ खुशियां साझा कीं। पूरे शहर में उल्लास, आस्था और उत्सव का माहौल देर रात तक बना रहा, जो भारतीय संस्कृति की जीवंत परंपराओं और सामूहिक एकता का सुंदर उदाहरण बनकर सामने आया।

# होली को लेकर खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन का ताबड़तोड़ छापा

**होली पर मिठाई खरीदने से पहले बरतें सावधानी, हजारों किलो खोया नष्ट**

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो,लखनऊ।** रंगों और मिठास के त्योहार होली से पहले बाजारों में गुझिया, लड्डू, बर्फी, पेड़ा और नमकीन की मांग कई गुना बढ़ गई है। इसी मांग के बीच मिलावटखोर भी सक्रिय हो गए हैं। हालांकि, खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन (स्वस्ष्ठ) सख्ती दिखाते हुए ताबड़तोड़ कार्रवाइयां कर रहा है।20 से 28 फरवरी के बीच चले विशेष अभियान में हजारों किलो खोया और मिठाइयां नष्ट की गई हैं। 4.32 लाख लीटर से अधिक खाद्य तेल जब्त किया गया है। जिसकी कीमत 6.64 करोड़ रुपये से ज्यादा आंकी गई है। अधिकारियों ने लोगों से मिठाई और नमकीन खरीदने से पहले सावधानी बरतने की अपील की है। शिकायत करने के लिए नंबर भी जारी किए हैं। होली पर मिठाइयों की मांग कई गुना बढ़ जाती है। शुद्ध खोया, दूध और घी की कीमत अधिक होती है। ऐसे में कुछ कारोबारी लागत घटाने के लिए सिंथेटिक मावा, स्टार्च, वनस्पति घी और कृत्रिम रंगों का इस्तेमाल करते हैं।स्वास्थ्य विशेषज्ञों के मुताबिक, मिलावटी मावा और रंग पेट दर्द, उल्टी, दस्त, एलर्जी और फूड पॉइजनिंग का कारण बन सकते हैं। लंबे समय तक सेवन लीवर और किडनी पर भी असर डाल सकता है।ऐसे पहचानें असली और नकली मावा गुझिया की जान उसका मावा (खोया) है। असली मावा हल्का दानेदार, दूध जैसी खुशबू वाला और दबाने पर मुलायम होता है। अगर मावा बहुत ज्यादा सफेद, रबड़ जैसा या अजीब गंध वाला लगे तो सावधान हो जाएं। घर पर जांच के लिए मावे का छोटा टुकड़ा हथेली पर रगड़ें। यदि झाग जैसी परत बने या साबुन जैसी गंध आए तो मिलावट की आशंका हो सकती है। थोड़ा मावा पानी में उबालकर देखें। अधिक तलछट या रंग बदलना भी संकेत हो सकता है।मिठाई खरीदते समय क्या ध्यान रखें? होली पर चटक गुलाबी, हरे और पीले रंग की मिठाइयां आकर्षित करती हैं। बहुत ज्यादा चमकीले और आंखों को चुभने वाले रंग कृत्रिम हो सकते हैं। प्राकृतिक रंग हल्के और संतुलित दिखते हैं। चांदी का वर्क बेहद पतला और हल्का होता है। अगर वर्क मोटा, कड़ा या आसानी से अलग हो जाए तो उसमें एल्युमिनियम की मिलावट संभव है। हमेशा लाइसेंस प्राप्त और साफ-सुथरी दुकान से खरीदारी करें। दुकान पर स्वस्स्ढ्ढ लाइसेंस नंबर प्रदर्शित होना चाहिए। खुली ट्रे में लंबे समय से रखी मिठाई न लें। पैक्ड मिठाई लेते समय निर्माण तिथि और एक्सपायरी डेट जांचें। बहुत कम कीमत पर बिक रही मिठाई पर संदेह करें। बिल जरूर लें और सुरक्षित रखें। याद रखें असली मिठाई की एक तय लागत होती है, उससे बहुत कम कीमत गुणवत्ता पर सवाल खड़े करती है।

# लखनऊ में वर्टिकल व्यवस्था के तहत उपभोक्ताओं को बेहतर, त्वरित सेवाएं

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** लखनऊ में वर्टिकल व्यवस्था के तहत उपभोक्ताओं को बेहतर,त्वरित सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए 1912 हेल्प डेस्क का संचालन सुचारू रूप से किया जा रहा है। सोमवार को अमौसी क्षेत्र, लखनऊ के विभिन्न क्षेत्रों में कुल 07 हेल्पडेस्क सक्रिय रूप से कार्यरत रहें, जिनके माध्यम से उपभोक्ताओं द्वारा प्राप्त शिकायतों का पंजीकरण एवं निस्तारण किया गया। अधिशासी अभियन्ता गोमती नगर ने सभी स्टाफ के साथ बैठक की गयी। अधिशासी अभियन्ता 11 केवी एण्ड एलटी गोमती नगर द्वारा उपकेन्द्र सेक्टर-1,4,5 के समस्त स्टाफ के साथ मीटिंग की गयी एवं आगामी ग्रीष्म ऋतु होली पर्व पर निर्बाध विद्युत आपूर्ति तथा सुरक्षा उपकरणों के उपयोग के बारें में जानकारी/प्रशिक्षण दिया गया। सहायक अभियन्ता शिवपुरी चिनहट द्वारा भूमिगत केबल को सही कराया गया। सहायक अभियन्ता शिवपुरी चिनहट तथा क्षेत्रीय अवर अभियन्ता द्वारा बीसीसी ग्रीन अपार्टमेंट की क्षतिग्रस्त भूमिगत केबल को सही कराने का कार्य कराया गया। लखनऊ मध्य क्षेत्र के तहत सांय 4 बजे तक बिजली बिल राहत योजना के अंतर्गत कुल 3158 नग उपभोक्ताओं द्वारा पंजीकरण कराया गया। योजना के अन्तर्गत लखनऊ मध्य क्षेत्र में पंजीकरण में वृद्धि हेतु समय-समय पर स्वयं मुख्य अभियन्ता(वि0), अधीक्षण अभियन्ता(तकनीकी एवं वाणिज्य) द्वारा अनुश्रवण किया जा रहा है। लखनऊ मध्य क्षेत्र के बिल सम्बन्धी कुल 14317 शिकायतें प्राप्त हुई, जिसमें से 14247 शिकायतों का निस्तारण हो चुका है शेष 70 शिकायतों के निस्तारण की प्रक्रिया चल रही है। लखनऊ मध्य जोन के अन्तर्गत 1912 पर मीटर सम्बन्धी 25 सप्लाई सम्बन्धी 144 व बिल सम्बन्धी 18 शिकायतें दर्ज हुई। उपभोक्ताओं ने ऑनलाईन शिकायतों पर की गयी त्वरित कार्यवाही पर नई लागू वर्टिकल व्यवस्था की प्रशंसा की गई।



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार शाम गोरखपुर के पांडेयहाता में होलिकादहन उत्सव समिति की ओर से आयोजित भक्त प्रह्लाद शोभायात्रा का शुभारंभ किया। उन्होंने इस अवसर पर लोगों को संबोधित किया, होली की शुभकामनाएं दीं और फूलों की होली भी खेली

# लखनऊ बनेगा हाईस्पीड रेल नेटवर्क का मुख्य केंद

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ** लखनऊ बनेगा हाईस्पीड रेल नेटवर्क का मुख्य केंद्र। दिल्ली-वाराणसी हाईस्पीड कॉरिडोर से उत्तर प्रदेश को होगा फायदा दिल्ली से वाराणसी के बीच प्रस्तावित हाईस्पीड रेल कॉरिडोर ने उत्तर प्रदेश में तेज रफ्तार रेल सफर की उम्मीदों को नई उड़ान दे दी है। इस परियोजना के साकार होने पर लखनऊ से दिल्ली की दूरी महज दो घंटे में और लखनऊ से वाराणसी की दूरी सिर्फ एक घंटे में तय की जा सकेगी। वहीं दिल्ली से वाराणसी तक का सफर लगभग तीन घंटे में पूरा होगा। बुलेट ट्रेनों की अधिकतम रफ्तार 300 किमी प्रति घंटे तक प्रस्तावित है, जिससे यात्रा समय एक तिहाई तक सिमट जाएगा। **बजट में 7 हाईस्पीड कॉरिडोर का ऐलान** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने आम बजट में देशभर में सात नए हाईस्पीड रेल कॉरिडोर विकसित करने की घोषणा की है। इनमें मुंबई-पुणे, पुणे-हैदराबाद, चेन्नई-हैदराबाद, बेंगलुरु-हैदराबाद, चेन्नई-बेंगलुरु, दिल्ली-वाराणसी, वाराणसी-सिलीगुड़ी शामिल हैं। खास बात यह है कि उत्तर प्रदेश को दो बड़े कॉरिडोर-दिल्ली-वाराणसी और वाराणसी-सिलीगुड़ी-का सीधा लाभ मिलेगा। इन रूटों के कानपुर, लखनऊ, अयोध्या, गोरखपुर, मुरादाबाद और गाजियाबाद जैसे प्रमुख शहरों से गुजरने की संभावना जताई जा रही है।लखनऊ बनेगा हाईस्पीड नेटवर्क का अहम केंद्र रेलवे अधिकारियों के अनुसार, दिल्ली से वाराणसी के बीच प्रस्तावित हाईस्पीड कॉरिडोर के लखनऊ मार्ग से गुजरने की संभावना प्रबल है। यदि ऐसा होता है तो राजधानी लखनऊ देश के हाईस्पीड रेल नेटवर्क का महत्वपूर्ण जंक्शन बन सकता है।








# स्टेशन पर ट्रेनों की सफाई व्यवस्था, यात्री सुविधाएं मिली बेहतर : डीआरएम



**स्वतंत्र भारत ब्यूरो,लखनऊ।** उत्तर रेलवे मण्डल रेल प्रबंधक सुनील कुमार वर्मा द्वारा 40 क्वार्टर रेलवे कॉलोनी स्थित सामुदायिक केन्द्र का निरीक्षण किया गया। इस दौरान केन्द्र के अपग्रेडेशन (उन्नयन) कार्यों की समीक्षा की गई तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए, जिससे रेल कर्मचारियों एवं उनके परिजनों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराई जा सकें। निरीक्षण के उपरांत मण्डल रेल प्रबंधक द्वारा कैबवे (मवैया की ओर) प्रस्तावित ऑडिटोरियम के निर्माण के लिए संभावित स्थान का अवलोकन किया गया। लखनऊ मंडल द्वारा ऑडिटोरियम निर्माण के लिए स्थान का सर्वे भी किया गया, जिससे भविष्य में यात्रियों एवं रेलवे कर्मचारियों के लिए बेहतर सामुदायिक सुविधाएं विकसित की जा सकें। साथ ही कैबवे निर्माण के लिए स्थान चिन्हित करने का कार्य भी किया गया। आगामी होली पर्व के मद्देनज़र यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ को ध्यान में रखते हुए लखनऊ स्टेशन परिसर में लगभग 1200 यात्रियों की क्षमता वाला एक होल्डिंग एरिया तैयार किया गया है, जिससे भीड़ प्रबंधन सुव्यवस्थित एवं सुरक्षित रूप से किया जा सके। निरीक्षण के क्रम में मण्डल रेल प्रबंधक द्वारा लखनऊ स्टेशन पर ट्रेनों की सफाई व्यवस्था एवं यात्री सुविधाओं का विस्तृत निरीक्षण किया गया। इस दौरान स्वच्छता मानकों, वॉशरूम की कार्यशीलता, पानी की उपलब्धता तथा ट्रेनों में उपलब्ध कराई जा रही समग्र यात्री सुविधाओं की गहन समीक्षा की गई। प्लेटफॉर्म संख्या 6 पर स्थित शौचालयों की साफ-सफाई व्यवस्था का विशेष रूप से जायजा लिया गया तथा संबंधित अधिकारियों को स्वच्छता मानकों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। उन्होंने वॉशरूम की स्वच्छता के प्रति जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाने पर बल देते हुए पर्यवेक्षकों को निर्धारित सफाई प्रोटोकॉल का शत-प्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इस दौरान ट्रेन संख्या 12232 चंडीगढ़-लखनऊ एक्सप्रेस, 13308 गंगा सतलुज एक्सप्रेस, ,15108 बनारस-लखनऊ इंटरसिटी एक्सप्रेस तथा 04603 के कोचों की साफ-सफाई, वॉशरूम की कार्यशीलता एवं जल उपलब्धता की विस्तृत जांच की गई। इसके अतिरिक्त स्टेशन परिसर में स्थित कैटरिंग स्टॉल पर ऑनलाइन भुगतान व्यवस्था की जानकारी ली गई तथा डिजिटल भुगतान को बढ़ावा देने के निर्देश दिए गए।

मण्डल रेल प्रबंधक ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी व्यवस्थाएं यात्रियों की सुविधा, स्वच्छता एवं सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण ढंग से सुनिश्चित की जाएं, ताकि यात्रियों को बेहतर एवं संतोषजनक यात्रा अनुभव प्रदान किया जा सके।

# अधेड़ की गोली मारकर हत्या

स्वतंत्र भारत ब्यूरो लखनऊ। उत्तर प्रदेश के प्रतापगढ़ जिले में मांधाता कोतवाली क्षेत्र स्थित रामनगर गांव में सोमवार को एक अधेड़ व्यक्ति की गोली मारकर हत्या कर दी गई। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस अधीक्षक बताया कि मृतक की पहचान गांव निवासी मो. सलीम (55) के रूप में हुई है। वह मुंबई में रहकर वाहन चलाने का काम करता था और करीब डेढ़ माह पहले ही अपने घर लौटा था सोमवार को सलीम की अज्ञात बदमाशों ने गोली मारकर हत्या कर दी। परिजनों ने हत्या का आरोप पड़ोसी पर लगाया है उनका कहना है कि पुरानी रंजिश के चलते इस वारदात को अंजाम दिया गया है। मांधाता कोतवाली के एसओ पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचकर घटना की जांच की। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ने घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण किया और आसपास के लोगों से भी पूछताछ की। साक्ष्य जुटाने के लिए फोरेंसिक टीम को भी बुलाया गया। प्रारंभिक जांच में पुरानी रंजिश को ही हत्या का मुख्य कारण माना जा रहा है, हालांकि पुलिस सभी संभावित पहलुओं पर गहनता से जांच कर रही है।



> तीन हमलावरों ने वारदात को अंजाम देने की जानकारी मिली उन्हें पकड़ने के लिए मेरे द्वारा टीमें गठित कर कांबिंग कराई जा रही जल्द ही आरोपित गिरफ्त में होंगे।
> **दीपक भूकर, पुलिस अधीक्षक**

# घोषणाएं दमदार, ज़मीनी तैयारी लाचार

## त्योहार नज़दीक, व्यवस्था अब भी दूर

**स्वतंत्र भारत लखनऊ।** हर साल होली व रमजान जैसे बड़े त्योहारों से पहले सीवर सफाई के विशेष अभियान और 24 घंटे निगरानी के दावे किए जाते हैं। इस बार भी सुएज व जलकल विभाग ने शहर भर में मुस्तैदी का भरोसा दिलाया है, लेकिन जमीनी हालात इन दावों पर सवाल खड़े कर रहे हैं।

इसकी बानगी जानकीपुरम सेक्टर एफ, अभिषेकपुरम और फैजुल्लागंज समेत कई वार्डों में देखने को मिली है, जहां सीवर चोक और ओवरफ्लो की समस्या अभी भी पूरी तरह खत्म नहीं हुई है। स्थानीय लोगों का कहना है कि सफाई अभियान जरूर चलता है, पर कई स्थानों पर यह सतही कार्रवाई तक सीमित रह जाता है। बारिश तो दूर की बात है यहां अधिक पानी बहने पर सीवर उफना लगा है, जिससे सड़कों पर गंदा पानी भर जाता है और बदबू से लोगों का जीना मुश्किल हो रहा है। वहीं फैजुल्लागंज में बाल महिला सेवा संगठन की प्रमुख ममता त्रिपाठी ने अधिकारी व नागरिकों का एक हजार से अधिक लोगों का व्हाट्सऐप समूह बनाकर श्याम विहार कॉलोनी व द्वारिकापुरी समेत अन्य मोहल्लों में पीक आवर के दौरान घरों में भर रहे सीवेज की समस्या उठाई है। होली और रमजान से पहले समाधान की मांग की है।त्योहारों के दौरान जब घरों में मेहमान आते हैं और बाजारों में भीड़ बढ़ती है, तब ऐसी समस्याएं और गंभीर हो जाती हैं। सवाल यह उठता है कि क्या हर बार त्योहार से पहले चलाया जाने वाला यह अभियान स्थायी समाधान है या केवल औपचारिकता निभाने भर की कवायद

विभाग की ओर से स्पेशल टीम तैनात करने की बात जरूर कही गई है, लेकिन शहरवासियों को इंतजार इस बात का है कि कार्रवाई सिर्फ फाइलों और बयानों तक सीमित न रहे, बल्कि गलियों और मोहल्लों में भी साफ नजर आए। स्वच्छ होली का संकल्प तभी सार्थक होगा जब सीवर समस्या के समाधान के लिए दीर्घकालिक, पारदर्शी और जवाबदेह व्यवस्था लागू की जाए। सुएज व जलकल विभाग द्वारा चलाए जा रहे सीवर सफाई अभियान का दावा जरूर बड़ा है, लेकिन जमीनी सच्चाई अब भी कई इलाकों में सवाल खड़े कर रही है। पुराने शहर की तंग गलियों में रोबोटिक तकनीक से सफाई की बात कही जा रही है, पर स्थानीय लोगों का कहना है कि कई जगहों पर सीवर चोक की समस्या जस की तस बनी हुई है।

हर साल त्योहारों से पहले विशेष अभियान और 24 घंटे निगरानी के दावे किए जाते हैं, लेकिन होली या अन्य बड़े पर्वों पर सीवर ओवरफ्लो की शिकायतें सामने आती रही हैं। ऐसे में सवाल उठता है कि क्या यह अभियान स्थायी समाधान है या सिर्फ त्योहार तक सीमित औपचारिकता।

विभाग की ओर से स्पेशल टीम तैनात करने की बात कही गई है, मगर शहरवासियों को इंतजार इस बात का है कि कार्रवाई सिर्फ कागजों में नहीं, बल्कि गलियों में भी दिखे। स्वच्छ होली का संकल्प तभी सार्थक होगा जब सीवर समस्या पर स्थायी और पारदर्शी काम हो, न कि सिर्फ मौसमी मुहिम।

# जनेश्वर मिश्र पार्क में रोज फेस्टिवल के साथ रोज गार्डेन का रंगारंग आगाज

## 15 एकड़ क्षेत्रफल में विकसित देश का दूसरा सबसे बड़ा रोज गार्डेन

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो,लखनऊ।** गोमती नगर विस्तार के जनेश्वर मिश्र पार्क में विकसित किये गये देश के दूसरे सबसे बड़े रोज गार्डेन का रोज फेस्टिवल के साथ रंगारंग आगाज हुआ। लखनऊ विकास प्राधिकरण के सचिव विवेक श्रीवास्तव ने फीता काटकर रोज गार्डेन का उद्घाटन किया। इस मौके पर अपर सचिव ज्ञानेन्द्र वर्मा सीपी त्रिपाठी, वित्त नियंत्रक दीपक सिंह, संयुक्त सचिव सुशील प्रताप सिंह समेत अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। आयोजन में शहर के नागरिकों, कलाकारों, पर्यावरणविदों एवं युवाओं की सक्रिय सहभागिता रही। जनेश्वर मिश्र पार्क में गेट नंबर-6 के निकट 15 एकड़ क्षेत्रफल में विकसित यह रोज गार्डेन देश का दूसरा सबसे बड़ा रोज गार्डेन है। रोज गार्डेन में गुलाब की 2,269 प्रजातियों के कुल 10,509 पौधों को वैज्ञानिक ढंग से रोपित एवं व्यवस्थित किया गया है। रेनबो थीम पर आधारित यह रोज गार्डेन विविध रंगों के माध्यम से प्रकृति की सुंदरता, समरसता एवं जैव विविधता का सशक्त संदेश देता है।

### 'पर्यावरण के प्रति प्रेम' थीम पर केन्द्रित रोज फेस्टिवल

एलडीए द्वारा प्रस्तुत एवं रिपर्टवाहर फाउंडेशन के सहयोग से आयोजित रोज फेस्टिवल में लोगों का जबरदस्त उत्साह देखने को मिला।

> ■ **गुलाब की 2,269 प्रजातियों एवं 10,509 पौधों से सुसज्जित है यह गार्डेन**

कार्यक्रम का आयोजन 'पर्यावरण के प्रति प्रेम' की भावना को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से किया गया। रोज गार्डेन परिसर में स्थापित 'अवेयरनेस टू एक्शन' पर्यावरण गैलरी में वृक्षारोपण, जैव विविधता संरक्षण एवं शहरी पारिस्थितिकी पुनर्स्थापन से संबंधित प्रदर्शनी लगाई गई। मियावाकी पद्धति पर आधारित सघन वृक्षारोपण के जीवंत प्रदर्शन के माध्यम से तीव्र एवं घनी हरित पट्टी विकसित करने की तकनीक का प्रदर्शन किया गया।

### विशेष संवाद सत्रों में विशेषज्ञों ने रखे विचार

पर्यावरण विषयक संवाद सत्रों का संयोजन फिल्मकार रूडी सिंह द्वारा किया गया। प्रथम सत्र 'Listening to the EarthÑ Trees, में वानिकी विशेषज्ञ डॉ. वी. रामकांथा, संरक्षणवादी रामवीर तनवर एवं अभिनेत्री-पर्यावरणविद तनिषा मुखर्जी ने वन पुनर्स्थापन, जल संरक्षण एवं सामूहिक उत्तरदायित्व पर विचार व्यक्त किए।

द्वितीय सत्र में बॉलीवुड अभिनेता अमित सियाल, वन्यजीव सलाहकार ईशान शनावास, फिलॉन्थ्रोपिस्ट डॉ. चिनू क्वात्रा एवं जलवायु संचारक उदित गुप्ता ने युवाओं की भूमिका, जलवायु जागरूकता एवं सतत विकास की आवश्यकता पर बल दिया।

### सांस्कृतिक संध्या में लोक एवं समकालीन संगीत की प्रस्तुति

सांध्यकाल में आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रमों में लोक कलाकार राहीगर ने 'कच्चा घड़ा' एवं 'मेरे गांव में' जैसी प्रस्तुतियों से दर्शकों को मंत्रमुग्ध किया। इसके बाद पॉप-रॉक बैंड नालायक की शानदार प्रस्तुति ने कार्यक्रम को उत्साहपूर्ण बनाते हुए समां बांध दिया।

### फेस्टिवल में दर्शकों ने उठाया पॉप-अप मार्केट का लुत्फ

फेस्टिवल में आये दर्शकों ने पॉप-अप मार्केट में सस्टेनेबल ब्रांड और हाथ से बने प्रोडक्ट्स का लुत्फ उठाया। इस दौरान कविता, कहानी, इंटरैक्टिव वर्कशॉप एवं ब्रीथ फार्मिंग पहल के अंतर्गत प्रतिभागियों को पौधा वितरण कर वृक्षारोपण हेतु प्रेरित किया गया। रोज फेस्टिवल में एनवायरनमेंटल एक्शन पर जोर दिया गया, सस्टेनेबिलिटी, कम्युनिटी एंगेजमेंट और इकोलॉजिकल अवेयरनेस को बढ़ावा दिया गया, साथ ही कल्चर और आर्ट को मिलाकर आने वाली पीढ़ियों के लिए ग्रीन भविष्य को इंस्पायर किया गया।

# जंग या अमन पर सरकार स्पष्ट रुख़ बताए : अखिलेश

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने कहा है कि इंसान के साथ इंसानियत का मारा जाना बेहद अफसोसजनक है और हर देश को जिम्मेदाराना व्यवहार करना चाहिए। उन्होंने कहा कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर चल रहे जानलेवा हमलों और युद्ध जैसे हालातों के बीच मानवीय दृष्टिकोण सर्वोपरि होना चाहिए।अखिलेश यादव ने कहा कि किसी देश के सबसे खास व्यक्ति से लेकर आम नागरिकों तक पर हो रहे हमलों के इस दौर में भारत सरकार को अपना रुख स्पष्ट करना चाहिए। उन्होंने सवाल उठाया कि सरकार बताए कि वह जंग के साथ है या अमन के पक्ष में। साथ ही यह भी स्पष्ट करे कि एक तटस्थ देश होने के नाते युद्ध रोकने और शांति बहाली के लिए वह किस प्रकार के कूटनीतिक प्रयास कर रही है। उनका कहना था कि युद्धकालीन समाचार अक्सर रणनीति का हिस्सा होते हैं, इसलिए उनकी स्वतंत्र और विश्वसनीय पुष्टि आवश्यक है, ताकि भ्रम और अफवाहों की स्थिति न बने।

# अंतर विभागीय फुटबॉल प्रतियोगिता में वर्कशॉप विभाग विजेता घोषित

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो,लखनऊ।** उत्तर रेलवे लखनऊ मंडल में आयोजित अंतर विभागीय फुटबॉल प्रतियोगिता के फाइनल का सफल आयोजन किया गया। फाइनल मुकाबला वर्कशॉप विभाग एवं मैकेनिकल विभाग की टीमों के बीच खेला गया। रोमांचक मुकाबले में वर्कशॉप टीम ने उत्कृष्ट खेल का प्रदर्शन करते हुए 3-0 के प्रभावशाली अंतर से विजय प्राप्त कर विजेता का खिताब अपने नाम किया, जबकि मैकेनिकल विभाग की टीम उपविजेता रही। मैच के दौरान दोनों टीमों के खिलाड़ियों ने अनुशासन, खेल भावना एवं टीम वर्क का उत्कृष्ट परिचय दिया। वर्कशॉप टीम ने संतुलित रणनीति एवं आक्रामक खेल का प्रदर्शन करते हुए निर्णायक बढ़त बनाई और मुकाबले को अपने पक्ष में किया। वहीं मैकेनिकल टीम ने भी सराहनीय प्रदर्शन करते हुए कड़ा मुकाबला प्रस्तुत किया। इस अवसर पर मण्डल रेल प्रबंधक,सुनील कुमार वर्मा की गरिमामयी उपस्थिति रही। उनके साथ अपर मण्डल रेल प्रबंधक शूरवीर सिंह चौहान तथा वरिष्ठ मंडल यांत्रिक अभियंता देवेश शर्मा भी उपस्थित रहे। मण्डल रेल प्रबंधक ने विजेता एवं उपविजेता टीमों को बधाई देते हुए कहा कि खेलकूद गतिविधियां कर्मचारियों में पारस्परिक सहयोग, समन्वय एवं स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना को सुदृढ़ करती हैं। उन्होंने सभी प्रतिभागियों के उत्साह एवं अनुशासन की सराहना की। कार्यक्रम के अंत में विजेता वर्कशॉप टीम को ट्रॉफी प्रदान कर सम्मानित किया गया तथा उपविजेता मैकेनिकल टीम को भी सम्मानित किया गया। साथ ही भविष्य में भी इस प्रकार की अंतर विभागीय खेल प्रतियोगिताओं के नियमित आयोजन पर बल दिया गया, जिससे कर्मचारियों में शारीरिक स्फूर्ति एवं संगठनात्मक एकता को बढ़ावा मिल सके।

# जल जीवन मिशन में अनियमितताओं पर मुख्यमंत्री को भेजा पत्र

लखनऊ। प्रदेश में विकास योजनाओं को लेकर शासन स्तर पर बरती जा रही उदासीनता के विरोध में रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया (आ.) ने मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर जनता के मुद्दों की ओर ध्यान आकृष्ट करने का निर्णय लिया है। पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष Pawan Bhai Gupta ने कहा कि जब तक जनता के प्रति जवाबदेही तय नहीं की जाती, तब तक वे पत्र लिखकर सरकार को आईना दिखाते रहेंगे। इसी क्रम में 'जल जीवन मिशन' योजना में व्याप्त खामियों को उजागर करते हुए मुख्यमंत्री को पत्र भेजा गया है और निष्पक्ष बाह्य एजेंसी से जांच कराने तथा दोषियों को दंडित करने की मांग उठाई गई है। पत्र में कहा गया है कि केंद्र और राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी योजना 'हर घर जल' का उद्देश्य प्रत्येक घर तक शुद्ध पेयजल पहुंचाना है, किंतु कुछ अधिकारियों और ठेकेदारों की मिलीभगत से इस उद्देश्य को गंभीर क्षति पहुंचाई जा रही है।पत्र में उल्लेख किया गया है कि बहराइच, प्रयागराज, महोबा और फतेहपुर सहित कई जनपदों से लगातार शिकायतें सामने आ रही हैं। कहीं निर्माणाधीन पानी की टंकियां गिर रही हैं तो कहीं तैयार टंकियों से पानी का रिसाव हो रहा है। पाइपलाइन बिछाने के नाम पर गांवों की सड़कों को खोदकर छोड़ दिया गया है, जिससे आवागमन बाधित हो रहा है और दुर्घटनाओं की आशंका बढ़ गई है। कई स्थानों पर पाइपलाइन डालने के बाद भी नलों में पानी नहीं पहुंच रहा है। प्रदेश अध्यक्ष ने इसे सरकारी धन का दुरुपयोग और जनता के विश्वास के साथ खिलवाड़ बताया है। उन्होंने मांग की है कि संबंधित जनपदों में चल रहे कार्यों की उच्च स्तरीय स्वतंत्र एजेंसी से निष्पक्ष जांच कराई जाए तथा भ्रष्टाचार में लिप्त अधिकारियों और लापरवाह ठेकेदारों के विरुद्ध कठोर दंडात्मक कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।पवन भाई गुप्ता ने विश्वास व्यक्त किया कि सरकार भ्रष्टाचार के विरुद्ध अपनी शून्य सहनशीलता की नीति के अनुरूप त्वरित संज्ञान लेकर दोषियों पर कार्रवाई करेगी।

> ■ **जांच कराने तथा दोषियों को दंडित करने की उठाई मांग**

**आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, कुमारगंज, अयोध्या।**
विश्वविद्यालय के मात्स्यिकी महाविद्यालय में आ0के0वी0वाई0 एवं एस0ए0डी0पी0 परियोजनाओं में FRP carp hatchery एवं FRP tanks द्वारा बिड प्रकाशित की गई, जिसका विवरण निम्नवत है।
1. बिड क्रमांक : Gem/ 2026/B/ 7306840 Dated 01-03-2026, Bid End Date 16-03-2026 and Time 11:00 AM
2. बिड क्रमांक : Gem/ 2026/B/ 7307516 Dated 01-03-2026, Bid End Date 16-03-2026 and Time 10:00 AM
पत्रांक : 258/मीडिया/Gem Bid/ 2026
दिनांक : 02.03.2026

**पूर्वोत्तर रेलवे**
**ई-टेंडरिंग निविदा सूचना**
भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिए मण्डल रेल प्रबन्धक (इंजी.)/ वाराणसी निम्नलिखित कार्य हेतु आनलाईन (ई-टेंडरिंग) के माध्यम से "खुली" निविदा आमंत्रित करते हैं:
**कार्य का नाम** : रेवती :– आई बी एस का ब्लाक सेक्शन में रूपान्तरण, **ई-निविदा सूचना सं.** : एनईआर-बीएसबी-2025-155, **अनुमानित लागत (₹)** : 21,03,74,452/-, **अमानत राशि (बिड सिक्यूरिटी) (₹)** : 12,01,900/-, **निविदा बन्द होने की तिथि** : 24.03.2026, **स्वीकृत पत्र जारी होने के समय से कार्य समापन/अवधि की तिथि** : 12 माह। **कार्य का नाम** : आर.डी.एस.ओ. स्पेशिफिकेशन जून/2016 (अद्यतन शुद्धि पर्ची के साथ) के अनुसार प्राइवेट खदान से मशीन से टूटी 65 एमएम आकार की पत्थर गिट्टी का निर्माण, पूर्वोत्तर रेलवे के माधोसिंह रेलवे स्टेशन स्थित बैलास्ट डम्प में आपूर्ति एवं वैगनों में लदाई, **ई-निविदा सूचना सं.** : एनईआर-बीएसबी-2025-156, **अनुमानित लागत (₹)** : 18,02,54,974/-, **अमानत राशि (बिड सिक्यूरिटी) (₹)** : 10,51,300/-, **निविदा बन्द होने की तिथि** : 24.03.2026, **स्वीकृत पत्र जारी होने के समय से कार्य समापन/अवधि की तिथि** : 08 माह।
• निविदा सूचना संख्या एनईआर-बीएसबी-2025-155 से एनईआर-बीएसबी-2025-156 दिनांक 24.03.2026 को 14:30 बजे तक आनलाईन जमा कर सकेंगे। • पूर्ण विवरण एवं निविदा को प्रस्तुति करने के लिए भारतीय रेल के वेबसाइट www.ireps.gov.in पर देखें। • यदि निविदा सूचना में हिन्दी एवं अंग्रेजी में अन्तर होता है तो निविदा सूचना में अंग्रेजी संस्करण ही मान्य होगा।
**मण्डल रेल प्रबन्धक/(इंजी.)**
**मुजाधि/डब्ल्यू-492 वाराणसी**
**ट्रेनों में ज्वलनशील पदार्थ लेकर यात्रा न करें**

**उत्तर रेलवे**
**शुद्धि पत्र – 4**
**विषय**– निविदा प्रपत्र संख्याः 2026–ए.एम.वी.–सी एंड डब्लू–ईनिविदा–02 का शुद्धि पत्र।
**सन्दर्भ**– निविदा सूचना संख्याः 2026–ए.एम.वी.–सी एंड डब्लू–ईनिविदा–02 दिनांक 05.01.2026 खुलने की तिथिः 18.03.2026.
**कार्य का नाम** : अपग्रेडेशन ऑफ टॉयलेट्स इन 580 नंबर्स एलएचबी नॉन एसी कोचेस विथ एफआरपी मॉडुलर टॉयलेट्स ऐट आलमबाग वर्कशॉप, जगाधरी वर्कशॉप एंड कोचिंग डिपॉस ऑफ एन आर।
उपरोक्त निविदा के सन्दर्भ में निविदा प्रपत्र में निम्नलिखित परिवर्तन किया गया है।

| S. No. | Clause | Placed at Tender Document |
|---|---|---|
| 1. | Clause VIII (Under Scope of work) – Allowed Time | Page 24 of 66 |
| 2. | Clause 2(i) (Under Special Eligibility Criteria – Technical Criteria) | Page 36 of 66 |
| 3. | Clause 9 (i) (ii), (iii), (iv) & (v) (Payments – Under Special Eligibility Criteria) | Page 37, 38 of 66 |
| 4. | Clause 5 & 6 (Under Technical Specification) | Page 30 of 66 |

अन्य सभी नियम और शर्तें अपरिवर्तित रहेंगी। शुद्धिपत्र वेबसाइट www.ireps.gov.in पर upload कर दिया गया है।
**संख्याः 2026–ए.एम.वी.–सी एंड डब्लू–ईनिविदा–02 दिनांकः 28.02.2026 705/2026**
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

**SHASHI BHUSHAN BALIKA VIDYALAYA DEGREE COLLEGE, LUCKNOW**
**आवश्यकता है**
1. नैत्यिक लिपिक (कानिष्ठ सहायक) ( एक पद) (5200-20200 ग्रेड पे 2000 लेवल 3) योग्यता इंटरमीडिएट / समकक्ष परीक्षा उत्तीर्ण NIELIT द्वारा CCC का प्रमाण पत्र हिन्दी / अंग्रेजी में कम से कम क्रमशः 25/30 शब्द प्रति मिनट की टंकण गति
2. पुस्तकालय सहायक ( एक पद ) (5200-20200 ग्रेड पे 2000 लेवल 3 ) योग्यता इंटरमीडिएट / समकक्ष परीक्षा उत्तीर्ण NIELIT द्वारा CCC का प्रमाण पत्र / तथा भारत सरकार / राज्य सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त संस्था से पुस्तकालय विज्ञान में 06 माह का प्रमाण पत्र।
**आयु सीमा : 18 से 40 वर्ष के बीच**
आवेदन-पत्र निर्धारित प्रपत्र पर जो विद्यालय के कार्यालय से रु. 500.00 नगद द्वारा भेजे जा सकते है, नवीनतम फोटोग्राफ प्रमाण-पत्र की सत्यापित प्रतिलिपियों के साथ इस विज्ञापन के समाचार - पत्र के प्रथम प्रकाशन की तिथि से 3 (तीन) सप्ताह के अन्दर विद्यालय के कार्यालय में पहुँच जाने चाहिए। अभ्यर्थी जो किसी संस्था में पहले से कार्यरत है अपना प्रार्थना-पत्र सेवायोजक के माध्यम से भेजें।
**( पंकज भट्टाचार्या ) प्रबन्धक )**
सी.आर.-2755/L

**कार्यालय ग्राम पंचायत ज्ञानपुर मंगोला विकास खण्ड जलालाबाद जिला शाहजहाँपुर**
**अति अल्पकालीन निविदा सूचना**
**मनरेगा के अन्तर्गत सामग्री आपूर्ति हेतु**
समस्त पंजीकृत फर्मों को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत चकचन्द्रसेन में वर्ष 2025-26 की कार्य योजनानुसार निर्माण कार्य हेतु निर्धारित दरों पर सील बन्द निविदायें आमन्त्रित की जाती हैं इच्छुक फर्म मालिक दिनांक 07/03/2026 समय दिन के 2 बजे तक निविदायें प्राप्त करा सकते हैं। उसी दिन 3 बजे ग्राम पंचायत कार्यालय पर निविदायें खोली जायेंगी।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | अनु. लागत |
|---|---|---|
| 1 | रामप्रकाश के ट्यूबवेल से पानपुर मि. व खड़ंजा तक खड़जा निर्माण कार्य। 132X3 मी. | 1.98 लाख |
| 2 | हर्षवर्धन के मकान से सर्वेश के मकान तक नाली निर्माण कार्य। ल. 150 फिट X9 इंच | 1.74 लाख |
| 3 | नेत्रपाल के खेत से श्यामपाल के खेत तक मि. व खडंजा निर्माण कार्य। 130X3 मी. | 1.95 लाख |
| 4 | राजेश के मकान से पुलिया तक नाली निर्माण कार्य। ल. 120 फिट X9 इंच | 1.42 लाख |

आपूर्ति का विवरण-उपरोक्त कार्य हेतु ईंट प्रथम श्रेणी, ईंट, सीमेन्ट, मोरंग, बजरी, रेता, सरिया, ईंट रोढ़ी, ईंट खडंजा, मिट्टी, गिट्टी, पीवीसी पाइप, सीआईबी बोर्ड आदि की कार्य स्थल पर आपूर्ति हेतु, समस्त क्रय का भुगतान सामग्री कार्य स्थल पर आपूर्ति के बाद किया जायेगा, अग्रिम नहीं। नोट-यदि एक भी निविदा प्राप्त नहीं होती है तो ग्राम पंचायत सरकारी दर पर जीएसटी सहित किसी भी फर्म से सामग्री लेने के लिए स्वतंत्र रहेगी। अधिक जानकारी ग्रा. पं. कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।
**कल्यान प्रधान** **शकील हुसैन**

**उत्तर रेलवे**
**ई–नीलामी सूचना**
वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबंधक, उत्तर रेलवे, लखनऊ के द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई-ऑक्शन से संबंधित सूचना।

| एडमिन यूनिट/जोन | लखनऊ - उ.रे. - मण्डल - वाणिज्य/ उ.रे. |
|---|---|
| नीलामी सूची सं./ लॉट सं. | 14205-SLR-F1-AYC-DLI-25-1 (Parcel-SLR) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 25.02.2026 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 13.03.2026 at 11:00 hrs. |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 13.03.2026 at 11:30 hrs. |
| नीलामी सूची सं./ लॉट सं. | 14229-SLR-F1-PYGS-YNRK-22-3 (Parcel-SLR) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 25.02.2026 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 13.03.2026 at 11:00 hrs. |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 13.03.2026 at 11:40 hrs. |
| नीलामी सूची सं./ लॉट सं. | 12184-SLR-R1-MBDP-BPL-25-1 (Parcel-SLR) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 25.02.2026 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 13.03.2026 at 11:00 hrs. |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 13.03.2026 at 11:50 hrs. |
| नीलामी सूची सं./ लॉट सं. | 22130-SLR-F1-AYC-LTT-25-1 (Parcel-SLR) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 25.02.2026 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 13.03.2026 at 11:00 hrs. |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 13.03.2026 at 12:00 hrs. |
| नीलामी सूची सं./ लॉट सं. | 14241-SLR-F1-PYGS-SRE-24-1 (Parcel-SLR) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 25.02.2026 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 13.03.2026 at 11:00 hrs. |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 13.03.2026 at 12:10 hrs. |
| Website particulars where complete details of auction can be seen by registered bidders | E-Auction Module of www.ireps.gov.in |

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 709/2026

**मोतीलाल नेहरू राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान इलाहाबाद**
**प्रयागराज-211004 (भारत)**
**Motilal Nehru National Institute of Technology Allahabad**
**Prayagraj-211004 [India]**
**विज्ञापन संख्या 02/2026 दिनांक फरवरी 27, 2026**
**अंशकालिक सामान्य चिकित्सा अधिकारी स्टाफ नर्स/विशेषज्ञ डॉक्टर/(अनुबंध आधार पर) की भर्ती**
संस्थान में अंशकालिक सामान्य चिकित्सा अधिकारी/विशेषज्ञ डॉक्टर/स्टाफ नर्स (अनुबंध आधार पर) के पदों पर भर्ती के लिए योग्य भारतीय नागरिकों से आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं।
ऑनलाइन आवेदन पत्र, शैक्षणिक योग्यता, अनुभव, अन्य नियम एवं शर्तों से सम्बन्धित विस्तृत विवरण, संस्थान की वेबसाईट http://www.mnnit.ac.in पर उपलब्ध है।
कृपया आवेदन पत्र और उसके सभी संलग्नक दिनांक 27.03.2026 को शाम 5.30 बजे तक अग्रलिखित पते पर भेजना सुनिश्चित करें।
**कुलसचिव**
**मोतीलाल नेहरू राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान इलाहाबाद**
**प्रयागराज–211004, उत्तर प्रदेश, भारत** CBC 21306/12/0009/2526

**उत्तर रेलवे**
**ई–निविदा सूचना**
भारत के राष्ट्रपति की ओर से उप मुख्य विद्युत अभियन्ता, कर्मशाला, उत्तर रेलवे, सवारी एवं माल डिब्बा कारखाना, आलमबाग, लखनऊ निर्धारित प्रपत्र पर निम्नलिखित कार्यों हेतु मोहरबंद निविदायें आमंत्रित करते हैं।

| | | | |
|---|---|---|---|
| निविदा सूचना सं. | विद्युत/डब्ल्यू/आलमबाग/180D/2025–26 | | |
| कार्य का विवरण | कैरेज एण्ड वैगन वर्कशॉप, आलमबाग, लखनऊ में सामान्य विद्युत वायरिंग, बस ट्रंकिंग एवं उक्त से संबंधित अन्य विद्युत कार्य। | | |
| अनुमानित लागत | ₹1,27,98,469.77 | धरोहर राशि | ₹2,14,000/- |
| निविदा प्रपत्र का मूल्य | शून्य | कार्य समापन अवधि | 24 माह |
| अन्य सूचनाः | | | |
| निविदा प्रपत्र जमा करने की तिथि एवं समय | 30.03.2026 को अप. 15:00 बजे तक | | |
| निविदा खुलने की तिथि व समय | 30.03.2026 को अप. 15:00 बजे के बाद | | |

• निविदा प्रपत्र वेबसाइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है तथा निर्धारित तिथि के अनुसार भरा जा सकता है। • मैनुअल ऑफर पर विचार नहीं किया जायेगा। • निविदाकर्ता निविदा फॉर्म की धरोहर राशि का भुगतान केवल www.ireps.gov.in पोर्टल पर उपलब्ध ऑनलाइन भुगतान प्रणाली द्वारा ही किया जायेगा। • डिमांड ड्राफ्ट/बैंकर्स चेक/डिपॉजिट रसीद/एफ०डी०आर० या अन्य किसी रूप में निविदा धरोहर धनराशि का भुगतान स्वीकार नहीं किया जायेगा। • प्रस्तावों के खुलने के बाद अतिरिक्त दस्तावेज की प्रस्तुति एवं उससे संबंधित निविदा उपरांत किसी प्रकार के पत्राचार स्वीकार नहीं किए जाएंगे। निविदादाता के निविदा उपरांत पत्रों को भी शून्य एवं प्रभावहीन माना जाएगा।
निविदा सं.: विद्युत/डब्ल्यू/आलमबा/180D/2025–26 दिनांक 02.03.2026
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 711/2026

# आवारा कुत्तों ने मासूम बच्ची को नोंच-नोंचकर मार डाला

## घर से पांच सौ मीटर की दूरी पर खेत में मिला शव, शरीर से लटक रहे गोश्त के चिथड़े



**स्वतंत्र भारत ब्यूरो लखनऊ।** एक बार फिर आवारा कुत्तों के आतंक से एक मासूम बच्ची की जिन्दगी चली गई। रहिमाबाद इलाके में एक आठ वर्षीय बच्ची का खून से लथपथ शव घर से करीब 500 मीटर दूर खेत में मिला। उसका चेहरा पूरी तरह से नुचा हुआ था। जगह-जगह से मांस के लोथड़े लटक रहे थे। रहीमाबाद थाना क्षेत्र के तरौना गांव में हुई। मृतक की पहचान अंशिका के रूप में हुई। वह कक्षा-1 की छात्रा थी। घर से अकेली निकली थी, तभी कुत्तों ने हमला कर दिया। तरौना गांव की कुछ महिलाएं शाम को खेतों की ओर गई थीं। इस दौरान उन्होंने खेत में किसी को जमीन पर पड़ा हुआ देखा। महिलाएं डर गईं और गांव में आकर लोगों को यह बात बताई। सूचना पर गांववाले लाठी-डंडे लेकर खेत पहुंचे। गांववालों ने देखा कि खेत में अंशिका का खून से लथपथ शव पड़ा है। गांववालों ने बताया कि इसके बाद हम लोगों ने अंशिका के घरवालों को इसकी सूचना दी। घरवाले मौके पर पहुंचे और शव को हम लोगों की मदद से उठाकर घर लाए। साथ ही पुलिस को सूचना दी। गांववालों ने बताया कि जिस जगह पर अंशिका का शव पड़ा था, वहां से कुछ दूरी पर ही खूंखार कुत्ते झुंड बनाकर बैठे थे। वो कुत्ते पड़ोस के गांव के थे। गांववालों ने बताया कि कुत्ते जब बच्ची को नोच रहे थे तो किसी ने नहीं देखा। लेकिन बच्ची के शव को देखकर साफ लग रहा है कि उसे कुत्तों ने ही नोचा है। बच्ची के चेहरे पर कुत्तों के नोचने के निशान थे। उसका चेहरा पूरी तरह से नोचा हुआ था। जगह-जगह मांस के लोथड़े निकले थे। जिस जगह पर शव मिला, वहां कुत्तों के पंजों के निशान थे। अंशिका अपने माता-पिता की 3 संतानों में सबसे छोटी थी। उसके पिता दिलीप कश्यप ने बताया कि अंशिका शाम को घर से निकली थी। कुछ देर बाद उसकी मौत की सूचना मिली। मां सोनी शव देखकर बेहोश हो गई। अन्य घरवालों का भी रो-रोकर बुरा हाल है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। वहां की स्थिति देखकर पुलिसकर्मी भी स्तब्ध रह गए। प्रत्यक्षदर्शियों और पुलिस सूत्रों के अनुसार, आवारा कुत्तों के हमले में मासूम अंशिका गंभीर रूप से घायल अवस्था में मिली। एक पुलिस अधिकारी ने नाम न प्रकाशित करने की शर्त पर बताया कि अपने सेवाकाल में उन्होंने कुत्तों के हमले के कई मामले देखे हैं, लेकिन यह घटना बेहद दर्दनाक और असामान्य थी।

# कार की टक्कर से दंपति की मौत

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो लखनऊ।** राजधानी के बीबीडी इलाके में तेज रफ्तार कार ने बाइक सवार दंपती को टक्कर मार दी। दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। जिन्हें इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया गया। जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। फरसतीपुर गडिया बाराबंकी के रहने वाले देवेंद्र कुमार वर्मा (50) लखनऊ में फैक्ट्री में काम करते थे। बेहटा इलाके में परिवार के साथ किराए के मकान में रहते थे। सोमवार को पत्नी सीता देवी के साथ बाराबंकी में एडमिट रिश्तेदार को देखने गए थे। वहां से शाम करीब 5 बजे लौट रहे थे। अनौरा कला गोयल अस्पताल के पास पहुंचे थे। तभी तेज रफ्तार कार ने पीछे से टक्कर मार दी। घटना के बाद मौके पर भीड़ जमा हो गई। वहां मौजूद लोगों ने पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने राहगीरों की मदद से इलाज के लिए लोहिया अस्पताल भिजवाया। जहां डॉक्टरों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। देवर उपेंद्र वर्मा ने बताया कि परिवार में दो बच्चे हैं, एक बेटा आदित्य और बेटी आदिति है। इंस्पेक्टर बीबीडी राम सिंह ने कहना है कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भिजवाया है। टक्कर मारने वाली कार कब्जे में है, चालक की तलाश की जा रही है।

# एसटीएफ ने पचास हजार के इनामी को किया गिरफ्तार



**स्वतंत्र भारत ब्यूरो लखनऊ।** यूपी के सुल्तानपुर जिले के थाना हलियापुर से 50 हजार रूपये का पुरस्कार घोषित आरोपी दशरथ सिंह उर्फ प्रदीप सिंह को यूपी एसटीएफ ने सुल्तानपुर जिले के थाना क्षेत्र हलियापुर आम घाट पुराना पुल मार्ग के पास से गिरफ्तार किया।

पकड़ा गया आरोपी थाना हलियापुर दर्ज धारा- 191(2),193 (3), 190.262.121 (1) 132,310(2),352, 351(3), 109(1) बी0एन0 एस0 में वांछित था। इसके विरुद्ध 50 हजार रूपये का पुरस्कार घोषित था। यूपी एसटीएफ के मुताबिक आरोपी दशरथ सिंह उर्फ प्रदीप सिंह 20 नवम्बर 2025 को दिन में उसके लड़के आदर्श सिंह को अयोध्या के थाना कुमारगंज पुलिस अपने मुकदमें धारा 109 (1) मा0न्या0सं0 में उसके घर से दबिश देकर पकड़ ली थी। पुत्र के चिल्लाने पर यह व उसके घर वाले अपने पुत्र को छुडाने के लिये घर में रखे गढ़ासे व लाठी-उण्डे से कुमारगंज की पुलिस वालों पर हमला कर दिये थे और पुलिस को मारने पीटने लगे और आदर्श सिंह को छुड़ा लिया। इसमें उसके लड़के आदर्श सिंह, शिवम सिंह व अखिलेश सिह उसकी पत्नी प्रमिला सिंह व लड़की शिवानी सिंह शामिल थी। पुलिस की सरकारी पिस्टल को उसके छोटे लड़के अखिलेश सिंह ने छीन लिया और वहां से भाग गया और हम लोगों ने इसी बीच पुलिस वालों के मोबाइल भी छीन लिये थे कि वह कहीं फोन न कर सके। एसटीएफ के मुताबिक घटना के बाद से ही यह लोग घर से भागे हुए थे और पुलिस से बचते फिर रहे थे। वह उसी मुकदमें में अपने लड़को व पत्नी को छुडाने के लिये प्रयास कर रहा था और इस हेतु सुलतानपुर आया हुआ था।पकड़ लिया गया। इसके विरुद्ध पांच मुकदमे दर्ज है।

# एटीएस अफसर बनकर 90 लाख ठगने वाले दो गिरफ्तार

## मुख्य संचालक की गिरफ्तारी के लिए टीमें गठित



**स्वतंत्र भारत ब्यूरो लखनऊ।** एटीएस अधिकारी बनकर दंपती से करीब 90 लाख की साइबर ठगी करने वाले 2 और आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। इससे पहले इस मामले में 3 आरोपी पकड़े जा चुके हैं। इंस्पेक्टर बृजेश यादव ने बताया- 26 जनवरी 2026 को वीना बाजपेयी के मोबाइल पर कॉल आया। कॉल करने वाले ने खुद को एटीएस मुख्यालय में तैनात इंस्पेक्टर रंजीत कुमार बताया और आतंकवाद व मनी लॉन्ड्रिंग जैसे गंभीर मामलों में फंसाने की धमकी दी। इसके बाद पीड़ित वीना और उनके पति को सिग्नल ऐप डाउनलोड कर संपर्क में रहने को कहा गया।

ऐप पर अजय प्रताप श्रीवास्तव नाम के व्यक्ति ने खुद को एटीएस अधिकारी बताते हुए सुप्रीम कोर्ट के फर्जी आदेश और सीजर दस्तावेज दिखाए। उसने गिरफ्तारी से बचाने और खातों की जांच पूरी करने के नाम पर रकम ट्रांसफर कराने का दबाव बनाया। भय और मानसिक दबाव में आकर पीड़ित परिवार से 29 जनवरी से 9 फरवरी 2026 के बीच आरटीजीएस के जरिए अलग-अलग खातों में कुल 90 लाख ट्रांसफर करा लिए गए। बाद में आरोपियों ने 11 लाख और मांगे। असमर्थता जताने पर गाली-गलौज करते हुए जान-माल की धमकी दी गई। मामले की जांच कर रही पुलिस टीमों ने सीकर राजस्थान निवासी मनोज यादव (21) और जितेंद्र यादव उर्फ जीतू (23) को गिरफ्तार किया है। इससे पहले 17 फरवरी को पुलिस मयंक श्रीवास्तव, इरशाद और मनीष कुमार को पकड़ चुकी है। पूछताछ में दोनों आरोपियों ने शुरुआत में खुद को निर्दोष बताया और कहा कि उन्हें लालच व डर दिखाकर जोड़ा गया था।

उन्होंने दावा किया कि जयपुर में रहने वाला एक युवक उन्हें निर्देश देता था। पुलिस की सख्त पूछताछ में दोनों आरोपियों ने स्वीकार किया कि वे पैसों के लालच में साइबर ठगी गिरोह से जुड़े थे। वैभव श्रीवास्तव नाम के युवक के निर्देश पर बैंक खातों व पैसों के लेनदेन का काम करते थे। दोनों ने माना कि मुख्य आरोपी का नाम पहले छुपाकर पुलिस को गुमराह करने की कोशिश की गई थी। पुलिस ने बताया कि गैंग के सदस्य सोशल मीडिया, कॉल और ऑनलाइन प्लेटफॉर्म से शिकार तलाशते थे। खुद को सरकारी अधिकारी या विश्वसनीय संस्था बताकर भरोसा जीतते थे। लालच या भय का माहौल बनाकर रकम ट्रांसफर कराते थे। रकम लेने के लिए फर्जी या किराए के बैंक खातों का इस्तेमाल होता था। मुख्य सरगना जयपुर या अन्य स्थान से नेटवर्क संचालित करता था। काम के बाद मोबाइल नंबर बदलना, चैट डिलीट करना और फर्जी आईडी का इस्तेमाल किया जाता था। पुलिस के मुताबिक, गिरोह बड़े नेटवर्क के जरिए काम करता था। स्थानीय सहयोगियों को कमीशन दिया जाता था। मुख्य संचालक की तलाश में टीमें लगी हैं।

# संपत्ति के विवाद में बेटे ने की माता-पिता, बहन व दादी की हत्या

## आरोपित ने खुद पर भी ईट मारकर जान देने का किया प्रयास



**स्वतंत्र भारत ब्यूरो लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के बहराइच जिले के रुपईडीहा थाना क्षेत्र में संपत्ति के विवाद में एक बेटे ने अपने माता-पिता, दादी और बहन की कुल्हाड़ी से काट कर निर्मम हत्या करने के बाद आरोपित ने खुद पर भी ईट मारकर जान देने का प्रयास किया। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल आरोपित को अस्पताल में भर्ती कराया और फॉरेंसिक टीम ने साक्ष्यों का संकलन किया और शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस अधीक्षक आरएन. सिंह ने बताया कि रुपईडीहा थाना क्षेत्र के बसंतपुर रूदल (रामगांव) में रहने वाले बदलूराम (60) किसान थे। परिवार में पत्नी संजू (56), बेटी पार्वती (42), बेटा गुरुदेव, निरंकार और दादी शीतला (80) थीं। बड़े बेटे गुरुदेव ने बताया कि कुछ साल पहले पिता ने जमीन बेची थी। उस पैसे और संपत्ति को लेकर छोटे भाई निरंकार से विवाद चल रहा था। उसी पैसे के बंटवारे के लिए रविवार रात को छोटा भाई घर आया। पिता ने पैसे देने से मना किया तो उसने पास रखी कुल्हाड़ी से हमला कर दिया। बीच बचाव के दौरान उसने मां संजू, बहन पार्वती और दादी शीतला पर भी कुल्हाड़ी से कई प्रहार कर दिए। स्थानीय लोग जब उसे पकड़ने लगे तो उसने अपने सिर पर भी ईंट मारकर लहूलुहान कर लिया।

> घायलों को अस्पताल पहुंचाया जहां डॉक्टरों ने तीनों को मृत घोषित कर दिया घायल आरोपित को प्राथमिक उपचार के बाद लखनऊ रेफर किया गया पुलिस ने मौके से आलाकत्ल और एक ईंट बरामद की घटना के पीछे संपत्ति के बंटवारे की बात सामने आ रही है।
>
> **आरएन सिंह,**
> **पुलिस अधीक्षक**

# पुलिस मुठभेड़ में दो लुटेरे गिरफ्तार, सिपाही घायल

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो लखनऊ।** फिरोजाबाद के थाना नसीरपुर पुलिस टीम ने रविवार देर रात्रि बुकिंग के बाद रास्ते में चालक से ऑटो, नकदी व मोबाइल लूटने वाले दो लुटेरों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने पैर में गोली लगने से घायल एक लुटेरे को उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया है। अपर पुलिस अधीक्षक देहात अनुज चौधरी ने बताया कि थाना नसीरपुर क्षेत्र अन्तर्गत राजेश कुमार ऑटो चलाने का काम करता है। 01 मार्च की रात्रि में 02 व्यक्तियों ने उसका ऑटो शिकोहाबाद रेलवे स्टेशन से ग्राम रपड़ी जाने के लिये बुक किया था। रास्ते में बुकिंग करने वाले दोनों व्यक्तियों द्वारा उसका ऑटो, मोबाइल फोन एवं 1,200 रुपए लूट लिये। पीड़ित ने थाने पर तहरीर दी। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लुटेरों की तलाश शुरू कर दी। उन्होंने बताया कि थाना प्रभारी नसीरपुर ज्ञानेन्द्र सिंह सोलंकी पुलिस टीम के साथ क्षेत्र में गश्त पर थे। सूचना मिली कि लुटेरों ने लूटे गये ऑटो को ग्राम रपडी के जंगल में छिपाया है तथा अभियुक्त लूटे गए ऑटो को बेचने की फिराक में बहोरी डाण्डा से सहजादपुर डिडौली की तरफ जाने वाले रास्ते से आ रहे हैं। पुलिस टीम ने घेराबंदी की तो ऑटो चला रहा संदिग्ध ऑटो चालक, ऑटो को कच्चे रास्ते पर मोड़कर भागने लगा। ऑटो में सवार एक अन्य संदिग्ध ने पुलिस टीम पर जान से मारने की नीयत से फायरिंग कर दी। अभियुक्त द्वारा की गयी फायरिंग में गोली थाना नसीरपुर पुलिस टीम के एचसीपी जितेन्द्र राजौरिया के हाथ को छूती हुई निकल गयी जिससे वह घायल हो गये। घायल अभियुक्त की पहचान सोनवीर उर्फ सोनू पुत्र रामदास निवासी ग्राम खितौली थाना नसीरपुर जिला फिरोजाबाद हाल निवासी शम्भू नगर पालीवाल चौराहा किराये का मकान थाना शिकोहाबाद तथा दूसरे अभियुक्त की पहचान प्रशान्त उर्फ भोला पुत्र सतीश चन्द्र निवासी ग्राम खितौली थाना नसीरपुर जिला फिरोजाबाद के रूप में हुई है।

> घायल अभियुक्त सोनवीर उर्फ सोनू को पुलिस अभिरक्षा में उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां उसका उपचार चल रहा है और उसके कब्जे से अवैध तमंचा, जिन्दा कारतूस समेत नकदी बरामद अभियुक्तगण के विरुद्ध अग्रिम आवश्यक कार्यवाही की जा रही है।
>
> **अनुज चौधरी,**
> **अपर पुलिस अधीक्षक**

# पुलिस मुठभेड़ में तीन बदमाश गिरफ्तार

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के प्रतापगढ़ जिले में हथिगवा थाना क्षेत्र में रविवार की रात चेकिंग के दौरान पुलिस मुठभेड़ में तीन बदमाशों को गिरफ्तार किया गया है।

एक बदमाश के पैर में गोली लगने से घायल हो गया जिसे मेडिकल कॉलेज में भर्ती करायाा गया है। अपर पुलिस अधीक्षक बृजनंदन राय ने बताया कि थाना हथिगवां प्रभारी निरीक्षक सत्येन्द्र सिंह और पुलिस टीम द्वारा चेकिंग की जा रही थी। इसी दौरान मुखबिर से सूसूचना मिली कि भैरव बाबा समसपुर हाईवे के पास हुई लूट की घटना में शामिल अभियुक्त कल्याणपुर दुअर नदी पुल के पास खड़े है।

पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर अभियुक्त अब्दुल रहमान पुत्र तबरेज आलम निवासी ग्राम परेवा नारायणपुर थाना हथिगवां जनपद प्रतापगढ़ को गिरफ्तार किया। जिसके कब्जे से एक तमंचा, कारतूस, मोबाइल मोटर साइकिल बरामद किया गया।

गिरफ्तार बदमाश ने पूछताछ में बताया कि उसने अपने साथियों अलहसन पुत्र अजमल हुसैन व इब्राहिम पुत्र रहमत उल्ला निवासीगण परेवा नारायणपुर थाना हथिगवां के साथ मिलकर उक्त घटना कारित किया है।

अलहसन को उसके घर से गिरफ्तार किया गया। इब्राहिम की तलाश के दौरान बरोंधा अंडरपास के पास पहुंचने पर आरोपित इब्राहिम ने पुलिस टीम पर फायरिंग कर दिया टीम की जवाबी फायरिंग की गई, जिसमें इब्राहिम के दाहिने पैर में गोली लगी।

# ब्लूटूथ कान में लगाकर रेलवे ट्रैक पार करते समय युवक की मौत

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो लखनऊ।** रेलवे ट्रैक पार करते समय एक युवक की मौत हो गई। हादसा मड़ियाव थाना क्षेत्र स्थित भिटौली चौराहे के सामने सोमवार सुबह रेलवे क्रॉसिंग पर हुआ।

युवक कान में ब्लूटूथ लगाकर ट्रैक पार कर रहा था। इस वजह से उसे ट्रेन की आवाज और हॉर्न नहीं सुनाई दिया। जानकीपुरम विस्तार सेक्टर-3 निवासी सोएब के रूप में हुई है। वह फेरी लगाकर चूड़ियां बेचता था। इसी से अपने परिवार का पालन-पोषण करता था। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, सोएब कान में ब्लूटूथ लगाकर रेलवे पटरी पार कर रहा था।

इसी दौरान तेज रफ्तार ट्रेन आ गई। माना जा रहा है कि ब्लूटूथ लगे होने की वजह से उसे ट्रेन की आवाज और हॉर्न सुनाई नहीं दिया। जिस कारण वह ट्रेन की चपेट में आ गया। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि युवक काफी दूर जा गिरा और रेल पटरी किनारे पड़ी लकड़ी के पास आकर रुका। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। सूचना पर जीआरपी और मड़ियाव थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस को घटनास्थल से ब्लूटूथ डिवाइस, पर्स और मोबाइल फोन बरामद हुआ।

मड़ियाव पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# क्षेत्राधिकारी का आडियो वायरल होने से हड़कंप

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो लखनऊ।** यूपी के मेरठ जिले की ब्रह्मपुरी सर्किल की सीओ सौम्या अस्थाना का एक 29 सेकंड का ऑडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद पुलिस महकमे में हलचल मच गई है। ऑडियो में कथित तौर पर वह थाने के भीतर पत्रकारों द्वारा की जा रही वीडियोग्राफी पर मुकदमा दर्ज करने का निर्देश देती सुनाई दे रही हैं। मामले ने तूल पकड़ा तो वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अविनाश पांडेय सामने आए और पूरे प्रकरण पर स्थिति स्पष्ट की।एसएसपी अविनाश पांडेय ने कहा कि ऑडियो को संदर्भ से हटाकर प्रस्तुत किया जा रहा है। उनके मुताबिक, सीओ का निर्देश प्रिंट मीडिया के लिए नहीं था, बल्कि कुछ ऑनलाइन पोर्टल संचालकों के लिए था, जो थाने के भीतर अनावश्यक और अनर्गल तरीके से वीडियो बना रहे थे। उन्होंने स्पष्ट किया कि प्रिंट मीडिया पर किसी प्रकार का प्रतिबंध नहीं है और मीडिया के वैध कार्य में बाधा डालने का सवाल ही नहीं उठता। एसएसपी ने यह भी कहा कि पुलिस और मीडिया के बीच समन्वय बना रहना बेहद जरूरी है। यदि कोई भी व्यक्ति थाने के कामकाज में बाधा डालता है या संवेदनशील दस्तावेजों और प्रक्रियाओं की अनुचित रिकॉर्डिंग करता है, तो उस पर कानूनी कार्रवाई की जा सकती है। हालांकि सामान्य रिपोर्टिंग या कवरेज को लेकर कोई रोक नहीं है।गौरतलब है कि अदालत पहले स्पष्ट कर चुकी है कि पुलिस थाने में वीडियोग्राफी अपने आप में आधिकारिक गोपनीयता अधिनियम 1923 का उल्लंघन नहीं है, जब तक कि इससे अधिकारियों के कर्तव्यों में व्यवधान न हो। इस बीच, सीओ से संपर्क करने का प्रयास किया गया, लेकिन उनसे बात नहीं हो सकी। फिलहाल एसएसपी के बयान के बाद पुलिस प्रशासन ने स्थिति स्पष्ट करने की कोशिश की है।

> ■ **एसएसपी ने कहा कि ऑडियो को संदर्भ से हटाकर पेश किया गया**

# अज्ञात ट्रक ने बाइक में मारी जोरदार टक्कर, मौत

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो लखनऊ।** बंथरा में सोमवार शाम तेज रफ्तार अज्ञात ट्रक ने एक बाइक में जोरदार ठोकर मार दी। ठोकर लगने से बाइक सवार अधेड़ बाइक सहित रोड पर गिर गया और ट्रक उसे कुचलते हुए कानपुर की ओर भाग निकला। हादसे में बाइक सवार अधेड़ की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। इस घटना के कारण लखनऊ से कानपुर जाने वाली कानपुर रोड की पटरी पर कुछ देर के लिए जाम की स्थिति बन गई। सूचना के बाद पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। बताते हैं कि बाइक सवार एक अधेड़ सोमवार शाम करीब 5 बजे सरोजनी नगर की तरफ से कानपुर की ओ जा रहा था।तभी बंथरा में कानपुर रोड स्थित हनुमान मंदिर के पास पीछे से जा रहे तेज रफ्तार ट्रक ने उसकी बाइक में जोरदार ठोकर मार दी।जिससे बाइक सवार अधेड़ अपनी गाड़ी सहित रोड पर गिर गया। घटना के बाद ट्रक उसके सिर को कुचलते हुए कानपुर की ओर फरार हो गया। इस घटना में बाइक सवार अधेड़ की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। राहगीरों ने आनन-फानन इसकी सूचना पुलिस को दी। सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने छानबीन की, तो मृतक के पास मिले आधार कार्ड से उसकी पहचान उन्नाव जिले के बीघापुर थाना अंतर्गत इंदेमऊ निवासी 52 वर्षीय राम मूर्ति शुक्ला के रूप में हुई। उधर घटना के बाद लखनऊ से कानपुर जाने वाली कानपुर रोड की पटरी पर कुछ देर के लिए जाम के हालात पैदा हो गए। फिलहाल पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और आगे की कार्रवाई कर रही है।

# शॉर्ट-सर्किट से दो घरों में लगी आग लाखों का सामान जलकर राख



**स्वतंत्र भारत ब्यूरो लखनऊ।** महिंगवा थाना क्षेत्र के धीनोहरी गांव में शॉर्ट सर्किट से भीषण आग लग गई।

इस घटना में दो घर जलकर राख हो गए और सामान बचाने के प्रयास में दो लोग झुलस गए। यह घटना उस समय हुई जब किसान राम सनेही अपने परिवार के साथ होली की तैयारियों में जुटे थे। अचानक उनके छप्पर में आग लग गई, जिसने कुछ ही मिनटों में विकराल रूप धारण कर लिया और पास के दूसरे घर को भी अपनी चपेट में ले लिया। आग की चपेट में आने से दोनों घरों का सारा सामान जलकर खाक हो गया। राम सनेही के घर में रखा कीमती सामान पूरी तरह नष्ट हो गया। आग से सामान बाहर निकालने की कोशिश कर रहे दो लोग झुलस गए, जिन्हें मौके पर ही प्राथमिक उपचार दिया गया। सूचना मिलने पर पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीम तत्काल मौके पर पहुंची। कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका, लेकिन तब तक किसान को भारी आर्थिक नुकसान हो चुका था। पुलिस इस मामले की जांच कर रही है। किसान के बेटे ईश्वर दीन ने बताया- घर में रखा 1 लाख 70 हजार रुपए नगद पूरी तरह जलकर राख हो गया। इसके अलावा घर में रखी फसल, कीमती सामान और अन्य घरेलू वस्तुएं, जिनकी अनुमानित कीमत करीब 5 लाख रुपए थी, आग की भेंट चढ़ गईं। पास के दूसरे घर में रखा कुछ अन्य सामान भी आग की चपेट में आ गया। घर में मौजूद परिवार के लोगों को बचाने में ईश्वर दीन और उनके घर में मौजूद महिला रश्मि आग की चपेट में आने से झुलस गई।



# राजधानी की शराब दुकानों तक पहुंच रही हरियाणा की शराब

## कैसारबाग में हरियाणा की शराब बरामदगी नें बढ़ाई शहर के अन्य क्षेत्रों में आशंका



**स्वतंत्र भारत, लखनऊ।** राजधानी इन दिनों हरियाणा की अवैध शराब तस्करी का गढ़ बनता जा रहा है।लेकिन आबकारी विभाग के अफसरों को इसकी कोई फ़िक्र नही है। कैंसरबाग के एक होटल से अवैध शराब का जखीरा बरामद होनें के बाद इस बात की आशंका प्रबल हो गई है कि तस्कर सुनियोजित तरीके से इसकी सप्लाई प्राइवेट सस्थानों सहित शराब की दुकानों में करा रहे है।बतादे कि पूर्व में बिजनौर थाना क्षेत्र के नटकुर और माड़ियाव तथा बीकेटी इलाके की दुकानों में दूसरे प्रदेश की शराब मिल चुकी है।कैसरबाग में हरियाणा की शराब मिलने के बाद अब गोमतीनगर, तालकटोरा, बाजार खाला, पारा, आशियाना, चौक, ठाकुरगंज, काकोरी, चिनहट, विभूतिखंड, गाजीपुर, गुड़म्बा, जानकीपुरम, विकास नगर, अलीगंज,हसनगंज, आशियाना, हाजरतगंज, आलमबाग, कृष्णा नगर इलाकों में भी इस बात की आशंका उत्पन्न हो गई है कि तस्कर सुनियोजित तरीके से इन इलाकों में भी हरियाणा की शराब सप्लाई कर रहे है।सूत्र बताते है कि राजधानी के अन्य क्षेत्रों में भी इस तरह का खेल चल रहा है।हालांकि आबकारी विभाग विभाग अवैध शराब के निर्माण और तस्करी तथा भंडारण को लेकर चेकिंग अभियान चलाता है।लेकिन राजधानी में इसका कोई खाश परिणाम सामने नही आ रहा है लगातार तस्करी की शराब की भारी खेप राजधानी में पहुँच रही है।बतादे कि इटौजा क्षेत्र में भी एक फैक्ट्री से नियमो को दरकिनार कर लाई गई शराब की बरामदगी हुई थी।इससे यह साफ हो गया था कि फैक्ट्रियों में भी खेल चल रहा है।बिना प्रपत्र के शराब तस्करों के हाथो आ रही है।लेकिन व्यवस्था की सुधार का दावा करने वाले खुद कार्यालयों में बैठ कर कर्मचारियों को परेशान करने वाले आदेश जारी कर व्यवस्था को और जटिल बना रहे है।लेकिन वह खुद निकल कर निरीक्षण नही कर रहे है।बतादे कि राजधानी में ज्वाइंट और डिप्टी की तैनाती है।वही प्रवर्तन कार्य के लिए आबकारी विभाग में भारी अमला है। यह तब सक्रिय होता है जब एसटीएफ और पुलिस कही शराब पकड़ती है।आबकारी विभाग के इलाकाई अफसर अपना नाम फर्द में डलवाने के लिए एड़ी से चोटी का जोर लगाते है।इसी का फायदा उठाकर प्रदेश में शराब तस्कर हावी है।बताते है कि कुछ विशेष शराब कारोबारियों को राजधानी में आबकारी विभाग के अफसर हर तरफ से फायदा पहुंचाने में जुटे है।चर्चा यह है कि कुछ शराब तस्कर इन दिनों प्रदेश में फल फूल रहे है।उन्ही के इशारे पर पकड़ धकड़ भी चल रही है।

# सपा प्रमुख ने प्रदेशवासियों को होली की दी बधाई

**स्वतंत्र भारत,लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष, पूर्व मुख्यमंत्री एवं सांसद अखिलेश यादव ने उत्साह एवं उमंग के पर्व होली पर सभी देशवासियों को शुभकामनाएं दी है। उन्होंने कहा कि सभी वर्गों एवं समुदायों के बीच भाई-चारा और मेल-मिलाप हो, यही इस पर्व का संदेश है। इस दिन को सांप्रदायिक सौहार्द तथा एकता के पर्व के रूप में मनाया जाना चाहिए। अखिलेश यादव ने सभी देशवासियों से कहा है कि समाज को तोड़ने वाली ताकतों को अलग-थलग करने के साथ अब सामाजिक सद्भाव, न्याय की स्थापना के लिए परस्पर आपसी विश्वास को मजबूत बनाकर पीडीए की एकजुटता से संविधान और लोकतंत्र को बचाने के लिए संकल्पित होना होगा।

# बिजली संशोधन बिल पर वर्किंग ग्रुप की रिपोर्ट पर गहरी आपत्ति

## डिस्कॉम एसोसिएशन के सहयोग से बनी रिपोर्ट असंवैधानिक

**स्वतंत्र भारत,लखनऊ।** ऑल इंडिया पावर इंजीनियर्स फेडरेशन ने केंद्रीय विद्युत मंत्रालय द्वारा इलेक्ट्रिसिटी (अमेंडमेंट) बिल 2025 के ड्राफ्ट को अंतिम रूप देने हेतु गठित वर्किंग ग्रुप की रिपोर्ट पर गंभीर आपत्ति दर्ज की है। फेडरेशन ने स्पष्ट चेतावनी दी है कि यदि इस रिपोर्ट के आधार पर बिल को संसद में प्रस्तुत करने का प्रयास किया गया, तो देशभर में व्यापक आंदोलन छेड़ा जाएगा। फेडरेशन ने कहा है कि इस रिपोर्ट के आधार पर संसद में बिल रखने की जल्दबाजी न की जाय और इस रिपोर्ट को सार्वजनिक किया जाय। फेडरेशन के चेयरमैन शैलेन्द्र दुबे ने बताया कि 30 जनवरी 2026 को केंद्रीय विद्युत मंत्रालय ने गुप्त रूप से एक आदेश जारी कर वर्किंग ग्रुप का गठन किया था। अब यह जानकारी प्राप्त हुई है कि उक्त वर्किंग ग्रुप ने अपनी रिपोर्ट केंद्रीय विद्युत मंत्री को सौंप दी है। फेडरेशन ने विशेष रूप से इस तथ्य पर कड़ा विरोध दर्ज कराया है कि वर्किंग ग्रुप में ऑल इंडिया डिस्कॉम्स एसोसिएशन के डायरेक्टर जनरल श्री आलोक कुमार को शामिल किया गया। यह एसोसिएशन सोसाइटी एक्ट के तहत पंजीकृत एक निजी संस्था है, जिसके कई पदाधिकारी सार्वजनिक रूप से बिजली वितरण क्षेत्र के निजीकरण की वकालत करते रहे हैं। इस एसोसिएशन ने नवंबर 2025 में मुम्बई में आयोजित बैठक में भी डिस्कॉम को घाटे से उबरने का प्रमुख उपाय निजीकरण बताया गया था। फेडरेशन ने कहा कि जब निजी घरानों से संबद्ध इस संस्था को वर्किंग ग्रुप में शामिल किया गया, तभी स्पष्ट हो गया था कि स्टेकहोल्डर्स की आपत्तियों की अनदेखी कर निजीकरण समर्थक रिपोर्ट तैयार की जाएगी।

फेडरेशन ने आशंका व्यक्त की है कि केंद्र सरकार इस रिपोर्ट के आधार पर बिल को जल्दबाजी में अंतिम रूप देकर संसद के बजट सत्र के 09 मार्च से शुरू हो रहे दूसरे चरण में प्रस्तुत करना चाहती है।

देश के लगभग 27 लाख बिजली कर्मचारी और इंजीनियर किसी भी परिस्थिति में जनविरोधी प्रावधानों को स्वीकार नहीं करेंगे।यदि कर्मचारियों और इंजीनियरों की आशंकाओं की अनदेखी कर बिल को आगे बढ़ाया गया, तो इसके विरुद्ध राष्ट्रव्यापी आंदोलन किया जाएगा, जिसकी संपूर्ण जिम्मेदारी सरकार की होगी।

# काम के दबाव में बीएलओ कर रहे आत्महत्या : अखिलेश

**स्वतंत्र भारत, लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने कहा है कि दिन-रात के चौबीसों घंटे के दबाव के अलावा उत्तर प्रदेश में बीएलओ पर गलत काम करने का दबाव भी है। पहले जो दबाव फ़ार्म 7 से सही लोगों के नाम कटवाने का था, वैसा ही दबाव अब 'फ़ार्म 6 के' माध्यम से नये फर्ज़ी नाम जोड़ने का है। ऐसा गलत काम करने के लिए अधिकतर बीएलओ का मन गवाही नहीं देता है, इसीलिए वो हताश होकर आत्महत्या जैसे प्राणघातक फ़ैसले तक कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि एसआईआर-2026 जीवनमुक्ति' के शीर्षक से आत्महत्या की चिट्ठी लिखकर ग्राम अलियाबाद, बिंदकी, फतेहपुर, उत्तर प्रदेश में शिक्षामित्र बीएलओ अखिलेश कुमार सविता ने शनिवार शाम को सरकारी प्राथमिक विद्यालय के एक कमरे में ही फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। कारण स्पष्ट रूप से एसआईआर का अत्यधिक दबाव व 10 दिन बाद होने वाली बेटी की शादी के लिए अधिकारियों द्वारा छुट्टी न देना था। अखिलेश यादव ने कहा कि हमारी सभी बीएलओ से ये अपील है कि निराश-हताश न हों, आपका जीवन आप और आपके परिवार के लिए अनमोल है। भाजपा जैसी नकारात्मक ताक़तें अंतहीन नहीं होती हैं, इतिहास में ऐसे अनेक उदाहरण हैं जब खलनायक बन चुकी सत्ताओं का घोर पतन दुनिया ने देखा है। निरंकुशवाद जब अपनी पराकाष्ठा पर होता है, तब ही उसका पतन बिंदु भी होता है क्योंकि एक सीमा से अधिक एकाधिकार करने की शक्ति किसी में नहीं होती है। अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपाई स्वयं तो निर्मम-निर्दयी हैं ही, इन्होंने अधिकारियों को भी हृदयहीन-संवेदनहीन बना दिया है।

# प्रदेश में गर्मी के दौरान भीषण बिजली संकट के संकेत

## वर्टिकल व्यवस्था पर उपभोक्ता परिषद का गंभीर प्रश्नचिन्ह



**स्वतंत्र भारत,लखनऊ,।** उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष एवं राज्य सलाहकार समिति के सदस्य अवधेश कुमार वर्मा ने प्रदेश की बिजली कंपनियों में लागू की गई वर्टिकल व्यवस्था पर गंभीर चिंता व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि प्रदेश के अधिकांश जनपदों में वर्टिकल व्यवस्था लागू किए जाने के बाद उपभोक्ताओं की समस्याओं में निरंतर वृद्धि हो रही है। विद्युत दुर्घटनाओं की संख्या बढ़ी है तथा 1912 हेल्पलाइन केवल औपचारिकता बनकर रह गई है। उपभोक्ताओं की शिकायतों का समयबद्ध एवं प्रभावी समाधान नहीं हो पा रहा है, जिससे आम जनता में असंतोष व्याप्त है।उपभोक्ता परिषद अध्यक्ष ने कहा इस बार पीक डिमांड गर्मी में 32000 मेगावाट से लेकर 33000 मेगावाट के बीच में रहने वाली है जिसके लिए बिजली का इंतजाम जितना जरूरी है उससे ज्यादा जरूरी मैन पावर व सामग्री की जरूरत होगी दोनों पर बिजली कंपनियां गंभीर नहीं है। उन्होंने बताया कि प्रदेश में लगभग 3 करोड़ 72 लाख विद्युत उपभोक्ता हैं, जिनके द्वारा लिया जाने वाला कुल भार लगभग 8 करोड़ किलोवाट से अधिक है, जबकि 132 केवी सब-स्टेशनों की उपलब्ध क्षमता लग 6 करोड़ किलोवाट के आसपास है। इस स्थिति में सुचारु एवं निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए संविदा एवं नियमित कार्मिकों की संख्या बढ़ाई जानी चाहिए, किंतु इसके विपरीत छंटनी की जा रही है। परिषद का मत है कि आने वाले ग्रीष्मकाल में वर्तमान वर्टिकल व्यवस्था उपभोक्ताओं एवं सरकारकृदोनों के लिए गंभीर चुनौती बन सकती है। अभी भी समय है कि पावर कॉरपोरेशन बिजली कंपनियों में प्रयोगात्मक बदलाव बंद कर व्यावहारिक एवं उपभोक्ता-केंद्रित व्यवस्था पर ध्यान दे। इस बार की गर्मी मैं वर्टिकल व्यवस्था की पोल खोलना तय है। अवधेश कुमार वर्मा ने कहा कि पावर कॉरपोरेशन निजीकरण के प्रयासों में विफल रहने के बाद एक ऐसा नैरेटिव स्थापित करना चाहता है, जिससे यह प्रदर्शित हो कि विभागीय कार्मिक एवं अभियंता विद्युत व्यवस्था संभालने में सक्षम नहीं हैं और इसलिए निजीकरण आवश्यक है। उन्होंने स्मरण कराया कि वर्ष 1959 में गठित राज्य विद्युत परिषद की प्रमाणित एवं सुदृढ़ व्यवस्था को वर्ष 2024 के बाद मनमाने ढंग से परिवर्तित किया गया। उन्होंने स्पष्ट किया कि यदि भविष्य में विद्युत व्यवस्था विफल होती है तो उसकी संपूर्ण जिम्मेदारी उत्तर प्रदेश के कुछ चुनिंदा उच्च अधिकारियों की होगी। परिषद ने राज्य सरकार से आग्रह किया है कि ग्रीष्मकाल प्रारंभ होने से पूर्व विद्युत व्यवस्था की वास्तविक स्थिति का गंभीरता से आकलन कर आवश्यक सुधारात्मक कदम उठाए जाएं।

# जल जीवन मिशन में अनियमितताओं पर आरपीआई (आ.) का मुख्यमंत्री को पत्र

**स्वतंत्र भारत,लखनऊ।** प्रदेश में विकास योजनाओं को लेकर शासन स्तर पर बरती जा रही उदासीनता के विरोध में रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया (आ.) ने मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर जनता के मुद्दों की ओर ध्यान आकृष्ट करने का निर्णय लिया है। पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष क्क्2ड्ठ क्द्धड्ढ तह्वश्चह्लड्ड ने कहा कि जब तक जनता के प्रति जवाबदेही तय नहीं की जाती, तब तक वे पत्र लिखकर सरकार को आईना दिखाते रहेंगे।इसी क्रम में 'जल जीवन मिशन' योजना में व्याप्त खामियों को उजागर करते हुए मुख्यमंत्री को पत्र भेजा गया है और निष्पक्ष बाह्य एजेंसी से जांच कराने तथा दोषियों को दंडित करने की मांग उठाई गई है। पत्र में कहा गया है कि केंद्र और राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी योजना 'हर घर जल' का उद्देश्य प्रत्येक घर तक शुद्ध पेयजल पहुंचाना है, किंतु कुछ अधिकारियों और ठेकेदारों की मिलीभगत से इस उद्देश्य को गंभीर क्षति पहुंचाई जा रही है।पत्र में उल्लेख किया गया है कि बहराइच, प्रयागराज, महोबा और फतेहपुर सहित कई जनपदों से लगातार शिकायतें सामने आ रही हैं। कहीं निर्माणाधीन पानी की टंकियां गिर रही हैं तो कहीं तैयार टंकियों से पानी का रिसाव हो रहा है। पाइपलाइन बिछाने के नाम पर गांवों की सड़कों को खोदकर छोड़ दिया गया है, जिससे आवागमन बाधित हो रहा है और दुर्घटनाओं की आशंका बढ़ गई है। कई स्थानों पर पाइपलाइन डालने के बाद भी नलों में पानी नहीं पहुंच रहा है।प्रदेश अध्यक्ष ने इसे सरकारी धन का दुरुपयोग और जनता के विश्वास के साथ खिलवाड़ बताया है। उन्होंने मांग की है कि संबंधित जनपदों में चल रहे कार्यों की उच्च स्तरीय स्वतंत्र एजेंसी से निष्पक्ष जांच कराई जाए तथा भ्रष्टाचार में लिप्त अधिकारियों और लापरवाह ठेकेदारों के विरुद्ध कठोर दंडात्मक कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।पवन भाई गुप्ता ने विश्वास व्यक्त किया कि सरकार भ्रष्टाचार के विरुद्ध अपनी शून्य सहनशीलता की नीति के अनुरूप त्वरित संज्ञान लेकर दोषियों पर कार्रवाई करेगी।

# होली मिलन समारोह में सामाजिक एकता और लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा का संकल्प

**स्वतंत्र भारत,लखनऊ।** रंगों के पावन पर्व होली के अवसर पर आम आदमी पार्टी उत्तर प्रदेश के प्रदेश मुख्यालय में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्रेम, सद्भाव और सामाजिक एकता का संकल्प लिया गया। कार्यक्रम के दौरान पार्टी नेताओं ने वर्तमान राजनीतिक परिस्थितियों पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि समाज को बांटने वाली राजनीति के विरुद्ध भाईचारे और जागरूकता का वातावरण मजबूत करना समय की आवश्यकता है। समारोह में सभी साथियों ने एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं और लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा का संकल्प दोहराया।प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी पार्टी के बुद्धिजीवी प्रकोष्ठ द्वारा होली मिलन कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में पदाधिकारी, कार्यकर्ता और बुद्धिजीवी वर्ग के प्रतिनिधि शामिल हुए। पूरे कार्यक्रम में सामाजिक सौहार्द, राजनीतिक सजगता और सकारात्मक संवाद का वातावरण बना रहा।इस अवसर पर निवर्तमान प्रदेश महासचिव दिनेश सिंह पटेल ने कहा कि नफरत और विभाजन की राजनीति देश और प्रदेश को कमजोर करती है, जबकि प्रेम और भाईचारा समाज को सशक्त बनाता है। उन्होंने कहा कि जनता को महंगाई, बेरोजगारी, शिक्षा और स्वास्थ्य जैसे मूल मुद्दों से भटकाने का प्रयास किया जा रहा है, लेकिन अब लोग जागरूक हो चुके हैं और समय आने पर जवाब देंगे। उन्होंने कहा कि होली का पर्व हमें आपसी मतभेद भुलाकर समाज और लोकतंत्र की मजबूती के लिए एकजुट होने का संदेश देता है।बुद्धिजीवी प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष बी. एन. खरे ने कहा कि शिक्षित और जागरूक समाज ही लोकतंत्र की वास्तविक शक्ति है। उन्होंने बुद्धिजीवी वर्ग से सामाजिक अन्याय और भ्रामक राजनीति के विरुद्ध आवाज उठाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि होली का संदेश केवल रंगों का नहीं, बल्कि सामाजिक समरसता, समान अवसर और लोकतांत्रिक अधिकारों की रक्षा का प्रतीक है।कार्यक्रम में प्रदेश अध्यक्ष बुद्धिजीवी प्रकोष्ठ बी. एन. खरे, प्रदेश सचिव प्रियंका श्रीवास्तव, जिला महासचिव ज्ञान सिंह, पी. के. वाजपेयी, राजेंद्र राजश्री, धीरज शर्मा, विनय कुमार शर्मा, योगेश निगम सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे। अंत में सभी ने प्रदेश में सकारात्मक राजनीतिक परिवर्तन और सामाजिक सौहार्द को मजबूत करने का संकल्प लिया।

# विद्युत दुर्घटना में संविदा कर्मी की मौत

**स्वतंत्र भारत,लखनऊ।** 83 केवी विद्युत लाइन पर कार्य करते समय 28 फरवरी 2026 को हुई विद्युत दुर्घटना में संविदा कर्मी परशुराम पुत्र स्वर्गीय हनुमान की मृत्यु के प्रकरण में,ॅद्ध4 ऋद्ध स्वयं घटना की वस्तुस्थिति जानने ग्राम तरैना, थाना गुडम्बा पहुंचे। वहां उन्होंने मृतक के परिजनों से मिलकर सांत्वना दी और घटना की जानकारी ली।इस अवसर पर अजय राय ने कहा कि स्वर्गीय परशुराम अत्यंत गरीब परिवार से थे और उनके परिवार में तीन पुत्रियां हैं। परिवार में आजीविका का कोई अन्य साधन नहीं था और वही एकमात्र सहारा थे। उन्होंने कहा कि ऐसी स्थिति में परिवार गहरे संकट में आ गया है।अजय राय ने प्रदेश सरकार से मांग की कि मृतक के परिजनों को तत्काल आर्थिक सहायता प्रदान की जाए तथा परिवार के एक सदस्य को सरकारी सेवा में नियुक्ति दी जाए, ताकि आश्रित परिवार का भरण-पोषण और पुत्रियों की समुचित देखभाल हो सके।इसी क्रम में उनके निर्देश पर जिला कांग्रेस कमेटी लखनऊ के अध्यक्ष रूद्र दमन सिंह ने मध्यांचल विद्युत वितरण खंड के प्रबंध निदेशक को पत्र लिखकर मृतक के परिजनों के लिए 25 लाख रुपये की आर्थिक सहायता और परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी देने की मांग की है।

**■ कांग्रेस ने 25 लाख सहायता वनौकरी की मांग की**

# प्रदेश के मंत्रियों ने दी होली की शुभकामनाएं

**स्वतंत्र भारत,लखनऊ ।** प्रदेश सरकार के विभिन्न विभागों के मंत्रियों ने होली के पावन पर्व पर प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएँ एवं बधाई दी है। शुभकामना संदेश देने वालों में कृषि, कृषि शिक्षा एवं कृषि अनुसंधान मंत्री सूर्य प्रताप शाही, सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम, खादी एवं ग्रामोद्योग, रेशम उद्योग, हथकरघा एवं वस्त्रोद्योग मंत्री राकेश सचान, उच्च शिक्षा मंत्री योगेन्द्र उपाध्याय, प्राविधिक शिक्षा एवं उपभोक्ता मामले मंत्री आशीष पटेल, व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास एवं उद्यमशीलता राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कपिल देव अग्रवाल, स्टाम्प तथा न्यायालय शुल्क एवं पंजीयन राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) रवीन्द्र जायसवाल, बेसिक शिक्षा राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) संदीप सिंह, माध्यमिक शिक्षा राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) गुलाब देवी, पिछड़ा वर्ग कल्याण एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) नरेंद्र कश्यप, उद्यान, कृषि विपणन, कृषि विदेश व्यापार तथा कृषि निर्यात राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दिनेश प्रताप सिंह, कृषि, कृषि शिक्षा एवं कृषि अनुसंधान राज्य मंत्री बलदेव सिंह तथा उच्च शिक्षा राज्य मंत्री रजनी तिवारी शामिल हैं।मंत्रियों ने अपने संदेश में कहा कि होली का पर्व आपसी प्रेम, भाईचारे और सामाजिक समरसता का प्रतीक है। यह त्योहार समाज में सद्भाव, एकता और उल्लास का संदेश देता है। उन्होंने प्रदेशवासियों के सुख, शांति, समृद्धि और उत्तम स्वास्थ्य की कामना करते हुए कहा कि यह पावन पर्व सभी के जीवन में नई ऊर्जा और सकारात्मकता का संचार करे

# ईरान के सर्वोच्च धर्मगुरु की शहादत पर श्रद्धांजलि

**स्वतंत्र भारत,लखनऊ।** उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष ने ईरान के सर्वोच्च धर्मगुरु की शहादत पर पुराने लखनऊ के शिया बहुल इलाकों में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया और वहां वरिष्ठ शिया धर्मगुरु से भेंट कर शोक संवेदना व्यक्त की।उन्होंने कहा कि धर्मगुरु ने आत्मसमर्पण करने के बजाय साहस का मार्ग चुना और उनकी शहादत को नमन किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि इस दुखद घटना पर केंद्र सरकार की चुप्पी अत्यंत असहनीय है। यह न केवल सरकार के नैतिक पतन को इंगित करती है, बल्कि उस सांस्कृतिक परंपरा पर भी प्रश्न चिन्ह लगाती है जिसने हमेशा मानवीय मूल्यों और शांति का संदेश फैलाया है।



गोमती नगर में आयोजित होली पार्टी में फूलों की होली खेलती महिलाएं

# लखपति से करोड़पति महिला बनाने की दिशा में प्रदेश सरकार का दृढ़ संकल्प : केशव

## मेले के भव्य समापन समारोह को संबोधित करते हुए व्यक्त किए विचार

**स्वतंत्र भारत,लखनऊ।** जब नारी सशक्त होती है तो परिवार, समाज और राष्ट्र सशक्त होता है। स्वयं सहायता समूहों की बहनों ने यह सिद्ध कर दिया है कि यदि अवसर और मंच मिले तो वे आत्मनिर्भर भारत और विकसित भारत के निर्माण में अग्रणी भूमिका निभा सकती हैं। प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने वाराणसी स्थित संपूर्णानंद संस्कृत विश्व विद्यालय में आयोजित ग्यारह दिवसीय रीजनल राष्ट्रीय स्तर सरस मेले के भव्य समापन समारोह को संबोधित करते हुए व्यक्त किए।

उप मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार महिला सशक्तिकरण और स्वावलंबन को सर्वोच्च प्राथमिकता दे रही है। स्वयं सहायता समूहों की बहनों ने सरस मेले में अपने उत्पादोंकृसजावटी सामग्री, खाद्य प्रसाद, पीतल शिल्प, अचार-मुरब्बा, लेदर उत्पाद, आर्टिफिशियल ज्वेलरी, वस्त्र, कालीन, जूट एवं मूंज उत्पादकृके माध्यम से न केवल अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया, बल्कि बड़ा व्यापार कर यह सिद्ध कर दिया कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था की रीढ़ महिलाएं ही हैं।

उन्होंने आह्वान किया कि प्रत्येक समूह अधिक से अधिक महिलाओं को जोड़कर प्रदेश में 1 करोड़ महिलाओं को लखपति दीदी बनाना है तथा उन्हें भविष्य में करोड़पति महिला बनाने की दिशा में संगठित प्रयास करे। यह पहल आत्मनिर्भर भारत और विकसित भारत के संकल्प को साकार करने की मजबूत आधारशिला बनेगी। उप मुख्यमंत्री ने वाराणसी की दो बीमा



सखियों मीना देवी एवं प्रतिभा देवी तथा दो लखपति महिलाओं शर्मीला देवी एवं लक्ष्मी वर्मा को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। जनपद के 703 समूहों को सामुदायिक निवेश निधि तथा 20 समूहों को रिवाल्विंग फण्ड मद में कुल रू 10 करोड़ 60 लाख 50 हजार की धनराशि का प्रतीकात्मक चेक प्रदान किया गया,साथ ही दो समूहों की महिलाओं को ई-रिक्शा वितरित कर उन्हें प्रमाण पत्र सौंपे गए।मेले में सर्वाधिक बिक्री के लिए लखीमपुर खीरी के समूह को प्रथम तथा मीरजापुर को द्वितीय पुरस्कार प्रदान किया गया।

सर्वश्रेष्ठ स्टाल सजावट हेतु गाजीपुर के मालिक मरदान शाह समूह को सम्मानित किया गया। उप मुख्यमंत्री ने सभी स्टालों का अवलोकन कर उत्पादों की जानकारी ली तथा आजीविका मिशन द्वारा संचालित फूड कोर्ट की सराहना की।कार्यक्रम में पैकेजिंग, ब्रांडिंग एवं मार्केटिंग विषयक कार्यशाला का आयोजन भी किया गया, जिससे समूहों की उत्पाद गुणवत्ता और बाजार प्रतिस्पर्धा को और सुदृढ़ किया जा सके।इस अवसर पर महापौर अशोक तिवारी, जिला पंचायत अध्यक्ष पूनम मौर्य, विधान परिषद सदस्यगण, हंसराज विश्वकर्मा व धर्मेन्द्र सिंह, पूर्व मेयर कौशलेन्द्र सिंह सहित अन्य जनप्रतिनिधि, अधिकारी एवं बड़ी संख्या में स्वयं सहायता समूहों की महिलाएं उपस्थित रहीं। उप मुख्यमंत्री ने घोषणा की कि भविष्य में भी सरस मेले के आयोजन निरंतर किए जाएंगे, जिससे विभिन्न प्रदेशों और जनपदों की महिलाएं एक-दूसरे से प्रेरणा लेकर अपने उद्यम को नई ऊंचाइयों तक पहुंचा सकें।

उन्होंने महिलाओं के परिश्रम, नवाचार और गुणवत्ता की सराहना करते हुए कहा कि प्रदेश की प्रगति का मार्ग महिलाओं की आर्थिक भागीदारी से होकर ही जाता है।

# सीएम योगी ने काशी विश्वनाथ धाम में किया पूजन-अर्चन

## 'काशी कोतवाल' काल भैरव के चरणों में झुकाया शीश



**स्वतंत्र भारत संवादाता लखनऊ।** गोरक्षपीठाधीश्वर एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को अपने दो दिवसीय वाराणसी दौरे के पहले दिन आध्यात्मिक नगरी काशी में बाबा विश्वनाथ और 'काशी कोतवाल' काल भैरव का विधिवत दर्शन-पूजन किया। जापान और सिंगापुर के दौरे से लौटने के बाद मुख्यमंत्री का यह प्रवास श्रद्धा, सहजता और मानवीय संवेदना से भरा रहा। मुख्यमंत्री ने सबसे पहले काल भैरव मंदिर में पहुंचकर दर्शन-आरती की और काशी की सुख-समृद्धि व सुरक्षा की कामना की। मंदिर परिसर में मौजूद बच्चों से उन्होंने आत्मीय संवाद किया और उन्हें चॉकलेट देकर आशीर्वाद दिया। मंदिर से बाहर निकलते समय आसपास की दुकानों पर बैठे बच्चों से भी मुख्यमंत्री ने रुक कर हालचाल जाना और पढ़ाई के बारे में पूछा। बच्चों ने भी पूरे उत्साह से मुख्यमंत्री के सवालों के जवाब दिए। इसी दौरान बच्चों ने मुस्कुराते हुए कहा कि हैप्पी होली बाबा जी। बच्चों की इस मासूम शुभकामना पर मुख्यमंत्री भी मुस्कुरा उठे और उन्हें होली की शुभकामनाएं दीं। मुख्यमंत्री ने बच्चों को चॉकलेट दी और उज्ज्वल भविष्य के लिए आशीर्वाद दिया। यह दृश्य काशी की गलियों में सादगी और अपनत्व की झलक बन गया। पास ही एक लस्सी विक्रेता से मुख्यमंत्री ने स्वच्छता का संदेश देते हुए कहा कि दही ढककर रखा करें। इसके बाद मुख्यमंत्री श्री काशी विश्वनाथ धाम पहुंचे। गर्भगृह में प्रवेश कर उन्होंने लोक मंगल, जनकल्याण और प्रदेश की समृद्धि की कामना के साथ षोडशोपचार विधि से पूजन-अभिषेक किया। बाबा विश्वनाथ की आरती कर उन्होंने विधिविधान से पूजा सम्पन्न की। दर्शन के दौरान मंदिर परिसर में मौजूद श्रद्धालुओं ने हर-हर महादेव के जयकारों से वातावरण को भक्तिमय कर दिया। मंदिर से निकलते समय मुख्यमंत्री ने श्रद्धालुओं का अभिवादन भी स्वीकार किया।

# 'दूतवाक्यम्' का प्रभावशाली मंचन सम्पन्न



**स्वतंत्र भारत संवाददाता, लखनऊ।** उत्तर प्रदेश संस्कृत संस्थानम् एवं सफ़र फाउण्डेशन के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित पन्द्रह दिवसीय संस्कृत नाट्य कार्यशाला के अंतर्गत महाकवि भास रचित नाटक 'दूतवाक्यम्' का मंचन गोमती नगर स्थित अंतरराष्ट्रीय बौद्ध शोध संस्थान प्रेक्षागृह में सम्पन्न हुआ। संस्कृत अध्यापिका डॉ. ममता पाण्डेय ने भाषा एवं शुद्ध उच्चारण का प्रशिक्षण दिया। कार्यशाला के प्रशिक्षक श्री संजय त्रिपाठी रहे तथा नाट्य निर्देशन मोहम्मद अनवर बेग ने किया।

नाटक में श्रीकृष्ण के शांति-दूत रूप, दुर्योधन के अहंकार और धर्म की विजय का संदेश प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया गया। मंचन में अभिषेक कुमार सिंह, मनोज तिवारी, पीयूष पाण्डेय, सुरेश प्रसाद श्रीवास्तव, संजय शर्मा, तरुण यादव, सूरज कुमार, समीर कुमार बागची, संतोष कुमार प्रजापति, कृष्ण कुमार पाण्डेय, उन्नति बहादुर सिंह, देश दीपक त्रिपाठी, मौसमी गुप्ता तथा संतोषी सहित कलाकारों एवं तकनीकी दल ने सराहनीय योगदान दिया।

## खबर एक नजर

### होली पर सुरेश कुमार खन्ना ने दी शुभकामनाएं



**स्वतंत्र भारत संवादाता लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री तथा जनपद लखनऊ के प्रभारी मंत्री स्व्ह्द्धह्यद्ध चह्वद्बड्डह्-चद्धड्डठ्ठठ्ठड्ड ने रंगों के पावन पर्व होली पर जनपदवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ दी हैं। उन्होंने कहा कि यह पर्व केवल रंगों का नहीं, बल्कि परस्पर प्रेम, सम्मान, सौहार्द और सहयोग का प्रतीक है।प्रभारी मंत्री ने जिलाधिकारी, पुलिस आयुक्त एवं नगर आयुक्त को पत्र लिखकर निर्देश दिए हैं कि होली पर्व को ध्यान में रखते हुए जनपद के प्रमुख स्थानों पर साफ-सफाई तथा अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं के व्यापक प्रबंध किए जाएं। उन्होंने कहा कि जनपद में होली का पर्व व्यापक स्तर पर मनाया जाता है। विभिन्न स्थानों पर होलिका दहन, पूजा एवं अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। इसे देखते हुए आमजन को किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित की जाए।श्री खन्ना ने आमजन से अपील की है कि रंगों के इस पावन पर्व को आपसी प्रेम और सौहार्द के साथ मनाएं। उन्होंने कहा कि प्रशासन द्वारा जारी निर्देशों का पालन करें तथा सामाजिक आत्मीयता और सद्भाव के साथ होली का पर्व उत्साहपूर्वक मनाएं।

**प्रशासन को बेहतर व्यवस्थाओं के निर्देश**

### कच्ची शराब के साथ एक गिरफ्तार

**स्वतंत्र भारत लखनऊ।** पुलिस अधीक्षक द्वारा जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे प्रभावी नियंत्रण व अवैध मादक पदार्थों की बिक्री उपयोग की रोकथाम के सम्बन्ध में दिए गए आदेश व निर्देशके क्रम में थानाध्यक्ष थाना सिरसिया शैलकांत उपाध्याय के नेतृत्व में उ0नि0 राहुल यादव मय हमराह द्वारा तलाश वांछित वारन्टी चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति वस्तु व रोकथाम अपराध के दौरान मुखबिर की सूचना पर गब्बापुर जाने वाले स?क पर बहद ग्राम गब्बापुर से अभियुक्त के पास से 9.5 ली0 अवैध कच्ची शराब बरामद कर थाना स्थानीय पर मु0अ0स0- 43/2026 धारा 60 आबकारी अधिनियम पंजीकृत कर नियमानुसार विधिक कार्यवाही की गई।

### नाबालिग से दुष्कर्म करने वाला गिरफ्तार

**स्वतंत्र भारत लखनऊ ।** पुलिस अधीक्षक राहुल भाटी' द्वारा जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे प्रभावी नियंत्रण व कार्रवाई के संबंध में दिए गए आदेश व निर्देश के क्रम में 'अपर पुलिस अधीक्षक मुकेश चन्द्र उत्तम' व क्षेत्राधिकारी भिनगा सतीश कुमार शर्मा' के कुशल निर्देशन में थाना मल्हीपुर पुलिस टीम द्वारा थाना स्थानीय पर पर पंजीकृत मु0अ0स0-37/2026 धारा 64(2)(उ),351(3),352 बीएनएस व 5/6 , 5(र)(पप)/6 पाक्सो एक्ट सम्बन्धित 'अभियुक्त इरफान पुत्र अब्दुल रहमान' नि0- सोनपुर कला थाना मल्हीपुर जनपद श्रावस्ती को गिरफ्तार कर सम्बन्धित माननीय न्यायालय श्रावस्ती के समक्ष पेश करने हेतु रवाना किया गया। विपक्षी द्वारा वादिनी की नाबालिग पुत्री को शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने व गर्भवती हो जाने पर शादी से इन्कार करने व परिवार वालो द्वारा शादी के लिए कहने पर परिवार वालो को गाली देते हुए जान से मारने की धमकी देने के सम्बन्ध मे थाना मल्हीपुर पर सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया गया था।

### ईरान-इजरायल संघर्ष में जनपद के प्रभावित नागरिकों की सहायता के लिए पहल

**स्वतंत्र भारत लखनऊ ।** वर्तमान में पश्चिम एशिया में उत्पन्न युद्ध और तनाव की स्थिति के दृष्टिगत, जिलाधिकारी अश्विनी कुमार पांडेय ने आपदा विभाग एवं नागरिक सुरक्षा संगठन को निर्देश दिए हैं कि वह जनपद के नागरिकों की सुरक्षा के लिए सजग रहें। जिलाधिकारी द्वारा सभी प्रशासनिक अधिकारियों, पुलिस, प्रधान, कोटेदार आपदा मित्र और नागरिक सुरक्षा संगठन के स्वयंसेवकों को निर्देशित किया है कि अगर उन्है किसी भारतीय नागरिक के इरान दुबई इजरायल में फंसे होने की सूचना मिलती है तो तत्काल प्रशासन को अवगत करायें जिससे उनकी मदद की जा सके। उन्होंने बताया कि श्रावस्ती के जो नागरिक वहां प्रवास कर रहे हैं या किसी कारणवश फंसे हुए हैं, उनकी सुरक्षा और सहायता हेतु जिला प्रशासन पूरी तरह सतर्क है। किसी को भी प्रशासन से जानकारी साझा करनी हो तो वह जिलाधिकारी, अपर जिलाधिकारी, एसडीएम तहसीलदार क्षेत्रीय लेखपाल, पुलिस स्टेशन अथवा पंचायत कर्मियों के माध्यम से सूचना दे सकते हैं।

### भूमि पर जबरन कब्जा करने की पुलिस से शिकायत

**स्वतंत्र भारत लखनऊ ।** संग्रामगढ़ थाना के अस्थवां गांव निवासी सुनील कुमार पुत्र अमृत लाल ने पुलिस को तहरीर देकर आरोपित किया है कि गाटा संख्या 78,79 मे बैनामा से अधिक भूमि जबरन कब्जा किया जा रहा है।कब्जा करने वाला आरोपी मो मसीउद्दीन फारूकी पुत्र मो मोउद्दिन फारूकी आदि निवासी ताजुद्दीनपुर थाना मानिकपुर बैनामे की जमीन से अधिक सड़क की तरफ जबरन जेसीबी से कब्जा किया जा रहा है।आरोप है कि उक्त गाटा संख्या मे और भी बैनामेदार है जिनकी भूमि भी कब्जा किया जा रहा है।पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# विधानसभा अध्यक्ष ने प्रदेशवासियों को दी होली की हार्दिक शुभकामनाएं



**स्वतंत्र भारत संवादाता लखनऊ।** उत्तर प्रदेश विधानसभा के अध्यक्ष सतीश महाना ने रंगों के पावन पर्व होली के अवसर पर प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई दी है।अपने संदेश में उन्होंने कहा कि होली भारतीय संस्कृति का एक महत्वपूर्ण और जीवंत पर्व है, जो प्रेम, सौहार्द, सामाजिक समरसता और आपसी भाईचारे का प्रतीक है। यह त्योहार हमें आपसी मतभेदों और कटुता को भुलाकर एक-दूसरे के प्रति सद्भाव, सहयोग और अपनत्व की भावना को सुदृढ़ करने की प्रेरणा देता है। होली का पर्व हमारी समृद्ध सांस्कृतिक परंपराओं का परिचायक है। यह समाज में सकारात्मक ऊर्जा का संचार करता है और सभी वर्गों को एक सूत्र में पिरोने का कार्य करता है। ऐसे अवसर पर हमें सामाजिक एकता, पारस्परिक सम्मान और सामंजस्य को और अधिक मजबूत करने का संकल्प लेना चाहिए।विधानसभा अध्यक्ष ने प्रदेशवासियों से अपील की कि वे होली का उत्सव शांति, सौहार्द और जिम्मेदारी के साथ मनाएं तथा प्राकृतिक रंगों का उपयोग करें। उन्होंने कहा कि त्योहारों की वास्तविक भावना तभी सार्थक होती है, जब हम एक-दूसरे की भावनाओं का सम्मान करते हुए उल्लासपूर्वक पर्व मनाएं।उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने रंगों के उत्सव होली के शुभ अवसर पर प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने इस पर्व को आपसी प्रेम, सामाजिक समरसता और बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक बताया है।उप मुख्यमंत्री ने कहा कि होली का त्योहार हमारी गौरवशाली संस्कृति और परंपरा का अभिन्न अंग है। यह पर्व समाज के सभी वर्गों के बीच भेदभाव को मिटाकर एक-दूसरे के प्रति स्नेह और भाईचारा बढ़ाने का संदेश देता है। उत्तर प्रदेश के वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री तथा जनपद लखनऊ के प्रभारी मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने रंगों के पावन पर्व 'होली' पर जनपदवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ दी हैं। उन्होंने कहा कि यह पर्व केवल रंगों का नहीं बल्कि परस्पर प्रेम,सम्मान,सौहार्द और सहयोग का प्रतीक है। प्रभारी मंत्री ने जिलाधिकारी, पुलिस कमिश्नर एवं नगर आयुक्त को पत्र लिखकर निर्देश दिए हैं कि होली पर्व को देखते हुए जनपद के प्रमुख स्थानों पर साफ सफाई तथा अन्य व्यवस्थाओं के व्यापक प्रबंध किए जाएं। उन्होंने कहा कि जनपद में होली पर्व व्यापक स्तर पर मनाया जाता है। विभिन्न स्थानों पर होलिका दहन पूजा तथा होली पर विभिन्न कार्यक्रम का आयोजन किया जाता है। इसको दृष्टिगत रखते हुए आमजन को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो जिसके लिए आवश्यक कार्यवाही किए जाने के निर्देश दिए हैं।श्री खन्ना ने आम जन से अपील की है कि रंगों के इस पावन पर्व को आपसी प्रेम और सौहार्द के साथ मनाएं। उन्होंने कहा कि प्रशासन द्वारा दिए गए निर्देशों पालन करें और सामाजिक आत्मीयता के साथ होली पर्व को मनाएं।

# यूपी में तेज हुआ फाइलेरिया उन्मूलन अभियान

**83 प्रतिशत लोगों ने किया दवा सेवन, 5-7 मार्च तक चलेगा मॉप-अप राउंड**

**स्वतंत्र भारत संवादाता लखनऊ।** फाइलेरिया उन्मूलन की दिशा में चलाए गए सर्वजन दवा सेवन (एमडीए) अभियान में उत्तर प्रदेश के 21 जिलों में 83 प्रतिशत लोगों ने दवा का सेवन कर लिया है। 10 से 28 फरवरी तक चले इस अभियान में 1.40 करोड़ लोगों को दवा खिलाने का लक्ष्य निर्धारित था, जिसके सापेक्ष अब तक 1.17 करोड़ लोग दवा खा चुके हैं। शेष लाभार्थियों को कवर करने के लिए 5 से 7 मार्च तक मॉप-अप राउंड संचालित किया जाएगा। मॉप-अप राउंड के दौरान स्कूल, कॉलेज, कार्यालय, ईंट-भट्ठों, जेल, अनाथालय, घुमंतू परिवारों तथा होली की छुट्टियों में बाहर से आए लोगों तक पहुंच बनाई जाएगी। रमजान को ध्यान में रखते हुए मुस्लिम बहुल क्षेत्रों में शाम के समय दवा वितरण के निर्देश दिए गए हैं। विभागीय अधिकारियों के मुताबिक प्रदेश के 51 जिलों के 782 ब्लॉकों में फैली इस बीमारी का दायरा अब घटकर 21 जिलों के 64 ब्लॉकों तक सीमित रह गया है। विभाग का लक्ष्य कम से कम 90 प्रतिशत आबादी को दवा सेवन कराना है। ताजा आंकड़ों के अनुसार बहराइच (93.2 प्रतिशत), लखनऊ (91.8 प्रतिशत), बांदा (91.3प्रतिशत), औरैया (89.5 प्रतिशत) तथा सोनभद्र (89.5 प्रतिशत) ने अपेक्षित लक्ष्य के करीब या उससे अधिक उपलब्धि हासिल की है। वहीं अंबेडकरनगर, उन्नाव, शाहजहांपुर और प्रयागराज में 80 प्रतिशत से कम उपलब्धि दर्ज हुई है, जहां विशेष फोकस के निर्देश दिए गए हैं। राज्य फाइलेरिया अधिकारी डॉ. ए.के. चौधरी ने बताया कि एमडी, एनएचएम डॉ. पिंकी जोवेल ने समीक्षा बैठक में निर्देश दिए हैं कि प्रवासी श्रमिकों और छूटे हुए परिवारों को प्राथमिकता के आधार पर कवर किया जाए। सभी जिलों को शत-प्रतिशत लक्ष्य प्राप्त करने के लिए सघन अभियान चलाने को कहा गया है।

# सीओ का आडियो वायरल होने से हड़कंप

**-एसएसपी ने कहा कि ऑडियो को संदर्भ से हटाकर पेश किया गया**

**स्वतंत्र भारत संवाददाता लखनऊ।** यूपी के मेरठ जिले की ब्रह्मपुरी सर्किल की सीओ सौम्या अस्थाना का एक 29 सेकंड का ऑडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद पुलिस महकमे में हलचल मच गई है। ऑडियो में कथित तौर पर वह थाने के भीतर पत्रकारों द्वारा की जा रही वीडियोग्राफी पर मुकदमा दर्ज करने का निर्देश देती सुनाई दे रही हैं। मामले ने तूल पकड़ा तो वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अविनाश पांडेय सामने आए और पूरे प्रकरण पर स्थिति स्पष्ट की।एसएसपी अविनाश पांडेय ने कहा कि ऑडियो को संदर्भ से हटाकर प्रस्तुत किया जा रहा है। उनके मुताबिक, सीओ का निर्देश प्रिंट मीडिया के लिए नहीं था, बल्कि कुछ ऑनलाइन पोर्टल संचालकों के लिए था, जो थाने के भीतर अनावश्यक और अनर्गल तरीके से वीडियो बना रहे थे। उन्होंने स्पष्ट किया कि प्रिंट मीडिया पर किसी प्रकार का प्रतिबंध नहीं है और मीडिया के वैध कार्य में बाधा डालने का सवाल ही नहीं उठता।

एसएसपी ने यह भी कहा कि पुलिस और मीडिया के बीच समन्वय बना रहना बेहद जरूरी है। यदि कोई भी व्यक्ति थाने के कामकाज में बाधा डालता है या संवेदनशील दस्तावेजों और प्रक्रियाओं की अनुचित रिकॉर्डिंग करता है, तो उस पर कानूनी कार्रवाई की जा सकती है। हालांकि सामान्य रिपोर्टिंग या कवरेज को लेकर कोई रोक नहीं है।गौरतलब है कि अदालत पहले स्पष्ट कर चुकी है कि पुलिस थाने में वीडियोग्राफी अपने आप में आधिकारिक गोपनीयता अधिनियम 1923 का उल्लंघन नहीं है, जब तक कि इससे अधिकारियों के कर्तव्यों में व्यवधान न हो। इस बीच, सीओ से संपर्क करने का प्रयास किया गया, लेकिन उनसे बात नहीं हो सकी। फिलहाल एसएसपी के बयान के बाद पुलिस प्रशासन ने स्थिति स्पष्ट करने की कोशिश की है।

# ३ मार्च को दिखेगा वर्ष का पहला पूर्ण चंद्र ग्रहण

**लखनऊ में लगभग ३९ मिनट रहेगा दृश्य**



**स्वतंत्र भारत संवाददाता लखनऊ।** 3 मार्च 2026 की शाम आकाश में एक अत्यंत आकर्षक खगोलीय घटना घटित होगी। इस दिन वर्ष 2026 का पहला पूर्ण चंद्र ग्रहण दिखाई देगा। यदि मौसम साफ रहा तो भारत के अनेक भागों, लखनऊ सहित उत्तर भारत में, इसका अंतिम चरण देखा जा सकेगा। पूर्ण अवस्था में चंद्रमा लालिमा लिए दिखाई दे सकता है, जिसे सामान्य भाषा में रक्त चंद्र भी कहा जाता है।इंदिरा गाँधी नक्षत्रशाला द्वारा नक्षत्रशाला परिसर में जनसामान्य के लिए रात्रि आकाश दर्शन कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इस अवसर पर दूरबीन के माध्यम से चंद्र ग्रहण का अवलोकन कराया जाएगा। यह कार्यक्रम सायंकाल से रात्रि 7 बजे तक संचालित होगा तथा पूर्णतः निःशुल्क रहेगा। आयोजन में उत्तर प्रदेश अमेच्योर एस्ट्रोनॉमर्स क्लब का सहयोग रहेगा।भारत के अधिकांश हिस्सों में चंद्रमा उस समय उदित होगा जब ग्रहण पहले से जारी रहेगा। लखनऊ में सूर्यास्त का समय 18 बजकर 08 मिनट है, इसलिए चंद्रमा पूर्व दिशा में क्षितिज के पास दिखाई देगा। उस समय पूर्ण चरण समाप्त हो चुका होगा, किंतु आंशिक चरण जारी रहेगा। इस दौरान चंद्रमा हल्का धुंधला अथवा लालिमा लिए दिखाई दे सकता है। लखनऊ से चंद्र ग्रहण को देखने की संभावित अवधि लगभग 39 मिनट होगी।लखनऊ में उपछाया ग्रहण का प्रारंभ दोपहर 14 बजकर 14 मिनट पर होगा। आंशिक ग्रहण 15 बजकर 20 मिनट पर शुरू होगा। पूर्ण ग्रहण 16 बजकर 34 मिनट पर प्रारंभ होकर 59 मिनट तक रहेगा और 17 बजकर 33 मिनट पर समाप्त होगा। इसके बाद आंशिक ग्रहण 18 बजकर 47 मिनट पर समाप्त होगा तथा उपछाया ग्रहण 19 बजकर 53 मिनट पर समाप्त होगा।चद्र ग्रहण तब होता है जब पृथ्वी सूर्य और चंद्रमा के बीच आ जाती है और पृथ्वी की छाया चंद्रमा पर पड़ती है। यह घटना केवल पूर्णिमा की रात संभव होती है। जब पृथ्वी सूर्य के प्रकाश को सीधे चंद्रमा तक पहुँचने से रोकती है, तब प्रकाश पृथ्वी के वायुमंडल से होकर मुड़ता और छनता हुआ चंद्रमा तक पहुँचता है। वायुमंडल नीली रोशनी को अधिक बिखेर देता है और लाल रोशनी को आगे जाने देता है, इसी कारण पूर्ण चंद्र ग्रहण के समय चंद्रमा लालिमा लिए दिखाई देता है।चंद्रमा की कक्षा पृथ्वी की सूर्य के चारों ओर की कक्षा से लगभग पाँच अंश झुकी हुई है, इसलिए हर पूर्णिमा पर ग्रहण नहीं होता। केवल जब सूर्य, पृथ्वी और चंद्रमा एक सीध में आ जाते हैं, तभी ग्रहण संभव होता है। इस प्रकार 3 मार्च 2026 का पूर्ण चंद्र ग्रहण खगोल प्रेमियों और आम नागरिकों के लिए एक विशेष अवसर है।

## ईरान-बहरीन तनाव से बांदा का युवक फंसा भारत सरकार से लगाई सुरक्षित वापसी की गुहार

**स्वतंत्र भारत संवाददाता लखनऊ।** बांदा जिले के मदनपुर गांव का सुलेमान नामक युवक बहरीन में फंस गया है। छह महीने पहले नौकरी की तलाश में बहरीन गए सुलेमान पर ईरान और बहरीन के बीच बढ़ते तनाव का असर पड़ा है। उसकी नौकरी छूट गई है और वह स्वदेश नहीं लौट पा रहा है। सुलेमान ने एक वीडियो जारी कर अपनी आपबीती सुनाई है। वीडियो में उसने बताया कि उसके मालिक ने उसे तीन-चार दिन पहले काम से निकाल दिया था। मालिक ने उसे दो महीने का वेतन भी नहीं दिया है, जिससे उसके पास खाने के लिए भी पैसे नहीं बचे हैं।ईरान और बहरीन के बीच मिसाइल हमलों की खबरों और युद्ध जैसी स्थिति के कारण सभी उड़ानें रद्द कर दी गई हैं। सुलेमान को कुछ दिन पहले घर लौटना था, लेकिन उड़ानें रद्द होने के कारण वह वहीं फंस गया है। परेशान सुलेमान ने भारत सरकार से अपील की है कि उसे सुरक्षित स्वदेश वापस लाया जाए। वीडियो मिलने के बाद सुलेमान के परिजन उसकी सुरक्षा को लेकर बेहद चिंतित हैं और उसके सुरक्षित लौटने की दुआ कर रहे हैं।

## कुपोषण के खिलाफ जीवनरक्षक ढाल 'संभव अभियान'

**स्वतंत्र भारत संवाददाता लखनऊ।** कुपोषण और भुखमरी दूर करने के लिए योगी सरकार की प्रतिबद्धता का ही परिणाम है कि प्रदेश में लाखों नौनिहालों की जान बचाने में सफलता मिली है। 'संभव अभियान' से अति गंभीर कुपोषित सैम बच्चों में से 81 प्रतिशत सामान्य स्थिति में आ चुके हैं। यह एक समग्र प्रयास है जो जीवन के पहले 1000 दिनों में कुपोषण की रोकथाम, समय पर पहचान और प्रभावी प्रबंधन को सुनिश्चित करता है।प्रदेश में बड़ी संख्या में बच्चे तीव्र कुपोषण से जूझ रहे थे, जिससे उनके जीवन और विकास पर खतरा मंडरा रहा था। सरकार ने इस समस्या को बड़ी चुनौती के रूप में लिया और केंद्र सरकार की मदद से इस पर व्यापक रणनीति बनाई। संभव अभियान को मजबूत करने में तकनीक की महत्वपूर्ण भूमिका रही। 1.89 लाख आंगनबाड़ी केंद्रों में ग्रोथ मॉनिटरिंग डिवाइस का उपयोग और पोषण ट्रैकर का कार्यान्वयन किया गया। पंजीकृत कुपोषित बच्चों का डाटा स्वास्थ्य विभाग के ई-कवच एप्लीकेशन से जोड़ा गया, जिससे उपचार और फॉलोअप में पारदर्शिता आई। 1.7 करोड़ से अधिक बच्चों की स्क्रीनिंग कर 2.5 लाख कुपोषित बच्चों का पंजीकरण किया गया। सम्भव अभियान केवल बच्चों तक सीमित नहीं है, बल्कि गर्भावस्था से ही पोषण सुरक्षा की नींव रखता है। कम वजन और एनीमिया से ग्रस्त गर्भवती महिलाओं की पहचान कर प्रारंभिक पंजीकरण, नियमित वजन निगरानी, आयरन फोलिक एसिड और कैल्शियम सेवन तथा पोषण परामर्श सुनिश्चित किया जा रहा है। 0 से 6 माह तक के शिशुओं में लो बर्थ वेट और प्री-टर्म बच्चों की पहचान कर विशेष निगरानी की जाती है। कुपोषित श्रेणी के बच्चों को सामान्य श्रेणी में लाने की दर में दिनोंदिन वृद्धि हो रही है। यह राज्य के लिए उल्लेखनीय उपलब्धि है।

## यूपी ८५ फीसदी सीवेज का शोधन में सक्षम राज्य

**स्वतंत्र भारत संवाददाता लखनऊ।** उत्तर प्रदेश को स्वच्छ प्रदेश बनाने की मुहिम समय के साथ तेज होती जा रही है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में राज्य सरकार अपशिष्ट जल को 'आर्थिक संपत्ति' में बदलने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रही है। प्रतिदिन 4500 मिलियन लीटर से अधिक सीवेज का शोधन किया जा रहा है। प्रदेश अब लगभग 85 प्रतिशत गंदे पानी को उपचारित करने में सफल है। सरकार गंगा-यमुना समेत राज्य की तमाम नदियों की पवित्रता को बनाए रखने के लिए हरसंभव कदम उठा रही है। नमामि गंगे मिशन के दूसरे चरण ने प्रदेश के सीवरेज सिस्टम को नई मजबूती दी है। उत्तर प्रदेश में अब तक 74 सीवर शोधन परियोजनाएं स्वीकृत की जा चुकी हैं, जिनमें से 41 पूरी होकर संचालन में भी आ चुकी हैं। शेष परियोजनाओं पर तेजी से कार्य जारी है। राज्य भर में 155 सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट एसटीपी क्रियाशील हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की कार्यप्रणाली ने नदियों के संरक्षण के प्रयासों को नई गति दी है। हर परियोजना की मॉनीटरिंग की जा रही है, जिससे न केवल गंगा-यमुना की पवित्रता सुनिश्चित हुई है, बल्कि नगरों में जल प्रबंधन की व्यवस्था भी मजबूत हो रही है।योगी सरकार अब उपचारित जल के सुरक्षित पुनरू उपयोग की नीति तैयार कर रही है। जहां एसटीपी चालू हैं और क्षमता मौजूद है, वहां वर्ष 2030 तक 50 फीसदी और 2035 तक 100 फीसदी अपशिष्ट जल का पुनरू उपयोग सुनिश्चित किया जाएगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का यह कदम केवल पर्यावरण संरक्षण की दिशा में नहीं, बल्कि आत्मनिर्भरता और स्वच्छ नदियों के सपने को साकार करने की दिशा में निर्णायक साबित हो रहा है।

## होली पर धर्मपाल सिंह ने दी शुभकामनाएं गौ काष्ठ से होलिका दहन की अपील

**स्वतंत्र भारत संवाददाता लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के पशुधन, दुग्ध विकास एवं राजनैतिक पेंशन विभाग के कैबिनेट मंत्री ने होली के पावन पर्व पर प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई दी है। उन्होंने होलिका दहन के अवसर पर पर्यावरण के अनुकूल गाय के गोबर से निर्मित गौ काष्ठ और लट्ठों के उपयोग की अपील की। उनका कहना है कि इससे पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा मिलेगा और गौशालाओं को आत्मनिर्भर बनाने में भी सहायता मिलेगी।अपने शुभकामना संदेश में उन्होंने कहा कि रंगों, उल्लास और आपसी प्रेम का यह पावन पर्व जीवन में नई ऊर्जा, सकारात्मकता और भाईचारे का संदेश लेकर आता है। होली हमें भेदभाव मिटाकर प्रेम, सद्भाव और सहयोग की भावना के साथ आगे बढ़ने की प्रेरणा देती है।उन्होंने प्रदेशवासियों से आह्वान किया कि इस अवसर पर सामाजिक समरसता, ग्रामीण समृद्धि और प्रदेश के सर्वांगीण विकास के संकल्प को और सशक्त करें। साथ ही सभी के जीवन में सुख, शांति, समृद्धि और उत्तम स्वास्थ्य की कामना की।

स्वतंत्र भारत

यदा यदाहि धर्मस्य ग्लानिर्भवति भारत।
अभ्युत्थानमधर्मस्य तदात्मानं सृजाम्यहम्।।

## नई चुनौती

पश्चिम एशिया में लंबे समय से चली आ रही आशंका आखिरकार हकीकत में बदल गई। बड़ी क्षेत्रीय शक्ति की छवि रखने वाला ईरान अपनी सुरक्षा को लेकर अब तक की सबसे बड़ी जद्दोजहद से गुजर रहा है। अमेरिका ने साबित कर दिया कि वह जब, जैसे और जहां चाहे अपने विरोधी को नाकों चने चबवा सकता है तो उसके सहयोगी के रूप में इजरायल अपना दबदबा कायम करने में कामयाबी हासिल की है। अब एक सवाल यह पैदा हो गया है कि क्षेत्रीय शक्ति संतुलन की बात आने पर मुस्लिम देश किस हद तक एकजुट रह सकते हैं। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और मरहूम सुप्रीम लीडर अली खामेनेई के बीच भले ही ईरान द्वारा यूरेनियम संवर्धन जारी रखना मुख्य मुद्दा रहा हो लेकिन बात केवल यही तक नहीं थी। अपनी तेल की ताकत के बल पर सबसे बड़ा शिया मुस्लिम देश इस क्षेत्र में अपनी सर्वोच्चता स्थापित करने के लिए अमेरिका को भी चुनौती देने की हद तक जाने को तैयार था जबकि अमेरिका के लिए यही जिद सख्त नागवार थी। खाड़ी की एक और अहम ताकत सुन्नी बहुल सऊदी अरब तथा अन्य देशों को भी यह बर्दाश्त नहीं था। इसे उनके द्वारा सीधे या दूसरे तरीकों से अमेरिका की मदद किए जाने में साफ देखा जा सकता है। मुस्लिम देशों की यही टकराहट करीब तीन साल से चल रहे गाजा के खून खराबे में भी देखी गई जिसमें फिलिस्तीनियों की मदद के नाम पर इजरायल को लगातार चुनौती दे रहे हमास और हिजबुल्लाह को ईरान का सक्रिय समर्थन हासिल है लेकिन अन्य क्षेत्र देशों ने औपचारिकता निभाने के अलावा खुद को इससे अलग रखा हुआ है। समस्या यह भी है कि इस क्षेत्रीय टकराव से महाशक्तियों की प्रतिस्पर्धा को नए सिरे से हवा मिल गई है। चीन ने ईरान के प्रति समर्थन जताया है तो रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के खामेनेई की मौत को सीधे तौर पर हत्या बता कर जता दिया है कि वह इस मुद्दे पर तटस्थ नहीं बल्कि ईरान के साथ हैं। देखने की बात यह होगी कि रूस का समर्थन कितना आगे तक जाता है और अमेरिका इसे किस तक बर्दाश्त करता है। यूक्रेन युद्ध में रूस ही हावी है और इस मामले में ट्रंप के तमाम कदमों को किसी न किसी बहाने खारिज करता आ रहा है। यानी अमेरिका का रास्ता पूरी तरह साफ भी नहीं है। इस पूरी उठापटक का वित्तीय पहलू भी है जिसमें भारत सहित अधिकांश तेल आयातक देशों के लिए इसकी बढ़ती कीमतें उनकी अर्थव्यवस्था को निश्चित रूप से प्रभावित करेंगी। तेल उत्पादन घटाने और दाम बढ़ाने की भूमिका तैयार भी की जाने लगी है। ऐसी चौतरफा चुनौती का सामना करने में सभी देशों को काफी कुछ गंवाना पड़ेगा जो एक सुचारु विश्व व्यवस्था के लिए अच्छी बात नहीं कहीं जा सकती।

## लापरवाही के होर्डिंग्स

सीवर लाइन, नालों, गड्ढों में गिरने, चाइनीज़ (सिंथेटिक) मांझे, जर्जर भवनों के ढहने तथा घरों के ऊपर से गुजरने वाली हाईटेंशन लाइनों की चपेट में आने से मौतों के मामले पहले भी होते रहे हैं और आज भी हो रहे हैं। यह जरूर है कि हादसा होने के बाद संबंधित सरकारी अमला एकाएक सक्रिय हो जाता है। लेकिन कुछ ही समय बाद पहले जैसी बेढंगी रफ्तार फिर शुरू हो जाती है। यही हाल लखनऊ शहर के होर्डिंग्स का भी है जिनका कहर अक्सर टूटता रहता है। आजकल बाजार की प्रतिद्वंद्विता प्रचार युद्ध पर चलती है तो उपभोक्ता का ध्यान खींचने के लिए काफी बड़े आकार के होते हैं। तो जरूरी यह भी है कि ऐसे भारी भरकम होर्डिंग्स जिन इमारतों की छतों पर लगें, वे इनका वजन सहने लायक मजबूत हों। इसी सावधानी को ताक पर रख दिया गया है। सौ साल पुरानी इमारत उसमें रहने के लिहाज से काफी कमजोर होती है लेकिन इन पर भी इन पर भी होर्डिंग्स लगाने तथा उसकी मंजूरी देने वालों को इसकी फिक्र नहीं है। शहर के दिल यानी हजरतगंज में ही ऐसे मामले आम हैं। नियम यह है कि होर्डिंग लगाए जाने वाले भवन के ढांचे की मजबूती की मजबूती की जांच हो जिसके बाद अनापत्ति प्रमाण-पत्र (एनओसी) जारी किया जाए। तभी उसकी अनुमति मिले। लेकिन ऐसा हो नहीं रहा है। एक रिपोर्ट बताती है कि शहर में करीब बारह सौ होर्डिंग्स ऐसे हैं जिनको लगाने के लिए एनओसी नहीं ली गई है। यानी और नियमों की तरह यह नियम भी औपचारिकता बनकर रह गया है। हां, विभागों द्वारा चुप्पी साध लिए जाने से उन विज्ञापन एजेंसियों की पौ बारह हो गई है जो बेखटके मुफीद जगहों पर होर्डिंग खड़े करके मोटी कमाई कर रही हैं। उनको क्या दोष दिया जाएगा जब जिम्मेदारों को ही फ्क्रि नहीं है। लेकिन नाजुक मामलों पर भी इस आंखें मूंद लेना हादसों को न्योता देना ही है। अच्छा यह होगा कि इनका इंतजार करने के बजाय पहले से ही जरूरी कदम उठा लिए जाएं।

## काँव-काँव

♦♦♦

**पश्चिम एशिया युद्ध पर दो खेमों में बंटी दुनिया**
हमारे महाप्रभु की दोनों खेमों से रिश्तेदारी है!
**रूस और चीन खुलकर आये ईरान के पक्ष में**
हमारे नेता इजरायल को फादरलैंड बता आये!
**होली पर चलायें विशेष सफाई अभियान -योगी**
वैसे मार्च में खजाना सफाई अभियान होता है!
**ब्राह्मण प्रबुद्ध सभा में यूजीसी नियमों का विरोध**
ब्राह्मणों को जोड़ने का एक रास्ता मिल गया!
**लखनऊ एयरपोर्ट पर करोड़ों का गांजा बरामद**
गांजे की चिलम न भांग की गोली, कैसी होली?
**नशामुक्त होली मनाने का लिया गया संकल्प**
सरकारी राजस्व की हानि पर रासुका लगेगी!

♦♦♦

# शांति और युद्ध : सभ्यता का दोहरा चेहरा

आसमान अभी भी धुंध और धुएँ से भरा था, जब हमारी आँखें टीवी स्क्रीन पर चमकते लाल ब्लॉकों में फँस गईं। एक पल पहले तक यह सिर्फ़ खबरें थीं—और अगले ही पल, यह हमारी ज़िन्दगी बन गई। अमेरिका और इज़राइल ने ईरान पर हमला किया। 28 फरवरी को अमेरिका और इज़राइल के संयुक्त हमलों में आयतुल्लाह अली ख़ामेनेई की मौत हुई, जिसकी पुष्टि ईरानी राज्य मीडिया ने 1 मार्च को की। इस खबर ने दुनिया को झकझोर दिया, लेकिन हमारे भीतर का झटका और भी गहरा था। यह कोई दूर की लड़ाई नहीं थी—यह हमारी किताबों में, हमारी दीवारों में, हमारी सांसों में उतर गई। स्कूल की किताबें अब कागज़ नहीं रह गई थीं। वे बम के टुकड़ों में बदल गई थीं। हर पन्ना खून से सना



- डॉ. आर.के. जैन 'अरिजीत'

था, हर अध्याय मौत की कहानी कहता था। बच्चे अब पढ़ेंगे कि छिपना और बचना ही उनका पाठ बन गया। हमारी पीढ़ी ने उन्हें विरासत दी है—एक ऐसी विरासत जिसमें ज्ञान और भय, दोनों सिखाए जाते हैं।

हमने शांति की बातें कीं। 'डिप्लोमेसी चलेगी,' कहा। लेकिन 28 फ़रवरी को ऑपरेशन शुरू हुआ, और हमारी आँखें फिर अंधेरी हो गईं। टीवी बंद हुआ। सोशल मीडिया को स्क्रॉल करते हुए सोचा, 'यह हमारी दुनिया से दूर है।' लेकिन यह सच नहीं था। ईरान के न्यूक्लियर साइट्स पर हमले हुए, अमेरिकी सैनिकों की मौत की पुष्टि हुई है, इज़राइल पर मिसाइलें गिरीं, हिज़्बुल्लाह सक्रिय हुआ, और गल्फ़ में तेल सुविधाओं और जहाजों पर हमले हुए, आग और विस्फोट की खबरें आईं। और हम? हम खून से सनी किताबें तैयार कर रहे हैं। किताबें जो नई पीढ़ी को पढ़ाएंगी कि उनका भविष्य किस तरह जलता रहा, और उनकी आवाज़ कहाँ गुम हो गई। यह हमारी सच्चाई है, और हमारी चुप्पी—सबसे बड़ा अपराध।

यह युद्ध नया नहीं है, लेकिन हमने इसे अपनी विरासत बना लिया है। 2025 में, जब इज़राइल ने ईरान पर हमला किया, हमने इसे सिर्फ़ 'सीमित संघर्ष' कहकर नजरअंदाज किया। जब ट्रंप ने घोषणा की कि 'ईरान को न्यूक्लियर हथियार नहीं मिलेंगे,' हमने उसकी चेतावनी को हँसी में उड़ा दिया। लेकिन अब, 2026 में, ख़ामेनेई की मौत के बाद, तेहरान में नागरिक क्षेत्र प्रभावित हुए, अस्पतालों और स्कूलों पर असर की खबरें सामने आ रही हैं। हमारी पीढ़ी ने चुन लिया है - बच्चों को खून भरी किताबें थमाना, हथियार बेचना, और तेल के लिए आंखें मूंद लेना। और वही



बच्चे अब पढ़ेंगे -हर अध्याय में मौत, हर पन्ने पर खून, और जिन किताबों में जीवन का कोई पाठ नहीं।

एक बच्चा अपनी माँ से पूछेगा, 'माँ, यह किताब क्यों लाल है?' और जवाब नहीं मिलेगा। क्योंकि यह लाल नहीं, यह खून से सनी थी। हमारी पीढ़ी ने कहा, 'हम लड़ रहे हैं ताकि तुम सुरक्षित रहो,' लेकिन लड़ाई किससे थी - खुद से? हमने घृणा बोई, नफ़रत उगाई। 'प्री-एम्प्टिव स्ट्राइक' की छाया में, मार का बोझ बच्चों पर पड़ा। युद्ध की छाया में रेडिएशन का खतरा मंडरा सकता है, कैंसर और बीमारियाँ पीढ़ियों को प्रभावित कर सकती हैं। हमने उन्हें क्या विरासत दी? ऐसी किताबें जिनमें हर जन्म मौत की सज़ा पढ़ाता है, और जिनमें जीवन का कोई पाठ नहीं।

यह सिर्फ़ मिडिल ईस्ट की समस्या नहीं है। वर्ल्ड वॉर थ्री की आहट अब हर दिशा में गूँज रही है, हर ख़बर, हर रेडियो, हर स्क्रीन पर इसकी गूंज सुनाई देती है। पोल्स चीख रहे हैं - अमेरिका में 46%, ब्रिटेन में 43त्न, फ्रांस में उच्च प्रतिशत, जबकि जर्मनी में कम लोग अगले पाँच साल में ग्लोबल वॉर को संभावित मानते हैं। लेकिन हम सुन नहीं रहे। हम अपनी आँखें बंद करके नई पीढ़ी के लिए खून से सनी किताबें तैयार कर रहे हैं। बच्चे पढ़ेंगे - ऐसी किताबें जो न्यूक्लियर विंटर की कहानियाँ कहेंगी, जहाँ सूरज छिपा रहेगा, जहाँ फसलें उगना भूल जाएँगी, और भूख ही मृत्यु का दूसरा नाम बन जाएगी। यह हमारी विरासत है, और इसके साए में बढ़ती हर पीढ़ी अपनी पहली और आखिरी पाठशाला में मौत और विनाश ही देखेगी। हमने जलवायु परिवर्तन को अनदेखा किया। हमने युद्ध को सामान्य मान लिया। अब इसकी कीमत चुकाने वाली नई पीढ़ी होगी। उनकी पहली किताब विस्फोट की होगी, उनकी आखिरी राख की। उनका डीएनए बदल चुका होगा, उनका बचपन डर और सायरन की चीखों में बीतेगा। उनके खेल नहीं, बल्कि खतरे की घंटियों की गूँज उनके कानों में गूँजेगी। हमारी पीढ़ी का सबसे बड़ा अपराध यही है - युद्ध को अपनी विरासत बनाना। हमने किताबें लिखीं - खून से। लेकिन अब वही किताबें उनकी पहली और आखिरी पढ़ाई बन चुकी हैं। नई पीढ़ी पढ़ेगी और समझेगी कि हमने क्या किया, और यह समझ उन्हें हमारे फैसलों की कीमत बतलाएगी।

अब जागने का वक्त है - इससे पहले कि खून से सनी किताबें बच्चों की पहली और आखिरी पढ़ाई बन जाएँ। जागो। बदलो। लड़ो। क्योंकि अगर हमने अभी नहीं बदला, तो नई पीढ़ी सिर्फ़ खून के पन्ने पलटेगी, और हर सवाल के जवाब के लिए हमारी चुप्पी ही रह जाएगी। बच्चे पूछेंगे, 'तुमने हमें क्यों मारा?' और हमारे पास कोई उत्तर नहीं होगा। अब मौका है - युद्ध नहीं, बल्कि शांति की विरासत देने का। हमारी जिम्मेदारी अब तक़दीर बदलने की है। नई पीढ़ी के लिए खून नहीं, शिक्षा छोड़ो। यही हमारी अंतिम लड़ाई है - आखिरी मौका सुधार का, और आखिरी मौका यह दिखाने का कि हम अभी भी अपने कर्मों के प्रभारी हैं।

युद्ध नहीं, यह हमारी विरासत है। हमने बच्चों को किताबें सौंप दी हैं - खून से सनी, आँसुओं से भरी, और पीढ़ियों तक उठती चोटों की गूँज समेटे। यह हमारी चुप्पी, हमारी उदासीनता, और हमारी लालच का सजीव प्रमाण है। अब समय है कि हम बदलें। हमें नई पीढ़ी को देने वाली किताबों से खून हटाना होगा, उन्हें केवल शिक्षा, शांति और आशा की विरासत देनी होगी। यही हमारी अंतिम मौका है - अगर हमने अब कदम नहीं उठाया, तो कल का सूरज कभी नई पीढ़ी के लिए पूरी तरह चमकेगा ही नहीं। यह हमारी जिम्मेदारी है, और हमारी चेतावनी भी - बदलाव अब अनिवार्य है।

## ।। यथार्थ गीता ।।



स्वामी अड़गड़ानंद

### षष्ठम् अध्याय

(गतांक से आगे)

यह अभ्यास और वैराग्य द्वारा वश में हो जाता है। शिथिल प्रयत्नवाला व्यक्ति भी अनेक जन्म के अभ्यास से वहीं पहुँच जाता है, जिसका नाम परमगति अथवा परमधाम है। तपस्वियों, ज्ञानमार्गियों तथा केवल कर्मियों से भी योगी श्रेष्ठ है, इसलिये अर्जुन ! तू योगी वन। समर्पण के साथ अन्तर्मन से योग का आचरण कर। प्रस्तुत अध्याय में योगेश्वर श्रीकृष्ण ने प्रमुख रूप से योग की प्राप्ति के लिये अभ्यास पर बल दिया है। अतः- ॐ तत्सदिति श्रीमद्भगवद्गीतासूपनिषत्सु ब्रह्मविद्यायां योगशास्त्रे श्रीकृष्णार्जुनसम्वादे 'अभ्यासयोगो' नाम षष्ठोऽध्यायः ।।6।।

इस प्रकार श्रीमद्भगवद्गीतारूपी उपनिषद् एवं ब्रह्मविद्या तथा योगशास्त्रविषयक श्रीकृष्ण और अर्जुन के सम्वाद में 'अभ्यास योग' नामक छठाँ अध्याय पूर्ण होता है।

इति श्रीमत्परमहंसपरमानन्दस्य शिष्य स्वामीअड़गड़ानन्दकृते श्रीमद्भगवद्गीतायाः 'यथार्थगीता' भाष्ये 'अभ्यासयोगो' नाम षष्ठोऽध्यायः ।।6 ।।

इस प्रकार श्रीमत् परमहंस परमानन्दजी के शिष्य स्वामी अड़गड़ानन्दकृत 'श्रीमद्भगवद्गीता' के भाष्य 'यथार्थ गीता' में 'अभ्यासयोग' नामक छठाँ अध्याय पूर्ण होता है।

।। हरिः ? तत्सत् ।।

।। अथ सप्तमोऽध्यायः ।।

गत अध्यायों में गीता के मुख्य मुख्य प्रायः सभी प्रश्न पूर्ण हो गये हैं। निष्काम कर्मयोग, ज्ञानयोग, कर्म तथा यज्ञ का स्वरूप और उसकी विधि, योग का वास्तविक स्वरूप और उसका परिणाम तथा अवतार, वर्णसंकर, सनातन, आत्मस्थित महापुरुष के लिये भी लोकहितार्थ कर्म करने पर बल, युद्ध इत्यादि पर विशद चर्चा की गयी। अगले अध्यायों में योगेश्वर श्रीकृष्ण ने इन्हीं ते सन्दर्भित अनेक पूरक प्रश्नों को लिया है, जिनका समाधान तथा अनुष्ठान आराधना में सहायक सिद्ध होगा। क्रमशः...

## ।। चाणक्य नीति ।।

♦♦♦

**पठन्ति चतुरो वेदान् धर्मशास्त्राणनेकशः।**
**आत्मानं नैव जानन्ति दर्वी पाकरसं यथा।।**

जिस प्रकार पाक में घुसी हुई कलछी उस पाक के रस को नहीं जानती, उसी प्रकार आजकल के विद्वान भी वेदों और शास्त्रों को पढ़ तो लेते हैं, परन्तु आत्मतत्त्व को नहीं जानते।

♦♦♦

# होली : परंपरा से आधुनिकता तक का सफर

हर वर्ष फाल्गुन मास की पूर्णिमा को होलिका दहन का पर्व मनाया जाता है और उसके अगले दिन चैत्र मास के कृष्ण पक्ष की प्रतिपदा को रंगों की होली खेली जाती है। किंतु इस वर्ष पूर्णिमा तिथि पर वर्ष का पहला चंद्र ग्रहण पड़ने के कारण होलिका दहन और



-सुनील कुमार महला

रंगोत्सव की तिथि को लेकर असमंजस की स्थिति बनी हुई है। ज्योतिषियों के अनुसार इस वर्ष 3 मार्च 2026 को वर्ष का पहला चंद्र ग्रहण पड़ रहा है और यह भारत में भी दृश्यमान होगा। द्रिक पंचांग के अनुसार ग्रहण दोपहर 3 बजकर 20 मिनट से प्रारंभ होकर सायं 6 बजकर 46 मिनट तक रहेगा। चूंकि यह ग्रहण भारत में दिखाई देगा, इसलिए इसका सूतक काल 9 घंटे पूर्व, अर्थात सुबह 6 बजकर 20 मिनट से प्रारंभ हो जाएगा। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार सूतक काल में शुभ कार्य, उत्सव, पूजन, भोजन बनाना और ग्रहण करना वर्जित माना जाता है। इस दौरान मंदिरों के कपाट भी बंद कर दिए जाते हैं। ऐसे में रंगों की होली खेलना अशुभ और नकारात्मक प्रभाव देने वाला माना गया है। शास्त्रों के अनुसार होलिका दहन के अगले दिन ही रंगों की होली खेली जाती है, किंतु इस बार ग्रहण के कारण विशेष सावधानी अपेक्षित है। होलिका दहन 2 मार्च 2026, सोमवार की रात्रि में भद्रा के पुच्छ काल में किया जा सकता है। भद्रा का पुच्छ 2 मार्च को रात्रि 11 बजकर 53 मिनट से 3 मार्च की रात्रि 1 बजकर 26 मिनट तक रहेगा। इसके अतिरिक्त 3 मार्च को प्रातः 5¬30 बजे से 6¬45 बजे के बीच भी होलिका दहन करना लाभकारी माना गया है, क्योंकि इसके बाद सूतक काल प्रारंभ हो जाएगा। चूंकि 3 मार्च को सूतक और ग्रहण का प्रभाव रहेगा, इसलिए उस दिन रंगों की होली खेलना उचित नहीं है। इस दृष्टि से 4 मार्च 2026 को रंगों की होली मनाना अधिक शुभ और लाभकारी रहेगा। ग्रहण समाप्ति के बाद स्नानादि कर शुद्ध होकर ही किसी भी प्रकार का उत्सव करना चाहिए।

**होली का ऐतिहासिक और सांस्कृतिक महत्व-** होली भारत का एक प्राचीन और लोकजीवन से गहराई से जुड़ा उत्सव है। इसकी जड़ें भारतीय सांस्कृतिक परंपराओं में गहराई तक समाई हुई हैं। फाल्गुन पूर्णिमा को होलिका दहन और अगले दिन रंगोत्सव मनाने की परंपरा सदियों पुरानी है। प्राचीन काल में होली केवल एक दिन का त्योहार नहीं होती थी, बल्कि पूरे फाल्गुन मास में फाग और उल्लास का वातावरण बना रहता था। गांवों में चंग और ढोल की थाप पर फाग गीत गूंजते थे, स्वांग और लोकनाट्य प्रस्तुतियां होती थीं तथा समाज के सभी वर्ग मिलकर उत्सव मनाते थे। पूर्वकाल में होली अत्यंत सामुदायिक और सौहार्दपूर्ण होती थी। लोग घर-घर जाकर फाग गाते थे। महिलाएं गाय के गोबर से उपले बनाती थीं, जिन्हें होलिका दहन की अग्नि में अर्पित किया जाता था। यह केवल धार्मिक अनुष्ठान नहीं, बल्कि प्रकृति और कृषि संस्कृति से जुड़ी आस्था का प्रतीक था। होलिका पूजन विधि-विधान से किया जाता था, जिसमें परिवार की सुख-समृद्धि और उत्तम फसल की कामना की जाती थी। अग्नि में हरे चने और गेहूं की बालियां सेंकी जाती थीं। इन भुने चनों को 'होला' कहा जाता है, जिन्हें प्रसाद के रूप में ग्रहण किया जाता था। यह परंपरा रबी की फसल के पकने और कृषि समृद्धि से जुड़ी थी।

**रंगों का आध्यात्मिक और दार्शनिक अर्थ-** होलिका दहन के अगले दिन प्राकृतिक रंगों, गुलाल और अबीर से होली खेली जाती थी। लोग गले मिलकर पुराने मतभेद भुला देते थे। होली का मूल संदेश है-मन के विकारों को जलाकर प्रेम, क्षमा और भाईचारे के



रंग में रंग जाना।रंगों में तीन प्रमुख रंग माने गए हैं-लाल, हरा और नीला। शेष रंग इन्हीं से निर्मित होते हैं। लाल रंग उत्साह, साहस, सौभाग्य, उमंग और नवजीवन का प्रतीक है। यह मानवीय चेतना में तीव्र ऊर्जा और कंपन उत्पन्न करता है। होली का जोश और उल्लास लाल रंग में ही परिलक्षित होता है।हरा रंग विश्वास, उर्वरता, समृद्धि और प्रगति का प्रतीक है। यह विचारों की हरियाली और जीवन की खुशहाली का संदेश देता है। नीला रंग शांति, स्थिरता और व्यापकता का प्रतीक है। आकाश और समुद्र की विशालता की भांति यह समावेशी भावना का द्योतक है। वास्तु शास्त्र में इसे मानसिक शांति से जोड़ा गया है तथा योग दर्शन में इसे विशुद्ध चक्र (कंठ चक्र) के संतुलन से संबंधित माना जाता है।

**साहित्य में होली-** महाकवि सूर्यकांत त्रिपाठी निराला ने भी होली के उल्लास और प्रकृति के रंगों का सुंदर चित्रण किया है। उनकी कविता में %लाल गुलाल% और प्रकृति के राग-पराग का जो वर्णन मिलता है, वह होली के सांस्कृतिक सौंदर्य को सजीव कर देता है।

**पारंपरिक होली बनाम आधुनिक होली-** पूर्वकाल में होली प्राकृतिक रंगों से खेली जाती थी-हल्दी से पीला, चुकंदर से लाल, फूलों से गुलाबी और नीम की पत्तियों से हरा रंग बनाया जाता था। ये रंग त्वचा के लिए सुरक्षित और स्वास्थ्यवर्धक होते थे। पलाश के फूलों से बना रंग विशेष लोकप्रिय था। आज रासायनिक रंगों का प्रचलन बढ़ गया है, जिनमें कई बार सल्फर और भारी धातुओं का उपयोग होता है। इनके कारण त्वचा में जलन, एलर्जी, आंखों में संक्रमण तथा पर्यावरण प्रदूषण जैसी समस्याएं उत्पन्न होती हैं। पहले होली गीतों में अश्लीलता नहीं होती थी; फाग, ढोल-नगाड़े, चंग-डफ और बांसुरी के साथ सामूहिक उत्सव मनाया जाता था। नशे का प्रचलन सीमित था। समय के साथ डीजे संस्कृति, तेज ध्वनि और डिजिटल माध्यमों ने स्थान ले लिया है। आत्मीयता, बड़ों का आशीर्वाद लेने की परंपरा तथा सामुदायिकता में कमी देखी जा रही है।

**होली का वास्तविक संदेश-** होली केवल रंगों का त्योहार नहीं, बल्कि यह सामाजिक एकता, प्रेम, क्षमा और बंधुत्व का प्रतीक है। यह शीत ऋतु की विदाई और ग्रीष्म ऋतु के आगमन का सांकेतिक पर्व भी है। फाल्गुन मास में जब पलाश के फूल खिलते हैं और आम्र-मंजरियां महकती हैं, तब प्रकृति स्वयं रंगों में रच-बस जाती है। होली हमें सिखाती है कि बाहरी रंगों के साथ-साथ मन को भी रंगना आवश्यक है।

## प्रेरक प्रसंग

### सहनशीलता

एक दरोगा संत दादू की ईश्वर भक्ति और सिद्धि से बहुत प्रभावित था। उन्हें गुरु मानने की इच्छा से वह उनकी खोज में निकल पड़ा। लगभग आधा जंगल पार करने के बाद दरोगा को केवल धोती पहने एक साधारण-सा व्यक्ति दिखाई दिया। वह उसके पास जाकर बोला, क्यों बे तुझे मालूम है कि संत दादू का आश्रम कहां है?

वह व्यक्ति दरोगा की बात अनसुनी कर के अपना काम करता रहा। भला दरोगा को यह सब कैसे सहन होता? लोग तो उसके नाम से ही थर-थर कापते थे उसने आव देखा न ताव लगा ग़रीब की धुनाई करने। इस पर भी जब वह व्यक्ति मौन धारण किए अपना काम करता ही रहा तो दरोगा ने आग बबूला होते हुए एक ठोकर मारी और आगे बढ़ गया। थोड़ा आगे जाने पर दरोगा को एक और आदमी मिला। दरोगा ने उसे भी रोक कर पूछा, क्या तुम्हें मालूम है संत दादू कहां रहते है?

उन्हें भला कौन नहीं जानता, वे तो उधर ही रहते हैं जिधर से आप आ रहे हैं। यहां से थोड़ी ही दूर पर उनका आश्रम है। मैं भी उनके दर्शन के लिए ही जा रहा था। आप मेरे साथ ही चलिए। वह व्यक्ति बोला।

दरोगा मन ही मन प्रसन्न होते हुए साथ चल दिया। राहगीर जिस व्यक्ति के पास दरोगा को ले गया उसे देख कर वह लज्जित हो उठा क्योंकि संत दादू वही व्यक्ति थे जिसको दरोगा ने मामूली आदमी समझ कर अपमानित किया था। वह दादू के चरणों में गिर कर क्षमा मांगने लगा। बोला, महात्मन् मुझे क्षमा कर दीजिए, मुझसे अनजाने में अपराध हो गया। दरोगा की बात सुनकर संत दादू हंसते हुए बोले, भाई, इसमें बुरा मानने की क्या बात? कोई मिट्टी का एक घड़ा भी ख़रीदता है तो ठोक बजा कर देख लेता है। फिर तुम तो मुझे गुरु बनाने आए थे।

संत दादू की सहिष्णुता के आगे दरोगा नतमस्तक हो गया।

## आपका पत्र मिला

### युद्ध की आग और वैश्विक जिम्मेदारी

ईरान, अमेरिका और इज़रायल के बीच छिड़ा ताजा संघर्ष विश्व शांति के लिए गंभीर खतरे का संकेत है। किसी भी क्षेत्रीय युद्ध का प्रभाव अब सीमाओं तक सीमित नहीं रहता वह वैश्विक अब वह अर्थव्यवस्था, ऊर्जा आपूर्ति, कूटनीतिक संतुलन और मानवीय मूल्यों को झकझोर देता है। मध्यपूर्व पहले ही अस्थिरता से जूझ रहा है, ऐसे में यह टकराव आग में घी का काम कर सकता है।युद्ध की भाषा में प्रतिशोध और शक्ति-प्रदर्शन भले सामान्य हो, पर यह सभ्य समाज की पहचान नहीं हो सकती। मिसाइलों और तकनीकी श्रेष्ठता के आधार पर लड़ी जा रही यह जंग मानवता के लिए भयावह परिणाम ला सकती है। हजारों निर्दोष नागरिकों का जीवन संकट में पड़ सकता है और तेल बाजार में उथल-पुथल से वैश्विक महंगाई बढ़ सकती है। विकासशील देशों पर इसका सबसे अधिक दुष्प्रभाव पड़ेगा। ऐसे समय में संयुक्त राष्ट्र की सक्रिय भूमिका अपेक्षित है। साथ ही भारत, चीन, रूस और यूरोपीय देशों को मध्यस्थता के प्रयास तेज करने चाहिए। शक्ति का प्रदर्शन नहीं, बल्कि संयम और संवाद ही स्थायी समाधान दे सकता है। विश्व को समझना होगा कि युद्ध कभी अंतिम उत्तर नहीं होता; शांति ही मानव सभ्यता की सच्ची विजय होगी।

अमृतलाल मारू 'रवि'
वाया ई-मेल

इस पेज पर प्रकाशित लेखकों के विचार निजी हैं। समाचार पत्र से इनका कोई लेना-देना नहीं है।

आपके विचार व सुझाव भी आमंत्रित हैं। संपादक,
स्वतंत्र भारत
1, जॉपलिंग रोड,
लखनऊ-226001
E-mail : swatantrab-harat77@gmail.com

# मां लक्ष्मी की कृपा चाहिए तो होली पर घर ले आएं ये चीजें



होली सिर्फ रंगों का त्योहार नहीं है, बल्कि इसे शुभ शुरुआत और सकारात्मक ऊर्जा का प्रतीक भी माना जाता है। मान्यता है कि इस दिन घर में कुछ खास वस्तुएं लाने से आर्थिक परेशानियां कम होती हैं और समृद्धि के द्वार खुलते हैं। अगर आप भी चाहते हैं कि साल भर धन-धान्य की कमी न हो, तो होली के दिन ये चीजें घर लाना शुभ माना जाता है।

**चांदी का सिक्का-** होली के दिन लक्ष्मी-गणेश की तस्वीर वाला चांदी का सिक्का खरीदकर पूजा में रखें। पूजा के बाद इसे तिजोरी या पर्स में रख दें। मान्यता है कि इससे धन स्थिर रहता है और अनावश्यक खर्च कम होते हैं।

**श्रीयंत्र-** श्रीयंत्र को मां लक्ष्मी का प्रतीक माना जाता है। होली के दिन विधि-विधान से इसकी स्थापना करने से घर में सकारात्मक ऊर्जा बढ़ती है। इसे घर के पूजा स्थान या तिजोरी में रखना शुभ माना जाता है।

**गोमती चक्र-** 11 या 21 गोमती चक्र लाकर लाल कपड़े में बांधकर तिजोरी में रखें। धार्मिक मान्यता है कि इससे धन हानि रुकती है और बचत बढ़ती है।

**कमल गट्टा -** कमल का फूल मां लक्ष्मी को प्रिय है। होली के दिन कमल गट्टा घर लाकर पूजा में अर्पित करें और बाद में तिजोरी में रख दें। कहा जाता है कि इससे धन आगमन के रास्ते खुलते हैं।

**पीली कौड़ी-** पीली कौड़ी को लक्ष्मी का प्रतीक माना जाता है। इसे लाल या पीले कपड़े में बांधकर घर के धन स्थान पर रखने से आर्थिक स्थिरता आती है।

**खास उपाय-** होली की रात दीपक जलाकर मां लक्ष्मी का ध्यान करें और घर के मुख्य द्वार पर रंगोली बनाएं। साफ-सफाई और सकारात्मक माहौल भी समृद्धि को आकर्षित करता है। याद रखें सिर्फ वस्तुएं लाना ही काफी नहीं है, बल्कि मेहनत, ईमानदारी और सही सोच भी जरूरी है। जब आस्था और प्रयास साथ चलते हैं, तभी सच्ची समृद्धि मिलती है।

**बंदनवार -** वास्तुशास्त्र के अनुसार, घर के मुख्य द्वार पर बंदनवार यानी तोरण लगाने से नकारात्मक ऊर्जा दूर होती है. इसलिए होली पर्व से पहले अपने घर पर मुख्य द्वार पर तोरण लगाएं. इससे से सकारात्मकता ऊर्जा का संचार बढ़ता है।

**बांस का पौधा -** वास्तु में बांस का पौधा यानी बैम्बू ट्री को लकी प्लांट माना जाता है. होली पर आप अपने घर में बैम्बू ट्री भी ला सकते हैं. घर या ऑफिस में बांस का पौधा लगाने से अच्छे भाग्य की शुरुआत होती है एवं सुख-शांति और समृद्धि बनी रहती है।

**कछुआ -** कछुए को भगवत स्वरुप माना जाता है. माना जाता है कि अगर आप होली पर्व पर धातु से बना कछुआ घर में लाते हैं तो इससे मां लक्ष्मी की कृपा घर पर बनी रहती है. लेकिन ध्यान रखें कि कछुए की पीठ पर श्रीयंत्र या कुबेर यंत्र बना होना चाहिए।

# गोबर से क्यों होती है घर की लीपाई? क्या है धार्मिक महत्व



आज भी जब हम गांव जाते हैं तो सुबह की पहली किरण के साथ जो सोंधी खुशबू उठती थी, वह सिर्फ मिट्टी की नहीं, गोबर से लिपे आंगनों की होती थी। यह परंपरा असल में सनातन धर्म की उन गहराइयों से जुड़ी है जहां हर वस्तु का एक दिव्य और व्यावहारिक अर्थ छुपा होता है। गोबर से घर लीपने से वह शुद्ध और ठंडा बना रहता है। तो आज की इस खबर में हम आपको बताने जा रहे हैं कि पहले के समय में घर को गोबर से क्यों लीपा जाता है। क्या ये सिर्फ एक चली आ रही कोई परंपरा थी, या इसके पीछे कुछ कारण भी थे? आइए जानते हैं।

**क्यों गोबर से लीपा जाता था घर?**

सनातन परंपरा में गोबर को पवित्रता और शुद्धता का प्रतीक माना गया है। किसी भी धार्मिक आयोजन से पहले जब घर के आंगन को गोबर से लिपा जाता है, तो वह सिर्फ सफाई नहीं, बल्कि भूमि को ऊर्जा देने की एक क्रिया होती है। शास्त्रों में तो यहां तक कहा गया है कि गोबर में लक्ष्मी का वास होता है । इसलिए कहते हैं, ÷गोमय वसते लक्ष्मी÷। इसका अर्थ यही है कि जहां गोबर है, वहां समृद्धि, सकारात्मकता और पवित्रता खुद आ जाती है। **पंचगव्य बनाने में भी आता है काम-** गोबर केवल धार्मिक अनुष्ठानों में इस्तेमाल नहीं होता है, बल्कि यह पंचगव्य का भी एक आवश्यक हिस्सा है, जिसमें गोबर, गोमूत्र, दूध, दही और घी आदि शामिल है। इन पांच तत्वों का मिश्रण न केवल आध्यात्मिक शुद्धिकरण करता है, बल्कि यह आयुर्वेद में एक औषधीय तत्व के रूप में भी प्रयोग होता है। कुछ पुराणों में यह साफ बताया गया है कि पंचगव्य का सेवन पापों को हरने वाला और रोगों को मिटाने वाला होता है।

**शुभ कार्य के दौरान गोबर का किया जाता है इस्तेमाल**

धार्मिक ग्रंथों में गोबर का जो स्थान है, इसे किसी भी प्रकार से बढ़ा-चढ़ाकर नहीं बताया गया है। अथर्ववेद से लेकर गरुड़ पुराण और मनुस्मृति तक में गोबर और गाय से जुड़े पदार्थों की महिमा का वर्णन मिलता है। इसलिए जब भी घर में कई त्यौहार मनाया जाता है या फिर कोई शुभ कार्य, जैसे कि हवन या पूजा किया जाता है तो पूरे घर को गोबर से लीपा जाता है, जिससे घर में लक्ष्मी का वास हो और घर की सुख-समृद्धि में वृद्धि हो।

**घर में मक्खियों, मच्छरों को भी दूर भगाता है गोबर**

बता दें कि गोबर कीट-पतंगों से रक्षा करने में काफी असरदार साबित होता है। गोबर से घर में मक्खियां, मच्छर, और कीट दूर रहते हैं।



## लक्ष्य तक पहुंचने में मदद करेगी चाणक्य की नीति

आचार्य चाणक्य भारत के विद्वानों की सूची में शामिल हैं। उन्हें अर्थशास्त्र और नीतिशास्त्र का जनक माना जाता है। उन्होंने अपनी नीति शास्त्र में व्यक्ति के जीवन को सफल बनाने के लिए कई बातें बताई हैं, ऐसे में अगर आप इन बातों को अपने जीवन में अपनाते हैं, तो इससे आपको लक्ष्य प्राप्ति में सहायता मिल सकती है।

आचार्य चाणक्य का कहना है कि व्यक्ति को किसी भी काम को शुरू करने से पहले ये पता होना चाहिए कि हम ये काम क्यों कर रहे हैं, और इससे हमें भविष्य में क्या लाभ होगा, क्योंकि इस बात को ध्यान में रखने से लक्ष्य प्राप्ति आसान हो जाती है।

अपने लक्ष्य की प्राप्ति के किसी-न-किसी तरह की मुश्किलें तो जरूर आती हैं। इस विषय में चाणक्य जी कहते हैं कि तब तक आप परेशानियों का डटकर सामना करना नहीं सीख जाते, बड़ी कामयाबी आपके हाथ नहीं लग सकती। मेहनत के साथ-साथ व्यक्ति के गुण भी उसे लक्ष्य तक पहुंचाने में मदद करता हैं। आचार्य चाणक्य जी का कहना है कि कोई व्यक्ति अपने लक्ष्य तक तभी पहुंच सकता है, जब वह लक्ष्य पाने के लिए मेहनत, धैर्य, और समय प्रबंधन का ध्यान रखे। इसी के साथ ईमानदारी और विनम्रता भी सफलता प्राप्ति के लिए काफी अहम हैं। आपकी लक्ष्य प्राप्ति इस बात पर भी निर्भर करती है कि आप उसके लिए क्या रणनीति और योजना अपना रहे हैं। इसी के साथ इस बात का भी खास तौर से ध्यान रखें कि लक्ष्य प्राप्ति से पहले किसी को उसके बारे में नहीं बताना चाहिए, वरना आपके विरोधी अड़चन पैदा कर सकते हैं, जिससे लक्ष्य पाना और भी कठिन हो सकता है।

# मार्च के महीने में कब-कब बजेगी शहनाई, कितने है शुभ मुहूर्त



हिंदू संस्कृति में विवाह केवल दो व्यक्तियों का साथ नहीं, बल्कि एक पवित्र संस्कार माना जाता है। इसे ब्रह्मा, विष्णु और महेश सहित सभी देवी-देवताओं के आशीर्वाद से जीवन की नई शुरुआत समझा जाता है। यही कारण है कि शादी जैसे मांगलिक कार्य के लिए शुभ मुहूर्त का विशेष ध्यान रखा जाता है। मुहूर्त वह अनुकूल समय होता है जब ग्रह, नक्षत्र, तिथि और वार का संतुलित योग दांपत्य जीवन के लिए मंगलकारी माना जाता है। आइए जानते हैं मार्च 2026 में विवाह के लिए उपलब्ध शुभ तिथियों कौन-कौन सी हैं। मार्च 2026 में विवाह के शुभ मुहूर्त- हिंदू पंचांग के अनुसार मार्च 2026 में कुल आठ अनुकूल विवाह तिथियां उपलब्ध हैं। इन दिनों ग्रह-नक्षत्रों की स्थिति को शुभ माना गया है, जिससे वैवाहिक जीवन में प्रेम, सामंजस्य और स्थिरता की संभावनाएं बढ़ती हैं।

**मार्च 3, 2026, मंगलवार**
**मार्च 4, 2026, बुधवार**
**मार्च 7, 2026, शनिवार**
**मार्च 8, 2026, रविवार**
**मार्च 9, 2026, सोमवार**
**मार्च 11, 2026, बुधवार**
**मार्च 12, 2026, बृहस्पतिवार**

इन तिथियों में विवाह संस्कार संपन्न करने से दांपत्य जीवन में सकारात्मक ऊर्जा और दीर्घकालिक सुख की कामना की जाती है।

**विवाह में मुहूर्त का महत्व-** हिंदू धर्म में मुहूर्त केवल कैलेंडर की तारीख नहीं है, बल्कि इसे आकाशीय शक्तियों के संतुलन का संकेत माना जाता है। शास्त्रीय मान्यता है कि शुभ समय में संपन्न विवाह संबंध में सामंजस्य और समृद्धि की नींव मजबूत होती है। इसी वजह से परिवारजन या ज्योतिषाचार्य कुंडली और ग्रह दशा का अध्ययन कर विवाह की तिथि तय करते हैं।

**15 मार्च से आरंभ होगा खरमास-** 15 मार्च 2026 से खरमास प्रारंभ हो जाएगा, जो सूर्य के गोचर से जुड़ा होता है। इस अवधि में विवाह, गृह प्रवेश जैसे मांगलिक कार्य सामान्यतः टाल दिए जाते हैं। लगभग एक माह तक चलने वाले इस समय को शुभ कार्यों के लिए अनुकूल नहीं माना जाता।

## रात में क्यों नहीं करते अंतिम संस्कार?

हिंदू परंपरा में अगर किसी व्यक्ति की मृत्यु सूर्यास्त के बाद हो जाए तो अंतिम संस्कार अगले दिन सुबह तक टाल दिया जाता है। यह लंबे समय से चली आ रही परंपरा का हिस्सा है। लेकिन सवाल उठता है आखिर रात में शव को क्यों नहीं जलाया जाता और इसे अकेला क्यों नहीं छोड़ा जाता? इसका उत्तर गरुड़ पुराण में विस्तार से मिलता है। गरुड़ पुराण के अनुसार रात का समय तमोगुणी शक्तियों का होता है। अंधेरा बढ़ने के साथ नकारात्मक ऊर्जा सक्रिय मानी जाती है। ऐसा माना जाता है कि यदि शव को रात में अकेला छोड़ा जाए या दाह संस्कार किया जाए, तो यह आत्मा की यात्रा में बाधा डाल सकता है। ग्रामीण इलाकों में आज भी यह परंपरा सख्ती से निभाई जाती है। बुजुर्ग कहते हैं कि सुबह की पहली किरण शुभ मानी जाती है। इसी समय अंतिम संस्कार करना आत्मा की शांति के लिए उचित माना जाता है। यह केवल धार्मिक विश्वास नहीं, बल्कि सामाजिक अनुशासन का भी हिस्सा है।

## करियर में सफलता पाने के लिए गणेशजी के इन मंत्रों का करें जाप

शास्त्रों के मुताबिक भगवान गणेश प्रथम पूज्य देवता है और उन्हें बुद्धि-विवेक, शुभ-मंगल, और विघ्नहर्ता का कारक भी कहा जाता है। यदि किसी भी कार्य से पहले उनका पूजन किया जाए, तो उसमें आने वाली बाधाएं दूर होती हैं। इस दौरान उनके मंत्रों के जाप से शिक्षा में सफलता, दुख-दर्द का नाश और व्यक्ति रोग मुक्त होता है। आइए इनके बारे में जानते हैं....

ऊँ श्रीं गं सौम्याय गणपतये वर वरद सर्वजनं में वशमानय स्वाहा।

नौकरी की तलाश कर रहे लोगों को इस मंत्र का जाप करना चाहिए। इससे नौकरी की समस्या दूर होती है।

ऊँ ग्लौम गौरी पुत्र, वक्रतुंड, गणपति गुरु गणेश
ग्लौम गणपति, ऋद्धि पति। मेरे दूर करो क्लेश।।

कहते हैं कि रोजाना इस मंत्र का 108 बार जाप करने से घर की परेशानियां समाप्त होती हैं।

**श्री गणेश गायत्री मंत्र**

एकदंताय विद्महे, वक्रतुण्डाय धीमहि, तन्नो दंती प्रचोदयात् ।
गजाननाय विद्महे, वक्रतुण्डाय धीमहि, तन्नो दंती प्रचोदयात्।

मान्यता है कि श्री गणेश गायत्री मंत्र का जाप करने पर व्यक्ति को सफलता की प्राप्ति होती है और अच्छे परिणामों के योग बनते हैं। आप इस मंत्र का 108 बार जाप करें।

त्रयीमयायाखिलबुद्धिदात्रे बुद्धिप्रदीपाय सुराधिपाय।
नित्याय सत्याय च नित्यबुद्धि नित्यं निरीहाय नमोस्तु नित्यम्।
वक्रतुण्ड महाकाय सूर्यकोटि समप्रभ।
निर्विघ्नं कुरु मे देव सर्वकार्येषु सर्वदा॥
गणपूज्यो वक्रतुण्ड एकदंष्ट्री त्रियम्बकः ।
नीलग्रीवो लम्बोदरो विकटो विघ्रराजकः।। धूम्रवर्णो भालचन्द्रो दशमस्तु विनायकः।
गणपर्तिहस्तिमुखो द्वादशारे यजेद्गणम।।

## बड़े लोगों से आशीर्वाद लेकर और भगवान का ध्यान करके शुरू करना चाहिए काम

रामायण में सीता माता का अपहरण रावण द्वारा किया जा चुका था, और वानर सेना का एक दल समुद्र किनारे चिंतित बैठा था। वानरों को ये निश्चित करना था कि लंका जाकर कौन देवी सीता की खोज करेगा। इस दल में हनुमान, जामवंत, अंगद थे। इन सभी को संपाति नामक गिद्ध ने ये बता दिया था कि सीता जी लंका में ही हैं। लेकिन समस्या यह थी कि समुद्र के उस पार लगभग सौ योजन की दूरी पर लंका थी। इतनी दूर लंका कौन जा सकता था? वानर दल चिंतित था। कोई भी इस कठिन काम को करने में सक्षम नहीं दिख रहा था। वानर आपस में विचार-विमर्श कर रहे थे, लेकिन किसी के पास इतना बल और आत्मविश्वास नहीं था कि वह इस विशाल समुद्र को पार कर सके। **हनुमान जी को जामवंत ने दिलाई उनकी शक्ति की याद :** रामभक्त हनुमान भी चुपचाप बैठे हुए थे। वे भगवान राम के प्रति समर्पित थे, लेकिन उन्हें अपनी शक्ति का आभास नहीं था, इस वजह से वे भी शांत थे। वानरों की सेना के सबसे वृद्ध और अनुभवी जामवंत ने इस परिस्थिति को भांप लिया। जामवंत जानते थे कि हनुमान के पास दिव्य शक्तियां हैं, लेकिन वे स्वयं इसे पहचान नहीं पा रहे हैं। जामवंत ने हनुमान को प्रेरित करते हुए कहा कि हे हनुमान, आपका जन्म ही प्रभु श्रीराम के कार्यों के लिए हुआ है। आप क्यों चुपचाप बैठे हैं? ये कार्य केवल आप ही कर सकते हैं। अब समय आ गया है कि आप लंका जाने के लिए तैयार हो जाएं और सीता माता की खोज करें। जामवंत के इन शब्दों ने हनुमान को उनकी शक्तियों का एहसास करा दिया। वे अपनी शक्तियों को पहचान गए और लंका जाने के लिए स्वयं को तैयार कर लिया। **लंका जाने से पहले हनुमान ने ली थी जामवंत से सलाह :** जब हनुमान लंका की ओर उड़ान भरने के लिए तैयार हुए, तब उन्होंने जामवंत से विनम्रतापूर्वक पूछा कि आप मुझे सलाह दें कि लंका जाकर मुझे क्या करना चाहिए?

# कभी घर न लाएं दूसरों की ये चीजें

माना जाता है कि अगर आप अपने जीवन में वास्तु नियमों का ध्यान रखते हैं, तो इससे वास्तु दोष दूर रहता है और घर-परिवार में पॉजिटिव एनर्जी का संचार होता है। जिस व्यक्ति के जीवन में सुख-समृद्धि का वास बना रहता है। ऐसे में आज हम आपको बताने जा रहे हैं कि वास्तु के अनुसार दूसरों की वह कौन-सी चीजें है, जिन्हें कभी भूलकर भी अपने घर नहीं लाना चाहिए। माना जाता है कि अगर आप अपने आपने देखा होगा कि मंदिर या भीड़-भाड़ वाली जगहों पर लोग अक्सर किसी और के चप्पल-जूते पहन लेते हैं। लेकिन वास्तु शास्त्र में यह माना गया है ऐसा करने से साधक को जीवन में कई तरह की समस्याएं उठानी पड़ सकती हैं। साथ ही यह भी माना जाता है कि आप जिस व्यक्ति के चप्पल-जूते पहनकर आ रहे हैं, उस व्यक्ति का दुर्भाग्य भी आपके साथ आ जाता है। इस के साथ किसी दूसरे व्यक्ति के घर के फर्नीचर को भी अपने घर में नहीं लाना चाहिए। वास्तु शास्त्र की मान्यताओं के अनुसार, ऐसा करने से आपके घर में नेगेटिव एनर्जी बढ़ सकती है, जिससे परिवार में लड़ाई-झगड़े बढ़ने लगते हैं। जरूरत पड़ने पर हम कई बार दूसरों से छाता मांग लेते हैं। यह हमें आम-सी बात लग सकती है। लेकिन वास्तु शास्त्र की दृष्टि से ऐसा करना बिल्कुल भी ठीक नहीं माना गया। इससे व्यक्ति के जीवन में कई तरह की समस्याएं बढ़ सकती हैं। इसलिए जितना जल्दी हो सके, दूसरों का छाता उन्हें वापस कर देना चाहिए। वास्तु शास्त्र में यह भी माना गया है कि किसी दूसरे के घर से कभी गैस स्टोव या चूल्हा मांग कर नहीं लाना चाहिए। ऐसा करने से परिवार की बरकत रुक सकती है। इसी के साथ कभी किसी दूसरे से लोहे की चीजें भी अपने घर लेकर नहीं आनी चाहिएं। माना जाता है कि जब आप किसी से लोहा का सामान लेकर आते हैं, तो इसके साथ ही शनि भी घर में आ जाते हैं। जिससे घर में कई समस्याएं बढ़ने लगती हैं।






-ज्योतिषाचार्य-पंडित आशीष शुक्ल

| | |
|---|---|
| **मेष :** उत्तरदायित्व कुछ खर्चीले साबित होंगे। विशेष प्रयत्नों से ही लाभ होगा। संतान के कारण परिवार में अशांति रहेगी और किसी से शत्रुता हो सकती है। | **तुला :** विशेष प्रकार के समाचार मिलेंगे आरै मित्रों का सहयोग भी मिलेगा। भाग्य तथा देवी आस्थाओं को श्रेय देंगे। कोष में कमी होगा। |
| **वृष :** भाग्य को नई दिशा मिलेगी। आर्थिक कष्ट की पूर्ति के लिए लॉटरी जैसे प्रयास उपयोगी हैं। अचानक लाभ संभव है। | **वृश्चिक :** परिवार जनों का सहयोग प्राप्त होगा। वैवाहित निर्णय में टाल मटोल ठीक नहीं है। नए परिचयों के प्रति आकांक्षा रहेगी। |
| **मिथुन :** बुद्धि चतुर से उत्तम धन लाभ होगा। संयम एवं धैर्य से कार्य के होने की संभावना है। यात्रा का योग है। | **धनु :** गृह उपयोगी वस्तुओं में वृद्धि होगी। आर्थिक पक्ष मजबूत होगा। किया गया पुरुषार्थ सार्थक होगा। |
| **कर्क :** यात्रा देशाटन की स्थिति सुखद एवं लाभकारी रहेगी। शासन सत्ता का सहयोग मिलेगा। व्यावसायिक प्रगति के योग बनेंगे। | **मकर :** जीवनसाथी का सहयोग एवं सानिध्य मिलेगा। धन सम्मान में वृद्धि होगी। आय-व्यय में संतुलन आवश्यक है । |
| **सिंह :** पारिवारिक जीवन सुख में होगा। आर्थिक पक्ष मजबूत होगा। यात्रा सुख मय होगी। | **कुंभ :** व्यर्थ की उलझने रहेगी। यात्रा की स्थिति सुखद एवं लाभकारी होगी। व्यस्तता अधिक होगी। |
| **कन्या :** खेद और ग्लानि का वातावरण समाप्त होगा और अपनी स्थिति के अनुसार मान-सम्मान का ख्याल रखे। व्यावसायिक अभ्युदय भी होगा। | **मीन :** ज्ञान विज्ञान की वृद्धि होगी तथा कुछ बौद्धिक चिंतन पैदा होंगे। परिश्रम से ही महान कार्य सिद्ध होंगे। |

### दैनिक पंचांग लखनऊ
### मंगलवार, 3 मार्च 2026

श्री शुभ सम्वत् 2081 शके1946 श्री सूर्य उत्तर अयने पृथ्वी दक्षिण गोलगते शिशिर ऋतौ फाल्गुन मासोत्तमे शुक्ल पक्षे पूर्णिमा तिथौ मंगल वासरे 17/08/ मघा नक्षत्रे 07/32/ सुकर्मा योग 10/25/ बव करणे 17/08/ वृष राशिगत चन्द्रमा घं.मि.पर।

**व्रत एवं त्यौहार-** स्नान दानादि की पूर्वा फाल्गुनी नक्षत्रयुता फाल्गनी पूर्णिमा। धुरडडी। महाप्रुभ चैतन्य जयंती। ग्रस्तोदय खरग्रास चद्रंग्रहण।

# बुराई पर अच्छाई की विजय का प्रतीक है होली



**- राजीव आचार्य**
**ज्योतिषाचार्य एवं वास्तुशास्त्री**

पौराणिक मान्यताओं के अनुसार फाल्गुन माह की पूर्णिमा को होलिका दहन किया जाता है । इस वर्ष होली का पर्व 4 मार्च को मनाया जाएगा और इससे पूर्व होलिका दहन कर पर्व की शुरुआत की जाएगी ।होली की पौराणिक कथा कई घटनाओं से जुड़ी हुई है। पहली होलिका और भक्त प्रहलाद, दूसरी कामदेव और शिव, तीसरी राजा पृथु और राक्षसी ढुंढी और चौथी श्रीकृष्ण और पूतना। राधा और कृष्ण के पवित्र प्रेम से भी इसका संबंध माना जाता है और गुलाल , अबीर से एक दूसरे को रंग लगाकर होली मनाते है । परंतु विष्णु पुराण, श्रीमद्भागवत पुराण के संदर्भ में होली में प्रहलाद की कथा को ही मान्यता प्राप्त है । यह भी महत्वपूर्ण है कि इसी की घटना की याद में होलिका दहन करके दूसरे दिन भक्त प्रहलाद के बचने की खुशी में धुलेंडी का पर्व भी मनाया जाता है। **क्या है कथा होली की -** पुराणों के अनुसार ऋषि कश्यप और दिति के दो बलशाली पुत्र थे जिनका नाम हिरण्याक्ष और हिरण्यकशिपु था और दो पुत्रियां सिंहिका और होलिका थीं। हिरण्याक्ष ने पृथ्वी को जल में डूबो दिया था तो भगवान विष्णु ने वराह अवतार लेकर हिरण्याक्ष का वध किया था। सिंहिका को हनुमानजी ने लंका जाते समय मार्ग ही में मार दिया था। हिरण्यकश्यपु और होलिका दोनों उस समय जीवित थे । त्रिलोक पर स्वामित्व के लिए हिरण्यकश्यपु ब्रह्मा की तपस्या में लीन था। असुरराज हिरण्यकशिपु की तपस्या से प्रसन्न होकर ब्रह्माजी ने उसे वर मांगने को कहा तो उसने अमरता का वरदान मांगा कि 'इस संसार के किसी प्राणी, मनुष्य, पशु, देवता, दैत्य, नागादि किसी से मेरी मृत्यु न हो। मेरी मृत्यु न दिन हो सके न ही रात में ,न कोई मुझे घर के भीतर मार सके न ही बाहर , यहां तक कि कोई अस्त्र , शस्त्र से भी उसकी मृत्यु न हो सके , न भूमि पर न आकाश में, न पाताल में न स्वर्ग में उसकी मृत्यु न संभव हो। ब्रह्मा जी ने उसे यह वरदान दे दिया। हिरण्यकशिपु जब तपस्या में लीन था तब उसी समय देवताओं ने असुरों पर आक्रमण कर दिया और देवराज इन्द्र हिरण्यकशिपु की पत्नी कयाधु को बंदी बनाकर ले गए उस समय उनके गर्भ में प्रहलाद थे ।परंतु बीच रास्ते में ही इंद्र की मुलाकात देव ऋषि नारद से हुई। नारदजी ने इंद्र को उपदेश दिया कि आप ये पाप कर रहे हैं। उपदेश सुनकर इंद्र हिरण्यकशिपु की पत्नी कयाधु को महर्षि के आश्रम में छोड़कर स्वयं देवलोक चले गए। गर्भवती कयाधु को नारद ने विष्णु भक्ति और भागवत तत्व से अवगत कराया। यह ज्ञान गर्भ में पल रहे पुत्र प्रहलाद ने भी प्राप्त कर लिया। इधर, हिरण्यकश्यप जब लौटा तो इस वरदान ने उसके भीतर अजर-अमर होने अंहकार हो गया। उसने पृथ्वी पर अत्याचार शुरू कर दिया था। और देवताओं , ऋषियों, मुनियों को प्रताड़ित करने लगा। पूरे ब्रह्मांड में त्राहि त्राहि मच गई। उसने हिरण्याय नमः के अतिरिक्त अन्य किसी भी मंत्र का उच्चारण न करने का आदेश किया साथ ही पूरे राज्य में स्वयं उसी की पूजा की जाए, अन्य किसी की नहीं जो ऐसा नहीं करे उन्हें वह मार दिया जाए। कुछ समय पर पश्चात प्रहलाद का जन्म हुआ तो संपूर्ण राज्य में खुशियां मनाई गई। हिरण्यकश्यप के चार पुत्र थे- अनुहल्लाद, हल्लाद, भक्त प्रह्लाद और संहल्लाद। प्रहलाद का उपनयन संस्कार करके उसे गुरुकुल भेजा गया। कुछ समय बाद हिरण्यकश्यप को यह जानने की उत्सुकता हुई की गुरुकुल में मेरे पुत्र क्या सीख रहे हैं। उसने प्रहलाद को बुलाकर पूछा तुमने गुरुकुल में क्या सीखा? प्रहलाद ने कहा कि भगवान विष्णु की नवविध भक्ति सीखी। अपने पुत्र के मुख से अपने विष्णु का नाम सुनकर हिरण्यकश्यपु क्रोधित हो गया। कई बार समझाने पर भी प्रहलाद ने विष्णु की पूजा पाठ बंद नहीं किया तो इससे क्रोधित होकर असुरराज ने अपने पुत्र के वध करने का आदेश दे दिया। सैनिकों द्वारा उसे विष दिया गया, उस पर तलवार से प्रहार किया गया, विषधरों के सामने छोड़ा गया, हाथियों के पैरों तले कुचलवाना चाहा, पर्वत से नीचे फिंकवाया, लेकिन श्रीहरि विष्णु कृपा से प्रहलाद का बाल भी बांका नहीं हुआ। उल्लेखनीय है कि फाल्गुन शुक्ल सप्तमी को प्रहलाद को बंदी बनाकर पूरे आठ दिन तक त्रास दिया गया। उसे हर प्रकार से मारने का प्रयास किया। हिरण्यकश्यपु को चिंता होने लगी की यह नहीं मरा तो लोग विष्णु की ही भक्ति करने लगेंगे। उसकी चिंता को देखकर उसकी बहन होलिका ने कहा कि आप चिंता ना करें भैया, मुझे ब्रह्मा से वरदान प्राप्त है कि मैं किसी भी प्रकार से अग्नि में जलकर नहीं मर सकती हूं। अग्नि में तो सभी भस्म हो ही जाते हैं। तब हिरण्यकशिपु ने अपनी बहन होलिका से कहा कि तुम प्रहलाद को अपनी गोदी में लेकर अग्नि में बैठ जाओ, जिससे वह जलकर भस्म हो जाएगा। होलिका को वरदान था कि उसे अग्नि तब तक कभी हानि नहीं पहुंचाएगी, जब तक कि वह किसी सद्वृत्ति वाले मानव का अहित करने की न सोचे। होलिका यह बात भूल गई थी। वह अपने भाई की बात को मानकर अपने भतीजे प्रहलाद को गोदी में लेकर अग्नि में बैठ गई। उस दिन फाल्गुन माह की पूर्णिमा थी। सद्वृत्ति वाले प्रहलाद का अहित करने के प्रयास में होलिका तो स्वयं जलकर भस्म हो गई और प्रहलाद श्रीहरि विष्णु का नाम जपते हुए अग्नि से बाहर आ गया।

# भाकियू के पदाधिकारियों ने सौंपा ज्ञापन



**स्वतंत्रभारत, जैदपुर बाराबंकी**। गोंडा बहराइच राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित सहाबपुर टोल प्लाजा के पुराने कर्मचारियों को निकाले जाने पर भारतीय किसान यूनियन के पदाधिकारियो ने जिला अधिकारी को ज्ञापन सौंप कर पुराने कर्मचारियों के समायोजन एव अव्यवस्थाओं को दूर करने की मांग की है। बताते चले कि शाहबपुर स्थित टोल प्लाजा का ठेका अभी तक शिवचंद्रा त्रिपाठी प्राइवेट कंपनी के नाम से था। गत 23 ?रवरी से ठेका सूर्या इंटरप्राईजेज कम्पनी को दे दिया गया। नई कंपनी को टोल मिलते ही मैनेजर ने पहले से तैनात करीब 25 टोल कर्मचारियों को निकालकर बाहरी टोलकर्मियों को रख लिया है। कर्मचारियों का आरोप है कि उन्हें बिना किसी स्पष्ट कारण के नौकरी से हटा दिया गया जो पूरी तरह अन्यायपूर्ण है। आक्रोशित कर्मचारियों ने भारतीय किसान यूनियन के समर्थन से जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपकर न्याय की मांग की। उनका कहना है कि भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण की गाइडलाइंस में स्थानीय लोगों को प्राथमिकता देने का प्रावधान है, फिर भी नियमों की अनदेखी की जा रही है। कर्मचारियों ने चेतावनी दी है कि यदि उनकी मांगों पर शीघ्र सकारात्मक कार्रवाई नहीं हुई तो वे आंदोलन के लिए बाध्य होंगे। भारतीय किसान यूनियन बंकी ब्लाक अध्यक्ष रमानंद ने बताया कि ग्राम पंचायत सहाबपुर के राजस्व अभिलेखो मे दर्ज तालाब की भूमि पर टोल प्लाजा का आफिस बना दिया गया है जिससे गाँव की जलनिकासी नहीं हो पा रही है जिससे हमेशा जलभराव की स्थित बनी रहती है। इसके आलावा टोल प्लाजा पर क्रेन व एम्बूलैंस न उपलब्ध होने की शिकायत की। सर्विस लेन व धर्मकांटा चालू कराने की मांग की प्रशासन ने मामले की जांच कर आवश्यक कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

## दो बाईकों की हुई भिड़ंत, चार लोग घायल

**स्वतंत्रभारत, जैदपुर बाराबंकी**। शादी समारोह में शामिल होने जाते समय दो मोटरसाइकिल आमने सामने से भीड़ी चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गये राहगीरों की मदद से घायलों को समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जैदपुर लाया गया हालत को देखते हुये घायलों को रेफर किया गया।बताते चलें कि सोमवार को लगभग चार बजे दरियाबाद थाना निवासी अंकित कुमार पुत्र लाल बहादुर राहुल पुत्र सदाशिव आरती वर्मा एक मासूम लड़की सहित चार लोग अपनी मोटर साइकिल यूपी 41 बी डी 2363 पर सवार होकर एक शादी समारोह में शामिल होने अरणपुर जा रहे थे कि अचानक दूसरी ओर आरसी एक मोटर साइकिल बादीपुर भानमऊ रोड पर आमने सामने की टक्कर हो गयी जिससे चारों लोग गंभीर रूप से घायल हो गये घटना होते देख ग्रामीण एकठठा हो गये है जिन्हें सी एच सी जैदपुर लाने पर हलत को देखते हुए घायलों को जिला अस्पताल भेज दिया गया है।

# 12 घंटे तक बंद रहेंगे लोधेश्वर मंदिर के कपाट




**स्वतंत्रभारत, रामनगर बाराबंकी**। क्षेत्र स्थित प्रसिद्ध तीर्थ स्थल लोधेश्वर महादेव मंदिर के कपाट मंगलवार को पड़ने वाले चंद्र ग्रहण के चलते सूतक काल से ही श्रद्धालुओं के लिए बंद रहेंगे। मंदिर पुजारी वीरेंद्र अवस्थी के अनुसार ग्रहण से पहले लगने वाले सूतक के साथ ही पूजा-अर्चना और दर्शन रोक दिए जाएंगे इसी लिए सुबह साढ़े छ से शाम साढ़े छ तक मंदिर बंद रहेगा। 3 मार्च मंगलवार को चंद्र ग्रहण का समय दोपहर 3¬19 बजे से शाम 6¬47 बजे तक है। धार्मिक मान्यता के अनुसार चंद्र ग्रहण से नौ घंटे पहले सूतक काल लग जाता है। इस आधार पर सूतक सुबह लगभग 6¬30 बजे से प्रभावी हो जाएगा। सूतक शुरू होते ही मंदिर के कपाट बंद कर दिए जाएंगे।इस प्रकार सूतक और ग्रहण अवधि को मिलाकर मंदिर लगभग 12 घंटे तक बंद रहेगा। ग्रहण समाप्ति के बाद6 बजकर अड़तालिस मिनट पर मंदिर परिसर का शुद्धिकरण, भगवान का अभिषेक एवं आरती होने के पश्चात आम जनमानस के लिए मंदिर खुल जाएगा।मंदिर रिसीवर ने श्रद्धालुओं से अपील की है कि बंदी अवधि में मंदिर न आएं तथा कपाट खुलने के बाद ही दर्शन करें। ग्रहण के बाद श्रद्धालुओं की संभावित भीड़ को देखते हुए व्यवस्थाएं की जा रही हैं।

## खबर एक नजर

### युवती की पिटाई

**स्वतंत्र भारत,हैदरगढ़ बाराबंकी**। बीमार पिता को पड़ोसी के दरवाजे पर बैठाना एक युवती को उस समय भारी पड़ गया। जब विपक्षी के हमले में युवती घायल हो गई। कस्बा सुबेहा के बादल पुरवा वार्ड स्थित बस स्टॉप पर स्थित दुकान मकान में बीमार पिता मैनुद्दीन के साथ रहने वाली उनकी पुत्री सायमा बानो ने सोमवार की सुबह बीमार पिता को धूप में बैठाने के लिए कुर्सी पड़ोसी नूर मोहम्मद के दरवाजे पर डाल दी। बताते हैं कि इसी बात को लेकर उनके पुत्र फैज आलम ने अपनी अपनी पत्नी और पुत्र पुत्रियों के साथ लाठी डंडों से हमला बोलकर घायल कर दिया।

### होली पर्व से दुकानों पर लगी भीड़

**स्वतंत्र भारत बाराबंकी**। सोमवार को होलिका दहन से पूर्व शहर से लेकर ग्रामीण अंचलो तक पर्व से सम्बंधित सामानो की खरीददारी के लिए दुकानों पर भारी भीड़ लगी रही वही घर मे जो दौर गुझिया बनाने का सुबह से शुरू हुआ वह देर शाम तक जारी रहा। ज्ञात हो की ग्रहण काल होने के कारण होलिका दहन के एक दिन बाद यानी बुधवार को रंग खेला जायेगा इस लिए इस बार होली का उत्साह कई दिनों तक चलेगा, सूतक काल से ग्रहण समाप्ति तक मंदिर के कपाट बंद रहेंगे गृहणियां पकवान भी नही बनायेगी इसी कारण से सोमवार को लोग अपने परिवार के साथ पूरे दिन व्यस्त दिखाई पड रहे है, फिलहाल होली का उमंग पूरे जनपद मे है लोग अपनी बधाई एक दूसरे को देने मे लगे है, अबीर, गुलाल, पिचकारी, के साथ घर मे आने वाले मेहमानों, शुभचिंतको को नाश्ता कराने के लिए मन पसंद खाद्य सामग्री खरीदने के लिए लोग आर्थिक स्थित के अनुसार खरीददारी कर रहे है इस दौरान ग्राहकों की सबसे ज्यादा भी? देशी विदेशी मदिरालय पर है।

### मुंडन संस्कार में किया पौधरोपण

**स्वतंत्र भारत बाराबंकी**। जनकल्याण किसान एसोसिएशन द्वारा निरंतर चलाए जा रहे जीवन रक्षार्थ एक पौधारोपण अभियान के तहत रविवार को विकासखंड देवा क्षेत्र के ग्राम भवानीबाग निवासी राहुल यादव के सुपुत्र आकांक्ष यादव के मुंडन संस्कार पर एक अमरूद का पौधा किया गया। पौधारोपण के उपरांत संगठन के अध्यक्ष धर्म कुमार यादव ने बताया कि हमारे संगठन द्वारा मुंडन संस्कार, जन्मदिन, विवाह, वर्षगांठ, धार्मिक व राष्ट्रीय पर्व, तेरहवीं संस्कार में पौधरोपण कराया जा रहा है। यह अभियान पर्यावरण संरक्षण को दृष्टिगत रखते हुए चलाया जा रहा है। अध्यक्ष श्री यादव ने सभी आमजनमानस से अपील करते हुए कहा कि पर्यावरण को बचाने के लिए हम आप सभी को अधिक से अधिक पौधे रोपित करना होगा तभी हमारा पर्यावरण सुरक्षित रह सकता है। इसलिए ऐसे शुभ अवसरों पर सभी लोग एक-एक पौधा अवश्य लगाएं और उसका पालन पोषण करें जो ब?ा होकर एक यादगार बनेगा और हमारे पर्यावरण को भी संरक्षित रखेगा। इस अवसर पर जनकल्याण किसान संगठन के तहसील उपाध्यक्ष सत्यनाम यादव, तहसील सचिव दिलीप कुमार यादव, कथा वाचिका खुशबू शास्त्री, सुनील यादव, संजय यादव, श्रवण यादव, कुबेर यादव, राकेश यादव, दीपेंद्र कुमार, विजय कुमार आदि मौजूद रहे।

### विधायक ने सैनिक का किया नागरिक अभिनन्दन

**बाराबंकी। क**स्बा बडेल में सेवानिवृत होकर घर लौटे सेना के जवान प्रेम सिंह यादव का सदर विधायक सुरेश यादव ने माला पहनाकर और अंगवस्त्र देकर नागरिक अभिनन्दन किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि एक सैनिक जब अपनी सेवा पूरी कर अपनी जन्मभूमि पर लौटता है, तो वह क्षण पूरे क्षेत्र के लिए सम्मान का होता हैं। बता दें कि शहर के ब?ेल निवासी, भारतीय सेना के सिपाही प्रेम सिंह यादव सेना की गौरवशाली सेवा पूरी कर रिटायर्ड होकर अपनी जन्मभूमि वापस लौटे। सुरेश यादव ने प्रेम यादव का मिठाई खिलाकर भव्य स्वागत किया। विधायक श्री यादव ने कहा कि एक सैनिक अपनी जवानी के सबसे महत्वपूर्ण वर्ष देश की सीमाओं की रक्षा में समर्पित कर देता है।

# सड़क हादसे में युवक की दर्दनाक मौत



स्वतंत्रभारत, रामनगर बाराबंकी। तेज रफ्तार ट्रैक्टर ट्राली की टक्कर से मोटरसाइकिल सवार युवक की दर्दनाक मौत हो गई । पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेजा है। यह दर्दनाक हादसा रामनगर बदोसराय मार्ग पर नथनापुर गांव के निकट देर शाम घटित हुआ। पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए ट्रैक्टर ट्राली एवं चालक को हिरासत में ले लिया है।प्राप्त जानकाी के अनुसार सोमवार की शाम लगभग 6 बजे रामनगर के मोहल्ला धमे?ी निवासी गौरी शंकर पुत्र सहज राम यादव मोटरसाइकिल से मरकामऊ जा रहा था । नथना पुल के करीब पहुंचे ही थे कि आलू से लदी ट्रैक्टर ट्राली से जोरदार टक्कर मार दी जिसके कारण गौरी शंकर की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई।रामनगर प्रभारी निरीक्षक अनिल कुमार पांडेय ने बताया कि शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। इस घटना से संबंधित ट्रैक्टर ट्राली एवं चालक को भी हिरासत में लिया गया है। आवश्यक कार्रवाई जारी है।

## मानवता का संदेश वाहक ग्रन्थ है तुलसी का मानस : महंत लालतादास

**स्वतंत्र भारत हैदरगढ़ बाराबंकी**। तुलसी का मानस मानवता का सन्देश वाहक ग्रन्थ है। इसमें मर्यादा पुरु?षोत्तम राम के आचार-व्यवहार के द्वारा समाज को आपस में बैर भाव छोड़कर सबसे प्रेम और मित्रता करने की प्रेरणा दी गयी है। यह विचार बहुता धाम में आयोजित 98वें नवदिवसीय मानस सम्मेलन के उद्?घाटन अवसर पर प्रेमदास कुटी हैदरगढ़ के वयोवृद्ध साधक संत महन्त लालतादास जी महाराज ने व्यक्त किये। महन्त जी ने आज की वैश्विक परिस्थितियों में रामचरित मानस की उपादेयता पर प्रवचन करते हुए कहा कि आज सर्वत्र अशान्ति और असन्तोष फैला है। समाज ही नहीं अपितु विश्व के अनेक राष्ट्र परस्पर संघर्ष कर रहे हैं। ऐसे समय में राम का जीवन चरित अपनाने की आवश्यकता है। संसार में किसी को हिंसा के द्वारा अपनी या शारीरिक शक्ति के द्वारा अपने वश में नहीं किया जा सकता है अपितु प्रेम एवं सद्भावना से अपना बनाया जा सकता है। पुरु?षोत्तम रामजी ने तो म?नुष्य को ही नहीं अपितु वानर, भालू रीक्ष आदि को भी अपना मित्र बनाकर वश में कर लिया। हिंसक पशु भी बैर छोड़कर बनवास काल में राम के साथ रहते थे। 6बैर बिहार चरहि एक संगा।अजय शास्त्री बिन्दु ने कहा कि भगवत प्राप्ति की पहली सीढ़ी शांत मन से भगवान का भजन है। भजन करने से मन की एकाग्र होता है। शुद्ध पवित्र मन ही लोक-परलोक की उन्नति का साधन है।मुरैना मध्यप्रदेश से आये राम निवास शास्त्री ने बताया कि भारतवर्ष संतो-महिलाओं की साधना का पावन देश है। यहाँ का संत साहित्य ही भारतीय जीवन-शैली को नियंत्रित कर सन्मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है। शास्त्री जी ने इस कार्यक्रम की सुदीर्घ परम्परा की चर्चा करते हुए बताया कि आज से 98 वर्ष पूर्व सदगृहस्थ संत रामभरोसे दास पाण्डेय एवं रामधनदास जी ने प्रारम्भ किया था जिसे श्रीयुत श्रीधर पाडेय जी ने आगे बढ़ाया और धीरे-धीरे इसे शिवहरीलाल पाण्डेय ने इसका विस्तार किया जो उसी परम्परा में सुशील पाण्डेय के द्वारा विधि विधान से सम्पादित किया जा रहा है।

## 90 लीटर कच्ची शराब जब्त

**स्वतंत्र भारत फतेहपुर, बाराबंकी**। आबकारी आयुक्त के निर्देश पर जिले में अवैध शराब के खिलाफ विशेष प्रवर्तन अभियान चलाया गया। जिला आबकारी अधिकारी कुलदीप दिनकर के मार्गदर्शन में आबकारी निरीक्षक गजेन्द्र प्रसाद और उनकी टीम ने रविवार को व्यापक छापेमारी की। अभियान के दौरान फतेहपुर क्षेत्र के ग्राम बेह?पुरवा में ड्रोन की मदद से सघन तलाशी ली गई। इसके अतिरिक्त बसारा, कस्बा कुर्सी (थाना कुर्सी), कस्बा फतेहपुर और सा?मऊ (थाना फतेहपुर) में आबकारी निरीक्षक क्षेत्र-4 फतेहपुर ने अधीनस्थ स्टाफ और स्थानीय पुलिस बल के साथ दबिश दी। इस कार्रवाई में कुल 18 स्थानों पर छापेमारी करते हुए लगभग 90 लीटर कच्ची शराब बरामद की गई। बरामदगी के आधार पर आबकारी अधिनियम के तहत तीन मुकदमे दर्ज किए गए हैं। यह अभियान जिले में अवैध शराब के निर्माण, भंडारण और बिक्री पर पूर्ण नियंत्रण के उद्देश्य से लगातार चलाया जा रहा है।

# परिजनों को बेसुध हालत में मिला संदिग्ध परिस्थितियों में लापता रेलवे कर्मचारी

**स्वतंत्रभारत, रामनगर बाराबंकी**। चलती ट्रेन से संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हुए रेलवे कर्मचारी को अपहरणकर्ताओं ने फिरौती मिलने के बाद रामनगर-गोंडा बाईपास पर छोड़ दिया। बेसुध अवस्था में मिले युवक को परिजन घर ले आए। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।थाना क्षेत्र के ग्राम ठेकेदार पुरवा मजरे सिसौंडा निवासी सुनील कुमार पुत्र गनेश प्रसाद बेंगलुरु स्थित क्रांतिवीर रेलवे स्टेशन पर टिकट बाबू के पद पर कार्यरत हैं। उन्होंने बताया कि 28 फरवरी की शाम वह बुढ़वल जंक्शन से आनंद विहार एक्सप्रेस द्वारा ड्यूटी के लिए निकले थे। रात करीब 10 बजे परिजनों से फोन पर बातचीत के बाद खाना खाकर अपनी सीट पर सो गए। देर रात जब आंख खुली तो खुद को एक बंद कमरे में पाया।सुनील के अनुसार दरवाजा खटखटाने पर एक युवक आया और जान से मारने की धमकी देते हुए एक लाख रुपये की मांग की। अपहरणकर्ताओं ने उनके पिता गनेश प्रसाद से रविवार शाम करीब तीन बजे बात कराई। इसके बाद उन्हें दोबारा कमरे में बंद कर दिया गया। परिजनों ने बताए गए नंबर पर 10 हजार रुपये भेजे, जबकि 90 हजार रुपये लंबित होने का स्क्रीनशॉट भेजा गया। इसके बाद भी उन्हें बंधक बनाए रखा गया।सोमवार को नकाबपोश अपहरणकर्ता एक कार से उन्हें लाकर रामनगर-गोंडा बाईपास पर सड़क किनारे छोड़ गए। होश आने पर पास के एक दुकानदार की मदद से उन्होंने पिता से संपर्क किया। सूचना पर पहुंचे परिजन उन्हें शाहपुर चौराहे स्थित अपनी दुकान पर ले गए, जहां प्राथमिक उपचार के बाद घर ले जाया गया।पिता गनेश प्रसाद ने बताया कि बेटे के अपहरण व फिरौती मांगे जाने के संबंध में स्थानीय थाने में शिकायत पत्र दिया गया था। इस संबंध में कोतवाल अनिल कुमार पांडे ने बताया कि अथक प्रयासों के बाद युवक सकुशल बरामद हुआ है। मामले में आगे की विधिक कार्रवाई की जा रही है।

# होली पर्व पर प्रवर्तन दल ने की यात्री वाहनों की कड़ी जांचट, 10 चालान



**स्वतंत्र भारत, बाराबंकी**। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर होली पर्व पर स?क सुरक्षा और यात्री सुरक्षा, सुगम यात्रा सुनिश्चित करने को लेकर परिवहन विभाग द्वारा विशेष अभियान चलाया गया। इस दौरान प्रवर्तन टीमो द्वारा हाइवे पर यात्री वाहनों की क?ी जाँच करते हुये लंबी दूरी की बसों में दो ड्राइवर अनिवार्यता, चालकों को सुरक्षित ड्राइविंग, व्यवहार, शराब पीकर गा?ी न चलाने, क्षमता से अधिक यात्रियों को न बैठाने को लेकर जागरुक किया गया। साथ ही नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्यवाही की गई। आज सोमवार को लखनऊ-अयोध्या हाइवे पर विशेष चेकिंग अभियान के अन्तर्गत सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी प्रशासन अंकिता शुक्ला व यात्री मालकर अधिकारी रवि चन्द्र त्यागी की टीम ने लगभग 35 वाहनो के परमिट, फिटनेस सहित अन्य पत्रावलियो की गहनता से जांच की। तथा नियमो का उल्लंघन मिलने पर 10 वाहनो के चालान किये। इस दौरान एआरटीओ ने यात्रियो को किसी प्रकार की असुविधा होने पर परिवहन विभाग की हेल्पलाइन नम्बर 18001800151 पर शिकायत दर्ज कराने को लेकर जागरुक किया।

# आरेडिका में 83वीं अखिल भारतीय रेलवे पुरूष हॉकी प्रतियोगिता 2026 का समापन




**स्वतंत्र भारत ,रायबरेली**। आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना में 27.02.2026 से 02.03.2026 तक चली 83वीं अखिल भारतीय रेलवे पुरूष हॉकी प्रतियोगिता 2026 सम्पन्न करायी गयी जिसमें आज दिनांक- 02.03.2026 को प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला मध्य रेलवे बम्बई तथा रेल कोच फैक्टरी कपूरथला के बीच खेला गया। इस फाइनल मुकाबले में महाप्रबंधक विवेक खरे मुख्य अतिथि के रूप् में उपस्थित रहे। इस 4 दिवसीय प्रतियोगिता में रेलवे जोन, प्रोडक्शन यूनिटों सहित कुल 8 टीमों के खिला?ी तथा रेलवे बोर्ड के ऑब्जर्बर, टेक्निकल ऑफिशियल, हॉकी फेडरेशन एवं रेलवे बोर्ड स्पोर्टस प्रमोशन बोर्ड के पदाधिकारी सहित कुल 200 लोग ने शामिल हुए।आरेडिका खेल-कूद संघ के अध्यक्ष एवं प्रधान वित सलाहकार बीएल मीना ने बताया कि आगुन्तक खिला?ियों, कोचों, टेक्नीकल ऑफिशियल और रेलवे बोर्ड के अधिकारियों के लिए आरेडिका के खेलकूद संघ द्वारा रहने-खाने की उचित व्यवस्था की गयी थी। खिला?ियों के उचित मार्गदर्शन हेतु एक नियंत्रण कक्ष की स्थापना की गयी। जिससे खिलाडियों को किसी प्रकार की असुविधा का सामना नहीं करना प?ा और प्रतियोगता का सफल अयोजन हो सका। इस 4 दिन चली प्रतियोगिता में आरेडिका के सभी कर्मचारियों तथा उनके परिवार के सदस्यों ने ब?-चढकर हिस्सा लिया। 83वीं अखिल भारतीय रेलवे पुरूष हॉकी प्रतियोगिता 2026 में कई खिला?ी राष्ट्रीय एवं अन्तरराष्ट्रीय स्तर पर खेल चुके हैं, और वर्तमान में भी प्रतिभाग करते हैं।प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला मध्य रेलवे बम्बई तथा रेल कोच फैक्टरी कपूरथला के बीच खेला गया। जिसमें रेल कोच फैक्ट्री कपूरथला 2-0 से विजेता बनी वहीं मध्य रेलवे उपविजेता एवं दक्षिण मध्य रेलवे तृतीय स्थान पर रही।महाप्रबंधक महोदय ने सभी टीमों से खेल भावनाओं का सम्मान करते हुए निष्पक्ष एवं पारदर्शी प्रतियोगिता के सफल आयोजन में सहयोग की सराहना की। सभी खिला?ियो को बधाई दी और उनके उज्वल भविष्य की मंगलकामना की। इस अवसर पर आरेडिका प्रधान मुख्य सामग्री प्रबंधक विजय कुमार श्रीवास्तव, प्रधान सुरक्षा आयुक्त रमेश चन्द्र, प्रधान मुख्य कार्मिक अधिकारी रूपेश श्रीवास्तव, सीएओ रवीश कुमार, आरेडिका खेल-कूद विशेष अधिकारी पदमश्री एवं अर्जुन आवार्डी सुधा सिंह, आरेडिका खेलकूद संघ के सचिव एवं वित सलाहकार एवं मुख्य लेखा अधिकारी अरविन्द कुमार, आरेडिका खेलकूद संघ के सभी सदस्यों सहित उच्चाधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# विवेक खरे बने आरेडिका के नये महाप्रबंधक



**रायबरेली**। विवेक खरे भारतीय रेलवे के यांत्रिक इंजीनियरिंग संवर्ग के वरिष्ठ अधिकारी हैं, जो वर्तमान में मॉडर्न कोच फैक्ट्री (एमसीएफ), रायबरेली में प्रधान मुख्य यांत्रिक अभियंता के पद पर कार्यरत हैं। दिनांक 01 मार्च 2026 से उन्हें महाप्रबंधक, एमसीएफ का प्रभार भी सौंपा गया है, जो उनके नेतृत्व एवं प्रशासनिक दक्षता पर विश्वास को दर्शाता है।उन्होंने वर्ष 1989 बैच के आईआरएसएमई के माध्यम से 03 मार्च 1991 को भारतीय रेल में सेवा प्रारंभ की। तथा 03 मार्च 1991 को ही राजपत्रित सेवा में प्रविष्ट हुए। श्री खरे बीई उपाधि धारक हैं एवं तीन दशकों से अधिक के अपने उत्कृष्ट कार्यकाल में उन्होंने कार्यशालाओं, डीज़ल शेडों, मंडलों, अनुसंधान संस्थानों एवं प्रतिनियुक्ति पदों पर महत्वपूर्ण दायित्व निभाए हैं।उन्होंने अपने प्रारंभिक कार्यकाल में विजयवाड़ा तथा सिकंदराबाद (दक्षिण मध्य रेलवे) में सेवाएँ दीं। तत्पश्चात वे लल्लागुड़ा कार्यशाला एवं तुगलकाबाद डीज़ल शेड (उत्तरी रेलवे) में कार्यरत रहे, जहाँ वर्ष 1997 में उन्हें उत्कृष्ट कार्य के लिए महाप्रबंधक पुरस्कार से सम्मानित किया गया।वर्ष 2000 से 2005 तक वे प्रतिनियुक्ति पर राइटस लिमिटेड में उप महाप्रबंधक/अपर महाप्रबंधक के रूप में भारत एवं बांग्लादेश की परियोजनाओं का दायित्व संभालते रहे। वर्ष 2005 से 2013 तक उन्होंने आरडीएसओ, लखनऊ में निदेशक के रूप में अनुसंधान, डिज़ाइन मानकीकरण एवं तकनीकी उन्नयन में महत्वपूर्ण योगदान दिया। इसके पश्चात वे एडीआरएम, रायपुर तथा मुख्य कार्यशाला प्रबंधक, चारबाग कार्यशाला, लखनऊ (उत्तरी रेलवे) के पद पर 2016 से 2024 तक कार्यरत रहे, जहाँ उन्होंने आधुनिकीकरण एवं उत्पादन दक्षता में उल्लेखनीय प्रगति की।श्री खरे ने 04 अप्रैल 2024 को आधुनिक रेल डिब?बा कारखाना, रायबरेली में कार्यभार ग्रहण किया तथा 03 जुलाई 2024 को उन्हें उच्च प्रशासनिक ग्रेड (॥) में पदोन्नत किया गया। वर्तमान में पीसीएमई एवं महाप्रबंधक के रूप में वे कोच निर्माण में रणनीतिक योजना, उत्पादन विस्तार, गुणवत्ता संवर्धन एवं तकनीकी आधुनिकीकरण का नेतृत्व कर रहे हैं।



# होली खेल रहे अवध बिहारी...



**स्वतंत्र भारत अयोध्या (सं)।** फाल्गुन शुक्ल एकादशी यानी रंगभरी एकादशी के साथ ही अयोध्या धाम में होलिकोत्सव का रंग और अधिक चटख हो चुका है। जैसे-जैसे होली का मुख्य पर्व नजदीक आ रहा है। वैसे-वैसे यहां के मठ-मंदिरों में होलिकोत्सव का उल्लास अपने चरमोत्कर्ष पर है। इसी क्रम में सिद्ध पीठ सीतासदन मंदिर गोलाबाजार चौराहा में अबीर-गुलाल और फूलों की होली खेली गई। जिसे मठ के संस्थापक महंत सीतारमण शरण महाराज ने अपनी सानिध्यता और महंत किशोरी शरण महाराज ने संयोजन प्रदान किया। सायंकाल सबसे पहले मठ के गर्भगृह में विराजमान लोकनाथ भगवान का पूजन-अर्चन, आरती कर गुलाल-अबीर अर्पित किया गया। उसके बाद संतों ने एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाया और फूलों से होली खेली। आश्रम में इसका सिलसिला देररात्रि तक चलता रहा। अयोध्या धाम के नामचीन कलाकारों ने अपने गायन-वादन एवं होलिकोत्सव के रामजी के हाथे कनक पिचकारी..। खेलें सिया संग होली अवध में..,होली खेले रघुवीरा अवध मा.., होली खेल रहे अवध बिहारी..। आदि गीतों से उत्सव में चार-चांद लगा दिया। कलाकारों ने होलिकोत्सव की महफिल सजा दी। इससे श्रोतागण मंत्रमुग्ध हो गए। अंत में सीतासदन मंदिर के पीठाधिपति महंत किशोरी शरण महाराज ने कलाकारों को न्यौछावर भी भेंट किया। उन्होंने कहा कि मठ में होलिकोत्सव का कार्यक्रम धूमधाम से मनाया गया। संतों ने एक-दूसरे संग अबीर, गुलाल से होली खेली। उन्होंने कहा कि होली का पर्व सत्य की विजय और असत्य के पराजय के रूप में मनाया जाता है। होली मिलन की पौराणिक परंपरा का संबंध राक्षसी शक्तियों के समाप्त होने और सत्य की विजय से है। इस दिन लोग एक-दूसरे को रंगों से रँगते हैं, गालों में गुलाल लगाते हैं और एक-दूसरे के साथ खुशी बाँटते हैं। हिरण्यकश्यपु के कहने पर होलिका प्रह्लाद को मारने के लिए अपनी गोद में बैठाकर आग में प्रवेश कर कई। किंतु भगवान विष्णु की कृपा से तब भी भक्त प्रह्लाद बच गया और होलिका जल गई। तभी से बुराई पर अच्छाई की जीत के रूप में होलिका दहन होने लगा और ये त्योहार मनाया जाने लगा। मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम की नगरी अयोध्या में संत और धर्माचार्यों द्वारा फूलों से होली खेली गयी, जिसमें संत धर्माचार्यों द्वारा यह संदेश दिया गया कि बुराई पर अच्छाई की जीत के रूप में होलिका दहन के बाद गुलाल-अबीर और फूलों से लोग होली खेलते हैं और एकदूसरे के गले मिलते हैं, इससे आपसी भाईचारा और सौहार्द पूरे साल बना रहे। होली का त्यौहार मिठास का संदेश देता है। सभी के घरों में तरह-तरह की मिठाईयां बनायी जाती हैं और लोग एकदूसरे के घर जाकर होली मिलते हैं जिससे प्रेमभाव बना रहता है।

## चंद्रग्रहण आज और होली पर्व 4 मार्च को : अशोक वैदिक



**स्वतंत्र भारत अयोध्या (सं)।** अयोध्या धाम के सुप्रसिद्ध कर्मकांड वेदाचार्य अशोक वैदिक ने बताया कि 3 मार्च को खगास चंद्रग्रहण है। जिसके कारण रंगों की होली 4 मार्च को खेली जायेगी। 3 मार्च दिन मंगलवार को लगने वाला खगास चंद्रग्रहण भारत में ग्रस्त उदित खंडचंद्र ग्रहण के रूप में दिखाई देगा। चंद्रग्रहण का सूतक 9 घंटा पहले लग जायेगा। जो इस दिन सुबह 6 बजकर 20 मिनट पर लगेगा। चंद्रग्रहण का प्रारंभ दिन में 3 बजकर 20 मिनट और मध्य सायं 5 बजकर 4 मिनट पर है। ग्रहण का मोक्ष शाम 6 बजकर 47 मिनट पर होगा। उसके बाद मंदिर का पट खुल जायेगा। ग्रहण लगने से 9 घंटा पहले सूतक लग जाता है। जिसे सूतक काल कहा जाता है। इसके कारण 3 मार्च को सुबह 6 बजकर 20 पर मंदिर का पट बंद हो जायेगा। उन्होंने बताया कि चंद्रग्रहण मोक्ष के बाद 4 मार्च को रंगों की होली खेली जायेगी। 2 मार्च को होलिका दहन का मुहूर्त भद्रा पुच्छ रात में 12 बजकर 50 मिनट से रात में 2 बजकर 2 मिनट तक था। इस मुहूर्त में होलिका दहन कर दिया गया। 3 मार्च को ग्रहण सूतक की वजह से रंग की होली 4 मार्च को मनाई जाएगी। अशोक वैदिक ने कहा कि होली का पर्व सत्य की विजय और असत्य के पराजय के रूप में मनाया जाता है। होली मिलन की पौराणिक परंपरा का संबंध राक्षसी शक्तियों के समाप्त होने और सत्य की विजय से है। इस दिन लोग एक-दूसरे को रंगों से रँगते हैं, गालों में गुलाल लगाते हैं और एक-दूसरे के साथ खुशी बाँटते हैं। हिरण्यकश्यपु के कहने पर होलिका प्रह्लाद को मारने के लिए अपनी गोद में बैठाकर आग में प्रवेश कर कई। किंतु भगवान विष्णु की कृपा से तब भी भक्त प्रह्लाद बच गया और होलिका जल गई। तभी से बुराई पर अच्छाई की जीत के रूप में होलिका दहन होने लगा और ये त्योहार मनाया जाने लगा।

## रक्तदान के लिए राम कृष्ण सेवा फाउंडेशन को मिला सम्मान



**स्वतंत्र भारत ब्यूरो (अयोध्या)** रक्तदान के क्षेत्र में उत्कृट योगदान के लिए जिले की चर्चित संस्था राम कृष्ण सेवा फाउंडेशन को बलरामपुर जिले में स्थित अटल बिहारी वाजपेयी मेडिकल कालेज में ब्लड बैंक द्वारा आयोजित भव्य सम्मान समारोह में सम्मानित किया गया। इस मौके पर 50 अन्य संस्थाओ को भी सम्मानित किया गया। ब्लड मैन के नाम से चर्चित संस्था के अध्यक्ष आकाश गुप्ता व महासचिव विजय वर्मा को प्रमाणपत्र, अंगवस्त्र व मोमेंटो मेडिकल कालेज के प्राचार्य डॉ राजेश कुमार चतुर्वेदी, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ मुकेश रस्तोगी, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ राज कुमार वर्मा एवं ब्लड बैंक की डॉ आकांक्षा शुक्ला ने संयुक्त रूप से प्रदान करते हुए संस्था के कार्यो की सराहना किया। ज्ञातव्य हो कि संस्था राम कृष्ण सेवा फाउंडेशन सन 2016 से अभी तक 180 से ज्यादा रक्तदान शिविर का आयोजन कर करीब दस हजार से ज्यादा मरीजों को खून उपलब्ध करा चुकी है और सस्था को वर्ल्ड वुक ऑफ रिकार्ड लंदन सहित देश के दस से ज्यादा राज्यों में सम्मानित हो चुकी है और इस संस्था द्वारा प्रतिवर्ष अयोध्या जिले में रक्तदान महोत्सव का आयोजन करती है जिसमें देश के सभी राज्यों के रक्तदाता व रक्तदान से जुड़ी संस्थाएं हिस्सा लेती है। संस्था अध्यक्ष आकाश गुप्त ने यह यह सम्मान उन सभी रक्तदाताओं को समर्पित करते हुए कहा कि इस सम्मान के असली हकदार देव तुल्य रक्तदाता है जिनके वजह से संस्था जरूरतमंदो को निरंतर खून मुहैया करा रही है। बताते चले कि सेवारत स्पोर्ट टीचर आकाश गुप्ता रेयर ब्लड ग्रुप बी निगेटिव के रक्तदाता है जिनका मूल नाम शीतला प्रसाद गुप्ता है और इन्होने देश के सभी राज्यों में रक्तदान करने का संकल्प ले रखा है और अभी तक 9 राज्यों में कुल 54 बार रक्तदान कर चुके है। ये भारतीय रेडक्रास के आजीवन सदस्य भी है और जिले की कई संस्थाओ से जड़कर समाजसेवा कर रहे है।

## जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक ने होली पर्व पर अकबरपुर नगर में किया पैदल भ्रमण



**स्वतंत्र भारत अम्बेडकरनगर (सं.)** होली पर्व को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में सम्पन्न कराने हेतु जिलाधिकारी अनुपम शुक्ला ने पुलिस अधीक्षक अभिजीत आर. शंकर सहित प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारियों के साथ अकबरपुर नगर के विभिन्न क्षेत्रों में पैदल भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था का सघन निरीक्षण किया। इस अवसर पर जिले के आला अधिकारी भी मौजूद रहे। इस अवसर पर जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक द्वारा सम्बन्धित अधिकारियों और पुलिस बल के जवानों को कानून व्यवस्था बनाये रखने के निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने कहा कि होली पर्व पर लोग शांतिपूर्वक मनायें नहीं तो कानून अपना काम करेगा। उन्होंने कहा कि होली सौहार्दपूर्ण मनायें, सद्भावना का संदेश जाय।

## होली पर्व को सुरक्षित और सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनायें



**स्वतंत्र भारत ब्यूरो (अयोध्या)** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डा. गौरव ग्रोवर ने जिले के सभी थाना क्षेत्रों के ग्रामीण क्षेत्रों में कहा है कि त्यौहारों को सुरक्षित एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनायें। उन्होंने जारी अपने आदेश में कहा है कि जनपद के समस्त अधिकारीगण थाना प्रभारी द्वारा पुलिस बल के साथ अपने-अपने क्षेत्रान्तर्गत होली पर्व को मनाने के लिये रूट मार्च करायें।

## शिया समुदाय के धार्मिक नेता की शोकसभाओं का दौर जारी



**स्वतंत्र भारत (अंबेडकरनगर)** शिया समुदाय के सर्वोच्च धार्मिक नेता आयतुल्लाह सैयद अली खामेनेई की हत्या के बाद उपजा रोष थमने का नाम नहीं ले रहा। जनपद के विभिन्न स्थानों शोक सभाओं का दौर जारी है। शिया समाज के लोगों ने रहबरे मोअज्जम की तस्वीर व नारे लिखी तख्तियों के संग मशाल जुलूस निकाल कर विरोध प्रदर्शन किया। लोरपुर ताजन स्थित मस्जिद हुसैनाबाद में अंजुमन हुसैनिया के नेतृत्व में मशाल जुलूस व सभा का आयोजन किया गया। मौलाना अफराज हैदर खॉन, मौलाना अली अरशद नकवी, मौलाना सैयद इंतेजार मेहदी व मौलाना सैयद शारिब अब्बास ने इजरायल-अमरीका के अतिरिक्त इन देशों का साथ देने वाले खाड़ी मुल्कों की भी कटु आलोचना किया। अब्दुल्लाहपुर इमामबाड़े के सामने भी विरोध प्रदर्शन किया गया। इमामबाड़ा मीरानपुर में अंजुमन अकबरिया की ओर से रेहान जैदी के संचालन व पेशइमाम जामा मस्जिद मौलाना अकबर अली वायज की अध्यक्षता में शोकसभा का आयोजन हुआ जिसमें शिया और सुन्नी समुदाय के लोगों ने प्रतिभाग किया। जिसमें मौलाना मुहम्मद अब्बास, मौलाना रिजवान हुसैन, मौलाना अली अब्बास शीराजी, मौलाना शाहिद हुसैन, मौलाना नदीम हैदर सहित फरहत अब्बास, गालिब अब्बास, सद्दाम हुसैन एवं मुराद अली ने संबोधित करते हुए कहा सैयद अली खामेनेई एक व्यक्ति नहीं बल्कि स्वयं में एक आंदोलन थे। उनकी मानवतावादी विचारधारा सदैव जीवित रहेगी। टांडा, सिकंदरपुर में भी कैंडिल मार्च का आयोजन किया गया।

## पति-पत्नी के विरुद्ध मारपीट की धारा में केस दर्ज

**स्वतंत्र भारत मवई (सं.)** बाबा बाजार थाना क्षेत्र के ग्राम बहबरा मजरे सुनवा में एक पक्ष के लोगों ने दूसरे पक्ष पर हमला कर दिया। हमले में महिला समेत तीन लोग घायल हो गए। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर पति पत्नी के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी। थानाध्यक्ष बाबा बाजार शैलेन्द्र कुमार आजाद ने बताया कि ग्राम बहबरा मजरे सुनवा के जगन्नाथ ने थाने पर तहरीर देकर आरोप लगाया कि गांव के राजेश पुत्र पचई व नीलम पत्नी राजेश ने मुझे व मेरे भाई सुकई व मेरी मां के साथ मारपीट की। चोट लगने से मेरे भाई बेहोश हो गए। हमलावरों ने जाते समय जान से मारने की धमकी भी दी है। थानाध्यक्ष शैलेंद्र कुमार आजाद ने बताया कि जगन्नाथ की तहरीर पर पति पत्नी के विरुद्ध धारा 110, 115 (2) 352, 351 (3) बी एन एस के तहत मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही है।

## निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन



**स्वतंत्र भारत ब्यूरो (अयोध्या)** जनसेवा की भावना को साकार करते हुए अयोध्या पब्लिक सेवा संस्थान द्वारा रविवार को रायबरेली रोड ओवरब्रिज के नीचे निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में शहर के प्रतिष्ठित चिकित्सकों ने स्वेच्छा से अपनी सेवाएं प्रदान कर जरूरतमंदों का स्वास्थ्य परीक्षण किया। शिविर में डॉ. उपकार, डॉ. विनय कुमार कसौधन, डॉ. आरती तिवारी, डॉ. विवेक गुप्ता, डॉ. आयुष सिंह, डॉ. राहुल कुमार गुप्ता, डॉ. मोनिका, डॉ. विनय कसौधन सहित अन्य चिकित्सकों ने मरीजों का परीक्षण कर आवश्यक परामर्श दिया। कई जरूरतमंदों को निःशुल्क दवाएं भी वितरित की गईं। संस्थान के संरक्षक राकेश श्रीवास्तव एवं अध्यक्ष राहुल श्रीवास्तव ने बताया कि संस्था का उद्देश्य आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग तक स्वास्थ्य सुविधाएं पहुंचाना है। उन्होंने कहा कि भविष्य में भी विभिन्न क्षेत्रों में इस प्रकार के जनहितकारी आयोजन जारी रहेंगे। शिविर में ललिता तिवारी, रजनी सिंह, डॉ. आर.के. यादव सहित बड़ी संख्या में सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित रहे। स्थानीय नागरिकों ने कहा कि इस प्रकार का शिविर लगना आमजन के लिए बड़ी राहत साबित हुआ।

## राठहवेली स्थित इमामबाड़ा में शिया समुदाय ने खामनेई को दी श्रद्धांजलि



**स्वतंत्र भारत ब्यूरो (अयोध्या)** ईरान के सुप्रीम लीडर आयतुल्लाह अली ख़ामेनेई की शहादत की खबर के बाद शहर अयोध्या में शोक और आक्रोश का माहौल देखने को मिला, रविवार की रात्रि इमामबाड़ा जवाहर अली खा से सभी उलेमाओं के नेतृत्व में विशाल कैंडल मार्च निकाला गया, गुदड़ी बाजार होता हुआ चौक घंटाघर होते हुए वापस इमामबाड़ा पहुंचकर संपन्न हुआ। कैंडल मार्च में हजारों की संख्या में उनके चाहने वाले सभी समुदाय धर्म के लोग मौजूद थे। हाथों में मोमबत्तियां और तख्तियां व अलम लेकर शांतिपूर्ण ढंग से अपना विरोध दर्ज कराया। मौलाना मोहम्मद मोहसिन साहब ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि आयतुल्लाह ख़ामेनेई पूरी दुनिया के मज़लूमों के रहनुमा थे। उन्होंने जुल्म के आगे घुटने नहीं टेके और शहीद हो गए। इमामें जुमा जाफर साहब ने कहा कि घटना की कड़ी निंदा की जाती है और अंतरराष्ट्रीय समुदाय को इस पर संज्ञान लेना चाहिए। उन्होंने संयुक्त राष्ट्र से इस मामले में हस्तक्षेप की मांग करते हुए कहा कि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए ठोस कदम उठाए जाने चाहिए। साथ ही, उन्होंने लोगों से अपील की कि वे संबंधित देशों के उत्पादों का बहिष्कार कर शांतिपूर्ण तरीके से अपना विरोध प्रकट करें। मार्च के समापन पर आये हुए जनसैलाब ने ईरान में शहीद हुए लोगो के लिए दुआ की और अमन-ओ-अमान की कामना की व तीन दिन का शोक फैजाबाद मेंरहेगा इसका भी ऐलान किया। कार्यक्रम के दौरान प्रशासन की ओर से सुरक्षा के पुख्ता इंतज़ाम किए गए थे। इस दौरान इमाम जुमा मौलाना जाफर, मौलाना नदीम रजा जैदी, मौलाना आजीम बाकरी, मौलाना कमर मेहंदी, मौलाना मोनीस, मौलाना इकबाल हैदर, मौलाना जफर अब्बास कुमि, मौलाना मंजर हामिद जाफर मीसम, मिर्जा शहाब शाह, अशफ़ाक हुसैन जिया, मोनू मिर्जा, डा. नजमुल हसन गनी, सूर्यकांत पांडे, सुल्तान अशरफ, मोहम्मद राशिद चेयरमैन, मुनीर आबिदी, मौलाना सफ़ी हैदर, शावेज जाफ़री एडवोकेट, वसी हैदर गुड्डु, रिजवान हसनैन, हसन इकबाल, कासिम मेहंदी रूही, अहमद ज़मीर, आरिफ आबिदी, जियो हैदर, शहबाज लकी, अनस खान, जमाल हैदर, वसीम हैदर, इशा कुरैशी, सहित बड़ी संख्या में जनसैलाब उमड़ा रहा।

## सरयू तट पर उतरा फागुन का उल्लास, रोटरी क्लब ग्रेटर फैजाबाद ने मनाया भव्य होली मिलन



**स्वतंत्र भारत ब्यूरो (अयोध्या)** मर्यादा पुरुषोत्तम प्रभु श्री राम की पावन नगरी गुप्तार घाट के तट पर होली आई मस्ती छाई के उद्घोष के साथ रोटरी क्लब ग्रेटर फैजाबाद का पारिवारिक होली मिलन समारोह अत्यंत हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। ढोल-नगाड़ों की थाप, ठंडाई की मस्ती, गुझिया की मिठास व सुबहके साथ सरयू तट के बीच रोटरी परिवार के सदस्यों ने आपसी प्रेम और सौहार्द के रंगों में सराबोर होकर इस पर्व को यादगार बनाया। सांस्कृतिक रंग और मस्ती समारोह का शुभारंभ पारंपरिक ढोल-भांगड़ा और मधुर होली गीतों के साथ हुआ। फागुनी गीतों की धुन पर क्लब के सदस्यों, महिलाओं और बच्चों ने जमकर नृत्य किया और एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर पर्व की बधाई दी। क्लब के अध्यक्ष रोटेरियन संजीव सोनी ने सभी को होली की शुभकामनाएं दी। संचालन में संयोजक रोटेरियन अखिलेश अग्रवाल के विशेष सहयोग और प्रबंधन की सभी ने मुक्तकंठ से सराहना की। इस अवसर पर रोटरी क्लब के संस्थापक अध्यक्ष अनुराग अग्रवाल, पूर्व अध्यक्ष अरुण अग्रवाल, अमित अग्रवाल, दीपक रस्तोगी, नीरज सिंघल, संजय मित्तल, सुनील रस्तोगी, पार्थ अग्रवाल, सचिव सतीश चौरसिया, अभिषेक अग्रवाल, अखिल अग्रवाल, दीपक मेहरोत्रा, जितेंद्र आनंद, रितेश गोयल, मुरली केसरवानी, अनुराग वैश्य, ऐश्वर्या रस्तोगी, जय आहूजा, नितेश रस्तोगी, मुकेश अग्रवाल, महिला विंग की सचिव नीता मित्तल, रश्मि केसरवानी, श्रद्धा अग्रवाल, संगीता सिंघल, रोली दीप, निमिषा वैश्य, रुबी बंसल, सवी आनंद, छवि अग्रवाल, मोनिका अग्रवाल, यश अग्रवाल, शाश्वत एवं क्लब के अन्य पदाधिकारियों सहित रोटरी परिवार के सदस्य बड़ी संख्या में सपरिवार उपस्थित रहे, जिससे पूरा वातावरण उत्सवमय हो गया।

## भाजपा के पूर्व विधायक गोरखनाथ ने नवनियुक्त जिलाध्यक्ष का किया स्वागत



**स्वतंत्र भारत ब्यूरो (अयोध्या)** भारतीय जनता पार्टी के नवनिर्वाचित जिला अध्यक्ष का स्वागत पूर्व विधायक गोरखनाथ बाबा के नेतृत्व में सहादतगंज स्थित बधाई का पुरवा अपने निज आवास पर अंग वस्त्र तथा स्मृति चिन्ह भेंट कर स्वागत किया। बिजली पासी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया तथा ढोल नगाड़ों के साथ उनका भव्य स्वागत किया। पूर्व विधायक गोरखनाथ बाबा ने अपने संबोधन में कहा कि राधेश्याम त्यागी एक समर्पित और कर्मठ कार्यकर्ता हैं, जिन्होंने संगठन के लिए वर्षों तक निष्ठा के साथ कार्य किया है। उन्होंने विश्वास जताया कि उनके नेतृत्व में पार्टी का जिला संगठन नई ऊंचाइयों को छुएगा। नवनियुक्त जिलाध्यक्ष राधेश्याम त्यागी ने आभार व्यक्त करते हुए कहा कि पार्टी नेतृत्व ने जो विश्वास जताया है। उस पर खरा उतरना उनकी प्राथमिकता होगी। इस दौरान महेश ओझा, चंद्रभान यादव, सत्येंद्र कुमार, संदीप, दान बहादुर, करण बाबा, शुभम बाबा, रजत चौधरी, राज चौधरी, सुनील प्रियदर्शी, अभिषेक तिवारी, अजीत मौर्य के अलावा तमाम लोग मौजूद रहे।

## थाने से लौटते समय महिला की मौत, विधायक रामचंद्र यादव ने बंधाया ढांढस



**स्वतंत्र भारत मवई (सं.)** मां कामाख्या नगर पंचायत के सैदपुर गांव में जमीनी विवाद के मामले में थाने से लौट रही दलित महिला की रास्ते में तबीयत बिगड़ने से मौत हो गई। घटना के बाद गांव में शोक का माहौल है। मृतका अपने परिवार की एकमात्र सहारा थीं। उनके निधन से चार मासूम बच्चों के सामने पालन-पोषण और शिक्षा का संकट खड़ा हो गया है। परिजनों के अनुसार महिला जमीन संबंधी विवाद को लेकर थाने गई थीं। लौटते समय अचानक उनकी तबीयत खराब हो गई। आनन-फानन में मदद की कोशिश की गई, लेकिन तब तक उनकी मौत हो चुकी थी। घटना की जानकारी मिलते ही क्षेत्र में चर्चा का विषय बन गया। सूचना पर रुदौली विधायक रामचंद्र यादव पीड़ित परिवार के घर पहुंचे। उन्होंने परिजनों से मुलाकात कर शोक संवेदना व्यक्त की और पूरे घटनाक्रम की जानकारी ली। विधायक ने तत्काल आर्थिक सहायता प्रदान करते हुए कहा कि परिवार को हर संभव मदद दिलाई जाएगी। उन्होंने मौके पर ही एसडीएम को बुलाकर पारिवारिक लाभ योजना, आवास योजना, राशन कार्ड सहित अन्य सरकारी योजनाओं का लाभ प्राथमिकता के आधार पर दिलाने के निर्देश दिए। साथ ही बच्चों की शिक्षा व्यवस्था सुनिश्चित कराने को भी कहा। विधायक ने प्रशासन से मामले की निष्पक्ष जांच कराने की मांग की है। उनका कहना है कि यदि किसी प्रकार की लापरवाही सामने आती है तो संबंधितों के खिलाफ कार्रवाई की जानी चाहिए। ग्रामीणों ने भी परिवार की मदद की मांग की है। प्रशासन ने आवश्यक कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

# अवैध काम छोड़ दें पुलिसकर्मी : सीएम योगी

## बनारस में कहा, महिलाओं के लिए महिला जिम ट्रेनर ही रहें



**वाराणसी।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सर्किट हाउस में कानून व्यवस्था की बैठक के दौरान पुलिस से कहा कि सभी जिम की जांच कराएं। सुनिश्चित करें कि सभी जिम में महिलाओं के लिए महिला ट्रेनर की व्यवस्था हो। दरअसल, मिर्जापुर में जिम के जरिये धर्म परिवर्तन का मामला आया था। मुख्यमंत्री ने कहा कि अवैध गतिविधियों में लिप्त व्यक्तियों पर कठोर कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। साथ ही अवैध गतिविधियों में लिप्त पुलिस कर्मियों पर भी सख्त कार्रवाई की जाए। सड़क सुरक्षा की नियमित बैठकें करें और ज्यादा से ज्यादा जागरूकता कार्यक्रम कराएं। उन्होंने जनपद में होली, आगामी पर्वों के दृष्टिगत चाक चौबंद व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। सीएम ने कहा, तीव्र आवाज वाले साइलेंसर, प्रेशर हॉर्न का प्रयोग न हो, सड़कों को अतिक्रमण कर वाहन पार्क न हो, यह सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने स्कूली बच्चों में जागरूकता लाए जाने के उद्देश्य से उन्हें ट्रैफिक नियमों की जानकारी दिए जाने को कहा। मुख्यमंत्री ने कहा कि जहरीली और शराब की अवैध बिक्री कतई न होने पाए इसे सुनिश्चित किया जाए। शराब के अवैध ट्रांसपोर्टेशन पर कड़ी नजर रखें।

लंबित राजस्व वादों का निस्तारण गुणवत्ता पूर्ण और समय सीमा के अंदर सुनिश्चित किया जाए। अविवादित वरासत से जुड़े लंबित वादों का अविलंब निस्तारण किया जाए। अधिकारी नियमित जनसुनवाई करें और मेरिट के आधार पर समुचित समाधान सुनिश्चित कराए। जिले एवं कमिश्नरी स्तर पर व्यापार एवं उद्योग बंधु तथा बैंकों की नियमित बैठकें कराई जाए व उसमें प्राप्त शिकायतों का निस्तारण किया जाए। मंडलायुक्त एस. राजलिंगम ने मुख्यमंत्री के समक्ष भविष्य की प्रस्तावित परियोजनाओं के संबंध में प्रेजेंटेशन भी दिया गया। इससे पहले डीएम सत्येंद्र कुमार ने निर्माणाधीन विभिन्न विकास कार्यों की जानकारी मुख्यमंत्री के समक्ष रखी। पुलिस कमिश्नर मोहित अग्रवाल ने कानून व्यवस्था, गो तस्करों के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई, साइबर अपराध समेत यातायात व्यवस्था की जानकारी मुख्यमंत्री को दी है। एडीजी जोन पियूष मोर्डिया ने जोन की कानून व्यवस्था, साइबर अपराधों के खिलाफ कार्रवाई, मिशन शक्ति समेत आगामी 14 व 15 मार्च को प्रस्तावित पुलिस उपनिरीक्षक परीक्षा के बारे में जानकारी दी है।

बैठक में स्टाम्प राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) रविन्द्र जायसवाल, विधायक डॉ. नीलकंठ तिवारी, महापौर अशोक तिवारी, जिला पंचायत अध्यक्ष पूनम मौर्य, विधायक डॉ. अवधेश सिंह, डॉ. सुनील पटेल, एमएलसी हंसराज विश्वकर्मा, धर्मेंद्र राय, अपर पुलिस आयुक्त शिवहरि मीणा, डीआईजी वैभव कृष्णा, विकास प्राधिकरण उपाध्यक्ष पूर्ण बोरा, नगर आयुक्त हिमांशु नागपाल, सीडीओ प्रखर सिंह, डीएफओ स्वाति सिंह समेत अन्य मौजूद रहे।

## विदेशी यात्री के बैग से मिला सैटेलाइट फोन

**वाराणसी।** लाल बहादुर शास्त्री अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट पर शनिवार को सुरक्षा जांच के दौरान एक विदेशी यात्री के बैग से प्रतिबंधित सैटेलाइट फोन मिला। सीआईएसएफ ने तत्काल उसे हिरासत में लिया और सुरक्षा एजेंसियों को सूचना दी। पुलिस के मुताबिक, आरोपी स्विट्जरलैंड का निवासी आंद्रे सिरिल है, वह मुंबई जाने के लिए एयरपोर्ट पहुंचा था। सीआईएसएफ कमांडेंट ने बताया कि एयर इंडिया के विमान संख्या एआई 696 से वाराणसी से मुंबई जा रहे स्विट्जरलैंड के नागरिक आंद्रे सिरिल के बैग की सिक्योरिटी होल्ड एरिया में स्कैनिंग की, जिसमें संदिग्ध उपकरण दिखाई दिया। बैग की तलाशी ली गई तो उसमें सैटेलाइट फोन मिला। अधिकारी यह जानने की कोशिश कर रहे हैं कि सैटेलाइट फोन किस उद्देश्य से लाया गया था और क्या इसके लिए कोई वैध अनुमति थी या नहीं। थानाध्यक्ष फूलपुर अतुल सिंह ने बताया कि विदेशी नागरिक के पासपोर्ट और वीजा की जांच की जा रही है। जांच पूरी होने और एजेंसियों से क्लीयरेंस रिपोर्ट मिलने के बाद यात्री के खिलाफ होने वाली कानूनी कार्रवाई होगी।

## राशिद नसीम की दौलत का भी होगा हिसाब-किताब

**वाराणसी।** जमीन और लुभावनी स्कीम के जाल में फंसाकर हजारों निवेशकों के अरबों रुपये हड़पने वाले शाइन सिटी ग्रुप के प्रमोटर राशिद नसीम की गिरफ्तारी के बाद ईडी उसकी दौलत दबाने वालों की भी कुंडली खोलेगी। लखनऊ जेल में बंद शाइन सिटी इंफ्रा के स्थानीय

### ■ रकम दबाने वालों का खुलेगा राज

निदेशक मंडुवाडीह के सिंधुरिया कॉलोनी निवासी अमिताभ श्रीवास्तव की पर्सनल असिस्टेंट, पीआरओ और स्थानीय जमीन कारोबारियों को निशाने पर लिया जाएगा। सिगरा के छित्तूपुर निवासी एक कॉलोनाइजर का नाम अमिताभ श्रीवास्तव ने पूर्व में ईओडब्ल्यू की पूछताछ में लिया था, लेकिन ठोस साक्ष्य के अभाव में उक्त कॉलोनाइजर पर पुलिस हाथ नहीं डाल पाई थी। अमिताभ श्रीवास्तव और उसकी पत्नी मीरा श्रीवास्तव दोनों जेल में हैं। चौकाघाट जेल से लखनऊ जेल ट्रांसफर हुए हैं। एक-एक आरोपी पर 35 से 40 प्राथमिकी दर्ज हैं। जमानतदार के अभाव में रिहा नहीं हो पा रहे हैं। शाइन सिटी पर दर्ज मनी लॉन्ड्रिंग मामले में ईडी ने जांच के क्रम में दिसंबर 2023 में आजमगढ़ लालगंज के पूर्व ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि उद्धव सिंह उर्फ सोनू की गिरफ्तारी की थी। आरोप रहा कि 500 करोड़ रुपये वसूलने के साथ ही सोनू ने उत्तर प्रदेश, मुंबई और गुजरात में कई कमर्शियल प्लॉट और प्रॉपर्टी खरीदी थीं। सोनू सिंह ने लखनऊ से ही शाइन सिटी का कारोबार पूरे पूर्वांचल में फैलाया था।

### शाइन सिटी का प्रमोटर नेपाल में भी पकड़ा गया था

जमीन की बुकिंग कराने वाले एजेंटों को कार उपहार में देने वाले राशिद नसीम 2017 के दौरान नेपाल में पकड़ा गया था। वह जेल में बंद रहा। उसी समय उसे जेल से रिहा कराने के लिए वाराणसी से गोरखपुर तक मजबूत पैरवी हुई थी। इस बीच शाइन सिटी के मिर्जामुराद प्रोजेक्ट में जमकर ठगी हुई। इसके बाद से ही राशिद नसीम पर प्राथमिकी दर्ज होनी शुरू हुई तो उसके इनर सर्किल में शामिल लोगों ने रुपये हड़पने के साथ ही जमीन भी हड़प ली।

## एक नजर

### चायनीज मांझे से व्यापारी की गर्दन कटी, जख्मी

**अलीगढ़।** थाना बन्नादेवी क्षेत्र के रेलवे रोड पर रविवार को दुकान बंद कर भाई के साथ स्कूटी से घर लौट रहे व्यापारी की गर्दन चाइनीज मांझे की चपेट में आकर गंभीर रूप से जख्मी हो गई। खून से लथपथ व्यापारी को छोटे भाई ने स्थानीय लोगों की मदद से अस्पताल पहुंचाया। उपचार के बाद देर रात परिजन उन्हें घर ले आए।

कोयला वाली गली निवासी मयंक बंसल की कोतवाली नगर क्षेत्र में अब्दुल करीम चौराहे पर फैंसी आर्टिफिशियल ज्वेलरी की दुकान है। मयंक रविवार शाम करीब 6.45 बजे दुकान बंद कर छोटे भाई शशांक बंसल के साथ स्कूटी से घर लौट रहे थे। रेलवे रोड पर अचानक चाइनीज मांझे की चपेट में आ गए। हालांकि, मयंक ने हेलमेट पहन रखा था इसके बाद भी मांझे की चपेट में आकर गर्दन बुरी तरह से जख्मी हो गई।

### होली के पर्व पर मदिरा की दुकानें रहेंगी बंद

**कुशीनगर।** जिलाधिकारी कुशीनगर महेन्द्र सिंह तंवर ने होली पर्व के अवसर पर जनपद में लोक शान्ति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से मदिरा अनुज्ञापियो के लिए आदेश जारी किया है। जिलाधिकारी द्वारा संयुक्त प्रान्त आबकारी अधिनियम-1910 की धारा -59 में प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करते हुए जनपद की समस्त देशी मदिरा दुकानें, कम्पोजिट दुकानें, मॉडल शॉप्स, बार अनुज्ञापन, भांग एवं ताड़ी की फुटकर दुकानें तथा जनपद के समस्त थोक अनुज्ञापन (देशी मदिरा, विदेशी मदिरा एवं बीयर, 04 मार्च को सायं 5-30 बजे तक बंद रखी जायेगी। जिलाधिकारी ने कहा है कि उक्त बंदी अवधि के लिए संबंधित अनुज्ञापियों को किसी प्रकार का प्रतिफल देय नहीं होगा। डीएम ने सभी संबंधित अधिकारियों एवं अनुज्ञापियों को आदेश का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है। ताकि होली पर्व शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में सम्पन्न कराया जा सके।

### सल्फास खाकर कर आत्महत्या का प्रयास

**जौनपुर।** सल्फास खाकर कर आत्महत्या का प्रयास करने में युवती की हालत गंभीर हो गई। उसका उपचार वाराणसी में चल रहा है। बताया गया है कि तेजी बाजार थाना क्षेत्र के गोरिया कला गांव निवासी दुघर्सन की 22 वर्षीया पुत्री रानी सोमवार सुबह परिजन की किसी बात से नाराज होकर सल्फास का सेवन कर लिया जिससे उसकी हालत बिगड़ते लगी तो परिजन ने उसे जिला अस्पताल पहुंचाकर भर्ती कराया। यहां पर भी चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार करने के बाद हालत में सुधार होता ना देख। बेहतर इलाज के लिए वाराणसी के लिए रेफर कर दिया गया।

### ट्रक के धक्के से ई रिक्शा पलटा, 5 जख्मी

**जौनपुर।** मछलीशहर थाना क्षेत्र के कोढा गांव के पास ट्रक के धक्के से ई रिक्शा पलटने से पांच लोग घायल हो गयें हैं। घटना के बाद पांचों को इलाज के लिए सीएचसी भेजवाया गया, जहां पर चार की हालत को नाजूक देखते हुए उन्हें इलाज के लिए जिला अस्पताल भेज दिया गया है। मालूम हो कि मड़ियाहूं तहसील के ताजुद्दीनपुर गांव निवासी लल्लू पटेल अपने परिवार के साथ ई रिक्शा में मुंगराबादशाहपुर में अपने रिश्तेदार के यहां गयें हुए थें। रविवार की देर जब वह वापस घर लौट रहें थे तो एक ट्रक ने पीछे से ई रिक्शा में टक्कर मार दी। टक्कर लगने के कारण ई रिक्शा पलट गया, जिसमें पांच लोग घायल हो गयें। पांचों को इलाज के लिए सीएचसी लाया गया, जहां चार की हालत गंभीर देखते हुए उन्हें जिला अस्पताल भेज दिया गया है।

## चार पीढ़ियों से 'सौहार्द' बांट रहा मुस्लिम परिवार



**अलीगढ़।** अलीगढ़ के सांप्रदायिक दृष्टि से संवेदनशील कस्बा जलाली में एक मुस्लिम परिवार ऐसा भी है जो चार पीढ़ियों से सौहार्द की फसल बांट रहा है। होली पर गेहूं और जौ की फसल भी तैयार होने लगती है और किसान अपनी फसल की बालियां होलिका में अग्निदेव को समर्पित करते हैं। जिन हिंदू परिवार के पास खेत नहीं है, उन्हें समस्या आती हैं, ऐसे एक मुस्लिम परिवार सौ से अधिक हिंदू परिवारों के यहां जौ की बालियां भिजवाता आ रहा है। मोहल्ला गढ़ी निवासी गुड्डू नंबरदार बताते हैं कि उनके पिता जमालुद्दीन नंबरदार की जलाली में ननिहाल थी, उनके नाना मरहूम हबीब उल्लाह व अता उल्लाह रबी की फसल के साथ कुछ हिस्से में (लगभग तीन बीघा) जौ बोते थे, जिन्हें पूजन वाली होली के दिन काटकर हिंदुओं के घरों में भिजवाते थे। नाना के इंतकाल के बाद ये बीड़ा उनके मामा मौलाना अब्दुल हनीफ ने उठाया, उसके बाद पिता जमालुद्दीन नंबरदार ने भी ननिहाल की परंपरा को आगे बढ़ाया। उसके बाद उनके पुत्र नईमुद्दीन नम्बरदार ने इसे निभाया और 2003 में उनके इंतकाल के बाद से गुड्डू नंबरदार इस परंपरा का निर्वाहन कर रहे हैं।

कस्बे के लोगों का कहना है कि होलिका दहन के बाद घर घर जाकर जौ बांटने की परंपरा है जिसके लिए होली पूजन के दिन गुड्डू नंबरदार के घर से जौ भेजे जाते हैं।

### शास्त्रों में पवित्र कही गई है जौ

मान्यता के अनुसार शास्त्रों और हवन की परंपरा में जौं का बड़ महत्व है। इसकी यज्ञ में भी आहुति दी जाती है। ग्रामीणों का कहना है कि भूनकर इसकी फलियां खाने से बीमारियां और कष्ट दूर होते हैं।

## महिला ने घर वालों के साथ मिलकर प्रेमी को मार डाला

**बलिया।** बलिया के रसड़ा कोतवाली के चिलकहर नत्थोपुर लोहटा मार्ग पर मिले अज्ञात युवक के शव की शिनाख्त 19 दिन बाद हो गई। वह आजमगढ़ निवासी पंकज गुप्ता था। प्रेमिका ने पति, भाई-भाभी सहित पांच लोगों के साथ मिलकर हत्या कर शव के चेहरे पर तेजाब डालकर खेत में फेंका था। पुलिस लाइन सभागार में रविवार को एसपी ओमवीर सिंह ने हत्या का खुलासा किया।

उन्होंने बताया कि युवक की शिनाख्त पंकज गुप्ता (30) निवासी लाहीडीह थाना फूलपुर, आजमगढ़ के रूप में हुई है। पंकज को आजमगढ़ से बुलाकर प्रेमिका रेखा व उसके भाई-भाई सहित पांच रिश्तेदारों ने हत्या कर शव खेत में फेंक दिया था।

शव की शिनाख्त न हो इसके लिए चेहरे पर तेजाब डालकर जला दिया था। स्वाट/सर्विलांस व रसड़ा कोतवाली पुलिस की संयुक्त टीम के प्रयास से हत्या का खुलासा हुआ। तीन अभियुक्तों विजयपाल सिंह उसकी पत्नी अंजनी सिंह और साले मनीष सिंह को गिरफ्तार किया गया है। निशानदेही पर युवक का मोबाइल फोन, तेजाब की दो खाली बोतल, घटना में प्रयुक्त बाइक बरामद की गई है। पुलिस अधीक्षक ओमवीर सिंह ने बताया कि हत्या के पीछे प्रेम संबंध का मामला है। पंकज गुप्ता के बगल के गांव सिकहुला थाना सरायमीर निवासी विजय पाल सिंह की बहन रेखा सिंह से गहरे संबंध थे। कुछ आपत्तिजनक फोटो व वीडियो पंकज के पास थे।

पंकज आए दिन रेखा पर वीडियो वायरल करने की धमकी देकर अनावश्यक दबाव बनाता था। इससे तंग आकर रेखा ने पति अरुण सोनी निवासी नियाऊज थाना फूलपुर व भाभी अंजनी सिंह पत्नी विजय पाल सिंह को ये बात बताई। इसी बीच पांच फरवरी को भाभी अंजनी सिंह के मायके चिलकहर थाना गड़वार में छोटी बहन की शादी थी।

शादी में विजय पाल सिंह, अंजनी सिंह, विजय पाल की बहन रेखा सिंह व पति अरुण सोनी आए हुए थे। चारों ने इस समस्या के संबंध में अंजनी सिंह के भाई मनीष सिंह से बात की। सबने मिलकर योजना बनाई। रेखा ने सात फरवरी को पंकज गुप्ता को मिलने के बहाने रसड़ा बुलाया। पांचों ने मिलकर हत्या कर दी। युवक के बैग व कुछ कपड़ों को वहीं पर जला दिया तथा मोबाइल को कुछ दूरी पर फेंक दिया। अज्ञात शव मिलने के बाद पुलिस के काफी प्रयास के बावजूद शिनाख्त न होने पर निर्धारित समय के बाद शव का पोस्टमार्टम के बाद दाह संस्कार कर दिया गया।

## शराब पीने के बाद कुकर्म का प्रयास, विरोध पर हत्या

**आगरा।** आगरा के थाना सैया क्षेत्र में 14 फरवरी को हुए ऑटो चालक विजयपाल हत्याकांड का पुलिस ने खुलासा कर दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार विष्णु और अमित शुक्ला ने विजयपाल के साथ कुकर्म का प्रयास किया था। विरोध करने

### ■ दो आरोपी गिरफ्तार

पर दोनों ने उसके साथ मारपीट की और जबरन कपड़े उतार दिए। आरोप है कि विरोध जारी रखने पर विजयपाल को धक्का देकर नाले में गिरा दिया और पानी में दबाए रखा, जिससे उसकी मौत हो गई। घटना के बाद शव नाले में फेंक दिया गया। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से मृतक का बैग और दस्तावेज बरामद किए हैं। 17 फरवरी 2026 को धौलपुर (राजस्थान) निवासी हुकम सिंह ने थाना सैंया में तहरीर दी थी कि उनका भाई विजयपाल 14 फरवरी को दो अज्ञात युवकों के साथ ऑटो से गया था, जिसके बाद वह लापता हो गया। अगले दिन सैंया- इरादतनगर मार्ग पुल के पास ऑटो लावारिस खड़ा मिला। कुछ दूरी पर विजयपाल के कपड़े-चप्पल पड़े मिलेए। नाले में उसका शव बरामद हुआ। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजने के साथ ही जांच शुरू कर दी थी। पुलिस, एसओजी और सर्विलांस टीम ने मुखबिर की सूचना पर लाडूखेड़ा पेट्रोल पंप के पास से दो आरोपियों को गिरफ्तार किया। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि 14 फरवरी को उन्होंने 300 रुपये में ऑटो किराए पर लिया। रास्ते में शराब पी और चालक को भी पिलाई। रेलवे ओवरब्रिज के पास दोनों ने चालक के साथ गलत हरकत करने की कोशिश की। विरोध करने पर उसे सड़क से नीचे खाई की ओर ले गए। जबरन कपड़े उतारे। झगड़ा बढ़ने पर उसे नाले में धक्का दे दिया और पानी में डुबोकर मार डाला।

## दिमागी बीमारियों का पता लगाएगी डिवाइस

### डॉक्टरों का बड़ा दावा, बच्चों की मृत्युदर घटी



**आगरा।** तकनीक से बीमारियों की जांच, इलाज और सर्जरी बेहद आसान हो रही है। अब ऐसी डिवाइस उपयोग हो रही हैं, जिससे दिमागी बीमारियों को आसानी से पता कर इलाज किया जा सकेगा। इससे अतिगंभीर मरीजों की मृत्युदर कम की जा सकेगी। माल रोड स्थित होटल में इंडियन एकेडमी ऑफ पीडियाट्रिक्स की कार्यशाला में डॉक्टरों ने व्याख्यान दिए।

पीजीआई चंडीगढ़ के बाल रोग विभाग के पूर्व अध्यक्ष डॉ. सुनित सिंघी ने बताया कि पीडियाट्रिक इंटेंसिव केयर यूनिट (पीआईसीयू) में भर्ती 110 बच्चों पर अध्ययन किया। इसमें एक एमएम की डिवाइस कैथेटर से दिमाग में पहुंचाया। इससे ऑक्सीजन की मात्रा, रक्त का संचार, बेहोश होने पर मस्तिष्क के संचालन समेत अन्य की जानकारी मॉनीटर के जरिये रिकॉर्ड कीं। इसके आधार पर इलाज कर 55 बच्चों की जान बच गई। ये काफी बेहतर दर है। नेशनल पीडियाट्रिक इंफेक्शन डिजीस एकेडमी के अध्यक्ष डॉ. संजय घोरपड़े ने बताया कि दिमागी संक्रमण और बुखार से बच्चों में दौरे की भी परेशानी बढ़ रही है। कार्यशाला में डॉ. अजय कालरा, डॉ. जेएन टंडन, डॉ. पंकज कुमार, डॉ. अनीता हेगड़े, डॉ. बाला सुब्रह्मण्यम, डॉ. आरएन शर्मा, डॉ. एनसी प्रजापति आदि मौजूद रहे। इंटरनेशनल सोसाइटी ऑफ ट्रॉपिकल पीडियाट्रिक्स के अध्यक्ष डॉ. राजेश्वर दयाल ने बताया कि बच्चों में बलगम से टीबी की पता लगाना कठिन है। उन्होंने शोध कर बच्चों के मल से भी सीबीनेट के जरिये बीमारी पता लगाई। ऐसे ही रीढ़ की हड्डी से पानी निकालकर टीबी लैंप से भी पता लगाया है। इससे टीबी का जल्द उपचार शुरू हो सका। आयोजन अध्यक्ष डॉ. राकेश भाटिया ने बताया कि बुखार-खांसी, जुकाम में भी एंटीबायोटिक दवाएं दी जा रही है। इससे ये रेसिस्टेंट हो रही हैं। बीते 20 साल में कोई नई एंटीबायोटिक दवा की खोज नहीं की है। ऐसे में सरकार को एंटीबायोटिक के लिए चिकित्सक का पर्चा जरूरी करने का सुझाव दिया है।

## खाड़ी देशों में हिमाचल के 45 हजार लोग

### परिजन की चिंता बढ़ी, वापसी के लिए विशेष उड़ानों की मांग



**शिमला।** अमेरिका-इजरायल और ईरान के बीच युद्ध के कारण खाड़ी देशों में रह रहे भारतीय मूल के लोगों के परिजन चिंतित हैं। हिमाचल प्रदेश के 45,000 से ज्यादा लोग दुबई, सऊदी अरब, कतर, कुवैत और ओमान में कार्यरत हैं। इन खाड़ी देशों के युद्ध की चपेट में आने से हिमाचल के हजारों परिवारों की चिंता बढ़ गई है। हिमाचल सरकार ने भी ओवरसीज प्लेसमेंट के तहत कई युवाओं को सऊदी अरब भेजा है।

स्थिति की गंभीरता को देखते हुए राज्य सरकार ने अधिकारियों को खाड़ी देशों में रह रहे हिमाचली युवाओं और उनके परिजनों से संपर्क करने के निर्देश दिए हैं। परिजनों और सामाजिक संगठनों ने सरकार से आग्रह किया है कि जरूरत पड़ने पर केंद्र के साथ समन्वय कर विशेष उड़ानों की व्यवस्था की जाए। सिरमौरी जोड़ीदार भाई कपिल नेगी बहरीन में काम कर रहे हैं। कपिल ने सोशल मीडिया पर वीडियो जारी कर कहा कि बहरीन में जहां मैं काम करता हूं, उसके साथ लगते यूएस आर्मी बेस पर मिसाइलें गिराई गई हैं। हालांकि, जिस ओर मैं रहता हूं, वहां हालात सामान्य हैं, लेकिन डर है।

हमीरपुर के रोशन लाल शर्मा का बेटा पंकज और बहू रुचि दोहा (कतर) में रहते हैं। रोशन लाल ने बताया कि बहू ने फोन पर जानकारी दी है कि तनाव के चलते प्रशासन ने घरों से बाहर न निकलने की एडवाइजरी जारी की है। परिवार दिन में कई बार फोन कर उनका हाल जान रहा है। बैजनाथ (कांगड़ा) की सुजाता शर्मा की बहन अनुपम परिवार सहित दुबई में है। सुजाता ने बताया कि टीवी पर दुबई एयरपोर्ट और बुर्ज खलीफा के पास हमले की खबरें देख डर का माहौल है। हालांकि, अनुपम ने व्हाट्सएप मैसेज पर फिलहाल सुरक्षित होने की बात कही है, लेकिन इजरायल-ईरान युद्ध के चलते बेहद चिंता हो रही है।

**हिमाचल से वतन नहीं लौट पा रहे इजरायली**

दिल्ली से खाड़ी देशों के लिए उड़ानें रद्द होने के कारण इजरायली नागरिक हिमाचल से अपने वतन नहीं लौट पा रहे हैं। रविवार को एक इस्राइली महिला गगल एयरपोर्ट पहुंची, लेकिन अंतरराष्ट्रीय उड़ानों की अनिश्चितता के चलते उन्हें यहीं रुकना पड़ा। उन्होंने फोन पर परिवार से संपर्क कर हालात की जानकारी ली। हालांकि, कांगड़ा एयरपोर्ट पर दिल्ली से आने वाली तीन नियमित उड़ानें निर्धारित समय पर पहुंचीं। कांगड़ा हवाई अड्डा के निदेशक अमित सकलानी और वरिष्ठ प्रबंधक शैलेश सिंह ने बताया कि विशेष एडवाइजरी जारी नहीं की गई है। उड़ानें नियमित आ रही हैं।

## खाड़ी में फंसे परिजनों के लिए मेरठवासी परेशान

**मेरठ।** ईरान-इजराइल युद्ध से मेरठ के कई परिवारों की रातों की नींद उड़ गई है। ईरान की ओर से दुबई सहित कई देशों पर किए गए मिसाइल हमले लोग अपनों की सलामती को लेकर

### ■ होटल पर गिरी मिसाइल और दहल गया पूरा दुबई, खाड़ी देशों में फंसे मेरठ के लोग, परिवार सहमे



चिंतित हो उठे हैं। दुबई और ईरान में नौकरी-व्यापार करने वालों के परिजन युद्ध के हालात को लेकर चिंता में डूब गए हैं। युद्ध ने दुबई को पूरी तरह दहला दिया। लिसाड़ी गेट, शास्त्रीनगर और कोतवाली क्षेत्र से बड़ी संख्या में लोग दुबई में नौकरी और व्यापार करते हैं। जैसे ही हमले की खबर सोशल मीडिया पर फैली, मेरठ में रह रहे परिजनों ने फोन खड़खड़ाने शुरू कर दिए। लोग लगातार फोन और व्हाट्सएप के जरिए वहां का हाल जानने की कोशिश कर रहे हैं। दुबई में रहने वाले शहर के सॉफ्टवेयर इंजीनियर सैयद तबरेज अहमद शाह ने हमले के बाद की भयावहता फोन पर बयां की। परिजनों को उन्होंने बताया कि हवाई हमले के चलते सभी नागरिक उड़ानें वहां स्थगित कर दी गई हैं। सभी को घर में रहने की सलाह दी गई है। इसी तरह ईरान में भी मेरठ के लोग हैं। सराफा निवासी आशुतोष ने बताया कि पुराने शहर के ही 80 से अधिक युवा इजराइल में नौकरी, पढ़ाई और कारोबार कर रहे हैं। ईरान में मेरठ कई शिया परिवार भी है। इसमें एक चौड़ा कुंआ और दूसरा जैदी फार्म सोसायटी निवासी परिवार वहां रह रहा है। इसी तरह दुबई में भी मेरठ के सैकड़ों की संख्या में हिंदू मुस्लिम समुदाय के लोग काम कर रहे हैं। दुबई में रह रहे फरहत के भाई रफत ने हमले की जानकारी मिलते ही तुरंत वीडियो कॉल कर हाल जाना। फरहत ने बताया कि डर का माहौल बना हुआ है। वहीं, अब्दुल के भाई आस मोहम्मद का कहना है कि वह दुआएं मांग रहे हैं कि सब ठीक रहे। ऐसे ही शारिक और नदीम जैसे कई युवाओं के परिजन भी मोबाइल स्क्रीन से चिपके हुए हैं।

# पश्चिम एशिया की जंग से दहला शेयर बाजार, 1683 अंक गिरा सेंसेक्स

पश्चिम एशिया में जारी तनाव का असर घरेलू शेयर बाजार पर देखने को मिला। सोमवार को बेंचमार्क सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी में एक प्रतिशत से ज्यादा की गिरावट दर्ज हुई। वैश्विक बाजारों में कमजोर रुझान और विदेशी निधियों की भारी निकासी ने भी बाजार की भावनाओं को प्रभावित किया। रुपया अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 42 पैसे गिरकर 91.50 (अस्थायी) पर बंद हुआ। शुरुआती कारोबार में 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 2,743.46 अंक या 3.37 प्रतिशत गिरकर 78,543.73 पर आ गया। बाद में यह 1,048.34 अंक या 1.29 प्रतिशत की गिरावट के साथ 80,238.85 पर बंद हुआ। दिन के कारोबार में 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 575.15 अंक या 2.28 प्रतिशत गिरकर 24,603.50 पर आ गया। बाद में यह 312.95 अंक या 1.24 प्रतिशत गिरकर 24,865.70 पर बंद हुआ।

**प्री-ट्रेडिंग के दौरान 2,743 अंक गिरा सेंसेक्स** – प्री-ट्रेडिंग के दौरान सेंसेक्स 2,743.46 अंक गिरकर 78,543.73 पर आ गया; निफ्टी 533.55 अंक गिरकर 24,645.10 पर पहुंच गया। शुरुआती कारोबार में रुपया अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 24 पैसे गिरकर 91.32 पर आ गया। हालांकि बाजार खुलते ही 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 1072.86 अंक या 1.32त्न गिरकर 80,214.33 अंक पर आ गया। वहीं 50 शेयरों वाला निफ्टी 333.90 अंक या 1.33त्न गिरकर 24,844.75 अंक पर आ गया।



**निवेशकों के डूबे आठ लाख करोड़ रुपये**– तेज गिरावट के चलते बाजार पूंजीकरण में भी भारी गिरावट दर्ज की गई। कारोबार शुरू होने के शुरुआती कुछ ही मिनटों में निवेशकों की संपत्ति में 8 लाख करोड़ से अधिक की कमी आ गई, क्योंकि बीएसई में सूचीबद्ध कंपनियों का कुल मार्केट कैप पिछले सत्र के 463.50 लाख करोड़ से घटकर करीब 455 लाख करोड़ पर आ गया। मार्केट एक्सपर्ट ने वैश्विक अनिश्चितता के बीच बाजारों की मौजूदा स्थिति पर चिंता जताते हुए कहा कि निवेशक बेहद अस्थिर माहौल में स्थिरता की तलाश कर रहे हैं। उन्होंने एएनआई से बातचीत में कहा, आज की गहराई से अनिश्चित दुनिया में बाजार किसी ठोस सहारे की तलाश कर रहे हैं। हालांकि, ईरान के विदेश मंत्री के इस बयान कि ईरान होरमुज जलडमरूमध्य को बंद नहीं करेगा और नई ईरानी नेतृत्व अमेरिका के साथ वार्ता फिर से शुरू करना चाहता है, इन खबरों से एशियाई बाजारों में शुरुआती भारी गिरावट के बाद जोखिम वाले एसेट्स में हल्की रिकवरी देखने को मिली है। मार्केट एक्सपर्टस के अनुसार, ईरान-अमेरिका तनाव का भारतीय बाजार पर तीन प्रमुख प्रभाव पड़ सकता है। पहला और सबसे बड़ा जोखिम कच्चे तेल की कीमतों में उछाल है, क्योंकि होरमुज जलडमरूमध्य में किसी भी तरह की बाधा वैश्विक तेल आपूर्ति को प्रभावित कर सकती है। भारत जैसे तेल आयात पर निर्भर देश के लिए यह महंगाई, चालू खाता घाटा और कॉरपोरेट लागत बढ़ने का कारण बन सकता है, जिससे बाजार पर अतिरिक्त दबाव बनेगा। दूसरा बड़ा प्रभाव भारत के खाड़ी क्षेत्र में स्थित प्रमुख व्यापारिक साझेदारों पर पड़ सकता है। यदि शिपिंग रूट और सप्लाई चेन बाधित होती हैं, तो भारतीय निर्यातकों को नुकसान झेलना पड़ सकता है, खासकर उन सेक्टरों को जो मध्य पूर्व पर निर्भर हैं। तीसरा जोखिम मध्य पूर्व में काम कर रहे लगभग 90 लाख भारतीयों की सुरक्षा और रोजगार से जुड़ा है। क्षेत्र में तनाव बढ़ने पर श्रम बाजार, रेमिटेंस फ्लो और भारतीय अर्थव्यवस्था पर अप्रत्यक्ष प्रभाव पड़ सकता है।

**अमेरिका-ईरान युद्ध से सोने में 7000 की तेजी**

# सोना 1.66 लाख व चांदी 20,000 बढ़कर 2.87 लाख पर पहुंची

**नई दिल्ली।** अमेरिका-इजराइल और ईरान जंग के चलते सोने चांदी के दाम में सोमवार को बढ़त रहीं। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन के अनुसार, 10 ग्राम 24 कैरेट सोना 7 हजार रुपए बढ़कर 1.66 लाख रुपए पहुंच गया है। इससे पहले इसकी कीमत 1.59 लाख रुपए प्रति 10 ग्राम थी।

वहीं, एक किलो चांदी 20 हजार रुपए बढ़कर 2.87 लाख रुपए पर पहुंच गई है। इससे पहले इसकी कीमत 2.67 लाख रुपए प्रति किलो थी। कमोडिटी एक्सपर्ट अजय केडिया के मुताबिक सोना 1.90 लाख रुपए तक जा सकता है। चांदी 3.50 लाख तक पहुंच सकती है।

युद्ध जैसे अनिश्चित माहौल में निवेशक सोने को सुरक्षित मानते हैं और इसमें पैसा लगाने लगते हैं। इससे इसकी डिमांड बढ़ती है और ये महंगा होने लगता है। सोने-चांदी के दाम बढ़ने के मुख्य कारण- दुनिया में तनाव- मिडिल ईस्ट में अमेरिका-ईरान जंग और रूस-यूक्रेन वार्ता फेल होने से असुरक्षा का माहौल है। लोग गोल्ड में पैसा लगा रहे हैं। फेड रेट कट की उम्मीद- अमेरिकी फेड से इस साल ब्याज दरें घटाने के संकेत दिए हैं। दरें कम होने पर गोल्ड जैसी चीजों की डिमांड बढ़ जाती है। सस्ते में खरीदारी- पिछले दिनों दोनों मेटल्स में बड़ी गिरावट के बाद दाम आकर्षक हो गए। निवेशक और ज्वेलर्स ने सस्ते में खरीदना शुरू कर दिया।



**सोना इस साल 33,000 और चांदी 56,000 महंगी**

इस साल सोने-चांदी की कीमत में तेजी देखने को मिली है। बीते साल के आखिर में सोना 1.33 लाख रुपए प्रति 10 ग्राम पर था, जो अब 1.66 लाख रुपए पर पहुंच गया है। यानी इसकी कीमत इस साल अब तक 56 हजार बढ़ चुकी है। वहीं चांदी भी इस दौरान 61 हजार रुपए महंगी हो चुकी है।

**ज्वेलर्स से सोना खरीदते समय इन बातों का ध्यान रखें**

सर्टिफाइड गोल्ड ही खरीदें- हमेशा ब्यूरो ऑफ इंडियन स्टैंडर्ड का हॉलमार्क लगा हुआ सर्टिफाइड गोल्ड ही खरीदें। ये नंबर अल्फान्यूमेरिक यानी कुछ इस तरह से हो सकता है- 4524। हॉलमार्किंग से पता चलता है कि सोना कितने कैरेट का है। कीमत क्रॉस चेक करें- सोने का सही वजन और खरीदने के दिन उसकी कीमत कई सोर्सेज (जैसे इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन की वेबसाइट) से क्रॉस चेक करें। सोने का भाव 24 कैरेट, 22 कैरेट और 18 कैरेट के हिसाब से अलग-अलग होता है।

# अरामको पर हमला और एलएनजी में 130% उछाल का अलर्ट?

## आर्थिक मोर्चे पर क्या चल रहा समझिए

**नई दिल्ली।** पश्चिम एशिया में इस्राइल और ईरान के बीच जारी युद्ध ने वैश्विक ऊर्जा और वित्तीय बाजारों को गहरे संकट में धकेल दिया है। सोमवार को जहां भारतीय शेयर बाजार में आठ लाख करोड़ रुपये स्वाहा हो गए, वहीं सऊदी अरब की प्रमुख रिफाइनरी पर ड्रोन हमले और गैस (एलएनजी) की कीमतों में भारी उछाल की चेतावनी ने स्थिति को और गंभीर बना दिया है। आइए सवाल-जवाब के जरिए समझते हैं कि इस वैश्विक आर्थिक भूचाल के क्या मायने हैं और भारत अपनी अर्थव्यवस्था को सुरक्षित रखने के लिए क्या रणनीति अपना रहा है।क्रूड में जबरदस्त उछाल और सऊदी अरामको के शटडाउन का क्या कारण है?

ईरान द्वारा किए गए ड्रोन हमलों के बाद सऊदी अरब की दिग्गज तेल कंपनी सऊदी अरामको ने अपनी रास तनूरा रिफाइनरी का संचालन एहतियातन रोक दिया है। 550,000 बैरल प्रतिदिन की क्षमता वाली यह रिफाइनरी मिडिल ईस्ट की सबसे बड़ी रिफाइनरियों में से एक है और सऊदी क्रूड के लिए एक महत्वपूर्ण निर्यात टर्मिनल है। इन हमलों और होर्मुज जलडमरूमध्य में जहाजों की आवाजाही रुकने के कारण सोमवार को ब्रेंट क्रूड फ्यूचर्स में करीब 10त्न का भारी उछाल दर्ज किया गया। %गोल्डमैन सैक्स ने क्या नई चेतावनी जारी की है? कच्चे तेल के साथ-साथ अब वैश्विक गैस बाजार पर भी बड़ा खतरा मंडरा रहा है।



गोल्डमैन सैक्स की ताजा रिपोर्ट के अनुसार, होर्मुज जलडमरूमध्य के जरिए गैस की सप्लाई बाधित होने से एशिया और यूरोप में स्पॉट एलएनजी की कीमतें 130त्न तक उछल सकती हैं। विश्लेषकों का अनुमान है कि यदि सप्लाई एक महीने के लिए भी रुकती है, तो कीमतें 25 डॉलर प्रति एमएमबीटीयू तक पहुंच जाएंगी। कतर और यूएई के जहाजों में हो रही देरी और इस्राइल की ओर से अपने समुद्री गैस क्षेत्रों से उत्पादन कम करने के कारण यह स्थिति बनी है।

# सोयाबीन और बिनौला तेल के भाव में बढ़त, तिलहन कमजोर

**नई दिल्ली।** विदेशी बाजारों में मजबूती और पश्चिम एशिया में भू-राजनीतिक तनाव से आपूर्ति प्रभावित होने के चलते देश के तेल-तिलहन बाजारों में तेजी का रुख देखा गया। सोयाबीन और बिनौला तेल के भाव में सुधार रहा जबकि डी-आयल्ड केक (डीओसी) की कमजोर मांग के चलते सोयाबीन तिलहन में गिरावट दर्ज की गई। सरसों, मूंगफली तेल तिलहन, कच्चा पामतेल (सीपीओ) और पामोलीन तेल के भाव पूर्व स्तर पर बंद हुए। बाजार सूत्रों के अनुसार इस बार खपत बढ़ने के बावजूद खाद्य तेलों का आयात घटा है। नवंबर-दिसंबर 2022 में कुल 31.11 लाख टन (खाद्य व अखाद्य) तेलों का आयात हुआ था जबकि नवंबर-दिसंबर 2023 में यह घटकर 24.72 लाख टन रह गया यानी करीब 21 प्रतिशत की गिरावट दर्ज हुई। पश्चिम एशिया में तनाव के कारण आपूर्ति प्रभावित होने की आशंका बनी हुई है और देश के बंदरगाहों पर सोयाबीन तेल आने में 40 से 45 दिन का समय लग रहा है। विदेशी बाजारों में खाद्य तेलों के दाम नरम रहने के बावजूद घरेलू बाजारों पर इसका असर नहीं पड़ा है, जिससे संकेत मिलता है कि देश में खाद्य तेलों का स्टॉक सीमित है। सूरजमुखी और सोयाबीन जैसे सॉफ्ट तेलों की आपूर्ति कम है और जाड़े व विवाह-शादी के मौसम में मांग बढ़ने से आपूर्ति की दिक्कतें बढ़ सकती हैं। यह स्थिति देशी तेल-तिलहन उत्पादन बढ़ाने की जरूरत को रेखांकित करती है। देश की एक प्रमुख तेल कंपनी पामोलीन तेल के 770 ग्राम के पाउच को 85 रुपये के अधिकतम खुदरा मूल्य पर बेच रही है, जिससे पामोलीन तेल का भाव 120 रुपये प्रति किलो बैठता है जबकि इसका आयात मूल्य 85 रुपये प्रति किलो ही है।

# प्री-ओन्ड बाजार को मिली रफ्तार

**नई दिल्ली।** प्री-ओन्ड गाड़ियों और उपकरणों के लिए भारत के सबसे बड़े फिजिटल मार्केटप्लेस श्रीराम ऑटोमॉल इंडिया ने शामिल उत्सव 2026 का सफल आयोजन किया, जिसमें देशभर में एक साथ 135 से अधिक लाइव ऑक्शन आयोजित हुए और एक दिन में 195 करोड़ से ज्यादा की ग्रॉस ट्रांजैक्शन वैल्यू दर्ज की गई। इस आयोजन में 19,000 से अधिक प्री-ओन्ड वाहन और उपकरण शामिल हुए, जिससे 8,500 से ज्यादा सफल ट्रांजैक्शन हुए। 500 से अधिक शहरों के 25,000 से ज्यादा ग्राहकों ने इसमें भाग लिया। डायरेक्टर एवं सीईओ समीर मल्होत्रा ने बताया कि इस आयोजन में टू-व्हीलर, थ्री-व्हीलर, पैसेंजर और कमर्शियल वाहन, ट्रैक्टर, कृषि उपकरण व भारी मशीनरी का ऑक्शन किया गया, जिससे देश के संगठित एसेट रीमार्केटिंग इकोसिस्टम को मजबूती मिली।

**कैफे अकासा की बढ़त**–कैफे अकासा, अकासा एयर की ऑनबोर्ड भोजन सेवा, ने होली विशेष भोजन लॉन्च किया, जो 1 से 31 मार्च तक क्लब कचौरी, दम आलू और ठंडाई गुजिया जैसे व्यंजनों के साथ यात्रियों को उपलब्ध होगा।

# पश्चिम एशिया में तनाव का असर, दिल्ली एयरपोर्ट पर तीसरे दिन 87 अंतरराष्ट्रीय उड़ानें रद्द

**नई दिल्ली।** पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष के चलते हवाई क्षेत्र बंद होने से परिचालन प्रभावित हो रही है। सोमवार को राजधानी दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर 87 अंतरराष्ट्रीय उड़ानें रद्द कर दी गईं। अधिकारियों के अनुसार इनमें 37 प्रस्थान और 50 आगमन वाली उड़ानें शामिल हैं।अब तक कितनी उड़ानें हुई रद्द? नागरिक उड्डयन मंत्रालय के मुताबिक, पिछले दो दिनों में भारतीय एयरलाइंस ने बढ़ते तनाव के कारण कुल 760 अंतरराष्ट्रीय उड़ानें रद्द की हैं। क्षेत्र में कई एयरस्पेस बंद होने से पश्चिम दिशा की उड़ानों के शेड्यूल पर सबसे ज्यादा असर पड़ा है।

दिल्ली इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड (डायल) ने सोशल मीडिया पर कहा कि पश्चिम एशिया की मौजूदा राजनीतिक परिस्थितियों के कारण कुछ पश्चिममुखी अंतरराष्ट्रीय उड़ानों में देरी और समय-सारिणी में बदलाव हो रहा है। देश का सबसे व्यस्त हवाई अड्डा आईजीआईए रोजाना 1,300 से अधिक उड़ानों का संचालन संभालता है, जिससे व्यवधान का व्यापक असर देखा जा रहा है। इस बीच, आकासा एयर ने अबू धाबी, दोहा, जेद्दा, कुवैत और रियाद के लिए अपनी उड़ानों के निलंबन को 3 मार्च तक बढ़ा दिया है। एयरलाइंस स्थिति पर लगातार नजर बनाए हुए हैं और पश्चिम एशिया से होकर गुजरने वाली उड़ानों के संचालन को लेकर सावधानी बरत रही हैं। एयरलाइन ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि मौजूदा सुरक्षा स्थिति को देखते हुए इन शहरों के लिए आने-जाने वाली सभी उड़ानें 3 मार्च तक स्थगित रहेंगी। कंपनी ने यह भी स्पष्ट किया कि उसकी टीमें सुरक्षा माहौल पर लगातार नजर बनाए हुए हैं और जरूरत के अनुसार परिचालन में बदलाव करती रहेंगी। अकासा एयर के अनुसार, इन मार्गों पर 7 मार्च तक की बुकिंग वाले यात्रियों को पूर्ण रिफंड या बिना अतिरिक्त शुल्क के यात्रा पुनर्निर्धारण (रीशेड्यूल) का विकल्प दिया गया है। पश्चिम एशिया में संकट के कारण अन्य एयरलाइंस ने भी टिकट रद्द करने और यात्रा तिथियों में बदलाव के लिए विशेष छूट की घोषणा की है।

**इंडिगो और कतर एयरवेज ने जारी की एडवाइजरी**

इंडिगो ने यात्रा संबंधी सलाह जारी की है। एयरलाइन ने एहतियाती कदम के तहत चयनित अंतरराष्ट्रीय उड़ानों के अस्थायी निलंबन को आगे बढ़ाने का फैसला किया है, जबकि बदलती परिस्थितियों के अनुरूप कुछ अन्य अंतरराष्ट्रीय सेवाएं भी प्रभावित हो सकती हैं। एयरलाइन ने कहा है कि यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए पश्चिम एशिया और अन्य प्रभावित अंतरराष्ट्रीय सेक्टरों के लिए पूरी लचीलापन और शुल्क माफी दी जा रही है। 28 फरवरी 2026 तक की गई बुकिंग पर 7 मार्च 2026 तक यात्री बिना अतिरिक्त शुल्क के अपनी यात्रा की तारीख बदल सकते हैं या पूरा रिफंड लेने का विकल्प चुन सकते हैं।

इसी बीच, कतर के हवाई क्षेत्र बंद रहने के कारण कतर एयरवेज की उड़ान सेवाएं फिलहाल अस्थायी रूप से निलंबित हैं। एयरलाइन ने स्पष्ट किया है कि कतर सिविल एविएशन अथॉरिटी द्वारा हवाई क्षेत्र को सुरक्षित रूप से दोबारा खोलने की घोषणा के बाद ही उड़ान संचालन बहाल किया जाएगा। कतर एयरवेज ने यह भी बताया कि अगला आधिकारिक अपडेट 3 मार्च को सुबह 9-00 बजे (दोहा समय) यानी 06-00 यूटीसी पर जारी किया जाएगा। दिल्ली इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड (डायल) ने बताया कि पश्चिम एशिया में जारी राजनीतिक घटनाक्रम के चलते पश्चिम दिशा की कुछ अंतरराष्ट्रीय उड़ानों में देरी और समय-सारिणी में बदलाव हो रहा है।

# भारतीय निर्यात क्षेत्र में मजबूत उछाल, वैश्विक अनिश्चितताओं के बीच 6.15% की वृद्धि दर्ज

**नई दिल्ली।** इस वित्तीय वर्ष में भारत की अर्थव्यवस्था का बाहरी क्षेत्र काफी मजबूत बना हुआ है। अप्रैल से जनवरी 2025-26 के बीच देश का कुल निर्यात 720.76 अरब डॉलर तक पहुंच गया, जो पिछले साल इसी अवधि के 679.02 अरब डॉलर से 6.15त्न ज्यादा है। यह जानकारी व्यापार मंत्रालय की हालिया रिपोर्ट में सामने आई है।

**वैश्विक चुनौतियों के बीच भारत का कैसा है प्रदर्शन?**

यह वृद्धि ऐसे समय में आई है जब वैश्विक व्यापारिक परिदृश्य आर्थिक नीति की अनिश्चितताओं और बदलती आपूर्ति श्रृंखलाओं के कारण चुनौतीपूर्ण बना हुआ है। भारतीय व्यापार डेटा स्पष्ट रूप से प्रदर्शित करता है कि देश इन जटिलताओं के बीच भी अपनी क्षमता का प्रभावी ढंग से उपयोग कर रहा है। यह वृद्धि माल और सेवाओं दोनों के निर्यात में देखी गई ताकत का परिणाम है।

**कौन सा क्षेत्र बना प्रमुख चालक?**

सेवा निर्यात विकास का एक प्रमुख चालक बना हुआ है। अप्रैल-जनवरी 2025-26 के दौरान, सेवा निर्यात 354.13 अरब डॉलर रहा, जो पिछले वर्ष की तुलना में 10.57 प्रतिशत अधिक है, जब यह 320.28 अरब डॉलर था।

2024-25 में, सेवा निर्यात पहले ही 387.5 अरब डॉलर के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया था, जिससे 188.8 अरब डॉलर का व्यापार अधिशेष प्राप्त हुआ। इसने भारत को प्रौद्योगिकी, व्यवसाय और पेशेवर सेवाओं के लिए एक वैश्विक केंद्र के रूप में अपनी स्थिति को और मजबूत किया है।

**माल निर्यात में विविध क्षेत्रों का योगदान**– माल निर्यात के मोर्चे पर, विभिन्न क्षेत्रों में व्यापक वृद्धि दर्ज की गई है। इलेक्ट्रॉनिक्स निर्यात तेजी से बढ़ा है और यह सबसे तेजी से बढ़ते क्षेत्रों में से एक के रूप में उभरा है। इसके अलावा, फार्मास्यूटिकल्स, इंजीनियरिंग सामान, पेट्रोलियम उत्पाद, वस्त्र और ऑटोमोबाइल जैसे क्षेत्रों ने भी निर्यात प्रदर्शन में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। उल्लेखनीय है कि रक्षा निर्यात 2024-25 में रिकॉर्ड 23,622 करोड़ रुपये तक पहुंच गया, जो उच्च-मूल्य विनिर्माण में भारत की बढ़ती उपस्थिति को दर्शाता है।

**विविधीकरण और व्यापार समझौते- निर्यात की रीढ़**

भारत के निर्यात की मजबूती को उत्पादों और बाजारों में इसके विविधीकरण से भी बल मिला है। संयुक्त राष्ट्र व्यापार और विकास सम्मेलन (ह्ष्टञ्जष्ठ) के व्यापार विविधीकरण सूचकांकों के अनुसार, भारत उत्पाद विविधीकरण में शीर्ष पांच ग्लोबल साउथ अर्थव्यवस्थाओं और व्यापार साझेदारी विविधीकरण में शीर्ष तीन में शामिल है।

पिछले तीन वर्षों में, भारत ने नौ मुक्त व्यापार समझौतों को अंतिम रूप दिया है, जो 38 देशों को कवर करते हैं और लगभग 70 प्रतिशत वैश्विक सकल घरेलू उत्पाद तक पहुंच का विस्तार करते हैं।

घरेलू विनिर्माण को मजबूत करने, व्यापार वित्त को बढ़ाने और वैश्विक साझेदारियों का विस्तार करने पर निरंतर जोर देने के साथ, भारत आने वाले महीनों में अपने निर्यात की गति को बनाए रखने के लिए अच्छी स्थिति में दिखाई देता है। महामारी के बाद के दौर में, भारत एक तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्था के रूप में उभरा है, जो वैश्विक अनिश्चितताओं से निपटने के लिए अपनी घरेलू ताकत का लाभ उठा रहा है।

# आरबीआई : व्यापार घाटे में वृद्धि, चालू खाते के घाटे में 13.2 अरब डॉलर का इजाफा

**नई दिल्ली।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार, देश के चालू खाते के घाटे (ष्टस्रू) में दिसंबर तिमाही में वृद्धि देखी गई है। यह घाटा पिछले वर्ष की समान अवधि में 11.3 अरब डॉलर (जीडीपी का 1.1 प्रतिशत) से बढ़कर 13.2 अरब डॉलर (जीडीपी का 1.3 प्रतिशत) हो गया है। इस वृद्धि का मुख्य कारण बढ़ते व्यापार घाटे को बताया जा रहा है। व्यापार घाटे के आंकड़े क्या कह रहे?



आरबीआई के आंकड़ों के अनुसार, दिसंबर तिमाही में व्यापार घाटा 93.6 अरब डॉलर रहा, जो पिछले वर्ष की समान अवधि में 79.3 अरब डॉलर था। यह स्पष्ट रूप से दर्शाता है कि आयात, निर्यात की तुलना में अधिक तेजी से बढ़ा है, जिससे व्यापार संतुलन पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ा है। चालू खाता घाटा के बारे में आरबीआई ने क्या बताया? हालांकि, वर्ष 2025-26 की अप्रैल-दिसंबर अवधि के लिए चालू खाते के घाटे में समग्र रूप से सुधार हुआ है। इस नौ महीने की अवधि में घाटा 30.1 अरब डॉलर (जीडीपी का 1 प्रतिशत) रहा, जबकि पिछले वर्ष की समान अवधि में यह 36.6 अरब डॉलर (जीडीपी का 1.3 प्रतिशत) था। यह दर्शाता है कि तिमाही-दर-तिमाही आधार पर कुछ चिंताएं बढ़ी हैं, लेकिन वर्ष के कुल प्रदर्शन में कुछ हद तक स्थिरता आई है।

**सेवा क्षेत्र के बारे में आंकड़ों में क्या कहा गया?**

व्यापार घाटे में वृद्धि के बावजूद, सेवाओं से प्राप्त शुद्ध आय में वृद्धि देखी गई है। दिसंबर तिमाही में, सेवाओं से प्राप्त शुद्ध आय 57.5 अरब डॉलर रही, जो पिछले वर्ष की समान अवधि में 51.2 अरब डॉलर थी। यह भारतीय अर्थव्यवस्था के सेवा क्षेत्र की मजबूती को दर्शाता है, जो व्यापार घाटे के प्रभाव को कुछ हद तक कम करने में सहायक है।

# नया डिजिटल अभियान, दमदार प्रदर्शन पर जोर

**नई दिल्ली।** होली के मौके पर क्रॉम्पटन ग्रीव्स कंज्यूमर इलेक्ट्रिकल्स ने अपनी एआई-संचालित डिजिटल फिल्म 'बिना रुके, ज्यादा चले' लॉन्च की है। फिल्म में होली के उत्सव के दौरान पंप के मजबूत सक्शन और निरंतर जल प्रवाह के जरिए निर्बाध प्रदर्शन का संदेश दिया गया है। मुख्य विपणन अधिकारी तन्मय प्रस्ती के अनुसार, अभियान का उद्देश्य होली की ऊर्जा और उत्साह को आधुनिक एआई स्टोरीटेलिंग के माध्यम से प्रस्तुत करना और भरोसेमंद उत्पाद प्रदर्शन को दर्शाना है। यह अभियान त्योहारों के दौरान डिजिटल और सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर प्रसारित किया जाएगा।

**व्यापार विस्तार**– बजाज ऑटो ने उत्तर प्रदेश में पल्सर एन160 सिंगल सीट स्छ्व वेरिएंट की कीमत घटाकर 1,18,448 की, एमसीबीयू प्रेसीडेंट सारंग कानडे ने युवाओं के लिए हाई-परफॉर्मेंस मोटरसाइक्लिंग को सुलभ बनाने की बात कही।

**जीरो रेफरल फीस लागू**– अमेजन ने फीस में कटौती की घोषणा करते हुए 1,000 रुपये से कम कीमत वाले 12.5 करोड़ प्रोडक्ट्स पर जीरो रेफरल फीस लागू करने का फैसला किया, कंपनी के डायरेक्टर सेलिंग पार्टनर सर्विसेज अमित नंदा ने कहा इससे सैलर्स को 70प्रतिशत तक बचत होगी।

# निवेश के बड़े वादों के साथ एआई समिट का समापन

## वैश्विक व्यापार में हुए बदलाव से भारत को कैसे फायदा

**नई दिल्ली।** राजधानी दिल्ली में आयोजित इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट 2026 का समापन एक ऐतिहासिक वैश्विक घोषणा और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के भविष्य को दिशा देने वाले बड़े निवेश प्रतिबद्धताओं के साथ हुआ। इस छह दिवसीय समिट में करीब 6 लाख लोगों ने प्रत्यक्ष रूप से भाग लिया, जबकि लाइव वर्चुअल स्ट्रीमिंग के जरिए 9 लाख से अधिक कुल व्यूज दर्ज किए गए। कार्यक्रम में 100 से अधिक देशों और 20 अंतरराष्ट्रीय संगठनों के प्रतिनिधिमंडलों ने हिस्सा लिया, जहां जिम्मेदार और समावेशी ्ढ अपनाने पर विशेष जोर दिया गया। इलेक्ट्रॉनिक्स एवं आईटी मंत्रालय (स्न्द्बह्लङ्क) के अनुसार, इंडिया ्ढ इम्पैक्ट समिट डिक्लेरेशन को 92 देशों और अंतरराष्ट्रीय संगठनों का समर्थन प्राप्त हुआ। इस घोषणा में समिट के दौरान गठित सात थीमैटिक वर्किंग ग्रुप्स द्वारा किए गए कार्यों और सुझावों को मान्यता दी गई है। इसके साथ ही 13 प्रमुख वैश्विक और भारतीय फ्रंटियर मॉडल डेवलपर्स ने ÷न्यू दिल्ली फ्रंटियर ्ढ इम्पैक्ट कमिटमेंट्स÷ की घोषणा की, जिसका उद्देश्य भरोसेमंद, सुरक्षित और समावेशी ्ढ तैनाती को बढ़ावा देना है।

समिट ने ्ढ वैल्यू चेन में बड़े वित्तीय निवेशों को भी गति दी। अनुमान है कि इंफ्रास्ट्रक्चर, फाउंडेशन मॉडल, हार्डवेयर और एप्लिकेशन सहित ्ढ से जुड़े क्षेत्रों में 200 अरब डॉलर से अधिक के निवेश की प्रतिबद्धताएं सामने आई हैं। रिलायंस इंडस्ट्रीज ने ्ढ-केंद्रित इंफ्रास्ट्रक्चर के लिए अगले सात वर्षों में 110 अरब डॉलर निवेश करने का संकल्प जताया, जबकि अडानी एंटरप्राइजेज ने 2035 तक 100 अरब डॉलर निवेश की योजना घोषित की। इसके अलावा, टाटा ग्रुप ने ्ढ-रेडी डेटा सेंटर को स्केल करने के लिए ओपनएआई के साथ साझेदारी की घोषणा की, जो भारत में ्ढ इकोसिस्टम को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

**ट्रांसअटलांटिक व्यापार में हो रहे बदलाव से भारत को कैसे मिलेगा फायदा?**

अमेरिका और यूरोपीय संघ के बीच व्यापारिक संबंधों में हो रहा पुनर्संतुलन वैश्विक कारोबार की रणनीतियों को तेजी से प्रभावित कर रहा है, और इसका सबसे बड़ा लाभ भारत को मिल सकता है, खासकर सूक्ष्म और मध्यम उद्यम क्षेत्र (स्रूश्व) में। विश्लेषकों का मानना है कि बदलता ट्रांसअटलांटिक व्यापार ढांचा वैश्विक सप्लाई चेन और निर्यात बाजारों के लिए नए अवसर पैदा कर रहा है।

टी20 विश्व कप का महासंग्राम
स्वतंत्र भारत
लखनऊ, मंगलवार, 3 मार्च 2026
epaper : epaper.swatantrabharat.net web portal : epaper.swatantrabharat.net




# टी20 विश्व कप के सेमीफाइनल में इंग्लैंड से भिड़ेगी टीम इंडिया

**नई दिल्ली।** भारतीय टीम टी20 विश्व कप 2026 के सेमीफाइनल में प्रवेश कर चुकी है। अब टीम का सामना पांच मार्च को मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में इंग्लैंड से होगा। इस मैच में भारतीय टीम जीत के साथ फाइनल में प्रवेश करने के इरादे से उतरेगी। बता दें कि, रविवार को खेले गए मुकाबले में भारत ने वेस्टइंडीज को पांच विकेट से हराकर सेमीफाइनल में जगह पक्की की। भारतीय टीम छठी बार टी20 विश्व कप के सेमीफाइनल में पहुंची है। वहीं, लगातार तीसरी बार टीम इंडिया ने अंतिम चार में जगह है।

टी20 विश्व कप का दूसरा सेमीफाइनल भारत और इंग्लैंड के बीच खेला जाना है। इस मैच में जीतने वाली टीम आठ मार्च को फाइनल मुकाबला खेलेगी। बात करें भारत और इंग्लैंड के हेड-टू-हेड रिकॉर्ड की तो अब तक टी20 विश्व कप में दोनों की पांच बार भिड़ंत हो चुकी है। इस दौरान दो बार दोनों देशों के बीच सेमीफाइनल मैच खेला गया है। पांच मैचों में भारत ने कुल तीन बार जीत दर्ज की है जबकि दो बार इंग्लैंड विजेता रहा है। भारत का टी20 विश्व कप में इंग्लैंड पर पलड़ा भारी रहा है।

| टी20 वर्ल्ड कप | भारत | इंग्लैंड |
|---|---|---|
| 2007 | जीत | हार |
| 2009 | हार | जीत |
| 2012 | जीत | हार |
| 2022 | हार | जीत |
| 2024 | जीत | हार |



टी20 विश्व कप में भारत-इंग्लैंड पहली बार साल 2007 में आमने-सामने आए, जिसमें युवराज सिंह ने लगातार छह गेंदों पर छक्के लगाते हुए तूफानी अर्धशतक लगाया। भारत ने चार विकेट खोकर 218 रन बनाए। इसके जवाब में इंग्लैंड की टीम 200/6 का स्कोर ही बना सकी और भारत ने 18 रन से मैच अपने नाम कर लिया।

टी20 विश्व कप 2009 में इंग्लैंड ने अपनी पिछली हार का बदला लिया। लंदन में खेले गए इस मैच में इंग्लैंड ने 7 विकेट खोकर 153 रन बनाए, जिसके जवाब में भारतीय टीम 5 विकेट खोकर 150 रन ही बना सकी। यूसुफ पठान ने 17 गेंदों में 3 बाउंड्री के साथ 33 रन की नाबाद पारी खेली, लेकिन टीम इंडिया को जीत नहीं दिला सके।

टी20 विश्व कप 2012 में ग्रुप-ए के इस मैच में भारत ने गौतम गंभीर (45), रोहित शर्मा (नाबाद 55) और विराट कोहली (4) की शानदार पारियों के दम पर 4 विकेट खोकर 170 रन बनाए। इसके जवाब में इंग्लैंड की टीम 14.4 ओवरों में 80 रन पर ऑलआउट हो गई।

भारत और इंग्लैंड के बीच साल 2022 में पहली बार टी20 विश्व कप का सेमीफाइनल मैच खेला गया, जिसमें इंग्लैंड ने पूरे 10 विकेट से जीत हासिल की। भारत ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 6 विकेट खोकर 168 रन बनाए। इसके जवाब में कप्तान जोस बटलर (नाबाद 80) और एलेक्स हेल्स (नाबाद 86) ने बतौर सलामी बल्लेबाज 16 ओवरों में टीम को जीत दिलाई।

टी20 विश्व कप 2024 में दोनों देशों के बीच एक बार फिर सेमीफाइनल खेला गया, जिसमें भारत ने पिछली करारी हार का बदला लेते हुए 68 रन से जीत दर्ज की। पहले बल्लेबाजी करने उतरी टीम इंडिया ने 7 विकेट खोकर 171 रन बनाए। इसके जवाब में इंग्लैंड की टीम 16.4 ओवरों में महज 103 रन पर सिमट गई।

# किसकी जीत की दुआ मांग रहे भारतीय क्रिकेट प्रेमी?

**नई दिल्ली।** टूर्नामेंट का पहला सेमी फाइनल मुकाबला चार मार्च को दक्षिण अफ्रीका और न्यूजीलैंड के बीच खेला जाएगा. जिसपर सभी की निगाहें टिकी हुई हैं. क्योंकि भारतीय टीम को अगर खिताब पर कब्जा जमाना है तो इन्हीं दोनों टीमों में से जीतनी वाली टीम के साथ आठ मार्च को खिताब के लिए टक्कर लेनी होगी। आईसीसी टी20 वर्ल्ड कप 2026 की विजेता टीम कौन से होगी? इस सवाल के जवाब में अब केवल तीन मैच शेष रह गए हैं. नॉकआउट के मुकाबले चार मार्च से शुरु हो रहे हैं. सेमी-फाइनल राउंड का पहला मैच चार मार्च को दक्षिण अफ्रीका और न्यूजीलैंड के बीच खेला जाएगा. वहीं दूसरे मैच में भारतीय टीम की भिड़ंत इंग्लैंड क्रिकेट टीम के साथ है. इन मुकाबलों में जिस टीम को जीत मिलेगी. वह फाइनल राउंड में प्रवेश करेगी. वहीं हारने वाली टीम का टूर्नामेंट से बोरिया बिस्तर बंध जाएगा। सेमी-फाइनल मुकाबले में भारतीय टीम की भिड़ंत इंग्लैंड क्रिकेट टीम के साथ है. दोनों टीमों के बीच यह मुकाबला मुंबई में खेला जाएगा. जहां टीम इंडिया का प्रदर्शन



सराहनीय है. यहीं नहीं टी20 वर्ल्ड कप में इंग्लैंड के खिलाफ भी भारतीय टीम का प्रदर्शन जबरदस्त रहा है. दोनों टीमों ने खबर लिखे जाने तक प्रतिष्ठित टूर्नामेंट में पांच मैच खेले हैं. जहां भारतीय टीम ने तीन, जबकि इंग्लिश टीम ने दो मुकाबलों में बाजी मारी है. यहीं वजह है कि इस मुकाबले के लिए भारतीय टीम को पसंदीदा बताया जा रहा है। टूर्नामेंट का पहला सेमी फाइनल मुकाबला चार मार्च को दक्षिण अफ्रीका और न्यूजीलैंड के बीच खेला जाएगा. जिसपर सभी की निगाहें टिकी हुई हैं. क्योंकि भारतीय टीम को अगर खिताब पर कब्जा जमाना है तो इन्हीं दोनों टीमों में से जीतनी वाली टीम के साथ आठ मार्च को खिताब के लिए टक्कर लेनी होगी. यहीं वजह है कि लोग इस मुकाबले पर पैनी नजर गड़ाए हुए हैं। कुछ लोग तो अफ्रीकी टीम के जीत की दुआ कर रहे हैं. क्योंकि प्रोटियाज के खिलाफ भारतीय टीम को टी20 वर्ल्ड कप में सफलता मिली है. मगर कीवी टीम को खिलाफ ब्लू टीम अबतक एक भी मुकाबला नहीं जीत पाई है. हालांकि, इस बात को भी नजरअंदाज नहीं किया जा सकता है कि जारी टूर्नामेंट में सबसे शानदार प्रदर्शन कोई टीम कर रही है तो वह दक्षिण अफ्रीका ही है. ऐसे में वह भारतीय टीम के लिए रोड़ा बन सकती है।

# पाक खिलाड़ियों पर लगा 50-50 लाख का जुर्माना?

**नई दिल्ली।** टी20 विश्वकप 2026 में निराशाजनक प्रदर्शन के बाद पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने बड़ा कदम उठाया है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, सेमीफाइनल में जगह बनाने में नाकाम रहने पर टीम के प्रत्येक खिलाड़ी पर 50 लाख पाकिस्तानी रुपये (करीब 16 लाख भारतीय रुपये) का जुर्माना लगाया गया है। पाकिस्तानी अखबार एक्सप्रेस ट्रिब्यून के मुताबिक, यह फैसला भारत के खिलाफ ग्रुप स्टेज हार और सुपर-8 में इंग्लैंड से मिली शिकस्त के बाद लिया गया। हालांकि, टीम ने श्रीलंका के खिलाफ करीबी जीत दर्ज की, लेकिन वह सेमीफाइनल की राह नहीं खोल सकी। बताया जा रहा है कि बोर्ड के अधिकारी टीम के प्रदर्शन से बेहद नाराज थे और लगातार आईसीसी टूर्नामेंट्स में असफलता को देखते हुए यह सख्त कदम उठाया गया। पाकिस्तान के पूर्व कप्तान जावेद मियांदाद ने कड़ा रुख अपनाते हुए कहा, 'आपको दो साल में एक मौका मिलता है कि अपने देश के क्रिकेट की छाप छोड़ सकें और आप फिर असफल हो जाते हैं। यह देखना बेहद निराशाजनक है।' उन्होंने आगे कहा कि टी20 अब बेहद योजनाबद्ध प्रारूप बन चुका है और पाकिस्तान के खिलाड़ी बाकी टीमों के स्तर तक नहीं पहुंच पा रहे हैं। पूर्व कप्तान मोहम्मद यूसुफ ने भी चयन नीति पर सवाल उठाए। उन्होंने कहा, 'कुछ खिलाड़ियों को खुद को साबित करने के लिए बहुत ज्यादा मौके दिए गए, लेकिन वे बड़े टूर्नामेंट में प्रदर्शन नहीं कर पाए। अब आगे बढ़ने और गलतियों से सीखने का समय है।' वहीं मोईन खान ने स्पष्ट शब्दों में कहा, 'जब तक आप ऊंची रैंकिंग वाली टीमों को हराने की क्षमता नहीं रखते, तब तक आईसीसी ट्रॉफी नहीं जीत सकते। चयन और मैदान दोनों जगह हमने बहुत गलतियां कीं।'

# न्यूजीलैंड सीरीज के बाद संजू को दबाव दूर करने के लिए ब्रेक की जरूरत थी : गंभीर

**नई दिल्ली।** भारत के मुख्य कोच गौतम गंभीर ने कहा कि संजू सैमसन निर्विवाद रूप से प्रतिभा के धनी हैं, लेकिन न्यूजीलैंड के खिलाफ द्विपक्षीय श्रृंखला में उनके खराब प्रदर्शन ने टीम प्रबंधन को टी20 विश्व कप से पहले उन पर बढ़ते दबाव को कम करने के लिए उन्हें आराम देना पड़ा। सैमसन ने वेस्टइंडीज के खिलाफ क्वार्टर फाइनल जैसे मैच में दबाव में नाबाद 97 रन की पारी खेली जिससे भारत ने यह मैच जीतकर सेमीफाइनल में अपनी जगह पक्की की। गंभीर ने मैच के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में पीटीआई के एक सवाल के जवाब में कहा, ''निश्चित रूप से न्यूजीलैंड के खिलाफ उनका प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा था। इसलिए उन्हें विश्राम देना जरूरी हो गया था क्योंकि आप उन्हें उस दबाव वाली स्थिति से बाहर निकालना चाहते थे।'' एशिया कप में बल्लेबाजी क्रम में नीचे भेजे जाने से सैमसन की लय बिगड़ गई थी। इसके बाद सैमसन को न्यूजीलैंड के खिलाफ पूरी श्रृंखला खेलने का मौका मिला, लेकिन पांच पारियों में उनका स्कोर 10, 6, 0, 24, 6 रहा जिसके बाद



आलोचकों ने उनके करियर के अंत की भविष्यवाणी कर दी थी। टी20 विश्व कप में भारत के पहले मैच में अमेरिका के खिलाफ सैमसन को अंतिम एकादश में जगह नहीं मिली, लेकिन अभिषेक शर्मा की खराब सेहत के कारण उन्हें नामीबिया के खिलाफ मैच में टीम में जगह दी गई, हालांकि बाद में उन्हें फिर से टीम से बाहर कर दिया गया। रिंकू सिंह के साथ हुई एक दुखद घटना (उनके पिता का निधन) और शीर्ष क्रम में बाएं हाथ के बहुत अधिक बल्लेबाजों की मौजूदगी को देखते हुए टीम प्रबंधन ने सैमसन को सलामी बल्लेबाज के रूप में टीम में रखने का फैसला किया।

कोच से पूछा गया कि उन्होंने सैमसन के साथ किस तरह की बातचीत की ताकि वह सही मानसिक स्थिति में रहे, इस पर गंभीर ने कहा, ''मैं सभी से बात करता हूं। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि इस टीम में शामिल सभी खिलाड़ी विश्वस्तरीय हैं और इसीलिए वे देश का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं। हम जानते थे कि संजू कितना प्रतिभाशाली है। बहुत कम बल्लेबाजों ने टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में तीन शतक लगाए हैं। इसलिए हम जानते थे कि वह कितने प्रतिभाशाली हैं।'' उन्होंने कहा, ''हमें पता था कि जब भी हमें विश्व कप में उनकी जरूरत पड़ेगी तो वह अच्छा प्रदर्शन करेंगे।'' गंभीर का मानना है कि वेस्टइंडीज के खिलाफ उनकी मैच विजेता पारी की नींव जिम्बाब्वे के खिलाफ पिछले मैच में रिंकू की जगह लेने के बाद खेली गई उनकी 15 गेंदों में 24 रन की तेज पारी के दौरान पड़ी थी। उन्होंने कहा, ''जिम्बाब्वे के खिलाफ उन्होंने शानदार प्रदर्शन किया। शुरुआती तीन ओवरों में हमें मनचाही शुरुआत मिली। आज भी जिम्बाब्वे के खिलाफ जहां से उन्होंने छोड़ा था, वहीं से अपनी पारी आगे बढ़ाई। हम संजू से यही उम्मीद करते हैं कि वह लगातार ऐसा ही प्रदर्शन करें।''

सैमसन की पारी की सबसे बड़ी खासियत उनका स्ट्राइक रेट था। उनका स्ट्राइक रेट लगभग 200 (194) था, फिर भी ऐसा कभी नहीं लगा कि वे ताबड़तोड़ बल्लेबाजी कर रहे हों। गंभीर भी इस बात से सहमत थे। भारतीय कोच ने कहा, ''वह आक्रामक अंदाज में नहीं खेले।

# टी20 वर्ल्ड कप विजेता टीम पर होगी धनवर्षा

**नई दिल्ली।** टी20 वर्ल्ड कप 2026 सेमीफाइनल के लिए चार टीमें तय हो गई हैं। न्यूजीलैंड और साउथ अफ्रीका के बीच पहला सेमीफाइनल तो भारत और इंग्लैंड के बीच दूसरा सेमीफाइनल खेला जाएगा। वहीं जो भी टीम इस बार चैंपियन बनेगी उसे प्राइज मनी के तौर पर कितनीराशि दी जाएगी। साथ ही सेमीफाइनल में पहुंचने वाली टीमों को कितनी धनराशि मिलेगी। आईसीसी ने काफी पहले ही इस बढ़ाने का ऐलान कर दिया था। आईसीसी टी20 वर्ल्ड कप 2026 में इस बार कुल 20 टीमें खेल रही थीं। पहले राउंड के बाद केवल आठ टीमें बची और बाकी सारी बहस हो गईं। अब जबकि सुपर 8 का राउंड भी खत्म हो गया तो सेमीफाइनल की चारों टीमें साफ हो गई हैं। इन चारों टीमों के बीच खिताबी घमासान देखने को मिलेगा। न्यूजीलैंड और साउथ अफ्रीका के बीच पहला सेमीफाइनल तो भारत और इंग्लैंड के बीच दूसरा सेमीफाइनल खेला जाएगा। जो भी टीमें सेमीफाइनल में जीत दर्ज करेंगी उनके बीच फाइनल की जंग होगी। इस बीच अगर प्राइज मनी की बात की जाए तो साल 2024 में जब टीम इंडिया ने रोहित शर्मा की कप्तानी में टी20 वर्ल्ड कप का खिताब जीता था उस दौरान प्राइज मनी के तौर पर 20.4 करोड़ रुपये दिए गए थे। इस बार रकम को बढ़ा दिया गया है। कहा जा रहा है कि, विजेता टीम को इस दफा 27 करोड़ रुपये से ज्यादा की रकम मिलेगी। दरअसल, इस बार आईसीसी ने कुल मिलाकर टीमों के लिए 120.37 करोड़ रुपये का बजट रखा है। वहीं फाइनल तक जाने वाली लेकिन एक मैच चूकने और रनअप रहने वाली टीमों पर भी धनवर्षा होगी। रनअप रहने वाली टीम को 14.65 करोड़ रुपये मिलेंगे। सेमीफाइनल की चार टीमें तय हो गई हैं। जो टीम अब यहां से आगे नहीं जाएगी, उसे भी 7.24 करोड़ रुपये दिए जाएंगे।

# जीत के जश्न में सैमसन से हुई बड़ी गलती, विजयी चौका लगाते ही मैदान पर फेंका हेलमेट!

**नई दिल्ली।** भारत को टी20 विश्व कप 2026 के सेमीफाइनल में पहुंचाने वाले स्टार विकेटकीपर बल्लेबाज संजू सैमसन की मुश्किल में फंस सकते हैं। सुपर-8 मुकाबले में रविवार को उनसे ऐसी गलती हो गई जिस पर अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) कार्रवाई कर सकता है। बता दें कि, भारत और वेस्टइंडीज के बीच कोलकाता में अहम मुकाबला खेला गया। इस दौरान सैमसन ने 97 रनों की नाबाद पारी खेलकर टीम इंडिया को पांच विकेट से जीत दिलाई और टीम को सेमीफाइनल का टिकट दिलवाया।



इस मुकाबले में संजू सैमसन का बल्ला जमकर गरजा। उन्होंने पहले महज 26 गेंदों में अपना अर्धशतक पूरा किया। इसके बाद आक्रामक रुख अख्तियार करते हुए 12 चौके और चार छक्के की मदद से 97 रनों की नाबाद पारी खेली। इस मैच में उनका स्ट्राइक रेट 194 का रहा। सैमसन ने टीम इंडिया के लिए विजयी चौका लगाया। इस दौरान उनसे एक गलती हो गई। दरअसल, सोशल मीडिया पर एक वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है जिसमें स्टार बल्लेबाज चौका लगाने के बाद मैदान पर बैठते वक्त हेलमेट फेंक देते हैं और दोनों हाथ फैलाकर आसमान की तरफ देखते हैं और ईश्वर को धन्यवाद कहते हैं। संजू सैमसन का यह जश्न उनके लिए मुश्किल खड़ी कर सकता है। आईसीसी का कोड ऑफ कंडक्ट खिलाड़ियों के बर्ताव को लेकर बहुत सख्त है। नियमों के मुताबिक, हेलमेट या बल्ले को जमीन पर फेंकना गलत बर्ताव की कैटेगरी में आता है। ऐसे मामलों में, खिलाड़ी पर फाइन, डिमेरिट प्वॉइन्ट्स या प्रतिबंध भी लग सकता है। भारत का सामना अब इंग्लैंड से मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम पर पांच मार्च को होगा। गत विजेता भारतीय टीम लगातार तीसरी बार और कुल छठी बार टूर्नामेंट के अंतिम चार में पहुंची है।

## संजू की पारी देख गदगद हुए सौरव गांगुली

भारतीय टीम के अनुभवी सलामी बल्लेबाज संजू सैमसन की पारी देखकर पूर्व भारतीय कप्तान सौरव गांगुली गदगद हो गए हैं। सैमसन ने वेस्टइंडीज के खिलाफ कोलकाता में खेले गए टी20 विश्व कप के सुपर आठ मुकाबले में दमदार प्रदर्शन किया और भारत की जीत में अहम योगदान दिया। इस पारी के बाद गांगुली ने सैमसन को नियमित रूप से सफेद गेंद की टीम में शामिल किए जाने का समर्थन किया। गांगुली ने टी20 विश्व कप से पहले इस आक्रामक विकेटकीपर बल्लेबाज की आलोचना पर हैरानी व्यक्त की। गांगुली ने कहा, सैमसन बहुत अच्छा खिलाड़ी है। उसे सफेद गेंद के क्रिकेट में भारत के लिए लगातार खेलना चाहिए, शत प्रतिशत। यह मुकाबला लगभग क्वार्टर फाइनल जैसा था और 97 रन पर नाबाद रहना उसके कौशल को दिखाता है। वह इस तरह का खिलाड़ी है। जब वह मैदान में उतरता है तो विरोधी टीम को नुकसान पहुंचाता है। सैमसन ने यह पारी उस दिन खेली जब भारत के मुख्य बल्लेबाज अभिषेक शर्मा, ईशान किशन, कप्तान सूर्यकुमार यादव और हार्दिक पांड्या सस्ते में आउट हो गए। लेकिन सैमसन ने दबाव से अच्छी तरह निपटते हुए आखिर तक बिना किसी जोखिम के बल्लेबाजी की। गांगुली ने कहा, वह परिस्थिति के हिसाब से खेला और यह जरूरी था। इससे हम सभी को यह सीख मिलती है कि यह वही लड़का है जो पिछले छह महीनों में टीम में अपनी जगह नहीं बना पाया, भले ही ईशान किशन पारी का आगाज कर रहा हो या कोई और आ रहा हो। विश्व कप से ठीक पहले मैं अखबार में पढ़ता था कि 'संजू फिर विफल हो गया', 'वह टीम में शामिल होने का हकदार नहीं', 'भारत में इतनी प्रतिभा है, शुभमन गिल टीम में क्यों नहीं है?' फिर यही लड़का क्वार्टर फाइनल जैसे मैच 97 रन बनाकर नाबाद रहता है और आपको सेमीफाइनल में पहुंचा देता है। गांगुली ने यह भी कहा कि इंग्लैंड की टीम वेस्टइंडीज से ज्यादा मुश्किल होगी और कहा कि मुंबई में सेमीफाइनल की मुश्किल पार करने के लिए घरेलू टीम को अपनी बेहतरीन फॉर्म बनाए रखनी होगी।

## आरसीबी के दिल में बसते हैं विराट

**नई दिल्ली।** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के डायरेक्टर ऑफ क्रिकेट मो बोबात ने स्टार बल्लेबाज विराट कोहली की 18 साल की शानदार और अविश्वसनीय यात्रा को सलाम करते हुए कहा कि फ्रेंचाइजी के लिए वह हमेशा आइकन और हीरो रहेंगे। बोबात ने कहा कि कोहली ने अपनी जवानी और करियर का सर्वश्रेष्ठ समय टीम को दिया है, ऐसे में उन्हें चैंपियन टीम देना ही मैनेजमेंट की सबसे बड़ी जिम्मेदारी थी। आरसीबी इस बार आईपीएल में डिफेंडिंग चैंपियन के रूप में उतरेगी। टीम ने पिछले सीजन 18 साल के लंबे इंतजार के बाद अपना पहला खिताब जीता था। बोबात ने आरसीबी पॉडकास्ट में कहा, 'विराट कोहली हमेशा इस टीम के आइकन और हीरो रहेंगे। उनका रिकॉर्ड अविश्वसनीय है। एक समय मैंने देखा कि वह करीब 9000 रन तक पहुंच चुके थे।

## एक नज़र

### भारत दौरे में एक टेस्ट और तीन वनडे मैच खेलेगा अफगान

**नई दिल्ली।** अफगानिस्तान की टीम भारत के अपने आगामी दौरे में एक टेस्ट मैच और तीन एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय मैच खेलेगी। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने सोमवार को यह जानकारी दी। बीसीसीआई सचिव देवजीत सैकिया ने विज्ञप्ति में कहा, ''अफगानिस्तान एक टेस्ट मैच खेलेगा जिसके बाद तीन वनडे मैचों की श्रृंखला होगी। टेस्ट मैच छह से 10 जून, 2026 तक न्यू चंडीगढ़ में खेला जाएगा।'' यह टेस्ट मैच हालांकि भारत के विश्व टेस्ट चैंपियनशिप चक्र का हिस्सा नहीं है। ऐसा माना जा रहा है कि 2027 में होने वाले वनडे विश्व कप को देखते हुए भारत इस प्रारूप पर ध्यान केंद्रित करना चाहता है और इसलिए उसने तीन वनडे मैच का कार्यक्रम बनाया है। वनडे श्रृंखला का पहला मैच 14 जून को धर्मशाला में शुरू होगा, जिसके बाद के मैच लखनऊ (17 जून) और चेन्नई (20 जून) में खेले जाएंगे। सभी वनडे मैच भारतीय समयानुसार दोपहर एक बजकर 30 मिनट पर शुरू होंगे।

### अगर बारिश में धुला सेमीफाइनल मैच तो कौन होगा विजेता

**नई दिल्ली।** टी20 वर्ल्ड कप 2026 की चारों सेमीफाइनल टीम पक्की हो चुकी हैं। भारत, साउथ अफ्रीका, न्यूजीलैंड और इंग्लैंड सेमीफाइनल में जाने वाली चार टीम हैं। जहां पहला सेमीफाइनल न्यूजीलैंड और साउथ अफ्रीका के बीच 4 मार्च को कोलकाता में खेला जाएगा। वहीं 5 मार्च को होने वाले दूसरे सेमीफाइनल में भारत की भिड़ंत इंग्लैंड से होगी। जो कि मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में खेला जाएगा। वहीं अगर ऐसे में सेमीफाइनल मैचों के दौरान बारिश आ जाती है या फिर किसी अन्य कारण से मुकाबला रद्दा होता है तो फाइनल में जाने वाली टीम का फैसला कैसे होगा? सभी के मन में यही सवाल कौंध रहा है। फिलहाल, इस पर आईसीसी का नियम लागू होगा। मान लीजिए अगर 5 मार्च को बारिश के कारण भारत और इंग्लैंड के बीच मुकाबला रद्द हुआ तो ऐसे में रिजर्व डे का नियम लागू होगा। बता दें कि, सेमीफाइनल और फाइनल मैचो के लिए आईसीसी ने रिजर्व डे रखा है। अगर 5 मार्च को भारत और इंग्लैंड के बीच मैच में बारिश रोड़ा बनी तो मुकाबला अगले दिन यान 6 मार्च को खेला जाएगा। वहीं अगर रिजर्व डे में भी मैच बारिस में धुल जाता है तो फाइनल में जाने वाली टीम का फैसला कैसे होगा। रिजर्व पर भी अगर खेल नहीं हो पाया तो सुपर-8 में ऊंची पोजिशन में बैठी टीम ही फाइनल में पहुंचेगी। जिसका सीधा मतलब है कि अगर दोनों रिजर्व डे में मुकाबला अगर नहीं हुआ तो साउथ अफ्रीका और इंग्लैंड के बीच फाइनल खेला जाएगा।

### अभियान समाप्त होने पर भी अब तक स्वदेश क्यों नहीं लौटी जिम्बाब्वे? क्रिकेट बोर्ड ने बताया कारण

**नई दिल्ली।** इस्राइल-अमेरिका द्वारा ईरान पर हमले के बाद पश्चिम एशिया में तनाव बढ़ता जा रहा है। इसका असर पश्चिम एशिया के कई देशों में पड़ा जिस कारण उड़ानें भी प्रभावित हो रही है। इसी कारण जिम्बाब्वे क्रिकेट टीम भी अब तक स्वदेश नहीं लौट सकी है। जिम्बाब्वे की टीम टी20 विश्व कप में हिस्सा लेने के लिए भारत में है, लेकिन टूर्नामेंट में उनका सफर सुपर आठ चरण में ही थम गया है। जिम्बाब्वे टीम ने रविवार को दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ टी20 विश्व कप में अपना आखिरी मैच खेला था। इस मैच से पहले ही यह तय था कि जिम्बाब्वे की टीम का सफर समाप्त हो गया है और उन्हें सोमवार को स्वदेश वापस जाना था। लेकिन पश्चिम एशिया में बढ़ते संकट की वजय से यात्रा में रुकावट आई जिससे टीम अब तक स्वदेश नहीं लौट सकी है। सिकंदर रजा की कप्तानी में जिम्बाब्वे ने ग्रुप स्टेज में एक भी मैच नहीं गंवाया। इस टीम ने पूर्व चैंपियन ऑस्ट्रेलिया और श्रीलंका के खिलाफ जीत दर्ज की थी। हालांकि, जिम्बाब्वे को सुपर 8 स्टेज में ग्रुप 1 के तीनों मुकाबलों में हार का सामना करना पड़ा।

# टेस्ट क्रिकेट पर ध्यान: बीसीसीआई ने जहीर के बाद हरभजन से साधा संपर्क?

**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने पूर्व भारतीय तेज गेंदबाज जहीर खान और स्पिनर हरभजन सिंह से बंगलूरू स्थित सेंटर ऑफ एक्सीलेंस (सीओई) में विशेष शिविरों में अपनी सेवाएं देने के लिए संपर्क किया है। बीसीसीआई ने इन शिविरों के कुछ खिलाड़ियों की सूची तैयार की है। इस सूची में ऐसे खिलाड़ी शामिल किए गए हैं जो भविष्य में भारत की तरफ से खेल सकते हैं। इन खिलाड़ियों में आयु वर्ग और प्रथम श्रेणी क्रिकेट के अलावा भारत ए और भारत की सीनियर टीम की तरफ से कुछ मैच खेलने वाले खिलाड़ी शामिल हैं।

बाएं हाथ के तेज गेंदबाज जहीर खान युवा तेज गेंदबाजों के साथ पांच दिवसीय शिविर के लिए पहले ही बंगलूरू पहुंच चुके हैं। ये युवा गेंदबाज सीनियर टीम में जगह बनाने के करीब हैं या उसके लिए कुछ मैच खेल चुके हैं। पता चला है कि सीओई के प्रमुख वीवीएस लक्ष्मण ने भारतीय क्रिकेट की अगली पीढ़ी को तैयार करने में मदद करने के लिए अपने पूर्व साथियों से चार से पांच दिन के विशेष शिविरों के लिए संपर्क किया था। बीसीसीआई के एक सूत्र ने कहा, लक्ष्मण ने विशेष शिविरों के लिए जहीर, हरभजन और अनिल कुंबले से संपर्क किया है। हरभजन ऑफ स्पिनरों के लिए चार या पांच दिवसीय शिविर के लिए अपना कार्यक्रम तैयार कर रहे हैं। वह उन उभरते हुए खिलाड़ियों की मदद करने के लिए उत्सुक हैं जिन्होंने आयु वर्ग और भारत ए स्तर पर अच्छा प्रदर्शन किया है। यह एक स्वागत योग्य पहल है जहां भारत के लिए 100 से अधिक टेस्ट मैच खेल चुके खिलाड़ी अगली पीढ़ी के साथ अपने अनुभव साझा करेंगे।

**कुंबले से भी किया गया अनुरोध**

माना जा रहा है कि टेस्ट और वनडे में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले भारतीय गेंदबाज अनिल कुंबले से कलाई के स्पिनरों के लिए एक शिविर आयोजित करने का अनुरोध किया गया है। ऐसा माना जा रहा है कि आईपीएल शुरू होने से पहले विशेष शिविर आयोजित किए जाएंगे क्योंकि इनमें से कई खिलाड़ियों को अपनी-अपनी आईपीएल टीमों से जुड़ना होगा। इस बीच भारत के पूर्व तेज गेंदबाज वीआरवी सिंह और श्रीनाथ अरविंद उन प्रमुख नामों में शामिल हैं जिन्होंने सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में तेज गेंदबाजी कोच के स्थायी पद के लिए आवेदन किया है।

# पश्चिम एशिया में तनाव के कारण दुबई में फंसे टेनिस स्टार डेनिल मेदवेदेव

**नई दिल्ली।** यूएस ओपन के पूर्व चैंपियन डेनिल मेदवेदेव ने बताया कि वह उन कुछ खिलाड़ियों और टीम सदस्यों में शामिल है जिन्हें एटीपी टूर दुबई से सुरक्षित बाहर निकालने की कोशिश कर रहा है। पश्चिम एशिया में तनाव के कारण व्यापक स्तर पर उड़ानें रद्द हो गई हैं और यात्रा व्यवस्था प्रभावित हुई है। मेदवेदेव के इंस्टाग्राम अकाउंट से सोमवार को रूसी भाषा के टेनिस पोर्टल बोल्शे की एक रिपोर्ट रीपोस्ट की गई, जिसमें कहा गया कि वह सुरक्षित हैं और दुबई में एक मित्र के अपार्टमेंट में ठहरे हुए हैं। उन्होंने पिछले सप्ताह दुबई में एटीपी टूर्नामेंट जीता था, जिसके बाद उड़ान रद्द होने से वे वहीं रुकना पड़ा।

एटीपी ने स्थिति को लेकर दी जानकारी एटीपी टूर ने बताया, हमारे खिलाड़ियों, स्टाफ और टूर्नामेंट कर्मियों का स्वास्थ्य और सुरक्षा हमारी प्राथमिकता है। हालिया एटीपी 500 इवेंट के समापन के बाद कुछ खिलाड़ी और टीम सदस्य अब भी दुबई में हैं। खिलाड़ियों और उनकी टीमों को टूर्नामेंट के आधिकारिक होटलों में ठहराया गया है, जहां उनकी तत्काल जरूरतों का पूरा ध्यान रखा जा रहा है।

मेदवेदेव और अन्य खिलाड़ियों को कैलिफोर्निया के इंडियन वेल्स में होने वाले बीएनपी परिबास ओपन में हिस्सा लेना है, जहां मुख्य ड्रॉ के मुकाबले बुधवार से शुरू होंगे। एटीपी ने कहा, हम प्रभावित खिलाड़ियों, टूर्नामेंट आयोजकों और सुरक्षा सलाहकारों के साथ सीधे संपर्क में हैं। फिलहाल यात्रा संबंधी आकलन एयरलाइन संचालन और आधिकारिक दिशा-निर्देशों के अनुरूप जारी है। परिस्थितियां अनुकूल होते ही खिलाड़ियों और उनकी टीमों की सुरक्षित रवानगी सुनिश्चित करने के लिए हम आवश्यक सहयोग जारी रखेंगे।

**तनाव का खेलों पर पड़ रहा असर**

टेनिस खिलाड़ियों के अलावा इंग्लैंड (इंग्लैंड लायंस) और पाकिस्तान (पाकिस्तान शाहिन्स) की ए टीमें भी यूएई में मौजूद थीं। दोनों के बीच प्रस्तावित मुकाबला रविवार को रद्द कर दिया गया। युवा बास्केटबॉल खिलाड़ियों को भी यात्रा संबंधी समस्याओं का सामना करना पड़ा, जब वहां आयोजित यूरोलीग टूर्नामेंट सप्ताहांत में रद्द कर दिया गया। क्षेत्र में कई खेल आयोजनों पर असर पड़ा है। एशियाई चैंपियंस लीग फुटबॉल मुकाबले और कतर लीग को स्थगित कर दिया गया है। वहीं फॉर्मूला वन की संचालन संस्था ने सोमवार को कहा कि वह क्षेत्र में होने वाली आगामी रेसों पर विचार करते समय सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देगी।

# आरएसएस ने की वैश्विक शांति सुनिश्चित करने की अपील

## 'स्वार्थ सिद्धि के लिए नहीं बल्कि मानवता की भलाई और सत्य के लिए होना चाहिए युद्ध': सुनील आंबेकर

**नई दिल्ली, ब्यूरो।** दुनिया के विभिन्न हिस्सों में जारी सैन्य संघर्ष और विनाषकारी युद्ध की स्थिति के बीच सत्तारूढ़ भाजपा की मातृ संस्था राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ यानी आरएसएस ने सभी पक्षों और देशों से वैश्विक शांति सुनिश्चित करने की अपील ही है। आरएसएस का साफ तौर पर मानना है कि स्वार्थ सिद्धि के लिए युद्ध की राह पर आगे बढ़ना कतई सही नहीं है बल्कि अगर कोई युद्ध हो तो वह मानवता की भलाई और सत्य की रक्षा के लिए ही होना चाहिए। साथ ही सैन्य संघर्षों में उलझे देशों में फंसे आम लोगों और खास तौर से भारतीय मूल के लोगों को झेलनी पड़ रही समस्याओं के प्रति चिंता व्यक्त करते हुए आरएसएस की ओर से उन्हें शीघ्र राहत मिलने की कामना भी की गई है।



राजधानी दिल्ली रफी मार्ग पर स्थित कंस्टीट्यूशन क्लब में इंद्रप्रस्थ विश्व संवाद केंद्र यानी आईवीएसके द्वारा आज आयोजित होली मंगल मिलन के कार्यक्रम को संबोधित करते हुए आरएसएस के राष्ट्रीय प्रचार प्रमुख सुनील आंबेकर ने उक्त बातें कहीं। इस अवसर पर आरएसएस के राष्ट्रीय सह प्रचार प्रमुख नरेंद्र ठाकुर, दिल्ली प्रांत कार्यवाह अनिल गुप्ता, प्रांत प्रचारक विशाल जी, प्रांत प्रचार प्रमुख रितेश अग्रवाल, प्रांत सह प्रचार प्रमुख रजनीश जिंदल और आईवीएसके के अध्यक्ष अशोक सचदेवा भी उपस्थित थे। अपने संबोधन में आंबेकर ने दुनिया में चल रहे विनाशकारी युद्धों को गैर-जरूरी करार देते हुए कहा कि अगर इनका शांतिपूर्ण समाधान निकल आए तो निश्चित रूप से अच्छा होगा। उन्होंने युद्ध के बजाय कूटनीति और बातचीत के माध्यम से समस्याओं को सुलझाने और विवादों को निपटाने की अपील करने के क्रम में दोहराया कि भारत हमेशा से दुनिया में शांति और प्रगति चाहता है। उन्होंने साफकहा कि हम चाहते हैं कि पूरी दुनिया में शांति स्थापित हो। लेकिन अगर कोई युद्ध होता है तो वह मानवता की भलाई और सत्य के लिए होना चाहिए न कि स्वार्थ सिद्धि के लिए। आंबेकर ने युद्धग्रस्त क्षेत्रों और अशांत एवं संवेदनशील इलाकों में मौजूद हालात के बीच विदेशों में फंसे भारतीयों की सुरक्षा को लेकर भी चिंता व्यक्त की। अपने संबोधन में उन्होंने युद्ध के कारण दुनिया के विभिन्न हिस्सों में फंसे भारतीय लोगों को झेलनी पड़ रही समस्याओं के प्रति सहानुभूति का इजहार करते हुए कामना की है कि वे जल्द से जल्द इस संकट से बाहर निकल जाएं और उन्हें राहत मिले।

# रात्रि दो बजे तक चला फाइनल का रोमांच, विद्यापीठ ने मारी बाजी




**स्वतंत्र भारत करण्डा।** करंडा क्षेत्र के सिकन्दरपुर गांव में आयोजित अमर शहीद सत्राजीत राज्यस्तरीय

### अमर शहीद सत्राजीत राज्यस्तरीय वॉलीबाल प्रतियोगिता का भव्य समापन

वॉलीबाल प्रतियोगिता का तीन दिवसीय आयोजन खेल भावना, अनुशासन और उत्साह के साथ सम्पन्न हुआ। 27, 28 फरवरी एवं 1 मार्च को चली इस प्रतियोगिता ने देर रात तक दर्शकों को बांधे रखा।

पहले दिन क्षेत्रीय मुकाबले- 27 फरवरी को हुए क्षेत्रीय मुकाबलों में स्थानीय टीमों ने दमखम दिखाया। फाइनल मुकाबले में मैनपुर की टीम ने आजमगढ़ को पराजित कर क्षेत्रीय विजेता बनने का गौरव हासिल किया।

**12 टीमों के बीच राज्यस्तरीय संघर्ष**

राज्यस्तरीय प्रतियोगिता में कुल 12 टीमों ने प्रतिभाग किया। कड़े मुकाबलों के बाद सेमीफाइनल खेले गए। पहले सेमीफाइनल में विद्यापीठ ने डीएलडब्ल्यू को शिकस्त देकर फाइनल में प्रवेश किया, जबकि दूसरे सेमीफाइनल में मुरादाबाद ने देवरिया को हराकर फाइनल में जगह बनाई।

फाइनल में दिखा असली रोमांच

विद्यापीठ और मुरादाबाद के बीच खेला गया फाइनल मुकाबला देर रात लगभग दो बजे तक चला। तीसरे सेट तक पहुंचे इस मुकाबले में दोनों टीमों ने शानदार खेल का प्रदर्शन किया। ठंड और देर रात के बावजूद हजारों दर्शक अंत तक मैदान में डटे रहे।

अंततः विद्यापीठ की टीम ने मुरादाबाद को पराजित कर खिताब अपने नाम किया।

**50 हजार रुपए की पुरस्कार राशि**

प्रतियोगिता में कुल 50,000 रुपए की पुरस्कार राशि रखी गई थी। विजेता विद्यापीठ टीम को 30,000 रूप तथा उपविजेता मुरादाबाद टीम को 20,000 रुपए की नगद राशि प्रदान की गई।

### मुख्य अतिथि ने बढ़ाया खिलाड़ियों का हौसला

समापन समारोह में मुख्य अतिथि जिला सहकारी बैंक गाजीपुर के चेयरमैन नेताजी के नाम से प्रसिद्ध अरूण कुमार सिंह ने विजेता और उपविजेता टीमों को ट्रॉफी व नगद पुरस्कार देकर सम्मानित किया।

उन्होंने कहा कि ऐसे खेल आयोजन युवाओं को नशे और अपराध से दूर रखते हुए सकारात्मक दिशा प्रदान करते हैं। पूरे आयोजन का नेतृत्व ग्राम प्रधान राजेश सिंह 'गुड्डु' ने किया। अध्यक्षता महफूज खां एवं संचालन सुशील तिवारी, प्रिंस दूबे ने किया।

# ट्रेन से कटकर युवक की मौत परिजनों में मचा कोहराम

**स्वतंत्र भारत राजगढ़ (मिर्जापुर)।** राजगढ़ थाना क्षेत्र के धनसीरिया गांव के छोटे 35 वर्षीय पुत्र कल्लू किसी काम से पगिया करमा सोनभद्र थाना क्षेत्र में गए हुए थे। आज भर में करीब 4:00 के आसपास ट्रेन से कटकर छोटे की मौके पर ही मौत हो गई। जब इसकी सूचना गांव वालों को मिली तो परिवार में सन्नाटा छा गया परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है। मृतक की पहचान आधार कार्ड से हुई करमा थाने की पुलिस ने इसकी सूचना दी। गांव के ही युवा समाजसेवी राजदीप सिंह उर्फ राजू ने घटनास्थल पर पहुंचकर मृतक की डेट बॉडी को पोस्टमार्टम के लिए भेजवाया। पोस्टमार्टम होने के बाद मृतक की डेड बॉडी का अंतिम संस्कार किया गया।

## गलरा ग्राम पंचायत के नवनिर्मित अंत्येष्टि स्थल में गांव के 75 वर्षीय बुजुर्ग का किया गया अंतिम संस्कार

**स्वतंत्र भारत हलिया (मिर्जापुर)।** स्थानीय विकास खंड के ग्राम पंचायत गलरा स्थित नवनिर्मित मॉडल अंत्येष्टि स्थल मुक्ति धाम में ग्राम ग्राम पंचायत के 75 वर्षीय बुजुर्ग का ग्राम प्रधान प्रतिनिधि अरुण मिश्रा की उपस्थिति में विधिवत संस्कार किया गया अंतिम संस्कार के उपरांत ग्राम प्रधान प्रतिनिधि के द्वारा मृतक बुजुर्ग के पुत्र को अंत्येष्टि मुक्तिधाम कार्यालय पर मृत प्रमाण पत्र दिया गया गलरा ग्राम पंचायत अंतर्गत कहार बस्ती के 75 वर्षीय बुजुर्ग कल्ले वर्मा पुत्र भाने की बीमारी के कारण बीते रविवार को देहांत हो गया। जानकारी होने पर ग्राम प्रधान प्रतिनिधि अरुण मिश्रा मृतक के घर पहुंच कर नवनिर्मित अंत्येष्टि स्थल मुक्तिधाम में दाह संस्कार करने के लिए कहा गया। परिजनों ने ग्राम प्रधान प्रतिनिधि के बात से सहमति जताते हुए अंत्येष्टि स्थल मुक्ति धाम में दाह संस्कार करने के लिए तैयार हो गए सोमवार को सुबह ग्राम प्रधान प्रतिनिधि की उपस्थिति में गाजे बाजे के साथ मृतक के घर से शव यात्रा निकाली गई शव यात्रा पंचायत भवन से होते हुए अंत्येष्टि स्थल मुक्तिधाम पर पहुंची जहां पर नवनिर्मित भव्य अंत्येष्टि स्थल मुक्तिधाम में गांव के पहले मृत बुजुर्ग का दाह संस्कार किया गया। दाह संस्कार के उपरांत ग्राम प्रधान प्रतिनिधि अरुण मिश्रा द्वारा अंत्येष्टि स्थल कार्यालय में मृतक के पुत्र को मृतक का मृत्यु प्रमाण दिया गया शव यात्रा में शामिल गांव के सैकड़ो लोगों ने ग्राम प्रधान द्वारा बनवाए गए अंत्येष्टि स्थल की सराहना किया।

# होली पर्व को लेकर एसडीएम व सीओ ने किया पैदल गश्त

**स्वतन्त्र भारत जमानिया (गाजीपुर)।** होली और रमजान के त्योहारों को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों ने रविवार की रात्रि पैदल गश्त कर आमजन को सुरक्षा का एहसास कराया। उपजिलाधिकारी ज्योति चौरसिया और क्षेत्राधिकारी अनिल कुमार के नेतृत्व में कस्बा व स्टेशन बाजार में गश्त की गई, जिसका उद्देश्य लोगों को शांतिपूर्ण त्योहार मनाने का संदेश देना था।



अधिकारियों ने चेतावनी दी कि त्योहारों के दौरान अराजकता फैलाने वालों को बख्शा नहीं जाएगा। चेतावनी दी कि तेज आवाज में डीजे बजाने या अश्लील गीत बजाने पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। त्योहारों को सकुशल और शांतिपूर्ण संपन्न कराना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। नगर की सुरक्षा हेतु सभी संवेदनशील बिंदुओं का निरीक्षण किया गया है। गश्त के दौरान प्रभारी निरीक्षक राम सजन नागर, स्टेशन चौकी प्रभारी अश्वनी सिंह, उपनिरीक्षक दिनेश सिंह सहित अन्य पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

# रमजान व होली को लेकर पुलिस का फ्लैग मार्च, सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद

**स्वतंत्र भारत मोहमम्मदबाद यूसुफपुर (गाजीपुर)।** आगामी रमजान एवं होली पर्व को सकुशल संपन्न कराने के उद्देश्य से स्थानीय कोतवाली क्षेत्र में रविवार की शाम लगभग 7 बजे पुलिस प्रशासन द्वारा व्यापक पैदल रूट मार्च निकाला गया। यह रूट मार्च शाम लगभग 7 बजे गोलम्बर से प्रारंभ होकर नगर के विभिन्न प्रमुख मार्गों और बाजारों से होकर गुजरा।

रूट मार्च अपर पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) अतुल कुमार सोनकर के दिशा-निर्देश तथा क्षेत्राधिकारी सुधाकर पाण्डेय के नेतृत्व में संपन्न हुआ। इस दौरान उपजिलाधिकारी डॉ हर्षिता तिवारी भी उपस्थित रहीं और प्रशासनिक टीम के साथ सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लिया। रूट मार्च के दौरान पुलिस बल ने नगर क्षेत्र के सभी प्रमुख स्थानों, चौराहों एवं संवेदनशील इलाकों में पैदल भ्रमण किया।

अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण अतुल कुमार सोनकर ने पत्रकारों से बातचीत करते हुए बताया कि त्योहारों के मद्देनजर पुलिस पूरी तरह सतर्क और तैयार है। किसी भी आपत्तिजनक या असामाजिक गतिविधि से निपटने के लिए पर्याप्त व्यवस्था की गई है।

उन्होंने आमजन से सीधे संवाद स्थापित करते हुए भरोसा दिलाया कि किसी भी प्रकार की समस्या या संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल स्थानीय कोतवाली को दें, ताकि समय रहते उसका समाधान किया जा सके। पुलिस प्रशासन ने लोगों से आपसी सौहार्द, शांति एवं भाईचारा बनाए रखने की अपील भी की।

रूट मार्च में कोतवाली प्रभारी राजेश त्रिपाठी, शाहनिंदा चौकी प्रभारी अरविंद कुमार, उपनिरीक्षक ईश्वर चंद्र त्रिपाठी, शिवराज सिंह यादव, लल्लन राम बिंद, जगतपति मिश्रा सहित समस्त कोतवाली पुलिस बल मौजूद रहा।

रमजान और होली जैसे महत्वपूर्ण त्योहारों के मद्देनजर निकाला गया यह रूट मार्च आमजन में सुरक्षा का विश्वास जगाने और असामाजिक तत्वों को स्पष्ट संदेश देने के उद्देश्य से किया गया। प्रशासन ने दोहराया कि त्योहारों को शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराना प्राथमिकता है, और इसके लिए पुलिस पूरी तरह मुस्तैद है।

# गाजीपुर जिला कारागार में उमड़ा होली का उत्साह , बंदियों के बीच मिठाई वितरण के साथ परिजनों को सौंपा गया पारिश्रमिक चेक

**स्वतंत्र भारत ग़ाज़ीपुर।** उत्तर प्रदेशीय अपराध निरोधक समिति के जिला सचिव अभिषेक कुमार सिंह के नेतृत्व में समिति के पदाधिकारियों ने जिला कारागार में निरुद्ध बंदियों के बीच अबीर-गुलाल, गुजिया और मिठाइयां वितरित कर होली की खुशियां बांटीं। प्रादेशिक कमेटी के चेयरमैन कमलेश श्रीवास्तव के निर्देशानुसार आयोजित इस कार्यक्रम में कारागार में मौजूद बच्चों के लिए भी विशेष रूप से पिचकारियों की व्यवस्था की गई, ताकि वे भी त्योहार के खुशियों में शामिल रहें। मानवीय संवेदनशीलता की मिसाल पेश करते हुए, जेल प्रशासन और समिति के सहयोग से तीन बंदियों द्वारा किए गए श्रम के एवज में उनके परिजनों को पारिश्रमिक का चेक प्रदान किया गया। इसमें क्रमशः 9,772 रुपये, 3,450 रुपये और 6,284 रुपये की धनराशि के चेक सौंपे गए, ताकि उनके परिवारों को आर्थिक संबल मिल सके। उन्होंने बताया कि वर्तमान में जिला कारागार में कुल 525 बंदी निरुद्ध हैं। इनमें विचाराधीन बंदी 442, सिद्ध दोष (सजायाफ्ता) कैदी 82 हैं। जबकि 01 बंदी पॉक्सो एक्ट के तहत मृत्युदंड की सजा प्राप्त है। जिला सचिव अभिषेक कुमार सिंह ने इस अवसर पर कहा कि, ÷उ.प्र. अपराध निरोधक समिति जेल मैनुअल के तहत बंदियों के स्वास्थ्य, शिक्षा और सुधार हेतु निरंतर कार्य कर रही है। हमारा मानना है कि पाप से घृणा करनी चाहिए, पापी से नहीं। जेल अधीक्षक जगदम्बा प्रसाद दूबे ने समिति के इस पुनीत कार्य की सराहना की और सभी को होली की शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम के दौरान जेलर शेषनाथ यादव और जेल डॉक्टर शिशिर शैलेश ने भी बंदियों के सुधार हेतु ऐसे आयोजनों को महत्वपूर्ण बताया। इस अवसर पर जेल के गणमान्य उपस्थिती में जेल प्रशासन- जेलर शेषनाथ यादव, डिप्टी जेलर राजेश कुमार, रवींद्र सिंह, सुशीला श्रीवास्तव, जेल डॉक्टर शिशिर शैलेश, संजय कुमार, जेल शिक्षक धर्मेंद्र कुमार एवं अभय मौर्या। इस मौके पर समिति पदाधिकारी जिला सचिव अभिषेक कुमार सिंह, सुनील गुप्ता, सुजीत कुमार सिंह, सुनील सिंह, शेरशाह, कृष्ण कुमार, प्रभाकर सिंह, इंद्र बहादुर सिंह, वसीम रज़ा मौजूद रहे।

# भाजपा नेता ने फीता काट कर ट्रैक्टर के शो रूम का किया लोकार्पण

**स्वतंत्र भारत हलिया (मिर्जापुर )।** क्षेत्र के देवरी बाजार में सोमवार को स्वराज ट्रैक्टर एजेंसी और टी वी एस बाइक के शोरूम का भाजपा के वरिष्ठ नेता पूर्व लोकसभा प्रत्याशी मनीष त्रिपाठी द्वारा फीता काट कर उद्घाटन किया गया। इस दौरान आयोजन के मुख्य अतिथि मनीष त्रिपाठी ने कहा कि हलिया विकास खंड के अति पिछड़े इलाके कोरावल क्षेत्र में ट्रैक्टर तथा मोटरसाइकिल की एजेंसी नहीं थी । जिससे क्षेत्र के किसानों को 70 किलोमीटर दूर ब्लॉक व जिला मुख्यालय का चक्कर काटना पड़ता था। एजेंसी संचालक धीरज मिश्रा ने स्थानीय स्तर पर एजेंसी का संचालन करके किसानों को राहत पहुंचाने का काम किया है। इस दौरान हर्ष नारायण मिश्र उमाकांत द्विवेदी दिनेश दुबे आदि मौजूद रहे।

# दो ट्रेनों से 41 लीटर अवैध शराब के साथ 8 शराब तस्कर गिरफ्तार

**स्वतन्त्र भारत दिलदारनगर (गाजीपुर)।** होली पर्व से पूर्व ऑपरेशन सतर्क के तहत आरपीएफ ने दो विभिन्न ट्रेनों से आठ शराब तस्करों को 41 लीटर शराब के साथ गिरफ्तार कर मुकदमा दर्ज किया है। आरपीएफ निरीक्षक गणेश राणा ने बताया कि शराब तस्करों को पकड़ने के लिए दो अलग अलग टीमों को ट्रेनों में चेकिंग के लिए लगाया गया था ताकि ट्रेनों से शराब न जा सके। जिसमें ट्रेन संख्या 12791 दानापुर सिकंदराबाद सुपरफ़ास्ट एक्सप्रेस से टीम ने 6 तस्करों को पकड़ा, जबकि ट्रेन संख्या 12370 डाउन देहरादून हावड़ा कुंभ एक्सप्रेस ट्रेन से दो तस्करों को गिरफ्तार किया गया।

# ईरान की स्थिति को लेकर जौनपुर में आपात संचालन केंद्र स्थापित

**जौनपुर।** ईरान में उत्पन्न युद्ध जैसी स्थिति को देखते हुए जिला प्रशासन सतर्क हो गया है। जनपद जौनपुर के ऐसे नागरिक जो किसी अन्य देश में फंसे हुए हैं अथवा संभावित खतरे की आशंका में हैं, उनके परिजनों की सहायता हेतु कलेक्ट्रेट परिसर में आपात संचालन केंद्र स्थापित किया गया है। जिला प्रशासन द्वारा जारी सूचना के अनुसार हेल्पलाइन नंबर 9454417117 तत्काल प्रभाव से सक्रिय कर दिया गया है। इस नंबर पर संपर्क कर परिजन अपने संबंधित व्यक्ति का नाम, वर्तमान स्थान और अन्य आवश्यक जानकारी उपलब्ध करा सकते हैं, ताकि शासन स्तर पर समन्वय स्थापित कर त्वरित सहायता सुनिश्चित की जा सके। अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) परमानंद झा ने बताया कि यह नियंत्रण कक्ष चौबीसों घंटे संचालित रहेगा। यहां तैनात अधिकारी एवं कर्मचारी प्राप्त सूचनाओं को संकलित कर उच्चाधिकारियों तक पहुंचाएंगे तथा आवश्यकता पड़ने पर विदेश मंत्रालय और संबंधित एजेंसियों से समन्वय स्थापित किया जाएगा। उन्होंने जनपदवासियों से अपील की है कि किसी भी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान न दें और केवल आधिकारिक हेल्पलाइन नंबर पर ही संपर्क करें।

# श्रीमद्भागवत कथा के पांचवें दिन श्रद्धालुओं की उमड़ी भारी भीड़

**स्वतंत्र भारत लालगंज, मीरजापुर।** मझियार गांव में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा के पांचवें दिन श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। कथा वाचक कुंदन महाराज ने भगवान श्रीकृष्ण और रुक्मिणी विवाह प्रसंग का अत्यंत भावपूर्ण वर्णन किया। कथा पंडाल में उपस्थित श्रद्धालु भक्ति रस में डूबते नजर आए। कुंदन महाराज ने बताया कि विदर्भ की राजकुमारी रुक्मिणी बचपन से ही भगवान श्रीकृष्ण को अपना आराध्य मानती थीं। उन्होंने कहा कि जब रुक्मिणी को ज्ञात हुआ कि उनके भाई रुक्मी ने उनका विवाह शिशुपाल से तय कर दिया है तब उन्होंने अपने हृदय की वेदना एक ब्राह्मण के माध्यम से श्रीकृष्ण तक पहुंचाई। महाराज ने कहा कि यह प्रसंग केवल विवाह का नहीं, बल्कि सच्ची श्रद्धा और अटूट विश्वास का प्रतीक है।कथा के दौरान उन्होंने विस्तार से वर्णन किया कि कैसे रुक्मिणी ने भगवान को पत्र लिखकर स्वयं को उनसे स्वीकार करने की प्रार्थना की और कैसे श्रीकृष्ण ने धर्म की रक्षा और भक्त की लाज रखने हेतु विदर्भ पहुंचकर रुक्मिणी का हरण किया। महाराज ने कहा कि यह हरण अधर्म के विरुद्ध धर्म की विजय का संदेश देता है।उन्होंने बताया कि जब रुक्मिणी माता गिरिजा के मंदिर में पूजा करने पहुंचीं, उसी समय श्रीकृष्ण रथ पर सवार होकर वहां पहुंचे और उन्हें अपने साथ द्वारका ले गए। इस प्रसंग का वर्णन करते हुए कथा वाचक ने कहा कि प्रेम में साहस और विश्वास दोनों आवश्यक हैं। सच्चा प्रेम किसी बंधन से नहीं बंधता बल्कि सत्य और धर्म के मार्ग पर चलता है।कथा के अंत में भजन-कीर्तन हुआ, जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा। आयोजन समिति की ओर से श्रद्धालुओं के लिए प्रसाद वितरण की व्यवस्था की गई। कथा में आसपास के गांवों से भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए।

# होली पर आबकारी विभाग सख्त, दुकानों पर ओवररेटिंग व अवैध बिक्री पर कड़ी निगरानी

**स्वतंत्र भारत मऊ।** होली पर्व को देखते हुए प्रशासन एवं आबकारी विभाग पूरी तरह सतर्क है। किसी भी दुकान पर ओवररेटिंग या अवैध शराब की बिक्री न हो, इसे सुनिश्चित करने के लिए जिला



आबकारी अधिकारी मोहम्मद असलम द्वारा दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं।इसी क्रम में सोमवार को आबकारी निरीक्षक बजरंगी चौरसिया के नेतृत्व में टीम ने मोहम्मदाबाद गोहना स्थित अंग्रेजी, देसी, बीयर एवं कंपोजिट शराब की दुकानों का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान लाइसेंस धारकों को सख्त हिदायत दी गई कि शराब की बिक्री केवल क्यूआर कोड स्कैन कर निर्धारित मूल्य पर ही की जाए। किसी भी प्रकार की ओवररेटिंग अथवा अवैध शराब की बिक्री पाए जाने पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।अधिकारियों ने यह भी निर्देश दिया कि दुकानों पर साफ-सफाई की व्यवस्था दुरुस्त रहे तथा सीसीटीवी कैमरे सुचारु रूप से कार्यरत हों। टीम द्वारा लगभग आधा दर्जन दुकानों की जांच की गई, जहां व्यवस्थाएं संतोषजनक पाई गईं ।आबकारी विभाग ने स्पष्ट किया है कि त्योहार के दौरान नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# राष्ट्रीय सेवा योजना सात दिवसीय विशेष शिविर का हुआ समापन

**पराऊगंज जौनपुर।** कुटीर पीजी कॉलेज चक्के में राष्ट्रीय सेवा योजना सात दिवसीय विशेष शिविर तीनों इकाइयों का समापन दिवस प्राथमिक विद्यालय खालिसपुर खुर्द कुटीर चक्के गांव में हुआ। शिविर में शिविरार्थियों ने सुंदर अल्पना बनाया और कार्यक्रम दो चरणों में आयोजित हुआ। प्रथम चरण डॉ हेमंत यादव सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रेहटी जलालपुर ने स्वस्थ कैसे रहें इस पर विस्तारपूर्वक चर्चा किया उन्होंने महिलाओं में होने वाली गम्भीर बीमारी तथा एनीमिया एवं हृदय रोग पीसीआर को रेखांकित करते हुए बताया कि स्वस्थ शरीर में स्वस्थ मन का निवास होता है। सात दिवसीय शिविर कर रहे शिविरार्थियों को साधुवाद दिया एवं उनके स्वास्थ्य संबंधी हेतु पूछे गए प्रश्नोत्तरी का बारी बारी से उत्तर दिया। कार्यक्रम के द्वितीय चरण में मुख्य अतिथि पंकजभूषण मिश्र प्रबंधक एवं पत्रकार ने बताया कि जीवन में किसी वस्तु की अधिकता नहीं होनी चाहिए एक लक्ष्य का निर्धारण कर कार्यो को संपादित करना चाहिए।

विशिष्ट अतिथि संतोष कुमार यादव चौकी प्रभारी पराऊगंज ने साइबर क्राइम ठगी तथा डायल 112 एवं महिला सशक्तिकरण फेज-5 के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि महिला हेल्पलाइन जहां महिलाएं अपनी शिकायत दर्ज करा सकती हैं और मदद ले सकती हैं। महिला सुरक्षा ऐप बनाए हैं, जैसे कि "She Safety" और "Women Safety", जो महिलाओं को मदद करने के लिए डिज़ाइन किए गए हैं। अपराध रोकथाम पुलिस अपराधों को रोकने के लिए काम करती है, जिससे महिलाएं सुरक्षित रहें।

# एक माह से दो बूंद पानी के लिए तरस रहे ग्रामीण

**स्वतंत्र भारत लालगंज, मीरजापुर।** गंभीरपुर गांव में पिछले एक माह से नलों में पानी की एक बूंद तक नहीं आई है। घर-घर शुद्ध पेयजल पहुंचाने का दावा करने वाली जल जीवन मिशन योजना यहां पूरी तरह ठप पड़ी है। डोर-टू-डोर जलापूर्ति बंद होने से ग्रामीणों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। गांव की गलियों में बिछी पाइपलाइन और घरों के बाहर लगी टोटियां इस समय केवल दिखावा बनकर रह गई हैं।

महिलाएं सुबह-शाम बाल्टी और डिब्बे लेकर इधर-उधर भटक रही हैं। बुजुर्ग और छोटे बच्चे शुद्ध पानी के अभाव में परेशान हैं। मौसम में बदलाव के साथ जलजनित बीमारियों का खतरा भी बढ़ रहा है। जिससे लोगों की चिंता गहरा गई है।

ग्रामीणों का कहना है कि यह समस्या पहली बार नहीं हुई है। योजना कुछ दिनों तक चलती है और फिर हफ्तों के लिए बंद हो जाती है। एक सप्ताह पानी आता है तो उसके बाद लगभग एक माह तक आपूर्ति ठप हो जाती है। शिकायतें करने के बावजूद कोई स्थायी समाधान नहीं निकाला गया।

गांव निवासी शंभू त्रिपाठी, नागेंद्र त्रिपाठी, सतेंद्र,अनिल, कृपा शंकर सहित अन्य लोगों ने बताया कि सरकार ने गांव स्तर पर आरओ आधारित शुद्ध जलापूर्ति की व्यवस्था की है, लेकिन लापरवाही के चलते उसका लाभ नहीं मिल पा रहा है।

उन्होंने सवाल उठाया कि जब पूरी संरचना तैयार है तो जलापूर्ति नियमित क्यों नहीं की जा रही। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि शीघ्र पेयजल आपूर्ति बहाल नहीं की गई तो वे सामूहिक रूप से प्रदर्शन करने को बाध्य होंगे। अब देखना यह है कि जिम्मेदार विभाग कब तक गंभीरापुर की सूखी टोटियों में पानी बहा पाता है।

पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस समाचारपत्र में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले स्वयं उचित जांच-पड़ताल कर लें। समाचारपत्र या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देता तथा ऐसे विज्ञापनों पर विश्वास करके किसी भी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि, परिणाम के लिए जिम्मेदार भी नहीं होंगे।

स्वतंत्र भारत

एग्रो फाइनेन्स एण्ड इन्वेस्टमेन्ट्स प्रा. लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक **अतुल शुक्ला** द्वारा 1, जॉपलिंग रोड, लखनऊ-226001 से मुद्रित एवं प्रकाशित।

सम्पादक : **के.के. श्रीवास्तव**

स्थानीय संपादक : **विष्णु मोहन***

फोन : 0522-4043151

swatantrabharat77@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन हेतु उत्तरदायी।

**समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा।**

